सचित्र

# श्री भगवती सूत्र

भाग 3

प्रवर्तक श्री अमर मुनि



ILLUSTRATED

# SHRI BHAGWATI SUTRA

Pravartak Shri Amar Muni

PART 3

पंचम गणधर भगवत् सुधर्मा स्वामी प्रणीत पंचम अंग

# सचित्र
# श्री भगवती सूत्र (व्याख्याप्रज्ञप्ति)
## (तृतीय खण्ड)

मूल पाठ, हिन्दी-अंग्रेजी भावानुवाद, विवेचन तथा रंगीन चित्रों सहित


□ प्रधान सम्पादक □

जैनधर्म दिवाकर अध्यात्म युगपुरुष

प्रवर्त्तक श्री अमर मुनि जी महाराज

□ सह-सम्पादक □

श्री वरुण मुनि 'अमर शिष्य'

श्रीचन्द सुराना 'सरस'



• प्रकाशक •

पद्म प्रकाशन, पद्म धाम, नरेला मण्डी, दिल्ली-40

**उत्तर भारतीय प्रवर्त्तक गुरुदेव भण्डारी श्री पद्मचन्द्र जी म. सा. द्वारा सम्प्रेरित सचित्र आगममाला का तेवीसवाँ पुष्प**


- सचित्र श्री भगवती सूत्र (व्याख्याप्रज्ञप्ति) (तृतीय खण्ड)

- *प्रधान सम्पादक :*
  जैनधर्म दिवाकर अध्यात्म युगपुरुष
  प्रवर्त्तक श्री अमर मुनि जी महाराज

- *सह-सम्पादक :*
  श्री वरुण मुनि 'अमर शिष्य'
  श्रीचन्द सुराना 'सरस'
  संजय सुराना

- *अंग्रेजी अनुवादक :*
  सुरेन्द्र बोथरा, जयपुर

- *प्रथमावृत्ति :*
  वि. सं. २०६५, कार्तिक
  ईस्वी सन् २००८, नवम्बर

- *चित्रांकन :*
  डॉ. त्रिलोक शर्मा

- *प्रकाशक एवं प्राप्ति-स्थान :*
  *पद्म प्रकाशन*
  पद्म धाम, नरेला मण्डी, दिल्ली-११० ०४०

- *मुद्रक एवं वितरक :*
  संजय सुराना
  श्री दिवाकर प्रकाशन
  A-७, अवागढ़ हाउस, एम. जी. रोड, आगरा-२८२ ००२
  फोन : ०५६२-२८५११६५, मो. : ९३१९२०३२९१

- *मूल्य :*
  छह सौ रुपया मात्र (६००/- रुपये)

THE FIFTH ANGA WRITTEN BY THE FIFTH GANADHAR SHRI SUDHARMA SWAMI

**ILLUSTRATED**

# SHRI BHAGAVATI SUTRA

## (VYAKHYA PRAJNAPTI)

### (THIRD VOLUME)

Original text with Hindi and English translations, elaboration and multicoloured illustrations


❑ EDITOR-IN-CHIEF ❑

**Jain Dharma Diwakar Adhyatma Yugapurush**

**Pravartak Shri Amar Muni ji Maharaj**

❑ ASSOCIATE-EDITOR ❑

**Shri Varun Muni "Amar Shishya"**

**Srichand Surana 'Saras'**



*PUBLISHERS*

PADMA PRAKASHAN, PADMA DHAM, NARELA MANDI, DELHI-40

The twenty-third number of the Illustrated Agam Series Inspired by Uttar Bharatiya Pravartak Gurudev Bhandari Shri Padmachandra ji M. S.

- ILLUSTRATED SHRI BHAGAVATI SUTRA (VYAKHYA PRAJNAPTI) (Third Volume)


- *Editor-in-Chief*
  Jain Dharma Diwakar - Adhyatma Yugapurush
  Pravartak Shri Amar Muni ji Maharaj

- *Associate-Editor*
  Shri Varun Muni "Amar Shishya"
  Srichand Surana 'Saras'
  Shri Sanjay Surana

- *English Translator*
  Surendra Bothara, Jaipur

- *First Edition*
  Kartik, 2065 V.
  November, 2008 A D

- *Illustrations*
  Dr Trilok Sharma

- *Publishers and Distributors*
  Padma Prakashan
  Padma Dham, Narela Mandi, Delhi-110 040


- *Printers & Distributors*
  **Sanjay Surana**
  Shree Diwakar Prakashan, Agra
  A-7, Awagarh House, Opp. Anjna Cinema, M. G. Road,
  Agra-282 002. Ph. (0562) 2851165, Mob 9319203291

- *Price*
  Six Hundred Rupees only (Rs. 600/-)




राष्ट्रसन्त, उत्तर भारतीय
प्रवर्त्तक अनन्त उपकारी
पूज्य गुरुदेव
भण्डारी श्री पद्मचन्द्र जी
महाराज
की
पुण्य स्मृति में

**सादर सविनय भेंट**



प्रवर्त्तक अमर मुनि

# श्रुत सेवा में समर्पित गुरुभक्त



ला. श्री फकीरचन्द जी जैन
मानसा



श्री शामलाल जी जैन
शास्त्री नगर, दिल्ली



श्री अभयकुमार –रेणु जैन
कोसट इन्क्लेव, दिल्ली




[illegible] – नीरू अग्रवाल
[illegible]



श्री अनिल जी – मंजू जैन
विश्वा अपार्टमेन्ट, दिल्ली

# आगम प्रकाशन के आधार स्तंभ



श्री त्रिलोकचन्दजी – विद्यावती जैन
(कसूर वाले) लुधियाना



श्री उग्रसैन जी – सुन्दरी देवी जैन
विवेक विहार, दिल्ली



श्री जयभगवान जी – विद्यादेवी जैन
योजना विहार, दिल्ली



[illegible] जी – शशि जैन
[illegible] दिल्ली



श्री सुशील कुमार जी – [illegible] जैन
योजना विहार, दिल्ली

# आगम प्रकाशन में सहयोगी गुरूभक्त



स्व. श्री दुर्गाचरण जी–स्वराजवती जी गोयल
मण्डी गोविंदगढ़



श्री सुंदरपाल जी–नीरू जैन
मंडी गोविंदगढ़, पंजाब



श्री अजय जी – स्वाती जैन
रोहिणी, दिल्ली



[illegible] उपासना जैन
[illegible]



श्री सुभाषचन्द जी – [illegible]
[illegible]

# प्रकाशकीय

आध्यात्मिक जगत में जैनागम का वैशिष्ट्य सर्वविदित है। जैनागम सर्वजन हिताय है। यह प्राणीमात्र को सत्पथ पर ले जाते हुए सात्विक व आध्यात्मिक जीवन जीने की प्रेरणा प्रदान करता है। यह परम प्रसन्नता का प्रसंग है कि जैनागम के ग्यारह अंगों में पाँचवें अंगसूत्र '**भगवई**' (**वियाहपण्णत्ति**) (व्याख्या प्रज्ञप्ति) का तीसरा खण्ड सचित्र अंग्रेजी-हिन्दी भाषान्तर के साथ आपके हाथों में है।

सत्रह वर्ष पूर्व हमने सचित्र हिन्दी एवं अंग्रेजी भावानुवाद के साथ आगमों के प्रकाशन का जो भागीरथी कार्य प्रारम्भ किया था, वह अब अपने लक्ष्य के निकट पहुँचता हुआ दिखाई दे रहा है। यह सचित्र आगममाला का तेईसवाँ पुष्प है। अब तक इसके अन्तर्गत चौबीस सचित्र आगम व कल्पसूत्र प्रकाशित हो चुके हैं।

सन् 2005 में भगवती सूत्र का प्रथम भाग (शतक 1 से 4 तक) और सन् 2006 में द्वितीय भाग (शतक 5 से 7 व 8वें शतक के प्रथम उद्देशक तक) प्रकाशित हुआ था। अब इस तृतीय भाग में शतक 8 के द्वितीय उद्देशक से सम्पूर्ण नवें शतक तक की सामग्री गुम्फित है। अगले तीन भागों में इस विशाल आगम को सचित्र प्रस्तुत कर इसे सम्पूर्ण करने का सार्थक प्रयास रहेगा।

परम पूज्य गुरुदेव राष्ट्रसंत भण्डारी श्री पद्मचन्द्र जी म. सा. के आशीर्वाद और प्रबल प्रेरणा से आगमों के मर्मज्ञ साहित्य सम्राट प्रवर्त्तक श्री अमर मुनि जी म. सा. श्रुत सेवा के इस महान कार्य में अपने सम्पूर्ण मनोयोग से समर्पित हैं। उनके जीवन का लक्ष्य है कि वीर प्रभु की यह पावन वाणी जन-जन तक पहुँचे, इसलिए उन्होंने आगमों के अंग्रेजी अनुवाद और चित्रण का यह अभिनव एवं ऐतिहासिक कार्य सम्यक् श्रम के साथ सुसम्पन्न किया है। अब सर्वत्र इस महत् कार्य की प्रशंसा होने लगी है। जैन साहित्य के इतिहास में सचित्र आगम प्रकाशन का यह प्रथम प्रयास है।

सचित्र आगम प्रकाशन के इस कार्य में गुरुदेव के अंतेवासी शिष्य युवा मनीषी आगम रसिक श्री वरुण मुनि जी म. भी समभागी बने हुए हैं। सह-सम्पादक में साहित्यकार श्री संजय सुराना और अंग्रेजी अनुवाद में श्री सुरेन्द्र कुमार जी बोथरा भी अनवरत श्रम कर रहे हैं। चित्रकार श्री त्रिलोक शर्मा का सहयोग भी स्मरणीय है।

अनेक उदारमना गुरुभक्तों ने सदा की भाँति ही अपने परिश्रम से अर्जित अर्थ का बहुत ही श्रद्धापूर्वक समर्पण कर जिनवाणी के प्रति अनुराग और गुरुभक्ति का जो प्रदर्शन किया है, वह वस्तुतः श्लाघनीय व अनुकरणीय है। हम ऐसे जिनवाणी भक्तों के प्रति सद्भावना व्यक्त करते हैं।

*—महेन्द्रकुमार जैन*

*अध्यक्ष : पद्म प्रकाशन, दिल्ली*

# Publisher's Note

It is a well-known fact that Jain Agams occupy a unique status in the spiritual world. This corpus of Jain scriptures is for the benefit of all. It directs every living being towards the noble path and inspires them to lead a pious and spiritual life. It is a matter of great joy that the third volume of Bhagavai (Viyahapannatti), the fifth among the eleven Angas in Jain Agams, duly translated in Hindi and English and with illustrations, is in your hands

The Herculean mission of publication of Illustrated Agams with Hindi and English translations launched by us seventeen years back now appears to be nearing its goal This is the 23rd book of the Illustrated Agam Series Till date we have published twenty-four Illustrated Agams along with Kalpa Sutra

In 2005 the first volume of Bhagavati Sutra (Shatak 1 to 4) was published and in 2006 came the second volume (Shatak 5 to 7 and first Uddeshak of Shatak 8) Now in this third volume we have included from Uddeshak 2 of Shatak 8 to complete Shatak 9) We are trying to complete this voluminous Agam in three forthcoming volumes along with translations and illustrations

With blessings of late Gurudev Uttar Bharatiya Pravartak Bhandari Shri Padma Chandra Ji M this mission of service to the scriptures is getting complete, earnest and devout attention of the profound scholar of Agams, Sahitya Samrat Pravartak Shri Amar Muni ji M The goal of his life is to ensure that the pious sermon of Bhagavan Mahavir reaches the masses And for this he has accomplished with great fervor and hardship this new and historic task of embellishing the original texts and Hindi translation with English translation and illustrations Now this important work is drawing praise everywhere In the history of Jain literature this is the first effort of publication of Illustrated Agams

Pujya Gurudev's able disciple, youthful scholar and devout researcher of Agams, Shri Varun Muni shares the responsibility of publication of Agams. We are getting continued assistance of contributing scholars like Shri Sanjay Surana in editing, and Shri Surendra Kumar ji Bothara in English translation As in the past Shri Trilok Sharma has done the illustrations We are, indeed, indebted to them

As always, many generous devotees have displayed their earnest devotion for the Guru and love for the Jinavani by their financial contribution from their hard earned wealth This gesture is laudable and worth emulating Our well wishes for such devotees of Jinavani.

**Mahendra Kumar Jain**

*President* : Padma Prakashan

# प्राग्वक्तव्य

श्रमण भगवान महावीर स्वामी ने अपने केवलज्ञान रूपी महासागर में से बहुत से बहुमूल्य रत्न हमें विरासत में दिये हैं, उनमें से सबसे विशाल और अतुलनीय रत्न है– 'श्री भगवती सूत्र'। मूलतः भगवान द्वारा प्ररूपित बारह अंगों में दृष्टिवाद सबसे विशालतम और गहनतम अंग है पर समय के साथ इसका सम्पूर्ण विच्छेद हो गया। शेष ग्यारह अंगों में से वर्तमान में भगवती सूत्र की सामग्री अधिकाधिक उपलब्ध है।

भगवती सूत्र में चर्चित विषय बहुत गहन एवं गम्भीर हैं। इनको समझने के लिए नय, निक्षेप व प्रमाण आदि का ज्ञान होना आवश्यक है। जैन दर्शन को विशेष रूप से तथा तात्विक दृष्टि से समझने के लिए भगवती सूत्र का अध्ययन-अनुशीलन महत्वपूर्ण है। यह सूत्र जितना विशाल है, उतना ही दुरूह भी है। यह आगम श्रुत ज्ञान का विशाल महासागर है। इसमें द्रव्यानुयोग, चरणकरणानुयोग, गणितानुयोग और धर्मकथानुयोग–इन चारों अनुयोगों का अद्‌भुत समन्वय द्रष्टव्य है। वस्तुतः यह जिनवाणी के रहस्यों को समझने और समझाने की कुंजी है।

इस सूत्र से सम्बन्धित विषय-सामग्री प्रथम भाग की प्रस्तावना में सविस्तार वर्णित है। अतः यहाँ उसका पुनरावर्तन अपेक्षित नहीं है। प्रथम भाग में इस सूत्र के शतक 1 से 4 तक तथा द्वितीय भाग में शतक 5 से 7 व 8वें शतक के प्रथम उद्देशक तक का वर्णन पूर्व प्रकाशित है। अब तीसरा भाग जिसमें 8वें शतक के दूसरे उद्देशक से 9वें शतक के 34 उद्देशक (9वाँ शतक सम्पूर्ण) व्यवहृत हैं, आप सबके समक्ष प्रस्तुत है।

8वें शतक के प्रारम्भ में दाढ में होने वाले विष अर्थात् आशिविष लब्धि किन-किन जीवों में कितनी क्षमता वाली होती है, इसका विशद वर्णन है। तत्पश्चात् पाँच ज्ञान और जीवों की ज्ञानलब्धि सविस्तार वर्णित है। संख्यात, असंख्यात, अनन्त जीव वाले वृक्ष के भेद तथा कायिकी आदि पाँच क्रिया जीव को कैसे लगती हैं, इसका कथन भी सुन्दर ढंग से विवेचित है। पाँचवें उद्देशक में श्रावक के 12 व्रतों के 49 और 735 भंगों का विस्तृत वर्णन परिलक्षित है। छठे उद्देशक में श्रमणों को आहार दान का फल बताया गया है। सप्तम उद्देशक में

अन्यतीर्थिक साधुओं से संवाद करते स्थविर साधुओं का वर्णन अभिव्यक्त है, जो अन्यतीर्थिकों को निरुत्तर करके जैनधर्म की श्रेष्ठता और सर्वोपरिता सिद्ध करते हैं। नवम उद्देशक में सादि-अनादि, प्रयोग-विस्रसा आदि बंध के भेद-प्रभेद सविस्तार दर्शाये गये हैं। ज्योतिषी-वैमानिक देव, कर्म प्रकृति, ज्ञान, दर्शन, चारित्र की आराधना और कार्मण वर्गणाओं के विषय के साथ आठवाँ शतक पूर्ण होता है। इस प्रकार आठवें शतक में सृष्टिवाद, ज्ञान, सूक्ष्म परिमाणु विज्ञान एवं कर्म के अनेक सिद्धान्तों का वर्णन हुआ है।

9वें शतक में प्रथम दो उद्देशकों में जम्बूद्वीप व ज्योतिष्क देवों का संक्षिप्त वर्णन है। फिर लवण समुद्र में थोड़े-थोड़े अंतर पर रहे 28 अन्तर्द्वीप (युगलिक मनुष्यों के क्षेत्र) 28 उद्देशकों में व्यवहृत हैं। केवली की वाणी सुने बिना ही केवली होने वाले 'असोच्चा केवली' का भी सरसता और सरलता के साथ 31वें उद्देशक में वर्णन हुआ है।

बत्तीसवें उद्देशक में भगवान पार्श्वनाथ की परम्परा के ऋजु प्राज्ञ गांगेय अणगार का भगवान महावीर से मिलन, उनकी जिज्ञासा का समाधान, भगवान महावीर के पास दीक्षा और अंत में मोक्ष गमन। तेतीसवें उद्देशक में भगवान महावीर के प्रथम माता-पिता ऋषभदत्त और देवानंदा का भगवान के पास आना, दीक्षा लेना और अंत में मोक्ष जाना व जमालिकुमार, जमालि अणगार, उनकी मिथ्या प्ररूपणा, उग्र तपश्चर्या और अंत में किल्विषी देवों में उत्पत्ति अभिदर्शित है। इन सभी कथाओं का रोचक, विस्तृत और हृदय स्पर्शी वर्णन 9वें शतक में परिलक्षित है।

मूल सूत्र पाठ के भावानुवाद के साथ जहाँ-जहाँ आवश्यकता हुई, वहाँ-वहाँ संक्षिप्त विवेचन भी हमने किया है। क्योंकि ऐसे बहुत से दुरूह विषय हैं जिनका विवेचन होना आवश्यक है, बिना इसके पाठकवृन्द उस विषय को समझ पाने में प्रायः असमर्थ होते हैं। आगमकार ने अनेक स्थानों पर प्रज्ञापनासूत्र का सन्दर्भ देखने की सूचना देकर सामग्री को बहुत ही संक्षिप्त करने का सत्प्रयास किया है। किन्तु हमने प्रज्ञापनासूत्र का वह अंश भी सार रूप में यहाँ प्रस्तुत कर दिया है, इतना ही नहीं महत्वपूर्ण विषयों को विषयानुरूप रंगीन भावपूर्ण चित्रों के माध्यम से समझाने का भी सुप्रयास किया गया है। आशा है पाठकों व स्वाध्यायियों के लिए ये चित्र परम उपयोगी सिद्ध होंगे।

यहाँ हम एक बात कहना चाहते हैं कि भगवती सूत्र ज्ञान का विशाल भण्डार है। सुज्ञ पाठक इसका स्वाध्याय गम्भीरता से करें। यदि कोई विषय-विवेचन आदि पढ़ने के

पश्चात् भी समझ में नहीं आए तो गीतार्थ संतों की सेवा में जाकर उसको भली-भाँति समझने का प्रयास करें।

इसके विवेचन में हमारे द्वारा पूर्व में किये गये भगवती सूत्र के विवेचन के अधिकाधिक अंश लिये गये हैं, साथ ही पण्डित श्री घेवरचन्द जी शास्त्री का हिन्दी विवेचन भी बहुत उपयोगी बना है। इस आगम में आये हुये महत्त्वपूर्ण शब्दों का अंग्रेजी पारिभाषिक शब्द-कोष परिशिष्ट रूप में प्रस्तुत किया गया है, जो आधुनिक युवा पीढ़ी के लिए विशेष महत्त्वपूर्ण प्रमाणित होगा, ऐसा हमारा विश्वास है।

हमारे परम श्रद्धेय, परम वंदनीय गुरुदेव उ. भा. प्रवर्त्तक राष्ट्रसंत भंडारी श्री पद्मचंद्र जी म. सा. का आशीर्वाद पग-पग पर हमारा सम्बल रहा है। हम उन परम उपकारी गुरुदेव के प्रति विनयावनत् हैं। आशा और विश्वास है कि अंग्रेजी अनुवाद के साथ यह सचित्र भगवती सूत्र अनेक दृष्टियों से नवीनता लिए सबके लिये उपयोगी सिद्ध होगा।

इसके संपादन आदि में सदा की तरह हमारे शिष्य श्री वरुण मुनि, स्व. श्रीचन्द जी सुराना 'सरस' के सुपुत्र श्री संजय सुराना एवं अंग्रेजी अनुवादक श्री सुरेन्द्र जी बोथरा ने पूर्ण सहयोग दिया है। इसी प्रकार इसके प्रकाशन में भी जिन गुरुभक्तों ने उदार हृदय से अर्थ-सहयोग प्रदान किया है, उन सबको हम हार्दिक साधुवाद देते हैं।

*—प्रवर्त्तक अमर मुनि*

जैन स्थानक,
रायकोट

# Preface

Out of the ocean of his omniscience Shraman Bhagavan Mahavir has given us many invaluable gems to enrich our heritage. Of these the largest and incomparable gem is Shri Bhagavati Sutra. Originally Drishtivad was the largest and most profound Anga among the twelve Angas propagated by Bhagavan However, it became extinct with passage of time. Among the remaining eleven Angas Bhagavati Sutra is the most voluminous in its content.

The topics discussed in Bhagavati Sutra are very complex and profound In order to grasp them it is essential to have knowledge of intellectual tools including naya (system of variant perspectives), nikshep (system of attribution) and praman (system of validation) In order to understand Jain philosophy, specially from the metaphysical perspective, it is vital to study and understand Bhagavati Sutra. This work is as difficult as voluminous it is. This Agam is a large ocean of scriptural knowledge Available in it is an astonishing assimilation of all the four thematic classifications (Anuyoga), namely Dravyanuyoga (metaphysics), Charanakarananuyoga (conduct), Ganitanuyoga (mathematics and other sciences) and Dharmakathanuyoga (narratives). In fact it is the key for understanding the secrets of the sermon of the Jina.

The details about the themes and subjects discussed in this work have been enumerated in the preface of the first volume; as such it would be out of place to duplicate it.. In the first volume we had included Shatak 1 to 4. The second volume contained Shatak 5 to 7 and first Uddeshak of Shatak 8. Now in this third volume we have included from Uddeshak 2 of Shatak 8 to complete Shatak 9 (34 Uddeshaks).

The 8th Shatak starts with detailed description of animals with poisonous fangs and their ranges of toxicity. This is followed by elaborate discussion about five kinds of knowledge and intellectual capacity of various living beings. Interesting details about plants with countable, innumerable and

infinite have also been mentioned along with application of five types of activities including physical. In the fifth Uddeshak are detailed 12 vows of Shravak and their 49 and 735 options. The sixth lesson contains the merits of food donation to ascetics. The seventh lesson narrates the story of debate of senior ascetics (sthavirs) with heretics where they establish the superiority of Jain religion by silencing the heretics. In the ninth lesson are elaborated the categories and sub- categories of bondage including Prayoga and Visrasa bandh (bondage acquired by action and naturally). The eighth Shatak concludes with discussion of various topics including Stellar and Celestial-vehicular divine beings, species of karma, practice of knowledge-faith-conduct and classes of karmas. Thus the eighth Shatak contains many principles related to theory of creation, knowledge, science of ultimate particles and theory of karma.

The ninth Shatak starts with brief description of Jambu continent and stellar gods in two lessons. This followed by 28 lessons on the 28 middle islands (inhabited by twin-couples) in Lavan Samudra. The 31st lesson has simple and interesting description of self-enlightened omniscient who attains omniscience without hearing the sermon of an omniscient.

The 32nd lesson contains the story of ascetic Gangeya, a scholar from Bhagavan Parshvanath's tradition, who meets Bhagavan Mahavir, gets his doubts removed, gets initiated in Bhagavan Mahavir's order and attains liberation in the end. The story of Bhagavan Mahavir's first parents Rishabhdatt and Devananda coming to pay homage, getting initiated and attaining liberation in the end is narrated in the 33rd lesson. This lesson also contains the story of prince Jamali becoming ascetic Jamali, his false doctrine, tough austerities and reincarnation among lower Kilvishik gods. All these interesting and touching stories form part of the ninth Shatak.

With the free flowing translation of the original text I have included brief elaboration wherever needed. This is primarily because there are so many complex subjects that are difficult to understand by common readers without such explanations. At many places the author has informed to refer to Prajnapana Sutra in order to limit the volume of this Agam. But I have given the gist of those references. Effort has also been made to make

important themes easily understandable by giving suitable illustrations. I hope that these illustrations will be found very useful by lay readers as well as those who do regular self-study.

I would like to add here that Bhagavati Sutra is a voluminous compendium of knowledge. Earnest readers should study it seriously. If they find some topic complex even after studying the elaborations they should try to understand it properly with the able help of scholarly ascetics.

I have included maximum elaborations from my earlier commentary on Bhagavati Sutra. The Hindi commentary by Pandit Shri Ghevar Chand ji has also been very useful in giving final shape to this work. A glossary of important words with English meanings has been included as appendix. I believe that this will be very useful for the modern youth of this generation.

My preface would not be complete without the pious remembrance of my revered teacher Uttar Bharatiya Pravartak Gurudev Bhandari Shri Padmachandra ji M. S. who always inspired me to work in service of the Shrut (Agams). My humble homage to him. It is my hope and belief that this Illustrated Bhagavati Sutra with its unique innovative style will prove to be useful for one and all.

As always, scholarly editors like my disciple Shri Varun Muni, Shri Sanjay Surana son of Late Shrichand Surana 'Saras', and Shri Surendra Bothara (English translator) have extended earnest cooperation to this project. In the same way generous devotees have extended their cooperation and contributions to this pious project of publishing Illustrated Agams. They all deserve thanks and commendations.

Jain Sthanak, —***Pravartak Amar Muni***
Raikot

# अनुक्रमणिका

अष्टम शतक : अष्टम उद्देशक :



अष्टम शतक : नवम उद्देशक :



अष्टम शतक : दशम उद्देशक :



नवम शतक : प्रथम उद्देशक :



नवम शतक : द्वितीय उद्देशक :



नवम शतक : तृतीय से तीसवें उद्देशक तक :



नवम शतक : इकतीसवाँ उद्देशक :

# CONTENTS

ॐ नमो समणस्स भगवओ महावीरस्स


Om Namo Samanassa Bhagavao Mahavirassa

# श्री भगवती सूत्र

## (व्याख्याप्रज्ञप्ति)

# BHAGAVATI SUTRA

## (VYAKHYA PRAJNAPTI)



# बीओ उद्देसओ : 'आसीविसे'

# अष्टम शतक : द्वितीय उद्देशक : आशीविष

## EIGHTH SHATAK (Chapter Eight) : SECOND LESSON : ASHIVISH (THE POISONOUS)

***आशीविष : अधिकारी तथा विष-सामर्थ्य*** **BEARER AND INTENSITY**

**१. [ प्र. ] कइविहा णं भंते ! आसीविसा पण्णत्ता !**

**[ उ. ] गोयमा ! दुविहा आसीविसा पन्नत्ता, तं जहा–जातिआसीविसा य कम्मआसीविसा य।**

१. [ प्र. ] भगवन् ! आशीविष कितने प्रकार के कहे हैं ?

[ उ. ] गौतम ! आशीविष दो प्रकार के कहे है। यथा–(१) जाति-आशीविष, और (२) कर्म-आशीविष।

**1. [Q.]** *Bhante* ! How many types of poisonous beings (*ashivish*) are there ?

**[Ans.]** Gautam ! There are two types of poisonous beings (*ashivish*)—(1) *jaati-ashivish* (poisonous by birth or innately poisonous) and (2) *karma-ashivish* (poisonous by action).

**२. [ प्र. ] जातिआसीविसा णं भंते ! कतिविहा पण्णत्ता ?**

**[ उ. ] गोयमा ! चउव्विहा पण्णत्ता, तं जहा–विच्छुयजातिआसीविसे, मंडुक्कजातिआसीविसे, उरगजातिआसीविसे, मणुस्सजातिआसीविसे।**

२. [ प्र. ] भगवन् ! जाति-आशीविष कितने प्रकार के कहे है ?

[ उ. ] गौतम ! जाति-आशीविष चार प्रकार के कहे है। जैसे कि–(१) वृश्चिकजाति-आशीविष, (२) मण्डूकजाति-आशीविष, (३) उरगजाति-आशीविष, और (४) मनुष्यजाति-आशीविष।

**2. [Q.]** *Bhante* ! How many types of *jaati-ashivish* (innately poisonous beings) are there ?

**[Ans.]** Gautam ! There are four kinds of *jaati-ashivish* (innately poisonous beings)—(1) *vrishchik jaati-ashivish* (venomous breed of scorpions), (2) *manduk jaati-ashivish* (venomous breed of frogs), (3) *urag jaati-ashivish* (venomous breed of snakes) and (4) *manushya jaati-ashivish* (venomous breed of men).

**३. [ प्र. ] विच्छुयजातिआसीविसस्स णं भंते ! केवतिए विसए पण्णत्ते ?**

**[ उ. ] गोयमा ! पभू णं विच्छुयजातिआसीविसे अद्धभरहप्पमाणमेत्तं बोंदिं विसेणं विसपरिगयं विसट्टमाणिं पकरेत्तए। विसए से विसट्टयाए, नो चेव णं संपत्तीए करेंसु वा, करेंति वा, करिस्संति वा १।**

३. [ प्र. ] भगवन् ! वृश्चिकजाति-आशीविष का कितना सामर्थ्य है ?

[ उ. ] गौतम ! वृश्चिकजाति-आशीविष, अर्द्ध-भरतक्षेत्र-प्रमाण शरीर को विषयुक्त-विषैला करने या विष से व्याप्त करने मे समर्थ है। इतना उसके विष का सामर्थ्य है, किन्तु सम्प्राप्ति द्वारा अर्थात् क्रियात्मक प्रयोग द्वारा उसने न ऐसा कभी किया है, न करता है और न कभी करेगा।

3. [Q.] *Bhante* ! How strong is the venom of a scorpion of venomous breed (*jaati-ashivish vrishchik*) ?

[Ans.] Gautam ! A scorpion of venomous breed (*jaati-ashivish vrishchik*) can harm bodies living in half the area of Bharat. Its venom is as strong as that but it did not, does not and will not ever employ all that strength.

**४. [ प्र. ] मंडुक्कजातिआसीविसस्सपुच्छा।**

**[ उ. ] गोयमा ! पभू णं मंडुक्कजातिआसीविसे भरहप्पमाणमेत्तं बोंदिं विसेणं विसपरिगयं०। सेसं तं चेव, नो चेव जाव करिस्संति वा २।**

४. [ प्र. ] भगवन् ! मण्डूकजाति-आशीविष का कितना सामर्थ्य है ?

[ उ. ] गौतम ! मण्डूकजाति-आशीविष अपने विष से भरतक्षेत्र-प्रमाण शरीर को व्याप्त करने मे समर्थ है। शेष सब पूर्ववत् जानना, यावत् (यह उसका सामर्थ्य मात्र है), किन्तु सम्प्राप्ति से उसने कभी ऐसा किया नही, करता नही और करेगा भी नही।


4. [Q.] *Bhante* ! How strong is the venom of a frog of venomous breed (*jaati-ashivish manduk*) ?

[Ans.] Gautam ! A frog of venomous breed (*jaati-ashivish manduk*) can harm bodies living in the whole area of Bharat Repeat the rest and so on up to... will not ever employ all that strength

**५. एवं उरगजातिआसीविस्स वि, नवरं जंबुद्दीवप्पमाणमेत्तं बोंदिं विसेणं विसपरिगयं०। सेसं तं चेव, नो चेव जाव करिस्संति वा ३।**

५. इसी प्रकार उरगजाति-आशीविष के सम्बन्ध मे जानना चाहिए। इतना विशेष है कि वह जम्बूद्वीप-प्रमाण शरीर को विष से युक्त एव व्याप्त करने मे समर्थ है। यह उसका सामर्थ्य मात्र है, किन्तु सम्प्राप्ति से उसने ऐसा कभी किया नही, करता नहीं और करेगा भी नहीं।

5. The same is true for a snake of venomous breed (*jaati-ashivish urag*) The only difference is that it can harm bodies living in the whole area of Jambu Dveep (one hundred thousand *Yojans*). Its venom is as strong as that but it did not, does not and will not ever employ all that strength.


वृश्चिक आशीविष
सामर्थ्य-अर्ध भरतक्षेत्र प्रमाण
मण्डूक आशीविष
सामर्थ्य-भरत क्षेत्र प्रमाण
सर्प आशीविष
सामर्थ्य-जम्बूद्वीप प्रमाण
मनुष्य आशीविष
सामर्थ्य-अढ़ाई द्वीप प्रमाण
कर्म आशीविष
संज्ञी तिर्यंच पंचेन्द्रिय
गृहस्थ, साधु, परिव्राजक आदि का कर्म आशीविष
आठवे देवलोक तक के
अपर्याप्त देव

चित्र-परिचय 1 | Illustration No. 1

# जाति आशीविष-कर्म आशीविष

**जाति आशीविष**—अमुक जीव जाति मे जन्म लेने से दाढ मे तीव्र विष-सामर्थ्य प्राप्त होना जाति आशीविष कहलाता है। जैसे—

1. **वृश्चिक**—बिच्छु। इसका उत्कृष्ट सामर्थ्य अर्ध भरत क्षेत्र प्रमाण है।
2. **मण्डूक**—मेढक। इसका उत्कृष्ट विष-सामर्थ्य सम्पूर्ण भरत क्षेत्र प्रमाण है।
3. **सर्प**—इसका उत्कृष्ट सामर्थ्य—जम्बूद्वीप प्रमाण है।
4. **मनुष्य**—इसका उत्कृष्ट सामर्थ्य—अढाई द्वीप प्रमाण है।

*—शतक 8, उ 2 सूत्र 1 से 4*

**कर्म आशीविष**—तपश्चर्या अथवा विद्या आदि की साधना मे अथवा किसी अन्य गुण से पर्याप्त तिर्यंच पचेन्द्रिय और मनुष्य को आशीविष की उपलब्धि हो जाती है, वे कर्म से आशीविष कहलाते हैं। ये जीव आशीविष लब्धि के प्रभाव से शाप देकर दूसरे का नाश करने की शक्ति पा लेते हैं।

1 सज्ञी तिर्यंच पचेन्द्रिय प्राणी जैसे हाथी, साँप सिह आदि को तपश्चर्या आदि किसी गुण के प्रभाव से आशीविष लब्धि प्राप्त होने पर वे कर्म आशीविष होते हैं।

2. **मनुष्य**—गृहस्थ, साधु या परिव्राजक आदि को तप आदि कारणो के प्रभाव से आशीविष लब्धि प्राप्त होने पर उनमे शाप आदि देने की क्षमता आ जाती है।

3 **देव**—भवनपति वाणव्यन्तर, ज्योतिष्क तथा आठवे कल्प तक के वैमानिक देव, पूर्व भव मे प्राप्त आशीविष लब्धि के प्रभाव से अपर्याप्त अवस्था तक आशीविष युक्त होते है।

*—शतक 8, उ 2 सूत्र 7 से 18*

## JATI ASHIVISH AND KARMA ASHIVISH

**Jaati-ashivish**— some living beings belong to species that are poisonous by birth They are called Jaati-ashivish For example

**(1) Scorpions** – have a maximum capacity of killing half of Bharat area

**(2) Frogs** – have a maximum capacity of killing the whole of Bharat area

**(3) Snakes** – have a maximum capacity of killing half of Jambu continent

**(4) Human beings** – have a maximum capacity of killing half of Adhai Dveep (two and a half continents)

*-- Shatak 8 Lesson-2 Sutra-1-4*

**Karma-ashivish** — those capable of destroying living beings with special powers like curses and spells are called Karma-ashivish For example

1 Sentient five sensed animals including elephants, snakes, or lions are called karma ashivish if they acquire venomous powers through some austere or other practices

2. Human beings including householders, ascetics or Parivrajaks acquire venomous powers through austerities and other practices

3 Divine beings including Bhavan-pati, Vanavyantar, Jyotishk and Vaimaniks up to the eighth heaven retain venomous powers acquired during past birth till they do not attain maturity

*Shatak 8 Lesson-2 Sutra-7-18*

६. मणुस्सजातिआसीविसस्स वि एवं चेव, नवरं समयखेत्तप्पमाणमेत्तं बोंदिं विसेणं विसपरिगयं०। सेसं तं नो चेव जाव करिस्संति वा ४।

६. इसी प्रकार मनुष्यजाति-आशीविष के सम्बन्ध मे भी जानना चाहिए। विशेष इतना ही है कि वह समयक्षेत्र (मनुष्यक्षेत्र = ढाई द्वीप) प्रमाण शरीर को विष से विदलित एव व्याप्त कर सकता है, किन्तु यह उसका सामर्थ्य मात्र है, सम्प्राप्ति द्वारा कभी ऐसा किया नहीं, करता नही और करेगा भी नही।

**6.** The same is also true for a man of venomous breed (*jaati-ashivish manushya*). The only difference is that it can harm bodies living in the whole area of Samaya Kshetra (forty five hundred thousand *Yojans*). Its venom is as strong as that but it did not, does not and will not ever employ all that strength.

**७. [प्र.] जइ कम्मआसीविसे किं नेरइयकम्मासीविसे, तिरिक्खजोणियकम्मासीविसे, मणुस्सकम्मासीविसे, देवकम्मासीविसे ?**

**[उ.] गोयमा ! नो नेरइयकम्मासीविसे, तिरिक्खजोणियकम्मासीविसे वि, मणुस्सकम्मासीविसे वि, देवकम्मासीविसे वि।**

७. [प्र.] भगवन् ! यदि कर्म-आशीविष है तो क्या वह नैरयिक-कर्म-आशीविष है या तिर्यञ्चयोनिक-कर्म-आशीविष है या मनुष्य-कर्म-आशीविष है या देव-कर्म-आशीविष है ?

[उ.] गौतम ! नैरयिक-कर्म-आशीविष नही, किन्तु तिर्यञ्चयोनिक-कर्म-आशीविष है, मनुष्य-कर्म-आशीविष है और देव-कर्म-आशीविष है।

**7. [Q.]** *Bhante* ! If there are *karma-ashivish* (poisonous by action), are they *nairayik-karma-ashivish* (poisonous by action among infernal beings), *tiryanch-yonik-karma-ashivish* (poisonous by action among animals), *manushya-karma-ashivish* (poisonous by action among humans) or *dev-karma-ashivish* (poisonous by action among divine beings)?

**[Ans.]** Gautam ! There are no *nairayik-karma-ashivish* (poisonous by action among infernal beings), but only *tiryanch-yonik-karma-ashivish* (poisonous by action among animals), *manushya-karma-ashivish* (poisonous by action among humans) and *dev-karma-ashivish* (poisonous by action among divine beings).

**८. [प्र.] जइ तिरिक्खजोणियकम्मासीविसे किं एगिंदियतिरिक्खजोणियकम्मासीविसे, जाव पंचिंदियतिरिक्खजोणियकम्मासीविसे ?**

**[उ.] गोयमा ! नो एगिंदियतिरिक्खजोणियकम्मासीविसे जाव नो चतुरिंदियतिरिक्खजोणिय-कम्मासीविसे, पंचिंदियतिरिक्खजोणियकम्मासीविसे।**

८. [प्र.] भगवन् ! यदि तिर्यञ्चयोनिक-कर्म-आशीविष है तो क्या एकेन्द्रिय-तिर्यञ्चयोनिक-कर्म-आशीविष है अथवा पञ्चेन्द्रियतिर्यञ्चयोनिक-कर्म-आशीविष है ?

[उ.] गौतम ! एकेन्द्रिय, द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय और चतुरिन्द्रिय तिर्यञ्चयोनिक-कर्म-आशीविष नहीं, परन्तु पंचेन्द्रियतिर्यञ्चयोनिक-कर्म-आशीविष है।

8. [Q.] *Bhante* ! If there are *tiryanch-yonik-karma-ashivish* (poisonous by action among animals) then are they *ekendriya-tiryanch-yonik-karma-ashivish* (poisonous by action among one-sensed animals). and so on up to . *panchendriya-tiryanch-yonik-karma-ashivish* (poisonous by action among five-sensed animals) ?

[Ans.] Gautam ! There are no *ekendriya*, *dvindriya*, *trindriya*, and *chaturindriya-tiryanch-yonik-karma-ashivish* (poisonous by action among one, two, three and four-sensed animals) but only *panchendriya-tiryanch-yonik-karma-ashivish* (poisonous by action among five-sensed animals).

**९. [प्र.] जइ पंचिंदियतिरिक्खजोणियकम्मासीविसे किं सम्मुच्छिमपंचेंदियतिरिक्खजोणिय-कम्मासीविसे, गब्भवक्कंतियपंचिंदियतिरिक्खजोणियकम्मासीविसे ?**

**[उ.] एवं जहा वेउव्वियसरीरस्स भेओ जाव पज्जत्तसंखेज्जवासाउयगब्भवक्कंतिय-पंचिंदियतिरिक्खजोणियकम्मासीविसे, नो अपज्जत्तासंखेज्जवासाउय जाव कम्मासीविसे।**

९. [प्र.] भगवन् ! यदि पञ्चेन्द्रियतिर्यञ्चयोनिक-कर्म-आशीविष है तो क्या सम्मूर्च्छिम पचेन्द्रिय-तिर्यञ्चयोनिक-कर्म-आशीविष है या गर्भज पञ्चेन्द्रिय-तिर्यञ्चयोनिक-कर्म-आशीविष है ?

[उ.] गौतम ! (प्रज्ञापनासूत्र के इक्कीसवे शरीरपद मे) वैक्रियशरीर के सम्बन्ध मे जिस प्रकार कहा है, उसी प्रकार कहना चाहिए यावत् पर्याप्त सख्यात वर्ष की आयुष्य वाला गर्भज कर्मभूमिज पचेन्द्रियतिर्यञ्चयोनिक-कर्म-आशीविष होता है, परन्तु अपर्याप्त सख्यात वर्ष की आयुष्य वाला यावत् कर्म-आशीविष नही होता।

9. [Q.] *Bhante* ! If there are *panchendriya-tiryanch-yonik-karma-ashivish* (poisonous by action among five-sensed animals) then are they *sammurchhim panchendriya-tiryanch-yonik-karma-ashivish* (poisonous by action among five-sensed animals of asexual origin) or *garbhaj panchendriya-tiryanch-yonik-karma-ashivish* (poisonous by action among five-sensed animals born out of womb) ?

**[Ans.]** Gautam ! What has been stated about *Vaikriya sharira* (transmutable body) in chapter 21 (Sharira Pad) of *Prajnapana Sutra* should be repeated here... and so on up to... there are *paryapt sankhyat varsh ayushya garbhaj panchendriya-tiryanch-yonik-karma-ashivish* (poisonous by action among fully developed five-sensed animals born out of womb with a life-span of countable years) but not *aparyapt asankhyat varsh ayushya garbhaj panchendriya-tiryanch-yonik-karma-ashivish* (poisonous by action among underdeveloped five-sensed animals born out of womb with a life-span of innumerable years).

**१०. [प्र.] जइ मणुस्सकम्मासीविसे किं सम्मुच्छिममणुस्सकम्मासीविसे, गब्भवक्कंतिय-मणुस्सकम्मासीविसे ?**

**[उ.] गोयमा ! णो सम्मुच्छिममणुस्सकम्मासीविसे। गब्भवक्कंतियमणुस्सकम्मासीविसे, एवं जहा वेउव्वियसरीरं जाव पज्जत्तसंखेज्जवासाउयकम्मभूमगगब्भवक्कंतियमणूसकम्मासीविसे, नो अपज्जत्ता जाव कम्मासीविसे।**

१०. [प्र.] भगवन् ! यदि मनुष्य-कर्म-आशीविष है तो क्या सम्मूर्च्छिम मनुष्य-कर्म-आशीविष है, या गर्भज मनुष्य-कर्म-आशीविष है ?

[उ.] गौतम ! सम्मूर्च्छिम मनुष्य-कर्म-आशीविष नही होता। किन्तु गर्भज मनुष्य-कर्म-आशीविष होता है। (प्रज्ञापनासूत्र के इक्कीसवे शरीरपद मे) वैक्रियशरीर के सम्बन्ध में जिस प्रकार जीव-भेद कहे है, उसी प्रकार यहाँ भी कहना चाहिए, यावत् पर्याप्त सख्यात वर्ष के आयुष्य वाले कर्मभूमिज गर्भज मनुष्य-कर्म-आशीविष होता है, परन्तु अपर्याप्त संख्यात वर्ष की आयु वाले यावत् कर्म-आशीविष नही होता।

**10. [Q.]** *Bhante* ! If there are *manushya-karma-ashivish* (poisonous by action among humans) then are they *sammurchhim manushya-karma-ashivish* (poisonous by action among humans of asexual origin) or **garbhaj manushya-karma-ashivish** (poisonous by action among humans born out of womb) ?

**[Ans.]** Gautam ! There are no *sammurchhim manushya-karma-ashivish* (poisonous by action among humans of asexual origin) but only *garbhaj manushya-karma-ashivish* (poisonous by action among humans born out of womb). What has been stated about *Vaikriya sharira* (transmutable body) in chapter 21 (Sharira Pad) of *Prajnapana Sutra* should be repeated here... and so on up to... there are *paryapt sankhyat varsh ayushya karmabhumij garbhaj manushya-karma-ashivish* (poisonous by action among fully developed humans born out of womb

with a life-span of countable years in the land of endeavour) but not *aparyapt asankhyat varsh ayushya garbhaj manushya-karma-ashivish* (poisonous by action among underdeveloped humans born out of womb with a life-span of innumerable years)

**११. [प्र. ] जइ देवकम्मासीविसे किं भवणवासीदेवकम्मासीविसे जाव वेमाणियदेवकम्मासीविसे ?**

**[उ. ] गोयमा ! भवणवासिदेवकम्मासीविसे, वाणमंतरदेव-, जोतिसिय-, वेमाणियदेवकम्मासीविसे वि।**

११. [प्र. ] भगवन् ! यदि देव-कर्म-आशीविष होता है तो क्या भवनवासी देव कर्म-आशीविष होता है, यावत् वैमानिक देव-कर्म-आशीविष होता है ?

[उ. ] गौतम ! भवनवासी, वाणव्यन्तर, ज्योतिष्क और वैमानिक, ये चारो प्रकार के देव-कर्म-आशीविष होते है।

**11. [Q.]** *Bhante* ! If there are *dev-karma-ashivish* (poisonous by action among divine beings) then are they *Bhavan-vaasi dev-karma-ashivish* (poisonous by action among abode dwelling divine beings) or... and so on up to *Vaimanik dev-karma-ashivish* (poisonous by action among celestial vehicular divine beings) ?

**[Ans.]** Gautam ! There are **dev-karma-ashivish** (poisonous by action among divine beings) in all the four classes of divine beings, namely *Bhavan-vaasi*, *Vanavyantar*, *Jyotishk* and Vaimanik (abode dwelling, interstitial, stellar and celestial vehicular)

**१२. [प्र. ] जइ भवणवासिदेवकम्मासीविसे किं असुरकुमारभवणवासिदेवकम्मासीविसे जाव थणियकुमार जाव कम्मासीविसे ?**

**[उ. ] गोयमा ! असुरकुमारभवणवासिदेवकम्मासीविसे वि जाव थणियकुमार जाव कम्मासीविसे वि।**

१२. [प्र. ] भगवन् ! यदि भवनवासी देव-कर्म-आशीविष होता है तो क्या असुरकुमार भवनवासी देव-कर्म-आशीविष होता है, यावत् स्तनितकुमार भवनवासी देव-कर्म-आशीविष होता है ?

[उ. ] गौतम ! असुरकुमार भवनवासी देव-कर्म-आशीविष होता है, यावत् स्तनितकुमार भवनवासी देव भी कर्म-आशीविष होता है।

**12. [Q.]** *Bhante* ! If there are *Bhavan-vaasi dev-karma-ashivish* (poisonous by action among abode dwelling divine beings) then are they *Asur Kumar Bhavan-vaasi dev-karma-ashivish* (poisonous by action among *Asur Kumar* abode dwelling divine beings) or... and so on up to...

*Stanit Kumar Bhavan-vaasi dev-karma-ashivish* (poisonous by action among *Stanit Kumar* abode dwelling divine beings)?

**[Ans.]** Gautam ! There are *Asur Kumar Bhavan-vaasi dev-karma-ashivish* (poisonous by action among *Asur Kumar* abode dwelling divine beings).. and so on up to... *Stanit Kumar Bhavan-vaasi dev-karma-ashivish* (poisonous by action among *Stanit Kumar* abode dwelling divine beings) as well.

**१३. [ प्र. ] जइ असुरकुमार जाव कम्मासीविसे किं पज्जत्तअसुरकुमारभवणवासिदेवकम्मासीविसे ? अपज्जत्तअसुरकुमारभवणवासिदेवकम्मासीविसे ?**

**[ उ. ] गोयमा ! नो पज्जत्तअसुरकुमार जाव कम्मासीविसे, अपज्जत्तअसुरकुमारभवण-वासिदेवकम्मासीविसे। एवं जाव थणियकुमाराणं।**

१३. [ प्र. ] भगवन् ! यदि असुरकुमार यावत् स्तनितकुमार भवनवासी देव-कर्म-आशीविष है तो क्या पर्याप्त असुरकुमारादि भवनवासी देव-कर्म-आशीविष है या अपर्याप्त असुरकुमारादि भवनवासी देव-कर्म-आशीविष है ?

[ उ. ] गौतम ! पर्याप्त असुरकुमार भवनवासी देव-कर्म-आशीविष नहीं, परन्तु अपर्याप्त असुरकुमार भवनवासी देव-कर्म-आशीविष है। इसी प्रकार यावत् स्तनितकुमारो तक जानना चाहिए।

**13. [Q.]** *Bhante* ! If there are *Asur Kumar Bhavan-vaasi dev-karma-ashivish* (poisonous by action among *Asur Kumar* abode dwelling divine beings) and so on up to... *Stanit Kumar Bhavan-vaasi dev-karma-ashivish* (poisonous by action among *Stanit Kumar* abode dwelling divine beings) then are *Paryapt Asur Kumaradi Bhavan-vaasi dev-karma-ashivish* (poisonous by action among fully developed *Asur Kumar* and other abode dwelling divine beings) or *Aparyapt Asur Kumaradi Bhavan-vaasi dev-karma-ashivish* (poisonous by action among underdeveloped *Asur Kumar* and other abode dwelling divine beings)?

**[Ans.]** Gautam ! There never are *Paryapt Asur Kumar Bhavan-vaasi dev-karma-ashivish* (poisonous by action among fully developed *Asur Kumar* abode dwelling divine beings) but only *Aparyapt Asur Kumar Bhavan-vaasi dev-karma-ashivish* (poisonous by action among underdeveloped *Asur Kumar* abode dwelling divine beings). The same is true for... and so on up to... *Stanit Kumar* divine beings.

**१४. [ प्र. ] जइ वाणमंतरदेवकम्मासीविसे किं पिसायवाणमंतरदेवकम्मासीविसे ?**

**[ उ. ] एवं सव्वेसिं पि अपज्जत्तगाणं। जोतिसियाणं सव्वेसिं अपज्जत्तगाणं।**

१४. [प्र.] भगवन् ! यदि वाणव्यन्तर देव-कर्म-आशीविष है तो क्या पिशाच वाणव्यन्तर देव-कर्म-आशीविष है, यावत् गन्धर्व वाणव्यन्तर देव-कर्म-आशीविष है?

[उ.] गौतम ! वे पिशाचादि सर्व वाणव्यन्तर देव अपर्याप्तअवस्था मे कर्म-आशीविष हैं। इसी प्रकार सभी ज्योतिष्क देव भी अपर्याप्त अवस्था में कर्म-आशीविष होते है।

**14.** *Bhante* ! If there are *Vanavyantar dev-karma-ashivish* (poisonous by action among interstitial divine beings) then are they *Pishaach Vanavyantar dev-karma-ashivish* (poisonous by action among *Pishaach* interstitial divine beings) or... and so on up to . *Gandharva Vanavyantar dev-karma-ashivish* (poisonous by action among *Gandharva* interstitial divine beings) ?

**[Ans.]** Gautam ! There are poisonous by action among all those *Pishaach* and other interstitial divine beings in their underdeveloped state. In the same way all the *Jyotishk* (stellar) divine beings have poisonous by action among them in their underdeveloped state.

१५. [प्र.] जइ वेमाणियदेवकम्मासीविसे किं कप्पोवगवेमाणियदेवकम्मासीविसे, कप्पातीतवेमाणियदेवकम्मासीविसे ?

[उ.] गोयमा ! कप्पोवगवेमाणियदेवकम्मासीविसे, नो कप्पातीतवेमाणियदेवकम्मासीविसे।

१५. [प्र.] भगवन् ! यदि वैमानिक देव कर्माशीविष है तो क्या कल्पोपपन्नक वैमानिक देव-कर्माशीविष है, अथवा कल्पातीत वैमानिक देव कर्म-आशीविष है?

[उ.] गौतम ! कल्पोपपन्नक वैमानिक देव कर्म-आशीविष होता है, किन्तु कल्पातीत वैमानिक देव-कर्म-आशीविष नही होता।

**15.** *Bhante* ! If there are *Vaimanik dev-karma-ashivish* (poisonous by action among celestial vehicular divine beings) then are they *Kalpopapannak Vaimanik dev-karma-ashivish* (poisonous by action among celestial vehicular divine beings belonging to *Kalps*) or *Kalpateet Vaimanik dev-karma-ashivish* (poisonous by action among celestial Vehicular divine beings beyond the *Kalps*) ?

**[Ans.]** Gautam ! There are *Kalpopapannak Vaimanik dev-karma-ashivish* (poisonous by action among celestial vehicular divine beings belonging to *Kalps*) but not *Kalpateet Vaimanik dev-karma-ashivish* (poisonous by action among celestial vehicular divine beings beyond the *Kalps*) ?

१६. [प्र.] जइ कप्पोवगवेमाणियदेवकम्मासीविसे किं सोधम्मकप्पोवग वेमाणियदेव कम्मासीविसे जाव अच्चुयकप्पोवग जाव कम्मासीविसे ?

[उ.] गोयमा ! सोधम्मकप्पोवगवेमाणियदेवकम्मासीविसे वि जाव सहस्सारकप्पोवगवेमाणिय-देवकम्मासीविसे वि, नो आणयकप्पोवग जाव नो अच्चुतकप्पोवगवेमाणियदेवकम्मासीविसे।

१६. [प्र.] भगवन् ! यदि कल्पोपपन्नक वैमानिक देव कर्म-आशीविष होता है तो क्या सौधर्म-कल्पोपपन्नक वैमानिक देव कर्म-आशीविष होता है, यावत् अच्युत कल्पोपपन्नक वैमानिक देव कर्म-आशीविष होता है ?

[उ.] गौतम ! सौधर्म-कल्पोपपन्नक वैमानिक देव यावत् सहस्रार कल्पोपपन्नक वैमानिक देव-पर्यन्त कर्म-आशीविष होते है, परन्तु आनत, प्राणत, आरण और अच्युत कल्पोपपन्नक वैमानिक देव कर्म-आशीविष नही होता।

**16.** *Bhante* ! If there are *Kalpopapannak Vaimanik dev-karma-ashivish* (poisonous by action among celestial vehicular divine beings belonging to *Kalps*) then are they *Saudharma Kalpopapannak Vaimanik dev-karma-ashivish* (poisonous by action among celestial vehicular divine beings belonging to the *Saudharma Kalp*) or. . and so on up to... *Achyut Kalpopapannak Vaimanik dev-karma-ashivish* (poisonous by action among celestial vehicular divine beings belonging to the Achyut *Kalp*) ?

**[Ans.]** Gautam ! There are *Saudharma Kalpopapannak Vaimanik dev-karma-ashivish* (poisonous by action among celestial vehicular divine beings belonging to the *Saudharma Kalp*)... and so on up to... *Sahasrar Kalpopapannak Vaimanik dev-karma-ashivish* (poisonous by action among celestial vehicular divine beings belonging to the *Sahasrar Kalp*) but not *Anat*, *Pranat*, *Aran*, and *Achyut Kalpopapannak Vaimanik dev-karma-ashivish* (poisonous by action among celestial vehicular divine beings belonging to *Anat*, *Pranat*, *Aran*, and *Achyut Kalps*).

१७. [प्र.] जइ सोहम्मकप्पोवग जाव कम्मासीविसे किं पज्जत्तसोधम्मकप्पोवगवेमाणिय० अपज्जत्तगसोहम्मगवेमाणियदेवकम्मासीविसे।

[उ.] गोयमा ! नो पज्जत्तसोहम्मकप्पोवगवेमाणिय०, अपज्जत्तसोहम्मकप्पोवगवेमाणिय-देवकम्मासीविसे। एवं जाव नो पज्जत्तसहस्सारकप्पोवगवेमाणिय जाव कम्मासीविसे, अपज्जत्त-सहस्सारकप्पोवग जाव कम्मासीविसे।

१७. [प्र.] भगवन् ! यदि सौधर्मकल्पोपपन्नक वैमानिक देव कर्म-आशीविष है तो क्या पर्याप्त सौधर्मकल्पोपपन्न वैमानिक कर्म-आशीविष है यावत् अपर्याप्त सौधर्मकल्पोपपन्न वैमानिक देव कर्म-आशीविष है ?

[उ.] गौतम ! पर्याप्त सौधर्मकल्पोपपन्न वैमानिक देव कर्म-आशीविष नही, परन्तु अपर्याप्त सौधर्मकल्पोपपन्न वैमानिक देव कर्म-आशीविष है। इसी प्रकार यावत् पर्याप्त सहस्रार-कल्पोपपन्न वैमानिक देव कर्म-आशीविष नही, किन्तु अपर्याप्त सहस्रार-कल्पोपपन्नक वैमानिक देव कर्म-आशीविष है।

17. *Bhante* ! If there are *Saudharma Kalpopapannak Vaimanik dev-karma-ashivish* (poisonous by action among celestial vehicular divine beings belonging to the *Saudharma Kalp*) then are they *Paryapt Saudharma Kalpopapannak Vaimanik dev-karma-ashivish* (poisonous by action among fully developed celestial vehicular divine beings belonging to *Saudharma Kalp*) or *Aparyapt Saudharma Kalpopapannak vaimanik dev-karma-ashivish* (poisonous by action among underdeveloped celestial vehicular divine beings belonging to *Saudharma Kalp*) ?

**[Ans.]** Gautam ! There never are *Paryapt Saudharma Kalpopapannak Vaimanik dev-karma-ashivish* (poisonous by action among fully developed celestial vehicular divine beings belonging to Saudharma Kalp) but only *Aparyapt Saudharma Kalpopapannak Vaimanik dev-karma-ashivish* (poisonous by action among underdeveloped celestial vehicular divine beings belonging to *Saudharma Kalp*). In the same way there are and so on up to no Paryapt *Sahasrar Kalpopapannak Vaimanik dev-karma-ashivish* (poisonous by action among fully developed celestial vehicular divine beings belonging to the *Sahasrar Kalp*) but only *Aparyapt Sahasrar Kalpopapannak Vaimanik dev-karma-ashivish* (poisonous by action among underdeveloped celestial vehicular divine beings belonging to the *Sahasrar Kalp*).

**विवेचन : आशीविष और उसके प्रकारो का स्वरूप**—आशी का अर्थ है—दाढ (दंष्ट्रा)। जिन जीवो की दाढ मे विष होता है, वे 'आशीविष' कहलाते है। आशीविष प्राणी दो प्रकार के होते है—जाति-आशीविष और कर्म-आशीविष। साँप, बिच्छू, मेढक आदि जो प्राणी जन्म से ही आशीविष होते है, वे जाति-आशीविष कहलाते है और जो कर्म यानी शाप आदि क्रिया द्वारा प्राणियो का विनाश करने मे समर्थ है, वे कर्म-आशीविष कहलाते है। पर्याप्तक तिर्यञ्च-पचेन्द्रिय और मनुष्य को तपश्चर्या आदि से अथवा अन्य किसी गुण के कारण आशीविष-लब्धि प्राप्त हो जाती है। ये जीव आशीविष-लब्धि के प्रभाव से शाप देकर दूसरे का नाश करने की शक्ति पा लेते है। आशीविषलब्धि वाले जीव आठवें देवलोक से आगे उत्पन्न नही हो सकते। जिन्होंने पूर्वभव मे आशीविषलब्धि का अनुभव किया था, अत· पूर्वानुभूतभाव के कारण वे कर्म-आशीविष होते हैं। अत वे अपर्याप्त अवस्था मे ही आशीविषयुक्त होते है।

जाति-आशीविष वाले प्राणियों के विष का जो सामर्थ्य बताया है, वह विषयमात्र है। अर्थात् जैसे किसी मनुष्य ने अपना शरीर अर्द्ध-भरतप्रमाण बनाया हो, उसके पैर मे यदि बिच्छू डंक मारे तो उसके मस्तक तक उसका विष चढ जाता है। इसी प्रकार भरतप्रमाण, जम्बूद्वीपप्रमाण और ढाईद्वीपप्रमाण का अर्थ समझना चाहिए। (सचित्र स्थानाग सूत्र भाग-2 पृष्ठ 5-6 पर इसका विस्तृत वर्णन दिया गया है।)

**Elaboration**—Poisonous beings and their types—*Ashi* means fangs (teeth or molars or sting). Living beings having poisonous fangs (etc.) are called *ashivish*. Poisonous beings are of two types—*jaati-ashivish* (poisonous by birth or physically poisonous) and *karma-ashivish* (poisonous by action). Snake, scorpion, frog and other living beings that are poisonous by birth are called *jaati-ashivish*. Those who can destroy living beings by their curse, spell or other action are called *karma-ashivish*. Fully developed five-sensed animals and human beings acquire toxifying power through penance or some other activity. Such beings have the power to destroy other beings by causing a spell using this power. Beings with such toxifying power are not born beyond the eighth heaven (divine realm). Those among divine beings who acquired this toxifying power in their previous birth are karma-ashivish in context of their earlier experience That is the reason they are poisonous only in their underdeveloped state.

The capacity of innately poisonous beings stated here is conceptual only For example if a human being is of huge dimension (as large as half of Bharat area) and is bitten by a scorpion on his foot then the poison reaches his head covering the large distance. The same is true for dimensions of Jambu continent and Adhaidveep (two and a half continents)

### *छद्मस्थ के दस स्थान अज्ञेय* TEN THINGS UNKNOWN TO CHHADMASTH

**१८. दस ठाणाइं छउमत्थे सव्वभावेणं न जाणति न पासति, तं जहा-धम्मत्थिकायं १, अधम्मत्थिकायं २, आगासत्थिकायं ३, जीवं असरीरपडिबद्धं ४, परमाणुपोग्गलं ५, सद्दं ६, गंधं ७, वातं ८, अयं जिणे भविस्सति वा ण वा भविस्सइ ९, अयं सव्वदुक्खाणं अंतं करेस्सइ वा न वा करेस्सइ १०। एयाणि चेव उप्पन्ननाण-दंसणधरे अरहा जिणे केवली सव्वभावेणं जाणति पासति, तं जहा-धमत्थिकायं १ जाव करेस्सइ वा न वा करेस्सइ १०।**

१८. छद्मस्थ पुरुष इन दस स्थानों (बातों) को सर्वभाव से (प्रत्यक्ष रूप से) नहीं जानता और नही देखता। वे इस प्रकार हैं-(१) धर्मास्तिकाय, (२) अधर्मास्तिकाय, (३) आकाशास्तिकाय, (४) शरीर से रहित (मुक्त) जीव, (५) परमाणुपुद्गल, (६) शब्द, (७) गन्ध, (८) वायु, (९) यह जीव जिन होगा या

नहीं, तथा (१०) यह जीव सभी दु:खो का अन्त करेगा या नही? इन्ही दस स्थानो (बातो) को उत्पन्न (केवल) ज्ञान-दर्शन के धारक अरिहन्त-जिनकेवली ही सर्वभाव से जानते और देखते है। यथा-धर्मास्तिकाय यावत्-'यह जीव समस्त दु:खो का अन्त करेगा या नही।

18. A *chhadmasth* (one who is short of omniscience due to residual *karmic* bondage) does not know and see (directly perceive) ten things (*sthaan*) from all angles (*sarvabhaava*)—(1) *Dharmastikaaya* (motion entity), (2) *Adharmastikaaya* (rest entity), (3) *Akashastikaaya* (space entity), (4) *Asharira-pratibaddha* jiva (unembodied soul), (5) *Paramanu-pudgala* (ultimate particle of matter), (6) *Shabd* (sound), (7) *Gandh* (smell), (8) *Vayu* (air), (9) whether a soul will or will not become *Jina*, and (10) whether a soul will or will not end all misery Only an *Arihant*, *Jina* or *Kevali* (different terms for an omniscient) endowed with omniscience and ultimate perception know and see these ten things from all angles—(1) *Dharmastikaaya* (motion entity) and so on up to. (10) whether a soul will or will not end all misery

**विवेचन : छद्मस्थ का विशेष अर्थ**–यो तो छद्मस्थ का सामान्य अर्थ है–केवलज्ञानरहित, किन्तु यहाँ छद्मस्थ का विशेष अर्थ है–अवधिज्ञान आदि विशिष्ट ज्ञानरहित, क्योकि विशिष्ट अवधिज्ञान धर्मास्तिकाय आदि को अमूर्त्त होने से नही जानता-देखता, किन्तु परमाणु आदि जो मूर्त्त है, उन्हे वह जान-देख सकता है, क्योकि विशिष्ट अवधिज्ञान का विषय सर्वमूर्त्त द्रव्य है। 'सव्वभावेणं' (सर्वभाव से) का अर्थ अवधि आदि विशिष्ट ज्ञानरहित छद्मस्थ, धर्मास्तिकाय आदि दस वस्तुओ को प्रत्यक्ष रूप से नही जानता-देखता। उत्पन्न ज्ञान-दर्शनधारक, अरिहन्त जिनकेवली, साक्षात् रूप से जानते-देखते है। *(वृत्ति, पत्राक ३४२)*


**Elaboration**—*Chhadmasth* in this context—The general meaning of chhadmasth is a person short of omniscience. But here it has a special meaning and that is—devoid of higher knowledge like *Avadhi-jnana* This is because a person endowed with *avadhi-jnana* cannot know and see intangible things like motion entity but he can see tangible things like ultimate particle of matter because all tangible things come under the purview of special *Avadhi-jnana* *Savva-bhaavena* (*Sarva-bhaavaat*) conveys that a *chhadmasth* devoid of higher knowledge cannot directly perceive these ten things including motion entity. But *Arihant*, *Jina* and *Kevali* having omniscience can directly perceive the same *(Vritti, leaf 342)*

### *ज्ञान और अज्ञान के प्रकार* TYPES OF KNOWLEDGE AND WRONG KNOWLEDGE

**१९. [ प्र. ] कतिविहे णं भंते ! नाणे पण्णत्ते ?**

**[ उ. ] गोयमा ! पंचविहे नाणे पण्णत्ते, तं जहा–आभिणिबोहियनाणे, सुयनाणे, ओहिनाणे, मणपज्जवनाणे, केवलनाणे।**

# छद्मस्थ 10 बातें सर्व भाव से नहीं जानता



चित्र-परिचय 2

Illustration No. 2

# छद्मस्थ ये 10 बातें सर्वथा नहीं जानता

छद्मस्थ जीव वे होते हैं, जिन्हे केवलज्ञान प्राप्त नहीं हुआ है। ये जीव निम्नलिखित दस बातो को सर्वथा (सर्वपर्याय से) नहीं जानते, केवल सामान्य रूप से ही जानते हैं—

1. **धर्मास्तिकाय**—जीव और पुद्गल की गति करने मे सहायक जो द्रव्य है, उसे धर्मास्तिकाय कहते हैं। यह अरूपी है।

2. **अधर्मास्तिकाय**—जीव और पुद्गल को स्थिर रहने मे सहायक जो द्रव्य है उसे अधर्मास्तिकाय कहते हैं। यह भी अरूपी है।

3. **आकाशास्तिकाय**—सब द्रव्यो को अवकाश (जगह) देने वाले द्रव्य को आकाशास्तिकाय कहते हैं। यह भी अरूपी है।

4. **शरीर रहित जीव**—केवल सिद्ध भगवान का होता है। वह भी अरूपी है।

5. **परमाणु पुद्गल**—वर्ण, गध, रस, स्पर्श वाले रूपी द्रव्य जिसके दो भाग नहीं हो सकते, ऐसे पदार्थ को परमाणु कहते हैं।

6. **शब्द**—जीव-अजीव की ध्वनि।

7. **गध**—सुगन्ध एव दुर्गन्ध।

8. **वायु**—हवा।

9. यह जीव **जिन** होगा कि नहीं ?

10. यह जीव सब दु:खो का अत करेगा (**सिद्ध** होगा) या नहीं ?

*—शतक 8 उ 2 सूत्र 11*

## CHHADMASTH DOES NOT FULLY KNOW TEN THINGS

Chhadmasth is a living being short of omniscience. Such beings do not know and see the following ten things from all angles, they only know generally -

(1) **Dharmastikaaya** — motion entity that helps matter to move. It is formless

(2) **Adharmastikaaya** — rest entity that helps matter in remaining stationary. It is formless

(3) **Akashastikaaya** — space entity that provides place to things and entities. It is formless

(4) **Asharira-pratibaddha jiva** - un-embodied soul, this relates to Siddhas only. It is formless

(5) **Paramanu-pudgala** — ultimate particle of matter having properties of colour, smell, taste and touch, it is indivisible and has form

(6) **Shabd** — sound produced by the living as well as the non-living

(7) **Gandh** — smell, both pleasant and foul

(8) **Vayu** — air

(9) Whether a soul will or will not become Jina ?

(10) Whether a soul will or will not end all misery to become Siddha ?

*- Shatak 8 lesson-2 Sutra-11, page-22*

१९. [ प्र. ] भगवन् ! ज्ञान कितने प्रकार का है ?

[ उ. ] गौतम ! ज्ञान पाँच प्रकार का है। यथा-(१) आभिनिबोधिकज्ञान, (२) श्रुतज्ञान, (३) अवधिज्ञान, (४) मनःपर्यवज्ञान, और (५) केवलज्ञान।

**19. [Q.]** *Bhante* ! How many types of knowledge (*jnana*) are there ?

**[Ans.]** Gautam ! Knowledge is of five kinds—(1) *Abhinibodhik jnana* or *Mati-jnana* (sensory knowledge or to know the apparent form of things coming before the soul by means of five sense organs and the mind), (2) *Shrut-jnana* (scriptural knowledge), (3) *Avadhi-jnana* (extrasensory perception of the physical dimension; something akin to clairvoyance), (4) *Manah-paryav-jnana* (extrasensory perception and knowledge of thought process and thought-forms of other beings, something akin to telepathy) and (5) *Keval-jnana* (omniscience).

२०. [ प्र. ] **से किं तं आभिणिबोहियनाणे ?**

[ उ. ] **आभिणिबोहियनाणे चतुव्विहे पण्णत्ते, तं जहा-उग्गहो, ईहा, अवाओ, धारणा। एवं जहा रायप्पसेणइए णाणाणं भेदो तहेव इह वि भाणियव्वो जाव से त्तं केवलनाणे।**

२०. [ प्र. ] भगवन् ! आभिनिबोधिकज्ञान कितने प्रकार का है ?

[ उ. ] गौतम ! आभिनिबोधिकज्ञान चार प्रकार का है। यथा-(१) अवग्रह, (२) ईहा, (३) अवाय (अपाय), और (४) धारणा। जिस प्रकार राजप्रश्नीयसूत्र (सूत्र २४१ केशी प्रदेशी सवाद) मे ज्ञानो के भेद कहे है, उसी प्रकार यहाँ भी कहने चाहिए, यावत् 'यह है वह केवलज्ञान'; यहाँ तक कहना चाहिए।

**20. [Q.]** *Bhante* ! Of how many types is *abhinibodhik jnana* (sensory knowledge) ?

**[Ans.]** Gautam ! *Abhinibodhik jnana* (sensory knowledge) is of four kinds—(1) *avagraha* (to acquire cursory knowledge), *iha* (to study), *avaaya* (to conclude), and *dhaarana* (to absorb). The details about types of knowledge should be quoted from *Rajaprashniya Sutra* (Sutra 241, Keshi-Pradeshi dialogue)... and so on up to... 'this is that omniscience'.

२१. [ प्र. ] **अण्णाणे णं भंते ! कतिविहे पण्णत्ते ?**

[ उ. ] **गोयमा ! तिविहे पण्णत्ते, तं जहा-मइअन्नाणे, सुयअन्नाणे, विभंगनाणे।**

२१. [ प्र. ] भगवन् ! अज्ञान कितने प्रकार का कहा गया है ?

[ उ. ] गौतम ! अज्ञान तीन प्रकार का कहा गया है। वह इस प्रकार है-(१) मति-अज्ञान, (२) श्रुत-अज्ञान, और (३) विभगज्ञान।

21. [Q.] *Bhante* ! Of how many types is *ajnana* (absence of right knowledge, which means ignorance or wrong knowledge) ?

[Ans.] Gautam ! *ajnana* (ignorance or wrong knowledge) is of three kinds—(1) *Mati-ajnana* (wrong sensory knowledge), (2) *Shrut-ajnana* (absence of scriptural knowledge or wrong scriptural knowledge) and (3) *Vibhang-jnana* (pervert knowledge).

२२. [प्र. ] से किं तं मइअण्णाणे ?

[उ. ] मइअण्णाणे चउव्विहे पण्णत्ते, तं जहा–उग्गहो जाव धारणा।

२२. [प्र. ] भगवन् ! मति-अज्ञान कितने प्रकार का है ?

[उ. ] गौतम ! मति-अज्ञान चार प्रकार का है। यथा-(१) अवग्रह, (२) ईहा, (३) अवाय, और (४) धारणा।

22. [Q.] *Bhante* ! Of how many types is *Mati-ajnana* (wrong sensory knowledge) ?

[Ans.] Gautam ! *Mati-ajnana* (wrong sensory knowledge) is of four kinds—(1) *avagraha* (to acquire cursory knowledge), *iha* (to study), *avaya* (to conclude), and *dhaarana* (to absorb) (here it relates to wrong knowledge).

२३. [प्र. ] से किं तं उग्गहे ?

[उ. ] उग्गहे दुविहे पण्णत्ते, तं जहा–अत्थोग्गहे य वंजणोग्गहे य। एवं जहेव आभिणिबोहियनाणं तहेव, नवरं एगट्ठियवज्जं जाव नोइंदियधारणा, से त्तं धारणा। से त्तं मतिअण्णाणे।

२३. [प्र. ] भगवन् ! वह अवग्रह कितने प्रकार का है ?

[उ. ] गौतम ! अवग्रह दो प्रकार का है। यथा-(१) अर्थावग्रह, और (२) व्यञ्जनावग्रह। जिस प्रकार (नन्दीसूत्र सूत्र ५४-५७ मे) आभिनिबोधिकज्ञान के विषय मे कहा है, उसी प्रकार यहाँ भी जान लेना चाहिए। विशेष इतना ही है कि वहाँ आभिनिबोधिकज्ञान के प्रकरण मे अवग्रह आदि के एकार्थिक (समानार्थक) शब्द कहे है, उन्हे छोडकर यावत्–'नोइन्द्रिय-धारणा है', यह हुआ धारणा का स्वरूप यहाँ तक कहना चाहिए। यह मति-अज्ञान का स्वरूप है।

23. [Q.] *Bhante* ! Of how many types is *avagraha* (to acquire cursory knowledge) ?

[Ans.] Gautam ! *Avagraha* (to acquire cursory knowledge) is of two types—(1) *Arthavagraha* (acquisition of meaning) and (2) *Vyanjanavagraha* (acquisition of attributes). Details should be quoted from *Nandi Sutra*, mentioned in connection with *Abhinibodhik jnana*.

The difference is that only one meaning (positive) has been given there, instead of that the opposite (negative or wrong) should be taken... and so on up to... *no-indriya dhaarana* (non-sensual absorption) and that is *dhaarana*. This is all about Mati-ajnana (wrong sensory knowledge).

२४. [ प्र. ] से किं तं सुयअण्णाणे ?

[ उ. ] सुयअण्णाणे जं इमं अण्णाणिएहिं मिच्छद्दिट्ठिएहिं जहा नंदीए जाव चत्तारि वेदा संगोवंगा। से तं सुयअन्नाणे।

२४. [ प्र. ] भगवन् ! श्रुत-अज्ञान किसे कहते है ?

[ उ. ] गौतम ! जिस प्रकार नन्दीसूत्र (पृष्ठ ३५३) मे कहा है-'जो अज्ञानी मिथ्यादृष्टियो द्वारा प्ररूपित है', इत्यादि यावत्-सांगोपांग चार वेद तक श्रुत-अज्ञान है। यह श्रुत-अज्ञान का वर्णन है।

**24. [Q.]** *Bhante* ! What is this *Shrut-ajnana* (absence of scriptural knowledge or wrong scriptural knowledge) ?

**[Ans.]** Gautam ! It is as mentioned in *Nandi Sutra* (p. 353). From 'that which has been propagated by ignorant heretics'... and so on up to... four *Vedas* is wrong scriptural knowledge. This is all about *Shrut-ajnana* (absence of scriptural knowledge or wrong scriptural knowledge).

२५. [ प्र. ] से किं तं विभंगनाणे ?

[ उ. ] विभंगनाणे अणेगविहे पण्णत्ते, तं जहा-गामसंठिए, नगरसंठिए जाव संन्निवेससंठिए, दीवसंठिए, समुद्दसंठिए, वाससंठिए, वासहरसंठिए, पव्वयसंठिए, रुक्खसंठिए, थूभसंठिए, हयसंठिए, गयसंठिए, नरसंठिए, किन्नरसंठिए, किंपुरिससंठिए, महोरगसंठिए, गंधव्वसंठिए, उसभसंठिए, पसु-पसय-विहग-वानरणाणासंठाणसंठिते पण्णत्ते।

२५. [ प्र. ] भगवन् ! वह विभगज्ञान कितने प्रकार का है ?

[ उ. ] गौतम ! विभगज्ञान अनेक प्रकार का है। यथा-ग्रामसंस्थित (ग्राम आदि का अवलम्बन होने से ग्राम के आकार का हो जाता है), नगरसंस्थित (नगराकार) यावत् सन्निवेशसस्थित, द्वीपसस्थित, समुद्रसस्थित, वर्षसस्थित (भरतादि क्षेत्र के आकार), वर्षधरसस्थित (क्षेत्र की सीमा करने वाले पर्वतो के आकार का), सामान्य पर्वतसस्थित, वृक्षसस्थित, स्तूपसस्थित, हयसंस्थित (अश्वाकार), गजसंस्थित, नरसस्थित, किन्नरसस्थित, किम्पुरुषसंस्थित, महोरगसस्थित, गन्धर्वसस्थित, वृषभसस्थित (बैल के आकार का), पशु, पशय (अर्थात् दो खुर वाले जंगली चौपाये जानवर), विहग (पक्षी), और वानर के आकार वाला है। इस प्रकार विभंगज्ञान नाना सस्थानसंस्थित (आकारों से युक्त) कहा गया है।
*(पाँच ज्ञान, तीन अज्ञान का विस्तृत वर्णन सचित्र नन्दीसूत्र, पृष्ठ ७९ पर देखें।)*

**25. [Q.]** *Bhante* ! Of how many types is *Vibhang-jnana* (pervert knowledge) ?

[Ans.] Gautam ! *Vibhang-jnana* (pervert knowledge) is of many types—based on village (when acquired in relation to a village it takes that form), based on city.. and so on up to... based on inhabited areas, based on island (or continent), based on sea, based on areas (like Bharat area), based on *Varshadhar* (like a mountain marking the border of an area), based on mountain, based on tree, based on mound, based on horse, based on elephant, based on human, based on Kinnar, based on Kimpurush, based on Mahorag, based on Gandharva, based on bull, based on animal, based on hoofed animal, based on bird, and based on monkey Thus *Vibhang-jnana* (pervert knowledge) is said to be based on numerous forms. *(For detailed information about five jnanas and three ajnanas refer to Illustrated Nandi Sutra, p 79)*

### जीवो मे ज्ञान-अज्ञान KNOWLEDGE IN LIVING BEINGS

२६. [ प्र. ] जीवा णं भंते ! किं नाणी, अन्नाणी ?

[ उ. ] गोयमा ! जीवा नाणी वि, अन्नाणी वि। जे नाणी ते अत्थेगइया दुन्नाणी, अत्थेगइया तिन्नाणी, अत्थेगइया चउनाणी, अत्थेगइया एगनाणी।

जे दुन्नाणी ते आभिणिबोहियनाणी य सुयनाणी य। जे तिन्नाणी ते आभिणिबोहियनाणी सुयनाणी, ओहिनाणी, अहवा आभिणिबोहियणाणी, सुयणाणी, मणपज्जवनाणी। जे चउणाणी ते आभिणिबोहियणाणी, सुयणाणी, ओहिणाणी, मणपज्जवणाणी।

जे एगनाणी ते नियमा केवलनाणी।

जे अण्णाणी ते अत्थेगइया दुअण्णाणी, अत्थेगइया तिअण्णाणी। जे दुअण्णाणी ते मइअण्णाणी य सुयअण्णाणी य। जे तिअण्णाणी ते मइअण्णाणी, सुयअण्णाणी, विभंगनाणी।

२६. [ प्र. ] भगवन् ! जीव ज्ञानी है या अज्ञानी है ?


[ उ. ] गौतम ! जीव ज्ञानी भी है और अज्ञानी भी है। जो जीव ज्ञानी है, उनमे से कुछ जीव दो ज्ञान वाले है, कुछ जीव तीन ज्ञान वाले है, कुछ जीव चार ज्ञान वाले है और कुछ जीव एक ज्ञान वाले है।

जो दो ज्ञान वाले है, वे मतिज्ञानी और श्रुतज्ञानी होते है। जो तीन ज्ञान वाले है, वे आभिनिबोधिकज्ञानी, श्रुतज्ञानी और अवधिज्ञानी है, अथवा आभिनिबोधिकज्ञानी, श्रुतज्ञानी और मन पर्यवज्ञानी होते है। जो चार ज्ञान वाले है, वे आभिनिबोधिकज्ञानी, श्रुतज्ञानी, अवधिज्ञानी और मन. पर्यवज्ञानी है।

जो एक ज्ञान वाले है, वे नियमत केवलज्ञानी है।

जो जीव अज्ञानी है, उनमे से कुछ जीव दो अज्ञान वाले है, कुछ तीन अज्ञान वाले होते है। जो जीव दो अज्ञान वाले है, वे मति-अज्ञानी और श्रुत-अज्ञानी है; जो जीव तीन अज्ञान वाले है, वे मति-अज्ञानी, श्रुत-अज्ञानी और विभगज्ञानी है।

## पांच ज्ञान का विषय



मतिज्ञान श्रुतज्ञान
उपयोग से सामान्य रूप से सर्व-द्रव्य, सर्व-क्षेत्र, सर्व-काल, सर्व-भाव जानता देखता है।
अवधि ज्ञान
लोक
लोक के समान खण्ड
संपूर्ण लोक और अलोक में लोक जितने असंख्य खण्ड अवधि ज्ञानी देख सकता है।
मनः पर्यव ज्ञान
अढ़ाई द्वीप के अन्दर के संज्ञी जीवों के मनोगत भाव
केवल ज्ञान
लोकालोक के सर्व द्रव्य पर्यायों को विशिष्ट रूप से जानते देखते हैं।

चित्र-परिचय 3

Illustration No. 3

# पाँच ज्ञान का उत्कृष्ट विषय

ज्ञान जीव का स्वाभाविक गुण है। ज्ञान के पाँच भेद बताये गये हैं–

1 मति ज्ञान, 2 श्रुत ज्ञान, 3 अवधि ज्ञान, 4 मन:पर्यव ज्ञान, 5 केवल ज्ञान।

बुद्धि द्वारा ग्राह्य ज्ञान को **मतिज्ञान** कहते है। ये पाँच इद्रियो और मन से होता है। सुनने, बोलने या व्यक्त करने योग्य ज्ञान को **श्रुतज्ञान** कहते हैं। मर्यादित क्षेत्र के रूपी पदार्थों को जानने वाले ज्ञान को **अवधिज्ञान** कहते हैं। मनुष्य क्षेत्र के संज्ञी जीवो के मनोगत भावो को जानने वाले ज्ञान को **मन:पर्यव ज्ञान** कहते हैं। सर्व रूपी-अरूपी द्रव्यो की सर्व पर्यायो को जानने वाले ज्ञान को **केवलज्ञान** कहते हैं।

**मति-श्रुत ज्ञानी**—द्रव्य से सर्व द्रव्य, क्षेत्र से सर्व क्षेत्र, काल से सर्व काल और भाव से सर्व भावो को उपयोग से सामान्य रूप से जानते-देखते हैं अर्थात् सर्व द्रव्य की, सर्वकाल आदि की सभी पर्यायो को नहीं जानते हैं। **अवधिज्ञानी**—सम्पूर्ण लोक के सर्व रूपी द्रव्य को जानते-देखते हैं। अलोक मे भी अगर लोक जितने असख्य खड हो तो उमको भी देखने की शक्ति रखते हैं (अलोक मे रूपी द्रव्य होते ही नहीं, इसलिए देखते नहीं। अगर होते तो देख सकते थे।)। **मन:पर्यव ज्ञानी**—मनुष्य क्षेत्र के अदर जितने भी सज्ञी पचेन्द्रिय जीव हैं उनके मनोगत भावो को जानते हैं। यदि देव यहाँ आते हैं तो उमके भी मनोगत भाव को जान सकते हैं। **केवलज्ञानी** लोक-अलोक के सर्व द्रव्य, क्षेत्र, काल, भाव की मर्व पर्यायों को जानते-देखते हैं।

*—शतक 8, उ 2, सूत्र 19*

# MAXIMUM RANGES OF FIVE KINDS OF KNOWLEDGE

Knowledge is the natural attribute of soul It is of five kinds

(1) Mati-jnana, (2) Shrut-jnana, (3) Avadhi-jnana, (4) Manah-paryav-jnana and (5) Keval-jnana

**Mati-jnana** is sensory knowledge and is acquired by means of five sense organs and the mind **Shrut-jnana** is scriptural knowledge that is acquired through hearing and conveyed or expressed by speaking **Avadhi-jnana** is extrasensory perception of limited physical dimension **Manah-paryav-jnana** is extrasensory perception and knowledge of thought process and thought-forms of sentient beings living in area of humans **Keval-jnana** is omniscience or the knowledge of all modes of all things with and without form

**Mati-shrut jnani** (endowed with sensual and scriptural knowledge) - Those who know and see all things in all areas, at all times and all angles, but ordinarily In other words they do not know and see all modes of all things etc **Avadhi jnani** - Those who know and see all things in physical dimension (having form) in the whole Lok They have power to see things with form even in Alok (unoccupied space) in case they did exist **Manah-paryav jnani** - Those having extrasensory perception and knowledge of thought process and thought-forms of sentient beings living in area of humans They also are capable of knowing the thoughts of divine beings when they enter the area of humans **Keval jnani** – They have the knowledge of all modes of all things with and without form

*- Shatak-8, lesson-2, Sutra-19*

26. [Q.] *Bhante* ! Are living beings *jnani* (endowed with knowledge) or *ajnani* (ignorant or with wrong knowledge) ?

[Ans.] Gautam ! Living beings are *jnani* (endowed with knowledge) as well as *ajnani* (ignorant or with wrong knowledge). Among those who are endowed with knowledge, some are endowed with two kinds of knowledge, some with three kinds, some with four kinds and some with one kind.

Those with two kinds are *mati-jnani* (endowed with sensual knowledge) and *shrut-jnani* (endowed with scriptural knowledge). Those with three kinds are either *mati-jnani* (endowed with sensual knowledge), *shrut-jnani* (endowed with scriptural knowledge) and *avadhi-jnani* (endowed with extrasensory perception of the physical dimension; something akin to clairvoyance), or *mati-jnani* (endowed with sensual knowledge), *shrut-jnani* (endowed with scriptural knowledge) and *manahparyava-jnani* (endowed with extrasensory perception and knowledge of thought process and thought-forms of other beings, something akin to telepathy). Those with four kinds are *mati-jnani*, *shrut-jnani*, *avadhi-jnani* and *manahparyava-jnani*

Those with one kind are essentially *Keval-jnani* (omniscient).

Among those who are *ajnani* (ignorant or with wrong knowledge), some are with two kinds of *ajnana* (ignorance or wrong knowledge) and some with three kinds. Those with two kinds are *mati-ajnani* (with wrong sensual knowledge) and *shrut-ajnani* (with ignorance related to scriptural knowledge or wrong scriptural knowledge). Those with three kinds are *mati-ajnani*, *shrut-ajnani* and *vibhang-jnani* (having pervert knowledge).

२७. [प्र.] नेरइया णं भंते ! किं नाणी, अण्णाणी ?

[उ.] गोयमा ! नाणी वि अण्णाणी वि। जे नाणी ते नियमा तिन्नाणी, तं जहा—आभिणिबोहियनाणी सुयनाणी ओहिनाणी।

जे अण्णाणी ते अत्थेगइया दुअण्णाणी, अत्थेगइया तिअण्णाणी। एवं तिण्णि अण्णाणाणि भयणाए।

२७. [प्र.] भगवन् ! नैरयिक जीव ज्ञानी है या अज्ञानी है ?

[उ.] गौतम ! नैरयिक जीव ज्ञानी भी है और अज्ञानी भी है। उनमे जो ज्ञानी हैं, वे नियमतः तीन ज्ञान वाले है; यथा—आभिनिबोधिकज्ञानी, श्रुतज्ञानी और अवधिज्ञानी।

जो अज्ञानी है, उनमे से कुछ दो अज्ञान वाले है और कुछ तीन अज्ञान वाले है। इस प्रकार तीन अज्ञान भजना (विकल्प) से होते हैं।

**27. [Q.]** Bhante ! Are infernal beings *jnani* or *ajnani* ?

**[Ans.]** Gautam ! Infernal beings are *jnani* (endowed with knowledge) as well as *ajnani* (ignorant or with wrong knowledge). Those who are endowed with knowledge are as a rule *mati-jnani* (endowed with sensual knowledge), *shrut-jnani* (endowed with scriptural knowledge) and *avadhi-jnani* (extrasensory perception of the physical dimension; something akin to clairvoyance)

Among those who are *ajnanis* (ignorants or with wrong knowledge) some are with two kinds of *ajnanas* (kinds of wrong knowledge) and some with three Thus, generally speaking they are with different alternative combinations of three *ajnanas*.

**२८. [ प्र. ] असुरकुमारा णं भंते ! किं नाणी अण्णाणी ?**

**[ उ. ] जहेव नेरइया तहेव तिण्णि नाणाणि नियमा, तिण्णि य अण्णाणाणि भयणाए। एवं जाव थणियकुमारा।**

२८. [ प्र. ] भगवन् ! असुरकुमार ज्ञानी है या अज्ञानी है ?

[ उ. ] गौतम ! जैसे नैरयिको का कथन किया है, उसी प्रकार असुरकुमारो का भी कथन करना चाहिए। अर्थात् जो ज्ञानी है, वे नियमत तीन ज्ञान वाले है और जो अज्ञानी है, वे भजना (विकल्प) से तीन अज्ञान वाले है। इसी प्रकार यावत् स्तनितकुमार तक कहना चाहिए।

**28. [Q.]** *Bhante* ! Are *Asur Kumars* (a kind of divine beings) *jnani* (endowed with right knowledge) or *ajnani* (ignorant or with wrong knowledge) ?

**[Ans.]** Gautam ! What has been said about infernal beings should be repeated here. Which means, those who are *jnani* (endowed with right knowledge) are as a rule endowed with three kinds of knowledge And those who are *ajnanis* are, generally speaking, with different alternative combinations of three *ajnanas* (kinds of wrong knowledge). The same should be repeated for divine beings up to *Stanit Kumars*.

**२९. [ प्र. ] पुढविक्काइया णं भंते ! किं नाणी अण्णाणी ?**

**[ उ. ] गोयमा ! नो नाणी, अण्णाणी—मइअण्णाणी य, सुयअण्णाणी य। एवं जाव वणस्सइकाइया।**

२९. [ प्र. ] भगवन् ! पृथ्वीकायिक जीव ज्ञानी है या अज्ञानी ?

[ उ. ] गौतम ! वे ज्ञानी नही हैं, अज्ञानी है। वे नियमतः दो अज्ञान वाले है; यथा—मति-अज्ञानी और श्रुत-अज्ञानी। इसी प्रकार यावत् वनस्पतिकायिक पर्यन्त कहना चाहिए।

**29. [Q.]** *Bhante* ! Are earth-bodied beings (*prithvikaayik*) *jnani* or *ajnani* ?

**[Ans.]** Gautam ! They are not *jnani* (endowed with knowledge) but only *ajnani* (ignorant or with wrong knowledge). As a rule they are with two *ajnanas—mati ajnani* (with wrong sensual knowledge) and *shrut ajnani* (with ignorance related to scriptural knowledge or wrong scriptural knowledge). The same should be repeated for living beings up to plant-bodied beings (*vanaspatikaayik*).

**३०. [ प्र. ] बेइंदियाणं पुच्छा।**

**[ उ. ] गोयमा ! णाणी वि, अण्णाणी वि। जे नाणी ते नियमा दुण्णाणी, तं जहा— आभिणिबोहियनाणी य सुयणाणी य। जे अण्णाणी ते नियमा दुअण्णाणी—आभिणिबोहियअण्णाणी य सुयअण्णाणी य। एवं तेइंदिय—चउरिंदिया वि।**

३०. [ प्र. ] भगवन् ! द्वीन्द्रिय जीव ज्ञानी है या अज्ञानी ?

[ उ. ] गौतम ! द्वीन्द्रिय जीव ज्ञानी भी है और अज्ञानी भी है। जो ज्ञानी है, वे नियमत. दो ज्ञान वाले है, यथा—मतिज्ञानी और श्रुतज्ञानी। जो अज्ञानी है, वे नियमत· दो अज्ञान वाले है, यथा—मति-अज्ञानी और श्रुत-अज्ञानी। इसी प्रकार त्रीन्द्रिय और चतुरिन्द्रिय जीवो के विषय मे भी कहना चाहिए।

**30. [Q.]** *Bhante* ! Now the same question about two-sensed beings (*dvindriya jiva*) ?

**[Ans.]** Gautam ! They are *jnani* (endowed with knowledge) as well as *ajnani* (ignorant or with wrong knowledge). Those who are *jnani* are as a rule with two *jnanas* (kinds of right knowledge)—*mati jnani* (with sensual knowledge) and shrut jnani (with scriptural knowledge). Those who are *ajnani* are as a rule with two *ajnanas* (kinds of wrong knowledge)—*mati ajnani* and *shrut ajnani*. The same should be repeated for three-sensed and four-sensed living beings (*trindriya* and *chaturindriya jivas*)

**३१. [ प्र. ] पंचिंदियतिरिक्खजोणियाणं पुच्छा।**

**[ उ. ] गोयमा ! नाणी वि अण्णाणी वि। जे नाणी ते अत्थेगइया दुण्णाणी, अत्थेगइया तिन्नाणी। एवं तिण्णि नाणाणि तिण्णि अण्णाणाणि य भयणाए।**

३१. [ प्र. ] भगवन् ! पचेन्द्रियतिर्यञ्चयोनिक जीव ज्ञानी हैं या अज्ञानी है ?

[ उ. ] गौतम ! वे ज्ञानी भी है और अज्ञानी भी हैं। जो ज्ञानी हैं, उनमे से कितने ही दो ज्ञान वाले है और कई तीन ज्ञान वाले है। इस प्रकार (पचेन्द्रियतिर्यञ्चयोनिक जीवो के) तीन ज्ञान और तीन अज्ञान भजना से होते है।

31. [Q.] *Bhante* ! Now the same question about five-sensed animals (*panchendriya tiryanchayonik jivas*) ?

[Ans.] Gautam ! They are *jnani* (endowed with right knowledge) as well as *ajnani* (ignorant or with wrong knowledge). Among those who are *jnani* some are with two *jnanas* and some with three Thus generally speaking they are with different alternative combinations of three *jnanas* (kinds of right knowledge) and three *ajnanas*.

**३२. मणुस्सा जहा जीवा तहेव पंच नाणाणि तिण्णि अण्णाणाणि य भयणाए।**

३२. जिस प्रकार औघिक जीवो के विषय मे कहा है, उसी प्रकार मनुष्यो मे पाँच ज्ञान और तीन अज्ञान भजना से होते है।

32. Like the general statement for living beings, human beings have different alternative combinations of five *jnanas* and three *ajnanas* (kinds of wrong knowledge).

**३३. वाणमंतरा जहा नेरइया।**

३३. वाणव्यन्तर देवो का कथन नैरयिको के समान जानना चाहिए।

33. *Vanavyantar devs* (interstitial gods) follow the pattern of infernal beings.

**३४. जोतिसिय-वेमाणियाणं तिण्णि नाणा तिण्णि अन्नाणा नियमा।**

३४. ज्योतिष्क और वैमानिक देवो मे तीन ज्ञान अथवा तीन अज्ञान नियमत होते है।

34. *Jyotishk devs* (Stellar gods) and Vaimanik Devs (Celestial-vehicular gods) have either three *jnanas* (kinds of right knowledge) or three *ajnanas* as a rule.

**३५. [ प्र. ] सिद्धा णं भंते ! पुच्छा।**

**[ उ. ] गोयमा ! णाणी, नो अण्णाणी। नियमा एगनाणी-केवलनाणी।**

३५. [ प्र. ] भगवन् ! सिद्ध भगवान ज्ञानी है या अज्ञानी है ?

[ उ. ] गौतम ! सिद्ध भगवान ज्ञानी है, अज्ञानी नही है। वे नियमत एक-केवलज्ञान वाले है।

35. [Q.] *Bhante* ! Now the same question about *Siddhas* (liberated souls) ?

[Ans.] Gautam ! *Siddhas* are only *jnanis* and never *ajnanis*. As a rule they have only one *jnana—Keval-jnana*

**विवेचन : नैरयिकों में तीन ज्ञान, तीन अज्ञान**—सम्यग्दृष्टि नैरयिको मे भवप्रत्यय अवधिज्ञान होता है, इसलिए वे नियमत: तीन ज्ञान वाले होते है। किन्तु जो अज्ञानी होते है, उनमे कितने ही दो अज्ञान वाले होते हैं और कितने ही तीन अज्ञान वाले। जब कोई असज्ञी पचेन्द्रियतिर्यञ्च नरक मे उत्पन्न होता है, तब उसके अपर्याप्त अवस्था मे विभगज्ञान नही होता, इस अपेक्षा से नारको मे दो अज्ञान कहे गये हैं। जो मिथ्यादृष्टि सज्ञी पंचेन्द्रिय नरक मे उत्पन्न होता है तो उसको अपर्याप्त अवस्था मे भी विभगज्ञान होता है। अत: इस अपेक्षा से नारकों मे तीन अज्ञान कहे है। देव और नरक गति मे जाने वाले सज्ञी जीव जब एक गति से दूसरी गति मे जाते है तो पहले ही समय मे उन्हे तीसरा ज्ञान-अज्ञान (अवधि-विभग) हो जाता है। मगर यह असज्ञी जीव को नहीं होता। वह वहाँ जाकर पहले पर्याप्त अवस्था को प्राप्त करते है। तब उन्हे तीसरा ज्ञान-अज्ञान होता है।

**तीन विकलेन्द्रिय जीवो मे दो ज्ञान**—द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय और चतुरिन्द्रिय जीवो मे जिस औपशमिक सम्यग्दृष्टि मनुष्य ने या तिर्यञ्च ने पहले आयुष्य बाँध लिया है, वह उपशम-सम्यक्त्व का वमन करता हुआ उनमे (द्वी-त्रि-चतुरिन्द्रिय विकलेन्द्रिय जीवो मे) उत्पन्न होता है। उस जीव को अपर्याप्त दशा मे सास्वादन सम्यग्दर्शन रहता है, जो जघन्य एक समय और उत्कृष्ट छह आवलिका तक रहता है, तब तक सम्यग्दर्शन होने के कारण वह ज्ञानी रहता है, उस अपेक्षा से विकलेन्द्रियो मे दो ज्ञान बतलाएँ है। इसके पश्चात् तो वह मिथ्यात्व को प्राप्त हो जाने से अज्ञानी हो जाता है। *(वृत्ति, पत्राक ३४५)*

**Elaboration**—*Three jnanas and three ajnanas of infernal beings*—The infernal beings with right perception or faith (*samyagdrishti*) are endowed with *bhavapratyayik avadhi-jnana* (innate extrasensory perception) That is why as a rule they are with three *jnanas* (kinds of right knowledge). However, among those who are *ajnani* many are with two kinds of *ajnana* (ignorance or wrong knowledge) and many with three When a non-sentient five-sensed animal (*asanjni panchendriya tiryanch*) is born in hell then he does not have *vibhang-jnana* (pervert knowledge) in its underdeveloped state. The statement that infernal beings are with two kinds of *ajnana* is in this context only. But when a sentient five-sensed being with false perception/faith (*mithyadrishti sanjni panchendriya jiva*) is born in hell then he has *vibhang-jnana* (pervert knowledge) even in its underdeveloped state. In this context the infernal beings are said to have three *ajnanas* (kinds of wrong knowledge).

*Two jnanas in two to four sensed beings*—Suppose a human being or an animal with right perception/faith acquired due to pacification of karmas has already acquired *ayushya karma* (life-span determining karma) but takes rebirth as two to four sensed being as a result of abandoning that right perception; in that case he has traces of that right perception in its underdeveloped state. It remains with him for a minimum of one Samaya (the ultimate fractional unit of time) and

maximum of six *Avalikas* (a micro-unit of time). During that period he is a *jnani* (endowed with right knowledge) due to presence of that right perception The statement about two to four sensed beings having two *jnanas* (kinds of right knowledge) is in this context only After this the right perception turns into false and he becomes *ajnani*. (*Vritti, leaf 345*)

**गति आदि आठ द्वारों की अपेक्षा ज्ञानी–अज्ञानी** JNANI-AJNANI IN CONTEXT OF EIGHT STATES

**प्रथम, गतिद्वार** FIRST STATE · GATI

**३६. [ प्र. ] निरयगतिया णं भंते ! जीवा किं नाणी, अण्णाणी ?**

**[ उ. ] गोयमा ! नाणी वि, अण्णाणी वि। तिण्णि नाणाइं नियमा, तिण्णि अन्नाणाइं भयणाए।**

३६. [ प्र. ] भगवन् ! नरकगति मे जाते हुए जीव ज्ञानी है या अज्ञानी है ?

[ उ. ] गौतम ! वे ज्ञानी भी हैं और अज्ञानी भी है। जो ज्ञानी है, वे नियमतः तीन ज्ञान वाले है और जो अज्ञानी है, वे भजना से तीन अज्ञान वाले है।

**36. [Q.]** *Bhante* ! Are *jivas* (souls) on way to infernal genuses (*narak gati*) *jnani* or *ajnani* ?

**[Ans.]** Gautam ! They are *jnani* (endowed with right knowledge) as well as *ajnani* (ignorant or with wrong knowledge). Those who are *jnani* are as a rule with three *jnanas* and those who are *ajnani* have different alternative combinations of three *ajnanas*.

**३७. [ प्र. ] तिरियगतिया णं भंते ! जीवा किं नाणी, अण्णाणी ?**

**[ उ. ] गोयमा ! दो नाणा, दो अन्नाणा नियमा।**

३७. [ प्र. ] भगवन् ! तिर्यञ्चगति मे जाते हुए जीव ज्ञानी है या अज्ञानी है ?

[ उ. ] गौतम ! उनमे नियमत दो ज्ञान या दो अज्ञान होते है।

**37. [Q.]** *Bhante* ! Are jivas (souls) on way to animal genuses (*tiryanch gati*) *jnani* or *ajnani* ?

**[Ans.]** Gautam ! They have two *jnanas* (kinds of right knowledge) and two *ajnanas* as a rule.

**३८. [ प्र. ] मणुस्सगतिया णं भंते ! जीवा किं नाणी, अन्नाणी ?**

**[ उ. ] गोयमा ! तिण्णि नाणाइं भयणाए, दो अण्णाणाइं नियमा।**

३८. [ प्र. ] भगवन् ! मनुष्यगति मे जाते हुए जीव ज्ञानी हैं या अज्ञानी है ?

[ उ. ] गौतम ! उनके भजना (विकल्प) से तीन ज्ञान होते है और नियमतः दो अज्ञान होते है।

38. [Q.] *Bhante* ! Are *jivas* (souls) on way to human genus (*manushya gati*) *jnani* or *ajnani* ?

[Ans.] Gautam ! They have different alternative combinations of three *jnanas* and, as a rule, two *ajnanas*.

**३९. देवगतिया जहा निरयगतिया।**

३९. देवगतिक जीवो में ज्ञान और अज्ञान का कथन निरयगतिक जीवो के समान समझना चाहिए।

39. The divine genuses (**dev gati**) follows the pattern of infernal genuses.

**४०. [ प्र. ] सिद्धगतिया णं भंते ! ०।**

**[ उ. ] जहा सिद्धा।**

४०. [ प्र. ] भगवन् ! सिद्धगतिक जीव ज्ञानी है या अज्ञानी है ?

[ उ. ] गौतम ! उनका कथन सिद्धो की तरह करना चाहिए। अर्थात् वे नियमत: एक केवलज्ञान वाले होते है।

40. [Q.] *Bhante* ! What about *Siddha* state (*Siddha gati*) ?

[Ans.] They are like *Siddhas*. In other words they have only one *Jnana*, *Keval-jnana* (omniscience), as a rule.

*द्वितीय, इन्द्रियबार* SECOND STATE : INDRIYA

**४१. [ प्र. ] सइंदिया णं भंते ! जीवा किं नाणी, अण्णाणी ?**

**[ उ. ] गोयमा ! चत्तारि नाणाइं, तिण्णि अण्णाणाइं भयणाए।**

४१. [ प्र. ] भगवन् ! सेन्द्रिय (इन्द्रिय वाले) जीव ज्ञानी हैं या अज्ञानी ?

[ उ. ] गौतम ! उनके चार ज्ञान और तीन अज्ञान भजना से होते है।

41. *Bhante* ! Are *jivas* (living beings) with sense organs (*seindriya*) *jnani* or *ajnani* ?

[Ans.] Gautam ! They have different alternative combinations of four *jnanas* (kinds of right knowledge) as well as those of three *ajnanas* (kinds of wrong knowledge).

**४२. [ प्र. ] एगिंदिया णं भंते ! जीवा किं नाणी० ?**

**[ उ. ] जहा पुढविक्काइया।**

४२. [ प्र. ] भगवन् ! एक इन्द्रिय वाले जीव ज्ञानी है या अज्ञानी हैं ?

[ उ. ] गौतम ! इनके विषय मे पृथ्वीकायिक जीवों की तरह कहना चाहिए।

42. [Q.] *Bhante* ! Are *jivas* (living beings) with one sense organ (*ekendriya*) *jnani* or *ajnani* (ignorant or with wrong knowledge) ?

[Ans.] Gautam ! They follow the pattern of earth-bodied beings (*prithvikaayik*)

**४३. बेइंदिय-तेइंदिय-चतुरिंदियाणं दो नाणा, दो अण्णाणा नियमा। पंचिंदिया जहा सइंदिया।**

४३. दो इन्द्रियो, तीन इन्द्रियो और चार इन्द्रियो वाले जीवो मे दो ज्ञान या दो अज्ञान नियमत होते है। पाँच इन्द्रियो वाले जीवो का कथन सेन्द्रिय जीवों की तरह करना चाहिए।

43. Two, three and four sensed beings have, as a rule, two *jnanas* or two *ajnanas* Five-sensed beings follow the pattern of *jivas* with sense organs (*sendriya*).

**४४. [ प्र. ] अणिंदिया णं भंते ! जीवा किं नाणी० ?**

**[ उ. ] जहा सिद्धा।**

४४. [ प्र. ] भगवन् ! अनीन्द्रिय (इन्द्रियरहित) जीव ज्ञानी है अथवा अज्ञानी है ?

[ उ. ] गौतम ! उनके विषय मे सिद्धो की तरह जानना चाहिए। (अर्थात् वे नियमत एक केवल-ज्ञान वाले होते है।)

44. [Q.] *Bhante* ! Are *jivas* (souls) without sense organs (*anindriya*) *jnani* (endowed with right knowledge) or *ajnani* ?

[Ans.] Gautam ! They are like *Siddhas*

*तृतीय, कायद्वार* THIRD STATE KAAYA

**४५. [ प्र. ] सकाइया णं भंते ! जीवा किं नाणी अन्नाणी ?**

**[ उ. ] गोयमा ! पंच नाणाणि तिण्णि अन्नाणाइं भयणाए।**

४५. [ प्र. ] भगवन् ! सकायिक (कायासहित) जीव ज्ञानी है या अज्ञानी ?

[ उ. ] गौतम ! सकायिक जीवो के पाँच ज्ञान और तीन अज्ञान भजना से होते है।

45. [Q.] *Bhante* ! Are *sakaayik jivas* (living beings with body or embodied beings) *jnani* or *ajnani* ?

[Ans.] Gautam ! They have different alternative combinations of five *jnanas* (kinds of right knowledge) as well as those of three *ajnanas* (kinds of wrong knowledge)

**४६. पुढविकाइया जाव वणस्सइकाइया नो नाणी, अण्णाणी। नियमा दुअण्णाणी; तं जहा-मइअण्णाणी य सुयअण्णाणी य। तसकाइया जहा सकाइया।**

४६. पृथ्वीकायिक से यावत् वनस्पतिकायिक जीव तक ज्ञानी नहीं, अज्ञानी होते हैं। वे नियमतः दो अज्ञान मति-अज्ञान और श्रुत-अज्ञान वाले होते है। त्रसकायिक जीवो का कथन सकायिक जीवों के समान समझना चाहिए।

**46.** Earth-bodied (*prithvikaaya*)... and so on up to... plant-bodied (*vanaspatikaaya*) beings are not *jnani* (with knowledge) but only *ajnani* (ignorant or with wrong knowledge). They have as a rule two *ajnanas* (*mati-ajnana* and *shrut-ajnana*). Mobile-bodied beings (*traskaayik jivas*) follow the pattern of embodied beings (*sakaayik*).

**४७. [ प्र. ] अकाइया णं भंते ! जीवा किं नाणी० ?**

**[ उ. ] जहा सिद्धा।**

४७. [ प्र. ] भगवन् ! अकायिक (कायारहित) जीव ज्ञानी है अथवा अज्ञानी है ?

[ उ. ] गौतम ! इनके विषय मे सिद्धो की तरह जानना चाहिए।

**47. [Q.]** *Bhante* ! Are *jivas* (souls) without body (*akaayik*) *jnani* or *ajnani* ?

**[Ans.]** Gautam ! They are like *Siddhas*.

*चतुर्थ, सूक्ष्म-बादरद्वार* **FOURTH STATE SUKSHMA-BAADAR**

**४८. [ प्र. ] सुहुमा णं भंते ! जीवा किं नाणी० ?**

**[ उ. ] जहा पुढविकाइया।**

४८. [ प्र. ] भगवन् ! सूक्ष्म जीव ज्ञानी है या अज्ञानी है ?

[ उ. ] गौतम ! इनके विषय मे पृथ्वीकायिक जीवों के समान कथन करना चाहिए।

**48. [Q.]** *Bhante* ! Are *sukshma jivas* (minute living beings) *jnani* or *ajnani* ?

**[Ans.]** Gautam ! They follow the pattern of earth-bodied beings.

**४९. [ प्र. ] बादरा णं भंते ! जीवा किं नाणी० ?**

**[ उ. ] जहा सकाइया।**

४९. [ प्र. ] भगवन् ! बादर जीव ज्ञानी है या अज्ञानी है ?

[ उ. ] गौतम ! इनके विषय मे सकायिक जीवो के समान कहना चाहिए।

**49. [Q.]** *Bhante* ! Are *baadar jivas* (gross living beings) *jnani* or *ajnani* ?

**[Ans.]** Gautam ! They follow the pattern of embodied beings (*sakaayik*).

५०. [ प्र. ] नोसुहुमानोबादरा णं भंते ! जीवा० ?

[ उ. ] जहा सिद्धा।

५०. [ प्र. ] भगवन् ! नो-सूक्ष्म-नो-बादर जीव ज्ञानी है या अज्ञानी ?

[ उ. ] गौतम ! इनका कथन सिद्धो की तरह समझना चाहिए।

**50. [Q.]** *Bhante* ! Are *jivas* (living beings) that are neither minute nor gross (*nosukshma nobaadar*) *jnani* or *ajnani* ?

**[Ans.]** Gautam ! They are like *Siddhas*.

### पंचम, पर्याप्त–अपर्याप्तद्वार FIFTH STATE . PRARYAPT-APARYAPT

५१. [ प्र. ] पज्जत्ता णं भंते ! जीवा किं नाणी० ?

[ उ. ] जहा सकाइया।

५१. [ प्र. ] भगवन् ! पर्याप्तक जीव ज्ञानी है या अज्ञानी है ?

[ उ. ] गौतम ! इनका कथन सकायिक जीवो के समान जानना चाहिए।

**51. [Q.]** *Bhante* ! Are *paryaptak jivas* (fully developed beings) *jnani* (endowed with right knowledge) or *ajnani* ?

**[Ans.]** Gautam ! They follow the pattern of embodied beings (*sakaayik*).

५२. [ प्र. ] पज्जत्ता णं भंते ! नेरइया किं नाणी० ?

[ उ. ] तिण्णि नाणा, तिण्णि अण्णाणा नियमा।

५२. [ प्र. ] भगवन् ! पर्याप्तक नैरयिक जीव ज्ञानी है या अज्ञानी ?

[ उ. ] गौतम ! इनमे नियमत· तीन ज्ञान या तीन अज्ञान होते है।

**52. [Q.]** *Bhante* ! Are *paryaptak nairayik jivas* (fully developed infernal beings) *jnani* or *ajnani* ?

**[Ans.]** Gautam ! They have three *jnanas* or three *ajnanas* (kinds of wrong knowledge) as a rule.

५३. जहा नेरइया एवं जाव थणियकुमारा। पुढविकाइया जहा एगिंदिया। एवं जाव चतुरिंदिया।

५३. पर्याप्त नैरयिक जीवों की तरह यावत् पर्याप्त स्तनितकुमार तक मे ज्ञान और अज्ञान का कथन करना चाहिए। (पर्याप्त) पृथ्वीकायिक जीवो का कथन एकेन्द्रिय जीवो की तरह करना चाहिए। इसी प्रकार यावत् (पर्याप्त) चतुरिन्द्रिय (अप्कायिक, तेजस्कायिक, वायुकायिक, वनस्पतिकायकि, द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय और चतुरिन्द्रिय) तक समझना चाहिए।

53. Like fully developed infernal beings this statement should be repeated for all beings up to fully developed (*paryaptak*) *Stanit Kumar* divine beings. Earth-bodied beings (*paryaptak*) follow the pattern of one-sensed beings. The same holds good for all beings up to (*paryaptak*) four-sensed beings (i. e. water-bodied, fire-bodied, air-bodied, plant-bodied, two-sensed, three-sensed and four sensed beings).

**५४. [ प्र. ] पज्जत्ता णं भंते ! पंचिंदियतिरिक्खजोणिया किं नाणी, अण्णाणी ?**

**[ उ. ] तिण्णि नाणा, तिण्णि अण्णाणा भयणाए। मणुस्सा जहा सकाइया। वाणमंतर–जोइसिय–वेमाणिया जहा नेरइया।**

५४. [ प्र. ] भगवन् ! पर्याप्त पचेन्द्रियतिर्यञ्चयोनिक जीव ज्ञानी हैं या अज्ञानी है ?

[ उ. ] गौतम ! उनमे तीन ज्ञान और तीन अज्ञान भजना (विकल्प) से होते है। पर्याप्त मनुष्यों के सम्बन्ध मे कथन सकायिक जीवो की तरह करना चाहिए। पर्याप्त वाणव्यन्तर, ज्योतिष्क और वैमानिको का कथन नैरयिक जीवो की तरह समझना चाहिए।

54. [Q.] *Bhante* ! Are *paryaptak panchendriya tiryanchayonik jivas* (fully developed five-sensed animals) *jnani* or *ajnani* (ignorant or with wrong knowledge) ?

[Ans.] Gautam ! They have different alternative combinations of three *jnanas* as well as those of three *ajnanas*. Fully developed humans (*paryapt manushya*) follow the pattern of embodied beings (*sakaayik jivas*). Fully developed interstitial, stellar and celestial vehicular divine beings (*paryaptak Vanavyantar, Jyotishk and Vaimanik devs*) follow the pattern of infernal beings.

**५५. [ प्र. ] अपज्जत्ता णं भंते ! जीवा किं नाणी २ ?**

**[ उ. ] तिण्णि नाणा, तिण्णि अण्णाणा भयणाए।**

५५. [ प्र. ] भगवन् ! अपर्याप्तक जीव ज्ञानी है या अज्ञानी ?

[ उ. ] गौतम ! उनमे तीन ज्ञान और तीन अज्ञान भजना से होते है।

55. [Q.] *Bhante* ! Are *aparyaptak jivas* (underdeveloped beings) *jnani* or *ajnani* ?

[Ans.] Gautam ! They have different alternative combinations of three *jnanas* (kinds of right knowledge) as well as those of three *ajnanas* (kinds of wrong knowledge).

५६. [ प्र. ] अपज्जत्ता णं भंते ! नेरइया किं नाणी, अन्नाणी ?

[ उ. ] तिण्णि नाणा नियमा, तिण्णि अण्णाणा भयणाए। एवं जाव थणियकुमारा।

५६. [ प्र. ] भगवन् ! अपर्याप्त नैरयिक जीव ज्ञानी है या अज्ञानी है ?

[ उ. ] गौतम ! उनमे तीन ज्ञान नियमत होते है अथवा तीन अज्ञान भजना से होते है। नैरयिक जीवो की तरह यावत् अपर्याप्त स्तनितकुमार देवो तक इसी प्रकार कथन करना चाहिए।

**56. [Q.]** *Bhante* ! Are *aparyaptak nairayik jivas* (underdeveloped infernal beings) *jnani* or *ajnani* ?

**[Ans.]** Gautam ! They have three *jnanas* as a rule or different alternative combinations of three *ajnanas*. The same follows up to under developed (*aparyaptak*) *Stanit Kumar* divine beings.

५७. पुढविक्काइया जाव वणस्सइकाइया जहा एगिंदिया।

५७. (अपर्याप्त) पृथ्वीकायिक से लेकर वनस्पतिकायिक जीवो तक का कथन एकेन्द्रिय जीवो की तरह करना चाहिए।

**57.** Earth-bodied beings (*aparyaptak*) to plant bodied beings (*aparyaptak*) follow the pattern of one-sensed beings

५८. [ प्र. ] बेइंदिया णं पुच्छा।

[ उ. ] दो नाणा, दो अण्णाणा णियमा। एवं जाव पंचिंदियतिरिक्खजोणियाणं।

५८. [ प्र. ] भगवन् ! अपर्याप्त द्वीन्द्रिय ज्ञानी है या अज्ञानी है ?

[ उ. ] गौतम ! इनमे दो ज्ञान अथवा दो अज्ञान नियमतः होते है। इसी प्रकार यावत् (अपर्याप्त) पचेन्द्रिय तिर्यञ्चयोनिक तक जानना चाहिए।

**58. [Q.]** *Bhante* ! Are *aparyaptak dvindriya jivas* (underdeveloped two-sensed beings) *jnani* (endowed with right knowledge) or *ajnani* ?

**[Ans.]** Gautam ! They have two *jnanas* or two *ajnanas* (kinds of wrong knowledge) as a rule. The same is true for all beings up to *aparyaptak panchendriya tiryanchayonik jivas* (underdeveloped five-sensed animals).

५९. [ प्र. ] अपज्जत्तगा णं भंते ! मणुस्सा किं नाणी, अन्नाणी ?

[ उ. ] तिण्णि नाणाइं भयणाए, दो अण्णाणाइं नियमा। वाणमंतरा जहा नेरइया।

५९. [ प्र. ] भगवन् ! अपर्याप्तक मनुष्य ज्ञानी है या अज्ञानी है ?

[ उ. ] गौतम ! उनमे तीन ज्ञान भजना से होते है और दो अज्ञान नियमत होते है। अपर्याप्त वाणव्यन्तर जीवों का कथन नैरयिक जीवो की तरह समझे।

59. [Q.] *Bhante* ! Are *aparyaptak manushya* (underdeveloped human beings) *jnani* or *ajnani* (with wrong knowledge) ?

[Ans.] Gautam ! They have different alternative combinations of three *jnanas* (kinds of right knowledge) and two *ajnanas* as a rule. Underdeveloped interstitial divine beings (*aparyaptak vanavyantar devs*) follow the pattern of infernal beings.

**६०. [ प्र. ] अपज्जत्तगा जोतिसिय–वेमाणिया णं पुच्छा ?**

**[ उ. ] तिण्णि नाणा, तिन्नि अण्णाणा नियमा।**

६०. [ प्र. ] भगवन् ! अपर्याप्त ज्योतिष्क और वैमानिक ज्ञानी है या अज्ञानी ?

[ उ. ] गौतम ! उनमे तीन ज्ञान या तीन अज्ञान नियमत होते है।

60. [Q.] *Bhante* ! Are *aparyaptak* stellar and celestial vehicular divine beings (*aparyaptak jyotishk and vaimanik devs*) *jnani* or *ajnani* ?

[Ans.] Gautam ! They have three *jnanas* or three *ajnanas* as a rule.

**६१. [ प्र. ] नोपज्जत्तगा नोअपज्जत्तगा णं भंते ! जीवा किं नाणी० ?**

**[ उ. ] जहा सिद्धा।**

६१. [ प्र. ] भगवन् ! नो–पर्याप्त–नो–अपर्याप्त जीव ज्ञानी है या अज्ञानी ?

[ उ. ] गौतम ! इनका कथन सिद्ध जीवो के समान जाने।

61. [Q.] *Bhante* ! Are *jivas* (living beings) that are neither fully developed nor underdeveloped (*noparyaptak-noaparyaptak*) *jnani* or *ajnani* ?

[Ans.] Gautam ! They are like *Siddhas*.

*छठा, भवस्थद्वार* SIXTH STATE  BHAVASTH

**६२. [ प्र. ] निरयभवत्था णं भंते ! जीवा किं नाणी, अण्णाणी ?**

**[ उ. ] जहा निरयगइया।**

६२. [ प्र. ] भगवन् ! निरय–भवस्थ (नरकगति मे रहे हुए) जीव ज्ञानी है या अज्ञानी है ?

[ उ. ] गौतम ! इनके विषय मे निरयगतिक जीवो के समान समझे।

62. [Q.] *Bhante* ! Are *niraya-bhavasth jivas* (existing infernal beings) *jnani* or *ajnani* ?

[Ans.] Gautam ! They follow the pattern of souls on way to infernal genuses. (aphorism 36)

६३. [प्र.] तिरियभवत्था णं भंते ! जीवा किं नाणी, अण्णाणी ?

[उ.] तिण्णि नाणा, तिण्णि अण्णाणा भयणाए।

६३. [प्र.] भगवन् ! तिर्यञ्चभवस्थ जीव ज्ञानी है या अज्ञानी है ?

[उ.] उनमे तीन ज्ञान और तीन अज्ञान भजना से होते है।

**63. [Q.]** *Bhante* ! Are *tiryanch-bhavasth jivas* (existing animals) *jnani* or *ajnani* (with wrong knowledge) ?

**[Ans.]** Gautam ! They have different alternative combinations of three jnanas and those of three *ajnanas* (kinds of wrong knowledge)

६४. [प्र.] मणुस्सभवत्था णं० ?

[उ.] जहा सकाइया।

६४. [प्र.] भगवन् ! मनुष्यभवस्थ जीव ज्ञानी है या अज्ञानी है ?

[उ.] गौतम ! इनका कथन सकायिक जीवो की तरह समझे।

**64. [Q.]** *Bhante* ! Are *manushya-bhavasth jivas* (existing human beings) *jnani* (endowed with right knowledge) or ajnani ?

**[Ans.]** They follow the pattern of embodied beings (*sakaayik jivas*)

६५. [प्र.] देवभवत्था णं भंते ! ० ?

[उ.] जहा निरयभवत्था।

६५. [प्र.] भगवन् ! देवभवस्थ जीव ज्ञानी है या अज्ञानी है ?

[उ.] गौतम ! इनके विषय मे निरयभवस्थ जीवो के समान समझे।

**65. [Q.]** *Bhante* ! Are *dev-bhavasth jivas* (existing divine beings) *jnani* or *ajnani* ?

**[Ans.]** They follow the pattern of existing infernal beings (*niraya-bhavasth jivas*)

६६. अभवत्था जहा सिद्धा।

६६. अभवस्थ जीवों के विषय मे सिद्धो की तरह जानना चाहिए।

66. *Abhavasth jivas* (nonexistent beings or souls that are not born in any genus) are like *Siddhas*.

**सप्तम, भवसिद्धिकद्वार SEVENTH STATE · BHAVASIDDHIK**

६७. [प्र.] भवसिद्धिया णं भंते ! जीवा किं नाणी० ?

[उ.] जहा सकाइया।

६७. [ प्र. ] भगवन् ! भवसिद्धिक (भव्य) जीव ज्ञानी है या अज्ञानी हैं ?

[ उ. ] गौतम ! इनका कथन सकायिक जीवों के समान जानें।

**67. [Q.]** *Bhante* ! Are *bhavasiddhik jivas* (beings worthy of being liberated in future) *jnani* or *ajnani* ?

**[Ans.]** They follow the pattern of embodied beings (*sakaayik jivas*).

**६८. [ प्र. ] अभवसिद्धिया णं पुच्छा ?**

**[ उ. ] गोयमा ! नो नाणी; अण्णाणी, तिण्णि अण्णाणाइं भयणाए।**

६८. [ प्र. ] भगवन् ! अभवसिद्धिक (अभव्य) जीव ज्ञानी हैं या अज्ञानी ?

[ उ. ] गौतम ! ये ज्ञानी नही, किन्तु अज्ञानी है। इनमें तीन अज्ञान भजना से होते हैं।

**68. [Q.]** *Bhante* ! Are *abhavasiddhik jivas* (beings unworthy of being liberated in future) *jnani* or *ajnani* (ignorant or with wrong knowledge) ?

**[Ans.]** They are not *jnani* but *ajnani* only. They follow the pattern of embodied beings (*sakaayik jivas*). They have different alternative combinations of three *ajnanas*.

**६९. [ प्र. ] नोभवसिद्धिया नोअभवसिद्धिया णं भंते ! जीवा० ?**

**[ उ. ] जहा सिद्धा।**

६९. [ प्र. ] भगवन् ! नो–भवसिद्धिक–नो–अभवसिद्धिक जीव ज्ञानी हैं अथवा अज्ञानी हैं ?

[ उ. ] गौतम ! इनके सम्बन्ध मे सिद्ध जीवो के समान समझे।

**69. [Q.]** Bhante ! Are *no-bhavasiddhik-no-abhavasiddhik jivas* (beings neither worthy not unworthy of being liberated in future) *jnani* or *ajnani* ?

**[Ans.]** They are like *Siddhas*.

*आठवाँ, संज्ञीद्वार* EIGHTH STATE : SANJNI

**७०. [ प्र. ] सण्णी णं पुच्छा।**

**[ उ. ] जहा सइंदिया। असण्णी जहा बेइंदिया। नोसण्णी–नोअसण्णी जहा सिद्धा।**

७०. [ प्र. ] भगवन् ! संज्ञीजीव ज्ञानी है या अज्ञानी है ?

[ उ. ] गौतम ! सेन्द्रिय जीवो के कथन के समान इनके विषय में समझें। असंज्ञी जीवों के विषय में द्वीन्द्रिय जीवो के समान समझें। नो–संज्ञी–नो–असंज्ञी जीवों का कथन सिद्ध जीवों की तरह जानना चाहिए।

**70. [Q.]** *Bhante* ! Are *sanjni jivas* (sentient beings) *jnani* or *ajnani* ?

[Ans.] Gautam ! They follow the pattern of living beings with sense organs (*seindriya*) *Asanjni jivas* (non-sentient beings) follow the pattern of two-sensed beings (*dvindriya*). *No-sanjni-no-asanjni jivas* (neither sentient nor non-sentient beings) are like *Siddhas*.

**विवेचन : उक्त सूत्रों में गति आदि आठ द्वारो की अपेक्षा ज्ञानी–अज्ञानी की प्ररूपणा–(१) गतिद्वार**–गति की अपेक्षा पाँच प्रकार के जीव है–नरकगतिक, तिर्यंचगतिक, मनुष्यगतिक, देवगतिक और सिद्धगतिक।

१ **निरयगतिक** जीव वे है, जो यहाँ से मरकर नरक मे जाने के लिए विग्रहगति (अन्तरालगति) मे चल रहे है। पचेन्द्रिय तिर्यंच और मनुष्य, जो नरक मे जाने वाले है, वे यदि सम्यग्दृष्टि हो तो ज्ञानी होते है, क्योंकि उन्हें अवधिज्ञान भवप्रत्यय होने के कारण विग्रहगति मे भी होता है और नरक मे नियमत उन्हे तीन ज्ञान होते है। यदि वे मिथ्यादृष्टि हो तो वे अज्ञानी होते है, उनमे से नरकगामी यदि असज्ञी पचेन्द्रियतिर्यंच हो तो विग्रहगति मे अपर्याप्त अवस्था तक उसे विभगज्ञान नही होता, उस समय तक उसे दो अज्ञान ही होते है, किन्तु मिथ्यादृष्टि सज्ञी पंचेन्द्रिय नरकगामी को विग्रहगति मे भी भवप्रत्ययिक विभगज्ञान होता है। इसलिए निरयगतिक मे तीन अज्ञान भजना से कहे गये है।

२ **तिर्यचगतिक** जीव वे है जो यहाँ से मरकर तिर्यंचगति मे जाने के लिए विग्रहगति मे चल रहे है। उनमे नियम से दो ज्ञान या दो अज्ञान इसलिए बताए है कि सम्यग्दृष्टि जीव अवधिज्ञान से च्युत होने के बाद मति–श्रुतज्ञानसहित **तिर्यचगति** मे जाता है। इसलिए उसमे नियमत दो ज्ञान होते है तथा मिथ्यादृष्टि जीव विभगज्ञान से गिरने के बाद मति–अज्ञान, श्रुत–अज्ञान सहित तिर्यंचगति मे जाता है इसलिए नियमत उसमे दो अज्ञान होते है।

३ **मनुष्यगति** मे जाने के लिए जो विग्रहगति मे चल रहे है, वे **मनुष्यगतिक** कहलाते है। मनुष्यगतिक मे जाते हुए जो जीव ज्ञानी होते है, उनमे से कई तीर्थकर की तरह अवधिज्ञान सहित मनुष्यगति मे जाते है, उनमे तीन ज्ञान होते है, जबकि अवधिज्ञानरहित मनुष्यगति मे जाने वालो मे दो ज्ञान होते है। इसीलिए यहाँ तीन ज्ञान भजना से कहे है। जो मिथ्यादृष्टि है, वे विभगज्ञानरहित ही मनुष्यगति मे उत्पन्न होते है। इसलिए उनमे दो अज्ञान नियम से कहे गये है।

४ **देवगति** मे जाते हुए विग्रहगति मे चल रहे जीवो का कथन नैरयिको की तरह (नियमत तीन ज्ञान अथवा भजना से तीन अज्ञान वाले) समझना चाहिए।

५ **सिद्धगतिक** जीवो मे तो केवल एक ही ज्ञान–केवलज्ञान होता है।

**(२) इन्द्रियद्वार**–सेन्द्रिय का अर्थ है–इन्द्रिय वाले जीव। सेन्द्रिय ज्ञानी जीवो को २, ३ या ४ ज्ञान होते है, यह बात लब्धि की अपेक्षा से समझना चाहिए, क्योकि उपयोग की अपेक्षा तो सभी जीवो को एक समय मे एक ही ज्ञान होता है। केवलज्ञान अतीन्द्रिय ज्ञान है, वह सेन्द्रिय नही है। अज्ञानी सेन्द्रिय जीवो को तीन अज्ञान भजना से होते है, किन्ही को दो और किन्ही को तीन अज्ञान होते है। एकेन्द्रिय जीव मिथ्यादृष्टि होने से अज्ञानी ही होते है, उनमें नियमत दो अज्ञान होते है। तीन विकलेन्द्रियो मे दो अज्ञान तो नियमत होते है, किन्तु सास्वादन गुणस्थान होने की अवस्था मे दो ज्ञान भी होने सम्भव है। अनीन्द्रिय (इन्द्रियो के उपयोग से रहित) जीव तो केवलज्ञानी ही होते है।

(३) **कायद्वार**—औदारिक आदि शरीरयुक्त जीव को अथवा पृथ्वीकायिक आदि ६ काय सहित जीव को सकायिक कहते हैं। वे केवली भी होते हैं। अत सकायिक सम्यग्दृष्टि मे पाँच ज्ञान भजना से होते हैं। जो मिथ्यादृष्टि सकायिक हैं, उनमें तीन अज्ञान भजना से होते है। जो षट्कायो में से किसी भी काय मे नही है, या जो औदारिक आदि कायों से रहित हैं, ऐसे अकायिक जीव सिद्ध होते हैं, उनमे सिर्फ केवलज्ञान ही होता है।

(४) **सूक्ष्म—बादरद्वार**—सूक्ष्म जीव पृथ्वीकायिकवत् मिथ्यादृष्टि होने से उनमें दो अज्ञान होते हैं। बादर जीवो मे केवलज्ञानी भी होते है, अत सकायिक की तरह उनमे पाँच ज्ञान और तीन अज्ञान भजना से पाये जाते है।

(५) **पर्याप्तद्वार**—पर्याप्त जीवो में केवलज्ञानी भी होते है, अत उनमे सकायिक जीवो के समान भजना से ५ ज्ञान और ३ अज्ञान पाये जाते है। **पर्याप्त नारकों** में तीन ज्ञान और तीन अज्ञान नियमत होते हैं, क्योंकि असज्ञी जीवो मे से आये हुए अपर्याप्त नारकों मे ही विभगज्ञान नहीं होता, मिथ्यात्वी पर्याप्तको में तो होता ही है। इसी प्रकार **भवनपति एवं वाणव्यन्तर** देवों मे समझना चाहिए। **पर्याप्त विकलेन्द्रियों** मे नियम से दो अज्ञान होते है। पर्याप्त पचेन्द्रियतिर्यंचो मे ३ ज्ञान और ३ अज्ञान भजना से होते है, उसका कारण है, कितने ही जीवों को अवधिज्ञान या विभगज्ञान होता है, कितनों को नही होता। **अपर्याप्तक नैरयिको** मे तीन ज्ञान नियम से और तीन अज्ञान भजना से पाये जाते है। **अपर्याप्तक द्वीन्द्रिय** आदि जीवो मे सास्वादन सम्यग्दर्शन सम्भव होने से उनमे दो ज्ञान और शेष मे दो अज्ञान पाये जाते हैं। **अपर्याप्त सम्यग्दृष्टि मनुष्यों** मे तीर्थंकर प्रकृति को बाँधे हुए जीव भी होते हैं, उनमे अवधिज्ञान होना सम्भव है, अत उनमे तीन ज्ञान भजना से पाये जाते हैं। **मिथ्यादृष्टि मनुष्यों** को अपर्याप्त अवस्था मे विभगज्ञान नही होता, इसलिए उनमे नियमत दो अज्ञान होते है। **अपर्याप्त वाणव्यन्तर देवों** मे जो असज्ञी जीवो मे से आकर उत्पन्न होता है, उसमे अपर्याप्त अवस्था मे विभगज्ञान का अभाव होता है, शेष मे अवधिज्ञान या विभगज्ञान नियम से होता है। अत उनमे नैरयिको के समान तीन ज्ञान वाले या दो अथवा तीन अज्ञान वाले होते है। **ज्योतिष्क और वैमानिक** देवो मे सज्ञी जीवो मे से ही आकर उत्पन्न होते है, इसलिए उनमे अपर्याप्त अवस्था मे भी भवप्रत्ययिक अवधिज्ञान या विभगज्ञान अवश्य होता है। अत उनमे नियमत तीन ज्ञान या तीन अज्ञान होते है। नो-पर्याप्त-नो-अपर्याप्त जीव सिद्ध होते है, वे पर्याप्त-अपर्याप्त नामकर्म से रहित होते है। अत उनमे एक मात्र केवलज्ञान ही होता है।

(६) **भवस्थद्वार**—निरयभवस्थ का अर्थ है—नरकगति मे उत्पत्ति—स्थान को प्राप्त। इसी प्रकार तिर्यंचभवस्थ आदि पदो का अर्थ समझ लेना चाहिए। निरयभवस्थ का कथन निरयगतिकवत् समझ लेना चाहिए। यावत् मनुष्य—देव का कथन समझ लेना चाहिए।

(७) **भवसिद्धिकद्वार**—भवसिद्धिक यानी भव्य जीव जो सम्यग्दृष्टि है, उनमे सकायिक की तरह ५ ज्ञान भजना से होते है, जबकि मिथ्यादृष्टि मे तीन अज्ञान भजना से होते है। अभवसिद्धिक (अभव्य) जीव सदैव मिथ्यादृष्टि ही रहते हैं, अत उनमे तीन अज्ञान की भजना है। ज्ञान उनमे होता ही नही। सिद्ध होने के बाद जीव भव्यत्व का त्याग करके नो भविक नो अभविक बन जाते है।

(८) **संज्ञीद्वार**—सज्ञी जीवो का कथन सेन्द्रिय जीवों की तरह है, अर्थात् उनमें चार ज्ञान अथवा तीन अज्ञान भजना से पाये जाते हैं। 13वें गुणस्थान मे केवली होने के बाद नोसज्ञी नोअसज्ञी कहलाते है। उनमे सिर्फ केवल ज्ञान होता है। असज्ञी जीवों का कथन द्वीन्द्रिय जीवों के समान है, अर्थात् अपर्याप्त अवस्था मे उनमे सास्वादन सम्यग्दर्शन की सम्भावना होने से दो ज्ञान भी पाये जाते हैं। पर्याप्त अवस्था मे तो उनमे नियमत दो अज्ञान होते ही हैं।

**Elaboration—Knowledge and non-knowledge in eight states of existence**—(1) **Gati-dvar** (state of genuses)—In terms of genuses there are five classes of living beings—*narak-gati* or genus of infernal beings, *tiryanch-gati* or genus of animals, *manushya-gati* or genus of human beings, *dev-gati* or genus of divine beings, and *Siddha-gati* or genus of liberated beings.

**(i) Niraya-gatik jivas**—These are *jivas* (souls) who have died and are in the state of movement (*vigraha gati*) on way to the infernal world. If the five sensed animals and human beings on way to hell are originally righteous (*samyakdrishti*); they are endowed with right knowledge (*jnani*). This is because their *avadhi-jnana* being bhavapratyayik (innate or birth related) exists during this intervening movement and as such they have, as a rule, three *jnanas* when born in hell If they are unrighteous (*mithyadrishti*) they are *ajnani* (ignorant or with wrong knowledge). In case of non-sentient five sensed animal there is absence of pervert knowledge (*vibhang-jnana*) in the state of movement and as long as it is in underdeveloped state. During this period it has only two *ajnanas*. However, in case of unrighteous sentient five sensed animal on way to hell innate pervert knowledge (*bhavapratyayik vibhang-jnana*) exists even in the state of movement. That is why it is said that souls on way to infernal genus have different alternative combinations of three *ajnanas*.

**(ii) Tiryanch-gatik jivas**—These are *jivas* (souls) who have died and are in the state of movement on way to the animal genuses. They are said to have two *jnanas* (kinds of right knowledge) or two *ajnanas* (kinds of wrong knowledge) as a rule This is because when a righteous being (*samyakdrishti jiva*) falls from *avadhi-jnana* he goes to the animal genus with *mati* and *shrut-jnana*; that is why he has two *jnanas* as a rule Also when an unrighteous being (*mithyadrishti jiva*) falls from *vibhang-jnana* he goes to the animal genus with *mati* and *shrut-ajnana*, that is why he has two *ajnanas* as a rule.

**(iii) Manushya-gati or genus of human beings**—These are *jivas* (souls) who have died and are in the state of movement on way to the human genus. Some of those who are endowed with right knowledge (*jnani*) go to human genus with *avadhi-jnana*, just as a Tirthankar does. Thus they have three *jnanas*. However, those who go to human genus without *avadhi-jnana* have only two *jnanas*. Therefore it is said here

that they have different alternative combinations of three *jnanas* (kinds of right knowledge). Those who are unrighteous go to the human genus without *vibhang-jnana*, therefore they are said to have two *ajnanas* as a rule.

**विवेचन : मनःपर्यवज्ञान का विषय**—मन पर्यवज्ञान के दो प्रकार है–(१) ऋजुमति और (२) विपुलमति। सामान्यग्राही मनन–मति या सवेदन को **ऋजुमति मनःपर्यायज्ञान** कहते है। जैसे–'इसने घडे का चिन्तन किया है', इस प्रकार के अध्यवसाय का कारणभूत (सामान्य कतिपय पर्याय विशिष्ट) मनोद्रव्य का ज्ञान या ऋजु–सरलमति वाला ज्ञान। **द्रव्य से**—ऋजुमतिमन पर्यायज्ञानी ढाई द्वीप–समुद्रान्तर्वर्त्ती संज्ञीपचेन्द्रियपर्याप्तक जीवो द्वारा मनोरूप से परिणमित मनोवर्गणा के अनन्त परमाण्वात्मक (विशिष्ट एक परिणामपरिणत) स्कन्धो को मन पर्यायज्ञानावरण की क्षयोपशमपटुता के कारण साक्षात् जानता–देखता है। परन्तु जीवों द्वारा चिन्तित घटादिरूप पदार्थों को मन·पर्यायज्ञानी प्रत्यक्षत नही जानता, किन्तु उसके मनोद्रव्य के परिणामों की **अन्यथानुपपत्ति** से (इस प्रकार के आकार वाला मनोद्रव्य का परिणाम, इस प्रकार के चिन्तन बिना घटित नही हो सकता, इस तरह के अन्यथानुपपत्तिरूप अनुमान से) जानता है। इसीलिए यहाँ **'जाणइ'** के बदले **'पासइ'** (देखता है) कहा गया है।

अनेक विशेषताओ से युक्त मनोद्रव्य के ज्ञान को **'विपुलमतिमनःपर्यायज्ञान'** कहते हैं। जैसे–इसने घट का चिन्तन किया है, वह घट **द्रव्य से**—सोने का बना हुआ है, **क्षेत्र से**—पाटलिपुत्र का है, **काल से**—नया है या वसन्त ऋतु का है और **भाव से**—बडा है अथवा पीले रग का है। इस प्रकार की विशेषताओ से युक्त मनोद्रव्यो को विपुलमति जानता है। अर्थात् ऋजुमति द्वारा देखे हुए स्कन्धो की अपेक्षा विपुलमति अधिकतर, वर्णादि से सुस्पष्ट, उज्ज्वलतर और विशुद्धतर रूप से जानता–देखता है। **क्षेत्र से**— ऋजुमति जघन्यत अगुल के असख्यातवे भाग तथा उत्कृष्टत मनुष्यलोक मे रहे हुए सज्ञीपंचेन्द्रिय पर्याप्तक जीवो के मनोगत भावो को

जानता-देखता है; जबकि विपुलमति उससे ढाई अंगुल अधिक क्षेत्र में रहे हुए जीवों के मनोगत भावों को विशेष प्रकार से विशुद्धतर रूप से-स्पष्ट रूप से जानता-देखता है। तात्पर्य यह है कि ऋजुमतिमनःपर्यायज्ञानी क्षेत्र से उत्कृष्टत अधोदिशा में-रत्नप्रभा पृथ्वी के ऊपरी तल के नीचे के क्षुल्लक प्रतरों, ऊर्ध्वदिशा में-ज्योतिषी देवलोक के ऊपरी तल को तथा तिर्यग्दिशा में मनुष्यक्षेत्र मे जो ढाई द्वीप-समुद्रक्षेत्र हैं, १५ कर्मभूमियाँ हैं तथा छप्पन अन्तर्द्वीप हैं, उनमे रहे हुए सज्ञी पचेन्द्रिय पर्याप्तक जीवो के मनोगत भावों को जानता-देखता है। विपुलमति इससे अढाई अगुल अधिक क्षेत्र को विशुद्ध रूप मे जानता-देखता है। काल से-ऋजुमति जघन्यत पल्योपम के असंख्यातवे भाग जितने अतीत-अनागत काल को जानता-देखता है, जबकि विपुलमति इसी को स्पष्टतर रूप से निर्मलतर जानता-देखता है। भाव से-ऋजुमति समस्त भावो के अनन्तवें भाग को जानता-देखता है, जबकि विपुलमति इन्हें ही विशुद्धतर-स्पष्टतररूप से जानता-देखता है।

**Elaboration**—Scope of *Manah-paryav-jnana*—This *jnana* is of two kinds—(1) *Rijumati* (limited) and (2) *Vipul-mati* (elaborate). Simply perceivable mental images are the subjects of *Rijumati Manah-paryav-jnana* For example knowing of simple thought forms (with limited modes) manifested by thought-particles (*manodravya*; may be neuronic activity), such as "he has thought of pitcher". A person endowed with *Manah-paryav-jnana* directly knows and sees—In context of substance—infinite aggregates of infinite space-points transformed as thoughts in the minds of sentient fully developed five sensed living beings (*sanjni-panchendriya-paryaptak jivas*) of Adhai Dveep (two and a half continents) up to the surrounding sea. This happens on attaining destruction-cum-pacification of *Manah-paryav jnanavaraniya karmas* (*Manah-paryav jnana* hindering *karmas*). In context of *Manah-paryav-jnana* the term originally used is not *jaanai* (knows) but only *paasai* (sees). This is because he does not, in fact, directly know the thoughts but only the transformed thought-particles into the imagined form (*anyathanupapatti* or causitive inference). The reason being that the form of thought-particles perceived by a living being cannot manifest in absence of that specific thought.

*Vipul-mati* (elaborate) *Manah-paryav-jnana* is wider or elaborate knowledge of numerous attributes of thought forms. For example—He thinks of a pitcher. As to matter it is made of gold. As to area it is from Pataliputra. As to time it is new or made during spring season. As to state it is large or yellow. One endowed with *vipul-mati* knows such attributes of thought forms. This means that a *vipul-mati* sees things with more details and clarity as compared with a *rijumati*. In context of area—Rijumati—minimum : innumerable fraction of an Angul; maximum : the thoughts of the sentient fully developed five sensed

living beings (*sanjni-panchendriya-paryaptak jivas*) in the world of humans (*manushya lok*). Vipul-mati sees an area of two and a half Angul more than that and with greater clarity and detail. In other words a *rijumati* sees and knows the thought forms of the fully developed sentient five-sensed beings living in an area equivalent to a maximum of up to the lowest subtle level of Ratnaprabha hell towards nadir, the highest level of the Jyotish chakra, and all human inhabited areas in other spatial directions including fifteen *karmabhumis*, thirty *akarmabhumis*, and fifty six intermediate islands existing in Adhai-dveep-samudra (two and a half continents and oceans). A *vipul mati* sees these thoughts and feelings in slightly greater detail, with slightly better clarity and a little more certainty covering two and a half Angul more area. In context of time—a *rijumati* sees into and knows about the past and the future up to an equivalent of a minimum as well as maximum span of inexpressible fraction of a Palyopam (a vast conceptual unit of time) ; a *vipul mati* sees and knows the same in slightly greater detail, with slightly better clarity and a little more certainty In context of state or mode—a *rijumati* sees and knows infinite modes but only an infinitesimal fraction of each such mode; a *vipul mati* sees and knows the same in slightly greater detail, with slightly better clarity and a little more certainty

**१३२. [ प्र. ] केवलनाणस्स णं भंते ! केवइए विसए पण्णत्ते ?**

**[ उ. ] गोयमा ! से समासओ चउव्विहे पण्णत्ते, तं जहा—दव्वओ खेत्तओ कालओ भावओ। दव्वओ णं केवलनाणी सव्वदव्वाइं जाणइ पासइ। एवं जाव भावओ।**

१३२. [ प्र ] भगवन् ! केवलज्ञान का विषय कितना है ?

[ उ. ] गौतम ! केवलज्ञान का विषय सक्षेप मे चार प्रकार का है। यथा—द्रव्य से, क्षेत्र से, काल से और भाव से। द्रव्य से केवलज्ञानी सर्वद्रव्यों को जानता और देखता है। इस प्रकार यावत् भाव से केवलज्ञानी सर्वभावो को जानता और देखता है।

**132. [Q.]** *Bhante* ! How wide is the scope (*vishaya*) of *Keval-jnana* (omniscience) ?

**[Ans.]** Gautam ! In brief the scope (*vishaya*) of *Keval-jnana* (omniscience) has four domains—those related to substance or matter (*dravya*), area or space (*kshetra*), time (*kaal*) and state or mode (bhaava) As to substance a living being with Keval-jnana (omniscience) knows and sees all substances. The same is true for area... and so on up to... state

**१३३. [ प्र. ] मइअन्नाणस्स णं भंते ! केवइए विसए पन्नत्ते ?**

**[उ.] गोयमा ! से समासओ चउव्विहे पण्णत्ते, तं जहा—दव्वओ खेत्तओ कालओ भावओ। दव्वओ णं मइअन्नाणी मइअन्नाणपरिगताइं दव्वाइं जाणइ पासइ। एवं जाव भावओ णं मइअन्नाणी मइअन्नाणपरिगए भावे जाणइ पासइ।**

१३३. [प्र.] भगवन् ! मति-अज्ञान का विषय कितना है ?

[उ.] गौतम ! मति-अज्ञान का विषय सक्षेप में चार प्रकार का है। यथा-द्रव्य से, क्षेत्र से, काल से और भाव से। द्रव्य से, मति-अज्ञानी, मति-अज्ञान-परिगत (मति-अज्ञान के विषयभूत) द्रव्यो को जानता और देखता है। इसी प्रकार यावत् भाव से मति-अज्ञानी मति-अज्ञान के विषयभूत भावो को जानता और देखता है।

**133. [Q.]** *Bhante* ! How wide is the scope (*vishaya*) of *mati-ajnana* (wrong sensual knowledge) ?

**[Ans.]** Gautam ! In brief the scope (*vishaya*) of Mati-ajnana (wrong sensual knowledge) has four domains—those related to substance or matter (*dravya*), area or space (*kshetra*), time (*kaal*) and state or mode (*bhaava*). As to substance, a living being with *Mati-ajnana* knows and sees substances within its scope. The same is true for other domains up to as to state, a living being with *Mati-ajnana* knows and sees states within its scope

१३४. [प्र.] **सुयअन्नाणस्स णं भंते ! केवइए विसए पण्णत्ते ?**

**[उ.] गोयमा ! से समासओ चउव्विहे पण्णत्ते, तं जहा—दव्वओ खेत्तओ कालओ भावओ। दव्वओ णं सुयअन्नाणी सुयअन्नाणपरिगयाइं दव्वाइं आघवेइ पण्णवेइ परूवेइ। एवं खेत्तओ कालओ। भावओ णं सुयअन्नाणी सुयअन्नाणपरिगए भावे आघवेइ तं चेव।**

१३४. [प्र.] भगवन् ! श्रुत-अज्ञान का विषय कितना है ?

[उ.] गौतम ! श्रुत-अज्ञान का विषय संक्षेप मे चार प्रकार का है। यथा-द्रव्य से, क्षेत्र से, काल से और भाव से। द्रव्य से, श्रुत-अज्ञानी श्रुत-अज्ञान के विषयभूत द्रव्यो का कथन करता है, उन द्रव्यो को बतलाता है, उनकी प्ररूपणा करता है। इसी प्रकार क्षेत्र से और काल से भी जान लेना चाहिए। भाव की अपेक्षा श्रुत-अज्ञानी श्रुत-अज्ञान के विषयभूत भावो को कहता है, बतलाता है, प्ररूपित करता है।

**134. [Q.]** *Bhante* ! How wide is the scope (*vishaya*) of *Shrut-ajnana* (wrong scriptural knowledge) ?

**[Ans.]** Gautam ! In brief the scope (*vishaya*) of *Shrut-ajnana* (wrong scriptural knowledge) has four domains—those related to substance or matter (*dravya*), area or space (*kshetra*), time (*kaal*) and state or mode (*bhaava*). As to substance a living being with *Shrut-ajnana* says, elaborates and propagates substances within its scope. The same is true for domains of space and time. As to state a living being with *Shrut-ajnana* says, elaborates and propagates states within its scope.

१३५. [ प्र. ] विभंगणाणस्स णं भंते ! केवइए विसए पण्णत्ते ?

[ उ. ] गोयमा ! से समासओ चउव्विहे पण्णत्ते, तं जहा–दव्वओ खेत्तओ कालओ भावओ। दव्वओ णं विभंगनाणी विभंगणाणपरिगयाइं दव्वाइं जाणइ पासइ। एवं जाव भावओ णं विभंगनाणी विभंगनाणपरिगए भावे जाणइ पासइ।

१३५. [ प्र. ] भगवन् ! विभगज्ञान का विषय कितना है ?

[ उ. ] गौतम ! विभगज्ञान विषय सक्षेप में चार प्रकार का है। यथा–द्रव्य से, क्षेत्र से, काल से और भाव से। द्रव्य की अपेक्षा विभगज्ञानी विभगज्ञान के विषयगत द्रव्यो को जानता और देखता है। इसी प्रकार यावत् भाव की अपेक्षा विभगज्ञानी विभगज्ञान के विषयगत भावो को जानता और देखता है।

**135. [Q.]** *Bhante* ! How wide is the scope (*vishaya*) of *vibhang-jnana* (pervert knowledge) ?

**[Ans.]** Gautam ! In brief the scope (*vishaya*) of *Vibhang-jnana* (pervert knowledge) has four domains—those related to substance or matter (*dravya*), area or space (*kshetra*), time (*kaal*) and state or mode (*bhaava*). As to substance a living being with *Vibhang-jnana* knows and sees substances within its scope. The same is true for other domains up to a living being with *Vibhang-jnana* knows and sees states within its scope.

**विवेचन : तीन अज्ञानो का विषय** · मति–अज्ञानी मिथ्यादर्शनयुक्त अवग्रह आदि रूप तथा औत्पातिकी आदि बुद्धिरूप मति–अज्ञान के द्वारा गृहीत द्रव्यो को द्रव्य–क्षेत्र–काल–भाव से जानता–देखता है। श्रुत–अज्ञानी श्रुत–अज्ञान (मिथ्यादृष्टि–परिगृहीत लौकिक श्रुत या कुप्रावचनिकश्रुत) से गृहीत (विषयीकृत) द्रव्यो को कहता है, बतलाता है, प्ररूपणा करता है। विभंगज्ञानी विभगज्ञान द्वारा गृहीत द्रव्यो को द्रव्य, क्षेत्र, काल और भाव से जानता है और अवधिदर्शन से देखता है। *(वृत्ति, पत्राक ३५७–३६०)*

**Elaboration**—Scope of three *ajnanas* . *Mati-ajnani*—knows and sees things in context of substance, space, time and state observed through processes including unrighteous *avagraha* (to acquire cursory knowledge) and unrighteous faculties including *autpattiki buddhi* (spontaneous wisdom) being functions of *Mati-ajnana* (wrong knowledge). *Shrut-ajnani*—says, elaborates and propagates information about substances acquired through *Shrut-ajnana* or the unrighteous heretic knowledge. *Vibhang-jnani*—knows things in context of substance, space, time and state through pervert knowledge (*Vibhang-jnana*) and sees the same through *Avadhi-jnana*. *(Vritti, leaf 357-360)*

**ज्ञानी और अज्ञानी का स्थितिकाल SUSTENANCE OF KNOWLEDGE**

१३६. [प्र.] णाणी णं भंते ! 'णाणि' त्ति कालओ केवच्चिरं होइ ?

[उ.] गोयमा ! नाणी दुविहे पण्णत्ते, तं जहा—साइए वा अपज्जवसिए, साइए वा सपज्जवसिए। तत्थ णं जे से साइए सपज्जवसिए से जहन्नेणं अंतोमुहूत्तं, उक्कोसेणं छावट्ठिं सागरोवमाइं सातिरेगाइं।

१३६. [प्र.] भगवन् ! ज्ञानी 'ज्ञानी' रूप मे कितने काल तक रहता है ?

[उ.] गौतम ! ज्ञानी दो प्रकार के होते है—(१) सादि-अपर्यवसित, और (२) सादि-सपर्यवसित। इनमे से जो सादि-सपर्यवसित (सान्त) ज्ञानी हैं, वे जघन्यतः अन्तर्मुहूर्त्त तक, और उत्कृष्टतः कुछ अधिक छियासठ सागरोपम तक ज्ञानीरूप मे रहते है।

**136. [Q.]** *Bhante* ! How long does the knowledge of one endowed with knowledge (*jnana*) last ?

**[Ans.]** Gautam ! *Jnanis* (those endowed with knowledge) are of two kinds—(1) *saadi-aparyavasit* (with a beginning and without an end) and (2) *saadi-saparyavasit* (with a beginning and with an end). Of these, those who are endowed with knowledge having a beginning and an end (*saadi-saparyavasit*) remain *jnani* (endowed with right knowledge) for a minimum period of one Antarmuhurt (less than 48 minutes) and a maximum period of slightly more than sixty six Sagaropam.

१३७. [प्र.] आभिणिबोहियणाणी णं भंते ! आभिणिबोहियणाणी त्ति कालओ केवच्चिरं होई?

[उ.] आभिणियबोहिनाणी एवं नाणी, आभिणिबोहियनाणी जाव केवलनाणी, अन्नाणी, मइअन्नाणी, सुयअन्नाणी, विभंगनाणी; एएसिं दसण्ह वि संचिट्ठणा जहा कायठिइए।

१३७. [प्र.] भगवन् ! आभिनिबोधिक ज्ञानी आभिनिबोधिक-ज्ञानी के रूप में कितने काल तक रहता है ?

[उ.] गौतम ! ज्ञानी, आभिनिबोधिकज्ञानी यावत् केवलज्ञानी, अज्ञानी, मति-अज्ञानी, श्रुत-अज्ञानी और विभगज्ञानी, इन दस का अवस्थितकाल (प्रज्ञापनासूत्र के अठारहवें) कायस्थितिपद मे कहे अनुसार जानना चाहिए। (कालद्वार)

**137. [Q.]** *Bhante* ! How long does the knowledge of one endowed with sensual knowledge (*abhinibodhik jnana*) last ?

**[Ans.]** Gautam ! The period of sustenance of knowledge of *Jnani*, *Abhinibodhik jnani*... and so on up to... *Keval jnani*, *ajnani*, Mati-ajnani, *Shrut-ajnani* and *Vibhang jnani*, these ten, should be excerpted from *Kaayasthitipad*, the eighteenth chapter of *Prajnapana Sutra*. (*Kaal-dvar*)

*अंतरद्वार* INTERVENING PERIOD

**१३८. अंतरं सव्वं जहा जीवाभिगमे।**

१३८. इन सब (दसो) का अन्तर जीवाभिगम सूत्र के अनुसार जानना चाहिए। (अन्तरद्वार)

**138.** The intervening period (*antar kaal*) related to these ten should be excerpted from *Jivabhigam Sutra* (*Antar-dvar*)

*ज्ञानी और अज्ञानी जीवो का अल्पबहुत्व* COMPARATIVE NUMBERS JNANI AND AJNANI BEINGS

**१३९. अप्पाबहुगाणि तिण्णि जहा बहुवत्तव्वताए।**

१३९. इन सबका अल्पबहुत्व (प्रज्ञापनासूत्र के तृतीय-) बहुवक्तव्यता पद के अनुसार जानना चाहिए। (अल्पबहुत्वद्वार)

**139.** The comparative numbers (*alpabahutva*) of these ten should be excerpted from *Bahuvaktavyatapad*, the third chapter of *Prajnapana Sutra* (*Alpabahutva-dvar*)

**विवेचन : ज्ञानी का ज्ञानी के रूप मे अवस्थितिकाल**—ज्ञानी के दो प्रकार है-(१) सादि-अपर्यवसित, और (२) सादि-सपर्यवसित। प्रथम ज्ञानी ऐसे है, जिनके ज्ञान की आदि तो है, पर अन्त नही। ऐसे ज्ञानी केवलज्ञानी होते है अथवा 2, 3, 4 ज्ञान पाकर उनका अन्त नही होता है। आगे वे केवलज्ञान को प्राप्त करते है। **केवलज्ञान का काल** सादि-अनन्त है, अर्थात् केवलज्ञान उत्पन्न होकर फिर कभी नष्ट नही होता। **द्वितीय ज्ञानी** ऐसा है, जिसकी आदि भी है, अन्त भी है। ऐसा ज्ञानी मति आदि चार ज्ञान वाला होता है। मति आदि चार ज्ञानो का काल सादि-सपर्यवसित है। इनमे से मति और श्रुतज्ञान का जघन्य स्थितिकाल एक अन्तर्मुहूर्त्त है। अवधि और मन पर्यवज्ञान का जघन्य स्थितिकाल एक समय है। आदि के तीनो ज्ञानो का उत्कृष्ट स्थितिकाल कुछ अधिक ६६ सागरोपम है। मन पर्यवज्ञान का उत्कृष्ट स्थितिकाल देशोन करोड पूर्व का है। **अवधिज्ञान** का जघन्य स्थितिकाल एक समय का इसलिए बताया है कि जब किसी विभगज्ञानी को सम्यग्दर्शन प्राप्त होता है तब सम्यग्दर्शन की प्राप्ति के प्रथम समय मे ही विभगज्ञान अवधिज्ञान के रूप मे परिणत हो जाता है। इसके पश्चात् शीघ्र ही दूसरे समय मे यदि वह अवधिज्ञान से गिर जाता है तब अवधिज्ञान केवल एक समय ही रहता है। **मन पर्यायज्ञानी** का भी अवस्थितिकाल जघन्य एक समय इसलिए बताया है कि अप्रमत्तगुणस्थान मे स्थित किसी सयत (मुनि) को मन पर्यायज्ञान उत्पन्न होता है और तुरन्त ही दूसरे समय मे नष्ट हो जाता है। मन पर्यायज्ञानी का उत्कृष्ट अवस्थितिकाल देशोन पूर्वकोटि वर्ष का इसलिए बताया है कि किसी पूर्वकोटि वर्ष की आयु वाले मनुष्य ने चारित्र अगीकार किया। चारित्र अगीकार करते ही उसे मन पर्यायज्ञान उत्पन्न हो जाए और यावज्जीवन रहे तो उसका उत्कृष्ट स्थितिकाल किञ्चित् न्यून पूर्व कोटिवर्ष घटित हो जाता है।

**त्रिविध अज्ञानियो का तद्रूप अज्ञानी के रूप मे अवस्थितिकाल**—अज्ञानी, मति-अज्ञानी और श्रुत-अज्ञानी ये तीनो स्थितिकाल की दृष्टि से तीन प्रकार के है-(१) अनादि-अपर्यवसित (अनन्त), अभव्यो का होता है। (२) अनादि-सपर्यवसित (सान्त), जो भव्य जीवो का होता है। और (३) सादि-सपर्यवसित (सान्त), जो सम्यग्दर्शन से पतित जीवो का होता है। इनमे से जो सादि-सान्त है, उनका जघन्य अवस्थितिकाल अन्तर्मुहूर्त्त का है, क्योकि कोई जीव सम्यग्दर्शन से पतित होकर अन्तर्मुहूर्त्त के पश्चात् ही पुन सम्यग्दर्शन प्राप्त कर लेता है। इसका उत्कृष्ट

स्थितिकाल अनन्तकाल है (अर्ध पुद्‌गल परावर्त काल), क्योंकि कोई जीव सम्यग्दर्शन से पतित होकर अनन्त उत्सर्पिणी-अवसर्पिणी काल व्यतीत कर अथवा वनस्पति आदि मे अनन्त उत्सर्पिणी-अवसर्पिणी व्यतीत करके अनन्तकाल के पश्चात् पुन सम्यग्दर्शन को प्राप्त करता है। विभगज्ञान का अवस्थितिकाल जघन्य एक समय है; क्योकि उत्पन्न होने के पश्चात् उसका दूसरे समय मे विनष्ट होना सम्भव है। इसका उत्कृष्ट स्थितिकाल किञ्चित् न्यून पूर्वकोटि अधिक तेतीस सागरोपम का है, क्योकि कोई मनुष्य कुछ कम पूर्वकोटि वर्ष तक विभगज्ञानी बना रहकर सातवे नरक मे उत्पन्न हो जाता है, उसकी अपेक्षा से यह कथन है। *(वृत्ति, पत्राक ३६१, हिन्दी विवेचन, भाग ३, पृ १३६३)*

**पॉच ज्ञानो और तीन अज्ञानो का परस्पर अन्तरकाल**–एक बार ज्ञान अथवा अज्ञान उत्पन्न होकर नष्ट हो जाए और फिर दूसरी बार उत्पन्न हो तो दोनो के बीच का काल अन्तरकाल कहलाता है। यहाँ पाँच ज्ञान और तीन अज्ञान के अन्तर के लिए जीवाभिगमसूत्र का अतिदेश (सन्दर्भ) किया गया है। वहाँ इस प्रकार से अन्तर बताया गया है–आभिनिबोधिक ज्ञान का काल से पारस्परिक अन्तर जघन्यत अन्तर्मुहूर्त्त और उत्कृष्टत अनन्तकाल तक का या कुछ कम अपार्द्ध-पुद्‌गल परिवर्तन काल का है। इसी प्रकार श्रुतज्ञान, अवधिज्ञान और मन पर्यायज्ञान के विषय मे समझ लेना चाहिए। केवलज्ञान का अन्तर नही होता। मति-अज्ञान और श्रुत-अज्ञान का अन्तरकाल जघन्य अन्तर्मुहूर्त्त और उत्कृष्ट कुछ अधिक ६६ सागरोपम का है। विभगज्ञान का अन्तर जघन्य अन्तर्मुहूर्त्त और उत्कृष्ट अनन्तकाल है। *(वृत्ति, पत्राक ३६१, जीवाभिगमसूत्र (अन्तरदर्शक पाठ), सू २६३)*

**पॉच ज्ञानी और तीन अज्ञानी जीवो का अल्पबहुत्व**–पाँच ज्ञान और तीन अज्ञान से युक्त जीवो का अल्पबहुत्व प्रज्ञापनासूत्र के तृतीय पद मे बताया गया है। वह सक्षेप मे इस प्रकार है–सबसे अल्प मन पर्यायज्ञानी है। क्योकि मन पर्यायज्ञान केवल ऋद्धि प्राप्त सयतो को ही होता है। उनसे असख्यातगुणे अवधिज्ञानी है, क्योकि अवधिज्ञानी जीव चारो गतियो मे पाए जाते है। उनसे आभिनिबोधिकज्ञानी और श्रुतज्ञानी दोनो तुल्य और विशेषाधिक है। इसका कारण यह है कि अवधि आदि ज्ञान से रहित होने पर भी कई पचेन्द्रिय और कितने ही विकलेन्द्रिय जीव (जिन्हे सास्वादन सम्यग्दर्शन हो) आभिनिबोधिकज्ञानी और श्रुतज्ञानी होते है। आभिनिबोधिकज्ञान और श्रुतज्ञान का परस्पर साहचर्य होने से दोनो ज्ञानी तुल्य है। इन सभी से सिद्ध अनन्तगुणे होने से केवलज्ञानी जीव अनन्तगुणे है। तीन अज्ञानयुक्त जीवो मे सबसे थोडे विभगज्ञानी है, क्योकि विभगज्ञान पचेन्द्रिय जीवो को ही होता है। उनसे मति-अज्ञानी और श्रुत-अज्ञानी दोनो अनन्तगुणे है, क्योकि एकेन्द्रिय जीव भी मति-अज्ञानी और श्रुत-अज्ञानी होते है और वे अनन्त है, परस्पर तुल्य भी है, क्योकि इन दोनो का परस्पर साहचर्य है। *(वृत्ति, पत्राक ३६२)*

**Elaboration—Period of sustenance of knowledge**—Those endowed with knowledge (*jnanis*) are of two kinds—(1) *saadi-aparyavasit* (with a beginning and without an end) and (2) *saadi-saparyavasit* (with a beginning and with an end). First kind are those whose knowledge has a beginning but no end Such individuals are omniscients. The period of sustenance of *Keval-jnana* is with a beginning but without an end. In other words, once acquired, *Keval jnana* is never lost. Second kind are those whose knowledge has a beginning as well as an end. Such an individual has four *jnanas* (kinds of right knowledge) including *Mati-*

*jnana* (sensual knowledge). The period for which these four types of knowledge lasts is with a beginning as well as an end. Of these the minimum sustenance period of sensual and scriptural knowledge is one Antarmuhurt. That of *Avadhi* and *Manah-paryav-jnana* is one Samaya. The maximum sustenance period of the first three *jnanas* is slightly more than 66 Sagaropam (a metaphoric unit of time); and that of *Manah-paryav-jnana* is Deshonakoti-purva (less then ten million *Purva*; a metaphoric unit of time). The minimum sustenance period of *Avadhi-jnana* is said to be one Samaya because when someone with *Vibhang-jnana* (pervert knowledge) acquires right perception/faith, at the first moment of that acquisition the Vibhang-jnana turns into Avadhi-jnana; and in case he looses that right perception immediately after or in the second Samaya he also looses *Avadhi-jnana*, thus this *Avadhi-jnana* lasts just for one Samaya. Similar reason applies to *Manah-paryav-jnana*. When a restrained ascetic at *Apramatta Gunasthaan* acquires *Manah-paryav-jnana* he looses it just after one Samaya. The maximum sustenance period for *Manah-paryav jnana* is said to be slightly less than *Deshonakoti-purva* because if a person with a life-span of *Deshonakoti-purva* gets initiated and acquires *Manah-paryav-jnana* immediately after that lasting all his life; in such case the maximum period becomes slightly less than *Deshonakoti-purva*.

**Period of sustenance of wrong knowledge**—In context of sustenance period ajnani, *Mati-ajnani* and *Shrut-ajnani* all three are of three kinds—(1) *anaadi-aparyavasit* (without a beginning and without an end), which applies to *abhavya* (not destined to be liberated), (2) *anaadi-saparyavasit* (without a beginning and with an end), which applies to *bhavya* (destined to be liberated) and (3) *saadi-saparyavasit* (with a beginning and with an end), which applies to those who loose righteousness. Of these the minimum sustenance period of those who are in the *saadi-saparyavasit* category is one Antarmuhurt because some individuals loosing right perception/faith regain it just after one Antarmuhurt. The maximum sustenance period of these is infinity because individuals loosing right perception/faith generally regain it after infinite progressive and regressive cycles of rebirth or after spending infinite time as one sensed beings including plant bodied beings. The minimum sustenance period of *Vibhang-jnana* (pervert knowledge) is one Samaya because there is a chance of getting rid of it

just one Samaya after acquiring it. Its maximum sustenance period is slightly less than 33 Koti-purva less than 33 Sagaropam. This is because some individual is reborn in seventh hell after remaining *Vibhang jnani* for slightly less than 33 Koti-purva. *(Vritti, leaf 361, Hindi Commentary, part-3, p. 1363)*

**Intervening period**—The period between once loosing a particular *jnana* (after gaining it) and then regaining it is called *antar-kaal* (intervening period). Here it is advised to refer to *Jivabhigam Sutra* for knowing this intervening period related to five *jnanas* and three *ajnanas* (kinds of wrong knowledge) That information in brief is as follows—The intervening period related to *Abhinibodhik jnana* is minimum Antarmuhurt and maximum infinity or slightly less than Apardh-pudgal Paravartan kaal (the time taken by a soul to touch each and every matter particle in the whole universe is called Pudgalaparavartan kaal; it is equivalent to innumerable *avasarpini-utsarpinis*). The same is true for *Shrut-jnana*, *Avadhi-jnana* and *Manah-paryav-jnana*. In *Keval-jnana* there is no intervening period. The minimum sustenance period of *Mati-ajnana* and *Shrut-ajnana* is one Antarmuhurt and maximum is slightly more than 66 Sagaropam. The minimum sustenance period of *Vibhang-jnana* is one Antarmuhurt and maximum is infinity. *(Vritti, leaf 361, Jivabhigam Sutra aphorism 263)*

**Comparative numbers of jnani and ajnani beings**—The comparative numbers of living beings with five *jnanas* and three *ajnanas* has been mentioned in the third chapter of *Prajnapana Sutra*. In brief it is as follows—Minimum number is of *Manah-paryav jnanis* This is because only the accomplished and restrained sages are endowed with *Manah-paryav-jnana* Innumerable times more than these are *Avadhi jnanis*, this is because *Avadhi jnani* beings are found in all the four genuses. Much more than these are *abhinibodhik-jnanis* and *shrut jnanis*, the two being mutually equivalent. This is because even when devoid of these types of knowledge many two to five sensed beings (those having fleeting taste of righteousness or *sasvadan samyagdrishti*) are still endowed with *Abhinibodhik-jnana* and Shrut-jnana. Infinite times more than these are *Keval jnanis* because they include *Siddhas* who are infinite times more. Among living beings with three *ajnanas* minimum are *Vibhang jnanis* because only five sensed beings have this *jnana* Infinite times more than these are *Mati-ajnanis* and *Shrut ajnanis*; this is because even one

sensed beings are *Mati-ajnanis* and *Shrut ajnanis* and they are infinite in number. They coexist and thus they are mutually equivalent. *(Vritti, leaf 362)*

**बीसवाँ, पर्यायद्वार TWENTIETH STATE MODE**

**१४०. [ प्र. ] केवइया णं भंते ! आभिणिबोहियणाणपज्जवा पण्णत्ता ?**

**[ उ. ] गोयमा ! अणंता आभिणिबोहियणाणपज्जवा पण्णत्ता।**

१४०. [ प्र. ] भगवन् ! आभिनिबोधिकज्ञान के पर्याय कितने कहे है ?

[ उ. ] गौतम ! आभिनिबोधिकज्ञान के अनन्त पर्याय कहे है।

**140. [Q.]** *Bhante* ! How many are the *paryayas* (modes or sub-categories) of *Abhinibodhik-jnana* ?

**[Ans.]** Gautam ! They are said to be infinite

**१४१. [ प्र. ] केवइया णं भंते ! सुयनाणपज्जवा पण्णत्ता ?**

**[ उ. ] एवं चेव। एवं जाव केवलनाणस्स।**

१४१. [ प्र. ] भगवन् ! श्रुतज्ञान के पर्याय कितने कहे है ?

[ उ. ] गौतम ! श्रुतज्ञान के भी अनन्त पर्याय कहे है। इसी प्रकार अवधिज्ञान, मन:पर्यायज्ञान और केवलज्ञान के भी अनन्त पर्याय कहे गये है।

**141. [Q.]** *Bhante* ! How many are the *paryayas* (modes or sub-categories) of *Shrut-jnana* ?

**[Ans.]** Gautam ! They are also said to be infinite. In the same way there are infinite sub-categories each of *Avadhi-jnana*, *Manah-Paryav-Jnana* and *Keval-jnana* (omniscience) also.

**१४२. एवं मइअन्नाणस्स सुयअन्नाणस्स।**

१४२. इसी प्रकार मति-अज्ञान और श्रुत-अज्ञान के भी अनन्त पर्याय कहे है।

**142.** In the same way there are infinite sub-categories each of *Mati-ajnana* and *Shrut-ajnana* also.

**१४३. [ प्र. ] केवइया णं भंते ! विभंगनाणपज्जवा पण्णत्ता ?**

**[ उ. ] गोयमा ! अणंता विभंगनाणपज्जवा पण्णत्ता।**

१४३. [ प्र. ] भगवन् ! विभगज्ञान के कितने पर्याय कहे है ?

[ उ. ] गौतम ! विभगज्ञान के अनन्त पर्याय कहे है। (पर्यायद्वार)

**143. [Q.]** *Bhante* ! How many are the *paryayas* (modes or sub-categories) of Vibhang-jnana ?

[Ans.] Gautam ! They are also said to be infinite.

**ज्ञान और अज्ञान के पर्यायो का अल्पबहुत्व COMPARATIVE NUMBERS OF PARYAYAS**

**१४४. [ प्र. ] एएसि णं भंते ! आभिणिबोहियनाणपज्जवाणं सुयनाणपज्जवाणं ओहिनाणपज्जवाणं मणपज्जवनाणपज्जवाणं केवलनाणपज्जवाण य कयरे कयरेहिंतो जाव विसेसाहिया वा ?**

**[ उ. ] गोयमा ! सव्वत्थोवा मणपज्जवनाणपज्जवा, ओहिनाणपज्जवा अणंतगुणा, सुयनाणपज्जवा अणंतगुणा, आभिणिबोहियनाणपज्जवा अणंतगुणा, केवलनाणपज्जवा अणंतगुणा।**

१४४. [ प्र. ] भगवन् ! इन (पूर्वोक्त) आभिनिबोधिकज्ञान, श्रुतज्ञान, अवधिज्ञान, मन पर्यायज्ञान और केवलज्ञान के पर्यायो मे किनके पर्याय, किनके पर्यायो से अल्प, बहुत, तुल्य या विशेषाधिक है ?

[ उ. ] गौतम ! मन पर्यायज्ञान के पर्याय सबसे थोडे है। उनसे अवधिज्ञान के पर्याय अनन्तगुणे है। उनसे श्रुतज्ञान के पर्याय अनन्तगुणे है। उनसे आभिनिबोधिकज्ञान के पर्याय अनन्तगुणे है और उनसे केवलज्ञान के पर्याय अनन्तगुणे है।

**144. [Q.]** *Bhante* ! Of the sub-categories (*paryayas*) of aforesaid *Abhinibodhik-jnana*, *Shrut-jnana*, *Avadhi-jnana*, *Manah-paryav-jnana* and *Keval-jnana*, which are comparative less, more, equal and much more ?

**[Ans.]** Gautam ! The *paryayas* of *Manah-paryav-jnana* are minimum Infinite times more than these are *paryayas* of *Avadhi-jnana* Infinite times more than these are *paryayas* of *Shrut-jnana* Infinite times more than these are *paryayas* of *Abhinibodhik-jnana* and infinite times more these are *paryayas* of *Keval-jnana*

**१४५. [ प्र. ] एएसि णं भंते ! मइअन्नाणपज्जवाणं सुयअन्नाणपज्जवाणं विभंगनाणपज्जवाण य कयरे कयरेहिंतो जाव विसेसाहिया वा ?**

**[ उ. ] गोयमा ! सव्वत्थोवा विभंगनाणपज्जवा, सुयअन्नाणपज्जवा अणंतगुणा, मइअन्नाणपज्जवा अणंतगुणा।**

१४५. [ प्र. ] भगवन् ! इन (पूर्वोक्त) मति-अज्ञान, श्रुत-अज्ञान और विभगज्ञान के पर्यायो मे, किनके पर्याय, किनके पर्यायो से अल्प, बहुत, तुल्य या विशेषाधिक है ?

[ उ. ] गौतम ! सबसे थोडे विभगज्ञान के पर्याय है, उनसे श्रुत-अज्ञान के पर्याय अनन्तगुणे है और उनसे मति-अज्ञान के पर्याय अनन्तगुणे है।

**145. [Q.]** *Bhante* ! Of the sub-categories (*paryayas*) of aforesaid *Mati-ajnana*, *Shrut-ajnana* and *Vibhang-jnana* (pervert knowledge), which are comparative. less, more, equal and much more ?

**[Ans.]** Gautam ! The *paryayas* of *Vibhang-jnana* are minimum.

Infinite times more than these are *paryayas* of *Shrut-ajnana*. Infinite times more than these are *paryayas* of *Mati-ajnana*.

**१४६. [प्र.] एएसि णं भंते ! आभिणिबोहियणाणपज्जवाणं जाव केवलनाणपज्जवाणं, मइअन्नाणपज्जवाणं, सुयअन्नाणपज्जवाणं, विभंगनाणपज्जवाण य कयरे कयरेहिंतो जाव विसेसाहिया वा ?**

**[उ.] गोयमा ! सव्वत्थोवा मणपज्जवनाणपज्जवा, विभंगनाणपज्जवा अणंतगुणा, ओहिणाणपज्जवा अणंतगुणा, सुयअन्नाणपज्जवा अणंतगुणा, सुयनाणपज्जवा विसेसाहिया, मइअन्नाणपज्जवा अणंतगुणा, आभिणिबोहियनाणपज्जवा विसेसाहिया, केवलनाणपज्जवा अणंतगुणा।**

**सेवं भंते ! सेवं भंते ! त्ति०।**

**॥ अट्ठम सए : बितिओ उद्देसओ समत्तो ॥**

१४६. [प्र.] भगवन् ! इन (पूर्वोक्त) आभिनिबोधिकज्ञान-पर्याय यावत् केवलज्ञान पर्यायो तक मे तथा मति-अज्ञान, श्रुत-अज्ञान और विभगज्ञान के पर्यायो मे किसके पर्याय, किसके पर्यायो से अल्प, बहुत, तुल्य अथवा विशेषाधिक है ?

[उ.] गौतम ! सबसे थोडे मन पर्यायज्ञान के पर्याय है। उनसे विभगज्ञान के पर्याय अनन्तगुणे है। उनसे अवधिज्ञान के पर्याय अनन्तगुणे है। उनसे श्रुत-अज्ञान के पर्याय अनन्तगुणे है। उनसे श्रुतज्ञान के पर्याय विशेषाधिक है। उनसे मति-अज्ञान के पर्याय अनन्तगुणे है। उनसे मतिज्ञान के पर्याय विशेषाधिक है और केवलज्ञान के पर्याय उनसे अनन्तगुणे है।

'हे भगवन् ! यह इसी प्रकार है, भगवन् ! यह इसी प्रकार है', यो कहकर यावत् गौतम स्वामी विचरण करने लगे।

**146. [Q.]** Bhante ! Of the sub-categories (*paryayas*) of aforesaid *abhinibodhik-jnana*. and so on up to *Keval-jnana*, and of aforesaid *mati-ajnana*, *shrut-ajnana* and *vibhang-jnana* which are comparatively less, more, equal and much more ?

**[Ans.]** Gautam ! The *paryayas* of *Manah-paryav-jnana* are minimum Infinite times more than these are *paryayas* of *Vibhang-jnana* (pervert knowledge) Infinite times more than these are *paryayas* of *Avadhi-jnana* Infinite times more than these are *paryayas* of *Shrut-ajnana*. Much more than these are *paryayas* of *Shrut-jnana*. Infinite times more than these are *paryayas* of *Mati-ajnana*. Much more than these are paryayas of *Abhinibodhik-jnana* and infinite times more these are *paryayas* of *Keval-jnana*.

"*Bhante* ! Indeed that is so. Indeed that is so." With these words. and so on up to... ascetic Gautam resumed his activities

**विवेचन :** प्रस्तुत ७ सूत्रो मे पर्यायद्वार के माध्यम से ज्ञान और अज्ञान की पर्यायो तथा उनके अल्पबहुत्व का निरूपण किया गया है।

**पर्याय :** भिन्न-भिन्न अवस्थाओ के विशेष भेदो को 'पर्याय' कहते है। पर्याय के दो भेद हैं-(१) स्वपर्याय, और (२) परपर्याय। क्षयोपशम की विचित्रता से मतिज्ञान के अवग्रह आदि अनन्त भेद होते हैं, जो स्वपर्याय कहलाते है। अथवा मतिज्ञान के विषयभूत ज्ञेयपदार्थ अनन्त होने से उन ज्ञेयो के भेद से ज्ञान के भी अनन्त भेद हो जाते है। इस अपेक्षा से भी मतिज्ञान के अनन्त पर्याय हैं। अथवा केवलज्ञान द्वारा मतिज्ञान के अश (टुकडे) किये जाये तो भी अनन्त अश होते है। मतिज्ञान के सिवाय दूसरे पदार्थों के पर्याय 'परपर्याय' कहलाते है। मतिज्ञान के स्वपर्यायो का बोध कराने मे तथा परपर्यायो से उन्हें भिन्न बतलाने में प्रतियोगी रूप से उनका उपयोग है। इसलिए वे मतिज्ञान के परपर्याय कहलाते है। श्रुतज्ञान के भी स्वपर्याय और परपर्याय अनन्त है। उनमे से श्रुतज्ञान के अक्षरश्रुत-अनक्षरश्रुत आदि भेद स्वपर्याय कहलाते है, जो अनन्त हैं। क्योंकि श्रुतज्ञान के क्षयोपशम की विचित्रता के कारण तथा श्रुतज्ञान के विषयभूत ज्ञेय पदार्थ अनन्त होने से श्रुतज्ञान के (श्रुतानुसारी बोध के) भेद भी अनन्त हो जाते है। अथवा केवलज्ञान द्वारा श्रुतज्ञान के अनन्त अश होते है, वे भी उसके स्वपर्याय ही है। श्रुत-ज्ञान से भिन्न पदार्थों के विशेष धर्म, श्रुतज्ञान के परपर्याय कहलाते है।

अवधिज्ञान के स्वपर्याय भी अनन्त है, क्योकि उसके भवप्रत्यय और गुणप्रत्यय (क्षायोपशमिक), इन दो भेदो के कारण, उनके स्वामी देव और नारक तथा मनुष्य और तिर्यञ्च के, असख्येय क्षेत्र और काल के भेद से, अनन्त द्रव्य-पर्याय के भेद से एव केवलज्ञान द्वारा उसके अनन्त अश होने से अवधिज्ञान के अनन्त भेद होते है।

इसी प्रकार इन्ही कारणो से अवधिज्ञान, मन पर्यवज्ञान व केवलज्ञान के भी अनन्त स्वपर्याय एव पर-पर्याय होते है।

**॥ अष्टम शतक : द्वितीय उद्देशक समाप्त ॥**

**Elaboration**—In these seven aphorisms the sub-categories (*paryaya*) of knowledge (*jnana*) and there comparative details have been discussed.

*Paryaya* (sub-categories)—Qualitative categorization of different states or modes is called *paryaya*. This is of two types—(1) *Sva-paryaya* (own modes) and (2) *Par-paryaya* (relative modes). Due to unpredictable influence of destruction-cum-pacification (*kshayopasham*) of *karmas* there are infinite sub-categories of *Mati-jnana* including *avagraha* (acquisition of cursory knowledge). These are called *Sva-paryaya* (own modes). As the number of knowable things is infinite there are infinite modes with respect to these things. Also if *Mati-jnana* is divided and sub-divided with the help of *Keval-jnana* (omniscience) the number would be infinite. There are infinite modes of things or states other than *Mati-jnana* These are useful in a comparative study of *Mati-jnana* to know all there is to know about *Mati-jnana*. From this angle they are called *par-paryaya* (relative modes) of *Mati-jnana*. *Shrut-jnana* also has

infinite *sva-paryayas* and *par-paryayas*. Due to unpredictable influence of destruction-cum-pacification (*kshayopasham*) of *karmas* there are infinite sub-categories of Shrut-jnana including *Akshar-shrut* (literal or vocal knowledge) and *anakshar* (non-vocal or non-literal knowledge). These are *sva-paryayas* of *Shrut-jnana* and are infinite. As the number of knowable things is infinite there are infinite modes of *Shrut-jnana* with respect to these things Also if *Shrut-jnana* is divided and sub-divided with the help of *Keval-jnana* the number would be infinite There are infinite modes of things or states other than *Shrut-jnana*, they are called *par-paryaya* (relative modes) of *Shrut-jnana*

In the same way there are infinite *sva-paryayas* and *par-paryaya* of *avadhi-jnana*, *manah-paryav-jnana*, *Keval-jnana* also

**● END OF THE SECOND LESSON OF THE EIGHTH CHAPTER ●**

# तइओ उद्देसओ : 'रुक्खा'

# अष्टम शतक : तृतीय उद्देशक : वृक्ष

## EIGHTH SHATAK (Chapter Eight) : THIRD LESSON : VRIKSHA (TREE)

***विविध जाति के वृक्षों का निरूपण*** **TREES OF VARIOUS SPECIES**

**१. [प्र.] कइविहा णं भंते ! रुक्खा पण्णत्ता ?**

**[उ.] गोयमा ! तिविहा रुक्खा पण्णत्ता, तं जहा–संखेज्जजीविया, असंखेज्जजीविया, अणंतजीविया।**

१. [प्र.] भगवन् ! वृक्ष कितने प्रकार के कहे है ?

[उ.] गौतम ! वृक्ष तीन प्रकार के कहे है-(१) सख्यात जीव वाले, (२) असख्यात जीव वाले और (३) अनन्त जीव वाले।

**1. [Q.]** *Bhante* ! How many types of trees are there ?

**[Ans.]** Gautam ! Trees are said to be of three types—(1) having a countable number of *jivas* (souls), (2) having an uncountable number of *jivas* (souls), and (3) having infinite number of *jivas* (souls).

**२. [प्र.] से किं तं संखेज्जजीविया ?**

**[उ.] संखेज्जजीविया अणेगविहा पण्णत्ता, तं जहा–ताले, तमाले, तक्कलि, तेतलि, जहा पण्णवणाए जाव नालिएरी जे यावन्ने तहप्पगारा। से त्तं संखेज्जजीविया।**

२. [प्र.] भगवन् ! सख्यात जीव वाले वृक्ष कौन-से है ?

[उ.] गौतम ! सख्यात जीव वाले वृक्ष अनेकविध है। जैसे-ताड, तमाल, तक्कलि, तेतलि इत्यादि, प्रज्ञापना सूत्र (पहले पद) मे कहे अनुसार यावत् नारिकेल (नारियल) पर्यन्त जानना चाहिए। ये और इनके अतिरिक्त इस प्रकार के जितने भी वृक्ष विशेष है, वे सब सख्यात जीव वाले है।

**2. [Q.]** *Bhante* ! Which are the trees having a countable number of *jivas* (souls) ?

**[Ans.]** Gautam ! Trees having a countable number of *jivas* (souls) are of many types For example—*Taad* (palm tree), *Tamaal* (an evergreen tree; *Crateva nurvala Buch*), *Takkali* (*Premna Interfolia*), *Tetali* (*Titali; Euphorbia Dracunculoides*)... and so on up to . *Naarikel* (coconut) as mentioned in the first chapter of *Prajnapana Sutra*. These and all other trees of this type are with countable number of souls

**३. [प्र.] से किं तं असंखेज्जजीविया ?**

**[उ.] असंखेज्जजीविया दुविहा पण्णत्ता, तं जहा–एगट्ठिया य बहुबीयगा य।**

३. [ प्र. ] भगवन् ! असख्यात जीव वाले वृक्ष कौन-से है ?

[ उ. ] गौतम ! असंख्यात जीव वाले वृक्ष दो प्रकार के हैं। यथा-एकास्थिक (एक गुठलीवाले) और बहुबीजक (बहुत बीजो वाले।)

**3. [Q.]** *Bhante* ! Which are the trees having uncountable number of *jivas* (souls) ?

**[Ans.]** Gautam ! Trees having an uncountable number of *jivas* (souls) are of two types—those with single seed and those with multiple seeds

४. [ प्र. ] से किं तं एगट्ठिया ?

[ उ. ] **एगट्ठिया अणेगविहा पण्णत्ता, तं जहा–निंबंबजंबु एवं जहा पण्णवणापए जाव फला बहुबीयगा। से त्तं बहुबीयगा। से त्तं असंखेज्जजीविया।**

४. [ प्र. ] भगवन् एकास्थिक वृक्ष कौन-से है ?

[ उ. ] गौतम ! एकास्थिक (एक गुठली या बीज वाले) वृक्ष अनेक प्रकार के है। जैसे कि-नीम, आम, जामुन आदि। इस प्रकार प्रज्ञापनासूत्र (प्रथम पद) मे कहे अनुसार यावत् बहुबीज वाले फलो तक कहना चाहिए। इस प्रकार यह बहुबीजको का वर्णन हुआ। यह असख्यात जीव वाले वृक्षो का वर्णन हुआ।

**4. [Q.]** *Bhante* ! Which are the trees having single seed ?

**[Ans.]** Gautam ! Trees having single seed are of many types—*Neem* (Margosa, *Melia azadirachta*), *Aam* (mango), *Jamun* (rose-apple, *Eugenia Jambolana*) etc . and so on up to .. trees with multiple seeds, as mentioned in the first chapter of *Prajnapana Sutra* This concludes description of trees with multiple seeds. This concludes description of trees with uncountable souls.

५. [ प्र. ] से किं तं **अणंतजीविया** ?

[ उ. ] **अणंतजीविया अणेगविहा पण्णत्ता, तं जहा–आलुए, मूलए, सिंगबेरे एवं जहा सत्तमसए जाव सीउंढी, मुसुंढी, जे यावन्ने तहप्पगारा। से त्तं अणंतजीविया।**

५. [ प्र. ] भगवन् ! अनन्त जीव वाले वृक्ष कौन-से है ?

[ उ. ] गौतम ! अनन्त जीव वाले वृक्ष अनेक प्रकार के है। जैसे-आलू, मूला, शृगबेर (अदरख) आदि। इस प्रकार भगवतीसूत्र के सप्तम शतक के तृतीय उद्देशक में कहे अनुसार, यावत् 'सिउढी (सोठ) मुसुंढी तक जानना चाहिए। ये और इनके अतिरिक्त जितने भी इस प्रकार के अन्य वृक्ष है, उन्हे भी (अनन्त जीव वाले) जान लेना चाहिए। यह अनन्त जीव वाले वृक्षो का कथन हुआ।

**5. [Q.]** *Bhante* ! Which are the trees having infinite number of *jivas* (souls) ?

[**Ans.**] Gautam ! Trees having infinite number of *jivas* (souls) are of many types—potato, radish, *Shringaber* (ginger) etc. ... and so on up to ... *Simundi* (ginger) as mentioned in the third lesson of the seventh chapter of *Bhagavati Sutra*. These and all other trees of this type are trees having infinite number of *jivas* (souls) This concludes description of trees with infinite number of souls.

**विवेचन** . **संख्यातजीविक**, जिनमे सख्यात जीव हों। जैसे-ताड, तमाल, तेतलि, तक्कलं (अरणी) साल, सारकल्याण, सरल, जाई, (चमेली) केतकी, कदली (केला) तथा चर्मवृक्ष, भूतवृक्ष, हिंगुवृक्ष और लवगवृक्ष, पूगफली (पूगीफल-सुपारी), खजूर, और नारियल आदि वृक्ष।

असख्यात जीव वाले मुख्यता दो प्रकार के है-**एकास्थिक** और **बहुबीजक**। जिन फलो मे एक ही बीज (या गुठली) हो वे एकास्थिक और जिन फलो मे बहुत-से बीज हो, वे बहुबीजक-अनेकास्थिक कहलाते हैं। जैसे-नीम, आम, जामुन, कोशाम्ब, साल, अकोल्ल, पीलू, सल्लकी, मालुक, बकुल, पलाश और करज इत्यादि फल एकास्थिक (एक गुठली) वाले है।

तिन्दुक, कविट्ठ, (कैथ) आम्रातक, (जगली आम) मातुलुग (बिजौरा), बेल, आँवला, फणस (कटहल), दाडिम, अश्वत्थ, उदुम्बर (गूलर) और वट आदि ये बहुबीजक फल है।

अनेकजीविक फलदार वृक्षो के भी प्रज्ञापना मे कुछ नाम इस प्रकार गिनाए है-

**एएसिं मूला वि असंखेज्जजीविया, कंदावि, खंधावि, तयावि, सालावि पवालावि, पत्ता पत्तेयजीविया पुप्फा अणेगजीविया फला बहुबीयगा।**" इन (पूर्वोक्त) वृक्षो के मूल भी असख्यातजीविक है। कन्द, स्कन्ध, त्वचा (छाल), शाखा, प्रवाल (नये कोमल पत्ते)। प्रत्येकजीवी है, फूल अनेकजीविक है, फल बहुबीज वाले है। *(वृत्ति पत्राक ३६४--सलग्न चित्र देखे।)*

**Elaboration**—Trees with countable souls are—*Taad* (palm tree), *Tamaal* (an evergreen tree; *Crateva nurvala Buch*), *Takkali* (*Premna Interfolia*), *Tetali* (*Titali; Euphorbia Dracunculoides*), *Saal* (*Shorea robusta*), *Saarkalyan* (black catechu, *Acacia Catachu*), *Saral* (*Cheed*; Long leafed Pine); Chir Pine), *Jaai* (Jasmine), *Ketaki* (*Kevada*; Screw Pine), *Kadali* (banana), *Charmavriksha* (*Bhojapatra* tree; Himalayan Silver Birch), *Bhoot-vriksha* (Walnut tree), *Hinguvriksha* (Asafoetida tree), *Lavangvriksha* (clove tree), *Poogaphali* (betel-nut palm), *Khajoor* (date), *Naarikel* (coconut) and others.

Trees with uncountable souls are mainly of two types—*Ekasthik* or having one bone, which means having single carnal or seed, and having multiple seeds. Examples of trees with single seed fruits—*Neem*, mango, rose-apple, *Kosamb* (Ceylo Oak; *Schleichera trijuga*), *Saal* (*Shorea robusta*), *Ankolla* (*Dhela; Alangium Lamarckii thwaites*), *Pilu* (*Salvadora Persica*), *Mochaki* (*Semal*; Silk Cotton tree; *Bombax*

## संख्यात जीव वाले



ताड़, ताल
The Palmyra Palm



तमाल, वरुन, वरना
*(Latin)* Crataeva Nurvala Buch



अरणि, तर्कारि, गनियल
*(Latin)* Premna Interfolia, Clerodendron Phlomoides

## असंख्यात जीव वाले

### एकास्थिक



कोशम्ब, कोसम, जगली आम
Ceylo Oak



अकोल, ढेरा, टेरा, ढेला
*(Latin)* Alangium Lamarckiithwaites

### बहुबीजक



अम्रातक, अबाडग
Hogplum, Wild Mango



उम्बर, गुलर, गुलर
*(Latin)* Ficus glomerata, Fam Moraceae



माउलिग, बिजोरानींबु, तुरंज
Citron

## अनन्त जीव वाले



सिउंढि, सेहुण्ड, थूहर, थोर
Common Milk Hedge



मुसंढी, स्याहमूसली, कालीमूशली
*(Latin)* Curculigo Orchloides Gaertn

*malabaricum*), *Sallaki* (*Boswellia serrata*), *Maluk* (*Krishna Tulsi; Ocimum Sanctum*), *Bakul* (*Maulashri; Mimusops elengi*), *Palash* (Forest Flame; *Burea frondosakoen*), *Karanj* (Indian Beech; *Pongamia Glabra Vent*) and others.

Examples of trees with multiple seed fruits—*Tinduk* (*Tendu; Gaub Persimon; Diospyrosembryopteris*), *Kavittha* (*Kaith*; Wood apple or Elephant apple; *Feronia elephantum*), *Amratak*, *Matulung* (*Bijora*; Citron; *Citrus medica*), *Bel* (*Bilva*; Bengal Quince; *Aegle marmelos corr*), *Anvala* (hog-plum, *Emblica officinalis*), *Phanas* (*Katahal*; Jack fruit; *Artocarpus integrifolia*), *Dadim* (*Anaar*; Pomegranate), *Ashvattha* (*Pipal*; *Ficus religiosa*), *Udumbar* (*Gular*; *Ficus glomerata*), *Vat* (Banyan tree; *Ficus bengalensis*) and others. The roots of the aforesaid trees are also with uncountable souls, the trunks (*kand*), thick branches (*skandh*), barks (*chhaal*), branches (*shakha*), and sprouts (*praval*) are with infinite souls, the flowers (*pushp*) are with numerous souls and fruits (*phal*) are with multiple seeds (*beej*). *(Vritti, leaf 364; see illustration next page)*

**जीव प्रदेशों पर शस्त्रादि का स्पर्श TOUCH OF WEAPON ON SOUL-SPACEPOINTS**

**६. [प्र. १ ] अह भंते ! कुम्मे कुम्मावलिया, गोहे गोहावलिया, गोणे गोणावलिया, मणुस्से मण्णुस्सावलिया, महिसे महिसावलिया, एएसि णं दुहा वा तिहा वा संखेज्जहा वा छिन्नाणं जे अंतरा ते वि णं तेहिं जीवपदेसेहिं फुडा ?**

**[उ. ] हंता, फुडा।**

६. [प्र. १ ] भगवन् ! कछुआ, कछुओ की श्रेणी (कूर्मावली), गोधा (गोह), गोधा की पक्ति (गोधावलिका), गाय, गायों की पक्ति, मनुष्य, मनुष्यो की पंक्ति, भैसा, भैसों की पंक्ति, इन सबके दो या तीन अथवा सख्यात खण्ड (टुकडे) किये जाये तो उनके बीच का भाग क्या जीवप्रदेशो से स्पृष्ट (व्याप्त) होता है ?

[उ. ] हाँ, गौतम ! वह (बीच का भाग जीवप्रदेशो से) स्पृष्ट होता है।

**6. [1] [Q.]** *Bhante* ! A tortoise, a row of tortoises (or other beings of the same species), a lizard, a row of lizards, a cow, a row of cows, a human, a row of humans, a buffalo, a row of buffaloes, if they are cut into two, three or countable pieces then is the intervening space touched by soul-space-points ?

**[Ans.]** Yes, Gautam ! It (the intervening space) is touched.

[प्र. २ ] पुरिसे णं भंते ! ते अंतरे हत्थेण वा पादेण वा अंगुलियाए वा, सलागाए वा कट्ठेण वा किलिंचेण वा आमुसमाणे वा सम्मुसमाणे वा आलिहमाणे वा विलिहमाणे वा अन्नयरेण वा तिक्खेणं सत्थजाएणं आच्छिंदेमाणे वा विच्छिंदेमाणे वा, अगणिकाएणं वा समोडहमाणे तेसिं जीवपदेसाणं किंचि आबाहं वा वाबाहं वा उप्पायइ, छविच्छेदं वा करेइ ?

[ उ. ] णो इणट्ठे समट्ठे, नो खलु तत्थ सत्थं संकमति।

[ प्र. २ ] भगवन् ! कोई पुरुष उन कछुए आदि के खण्डो के बीच के भाग को हाथ से, पैर से, अगुलि से, शलाका (सलाई) से, काष्ठ से या लकडी के छोटे–से टुकड़े से थोडा स्पर्श करे, विशेष स्पर्श करे, थोडा–सा खीचे या विशेष खीचे या किसी तीक्ष्ण शस्त्रजात (शस्त्रसमूह) से थोडा छेदे अथवा विशेष छेदे अथवा अग्निकाय से उसे जलाए तो क्या उन जीवप्रदेशो को थोडी या अधिक बाधा (पीडा) उत्पन्न कर पाता है अथवा उसके किसी भी अवयव का छेद कर पाता है ?

[ उ. ] गौतम ! यह अर्थ समर्थ नही है, क्योंकि उन जीवप्रदेशो पर शस्त्र (आदि) का प्रभाव नहीं होता।

**6. [2] [Q.]** *Bhante* ! Suppose a person touches this intervening space between pieces of tortoise etc., lightly or forcefully, with his hand, foot, finger, needle, wood or a sliver of wood; pulls it lightly or forcefully or pierces it lightly or forcefully with a sharp instrument or burns it with fire; then is he able to cause a little or more pain or pierce any part of it ?

**[Ans.]** No, Gautam ! That is not correct because weapons (etc.) have no effect on those soul-space-points.

**विवेचन** : (१) किसी भी जीव के शरीर के टुकडे–टुकडे कर देने पर भी उसके बीच के भाग कुछ काल तक जीवप्रदेशो से स्पृष्ट रहते है, तथा (२) कोई भी व्यक्ति जीवप्रदेशो को हाथ आदि से छुए, खीचे या शस्त्रादि से काटे तो उन पर उसका कोई प्रभाव नही होता। इससे स्पष्ट है कि मूर्त का अमूर्त जीवप्रदेशो पर बिल्कुल भी प्रभाव नही पडता है जैसे कि हम देखते है कि छिपकली की पूँछ कट जाने पर भी काफी देर तक कटी हुई पूँछ छटपटाती रहती है। उस पूँछ और शरीर के बीच मे आत्म प्रदेश होते है वहाँ बीच मे कैची चलाने पर भी उन आत्म प्रदेशो पर कोई अन्तर नही पडता।

**Elaboration**—(1) Even when the body of a living being is cut to pieces soul-space-points pervade the intervening area for some time. (2) There is no effect of any touch, pull or weapon on soul-space-points.

### *आठ पृथ्वियों का कथन* EIGHT WORLDS

७. [ प्र. ] कइ णं भंते ! पुढवीओ पण्णत्ताओ ?

[ उ. ] गोयमा ! अट्ठ पुढवीओ पन्नत्ताओ, तं जहा–रयणप्पभा जाव अहेसत्तमा पुढवी, ईसिपब्भारा।

७. [ प्र. ] भगवन् ! पृथ्वियाँ कितनी कही हैं ?

[ उ. ] गौतम ! पृथ्वियाँ आठ कही है। वे इस प्रकार है–रत्नप्रभापृथ्वी यावत् अधःसप्तमा (तमस्तमा) पृथ्वी और ईषत्प्राग्भारा (सिद्धशिला)।

7. [Q.] *Bhante* ! How many worlds (*prithvis*) are there ?

[Ans.] Gautam ! There are said to be eight worlds. They are—Ratnaprabha *prithvi* ... and so on up to ... Adhah-saptama (Tamastama) *prithvi* and Ishatpragbhara *prithvi* (Siddhashila).

८. [प्र.] इमा णं भंते ! रयणप्पभापुढवी किं चरिमा, अचरिमा ? चरिमपदं निरवसेसं भाणियव्वं जाव वेमाणिया णं भंते ! फासचरिमेणं किं चरिमा अचरिमा ?

[उ.] गोयमा ! चरिमा वि अचरिमा वि।

सेवं भंते ! सेवं भंते ! त्ति।

॥ अट्ठमसए : तइओ उद्देसओ समत्तो ॥

८. [प्र.] भगवन् ! क्या यह रत्नप्रभापृथ्वी चरम (प्रान्तवर्ती-अन्तिम) है अथवा अचरम (मध्यवर्ती) है ?

[उ.] (गौतम !) यहाँ प्रज्ञापनासूत्र का समग्र चरमपद (१०वाँ) कहना चाहिए; यावत्- (प्र.) भगवन् ! वैमानिक स्पर्शचरम से क्या चरम है, अथवा अचरम हैं ?

(उ) गौतम ! वे चरम भी है और अचरम भी हैं। (यहाँ तक कहना चाहिए।)

'हे भगवन् ! यह इसी प्रकार है, भगवन् ! यह इसी प्रकार है'; (यो कहकर भगवान गौतम यावत् विचरण करते है।)

8. [Q.] *Bhante* ! Is this Ratnaprabha *prithvi* the extreme (last) one or is it non-extreme (middle) one ?

[Ans.] Gautam ! It is last as well as middle. (As in *Prajnapana Sutra*)

"*Bhante* ! Indeed that is so. Indeed that is so." With these words .. and so on up to.. ascetic Gautam resumed his activities.

विवेचन : चरम का अर्थ यहाँ प्रान्त या पर्यन्तवर्ती (अन्तिम सिरे पर रहा हुआ) है। यह अन्तवर्तित्व अन्य द्रव्य की अपेक्षा से समझना चाहिए। जैसे-पूर्वशरीर की अपेक्षा से चरमशरीर कहा जाता है। अचरम का अर्थ है-अप्रान्त यानी मध्यवर्ती। यह भी आपेक्षिक है। जैसे कि कहा जाता है-अन्यद्रव्य की अपेक्षा यह अचरम द्रव्य है अथवा अन्तिम शरीर की अपेक्षा यह मध्य शरीर है। *(विस्तृत वर्णन प्रज्ञापना पद १० से जानें)*

॥ अष्टम शतक : तृतीय उद्देशक समाप्त ॥

**Elaboration**—Here the term *charam* does not mean absolutely extreme or the last one, it is used in relative context or relative to something. In the same way *acharam* does not mean absolutely non-extreme. It is also relative to something. Relative to hells it is the extreme but relative to a larger group of other areas in space it is non-extreme. *(For detailed description refer to Chapter 10 of Prajnapana Sutra)*

**● END OF THE THIRD LESSON OF THE EIGHTH CHAPTER ●**

# चउत्थो उद्देसओ : 'किरिया'
# अष्टम शतक : चतुर्थ उद्देशक : क्रिया
## EIGHTH SHATAK (Chapter Eight) : FOURTH LESSON : KRIYA (ACTIVITY)

**पाँच क्रियाएँ FIVE ACTIVITIES (KRIYAS)**

**१. [ प्र. ] रायगिहे जाव एवं वयासी—कति णं भंते ! किरियाओ पण्णत्ताओ ?**

**[ उ. ] गोयमा ! पंच किरियाओ पण्णत्ताओ, तं जहा—काइया, अहिगरणिया, एवं किरियापदं निरवसेसं भाणियव्वं जाव मायावत्तियाओ किरियाओ विसेसाहियाओ।**

**सेवं भंते ! सेवं भंते ! त्ति।**

**॥ अट्ठमसए : चउत्थो उद्देसओ समत्तो ॥**

१. [ प्र. ] राजगृह नगर मे यावत् गौतम स्वामी ने इस प्रकार पूछा—हे भगवन् ! क्रियाएँ कितनी कही है ?

[ उ. ] गौतम ! क्रियाएँ पाँच कही है। वे इस प्रकार है—

(१) कायिकी, (२) आधिकरणिकी, (३) प्राद्वेषिकी, (४) पारितापनिकी, और (५) प्राणातिपातिकी।

यहाँ प्रज्ञापनासूत्र का (बाईसवाँ) समग्र क्रियापद कहना चाहिए, यावत् 'मायाप्रत्ययिकी क्रियाएँ विशेषाधिक है,'—यहाँ तक कहना चाहिए।

'हे भगवन् ! यह इसी प्रकार है, भगवन् ! यह इसी प्रकार है', यो कहकर गौतम स्वामी यावत् विचरण करने लगे।

**1. [Q.]** *Bhante* ! How many kinds of activities (*kriyas*) are there ?

**[Ans.]** Gautam ! Activities are said to be of five kinds They are as follows—

(1) *Kayiki*, (2) *Aadhikaraniki*, (3) *Pradveshiki*, (4) *Paritapaniki* and (5) *Pranatipatiki*.

Here the whole twenty-second chapter of *Prajnapana Sutra* should be quoted up to "*Mayapratyayiki kriyas* are much more."

"*Bhante* ! Indeed that is so. Indeed that is so." With these words... and so on up to... ascetic Gautam resumed his activities

**विवेचन :** कर्मबन्ध की कारणभूत चेष्टा—अथवा प्रवृत्ति को क्रिया कहा गया है।

**क्रियाओं का स्वरूप और प्रकार—कायिकी क्रिया के दो प्रकार हैं—१. अनुपरतकायिकी—**(हिंसादि सावद्ययोग से देशत या सर्वत अनिवृत्त—अविरत जीवों को लगने वाली), और २. **दुष्प्रयुक्तकायिकी—**(कायादि के दुष्प्रयोग से

## पाँच क्रियाएँ



कायिकी क्रिया
ओह ! तुमने मेरा जीना हराम कर दिया है।
प्राद्वेषिकी क्रिया
जीव पर-द्वेष
ओह! इस दुष्ट पत्थर को बीच में ही पड़ा होना था।
अजीव पर-द्वेष
पारितापनिकी क्रिया
प्राणातिपातिकी क्रिया

चित्र-परिचय 6

Illustration No. 6

# पाँच क्रियाएँ

कर्मबन्ध की कारणभूत चेष्टा को अथवा दुष्ट व्यापार विशेष को '**क्रिया**' कहते हैं। यहाँ पॉच प्रकार की क्रियाओ का वर्णन किया गया है—

1. **कायिकी क्रिया**—काया सबधी क्रिया कायिकी क्रिया कहलाती है। जैसे किसी के साथ टकराकर उसे गिराना इत्यादि।

2. **आधिकरणिकी क्रिया**—जिसके द्वारा आत्मा नरक आदि दुर्गति का अधिकारी होता है। उस पाप के साधनों—खड्ग, चाकू, बदूक इत्यादि का अनुष्ठान-विशेष अधिकरण कहलाता है। आधिकरणिकी क्रिया दो प्रकार की होती है—**संयोजनाधिकरणिकी**—पहले से बने हुए अस्त्र-शस्त्र आदि हिसा के साधनों को एकत्रित कर तैयार रखना। **निर्वर्त्तनाधिकरणिकी**—नवीन अस्त्र शस्त्रादि बनवाना।

3. **प्राद्वेषिकी क्रिया**—यह क्रिया क्रोध के आवेश मे होती है। यह दो प्रकार की है—

   1. **जीव प्राद्वेषिकी**—जीव पर क्रोध करने से होने वाली क्रिया। जैसे बच्चे पर क्रोध करती स्त्री।

   2. **अजीव प्राद्वेषिकी**—अजीव सम्बन्धी क्रोध से होने वाली क्रिया। जैसे पत्थर से ठोकर खाकर उस पर क्रोध करता व्यक्ति।

4. **पारितापनिकी क्रिया**—'**स्व**' को, '**पर**' को अथवा '**उभय**' को परिताप उपजाना, दु.ख देना।

5. **प्राणातिपातिकी क्रिया**—अपने आपको, दूसरो को अथवा स्वय और पर दोनो को प्राणो से रहित करना।

*—शतक 8, उ 4, सूत्र 1*

## FIVE ACTIVITIES

The word *kriya* or activity has been used specifically for sinful activity leading to *karmic* bondage Here five kinds of activity are described –

1. **Kayiki kriya** (bodily or physical activity) - An and all activities of the body is called *Kayiki kriya* For example to collide with someone and topple him

2. **Aadhikaraniki kriya** (activity involving tools or weapons) Adhikaran means the tools or instruments the use of which leads to miserable consequences like a rebirth in hell, such as sword, knife, gun etc This activity is of two types — ***Samyojan-aadhikaranik-kriya*** - act of assembling weapon with already made components, and 2 ***Nirvartan-aadhikaranik-kriya*** – act of making weapons from scratch

3. **Pradveshiki kriya** -— hostile action, towards self and others

4. **Paritapaniki** — punitive action of inflicting punishment and pain on self and others

5. **Pranatipatiki** — act of harming or destroying life of self and others

*-- Shatak-8, lesson-4, Sutra-1*

प्रमत्तसंयत को लगने वाली क्रिया)। आधिकरणिकी के दो भेद-१. संयोजनाधिकरणिकी-(पहले से बने हुए अस्त्र-शस्त्रादि हिंसा के साधनों को एकत्रित कर तैयार रखना), तथा २. निर्वर्तनाधिकरणिकी-(नये अस्त्र-शस्त्रादि बनाना)। ३. प्राद्वेषिकी-(स्वय का, दूसरों का, उभय का अशुभ-द्वेषयुक्त चिन्तन करना), ४. पारितापनिकी-(स्व, पर और उभय को परिताप उत्पन्न करना) और ५. प्राणातिपातिकी-(अपने आपके, दूसरो के या उभय के प्राणो का नाश करना)। *(क्रिया का स्वरूप समझने के लिए चित्र देखें।)*

॥ अष्टम शतक : चतुर्थ उद्देशक समाप्त ॥

**Elaboration**—Here the word *kriya* has been used specifically for inclination or activity leading to *karmic* bondage.

Brief description of some *kriyas*—*Kayiki kriya* (bodily or physical activity) is of two types—1. *Anuparat-kaaya-kriya* (physical activity of a person who has not resolved to abstain from sinful activities) and 2. *Dushprayukata-kaaya-kriya* (physical activity of a pervert ascetic with sensual and mental cravings). *Aadhikaraniki kriya* (activity involving tools or weapons) is of two types—1. *Samyojan-aadhikaranik-kriya* (the act of assembling weapon with already made components) and 2. *Nirvartan-aadhikaranik-kriya* (act of making weapons from scratch). *Pradveshiki*—hostile action, towards self and others, inspired by feelings of anger, aversion and malice *Paritapaniki*—punitive action of inflicting punishment and pain on self and others. *Pranatipatiki*—act of harming or destroying life of self and others. *(Refer to the illustration)*

**● END OF THE FOURTH LESSON OF THE EIGHTH CHAPTER ●**

# पंचमो उद्देसओ : 'आजीव'

## अष्टम शतक : पंचम उद्देशक : आजीव

### EIGHTH SHATAK (Chapter Eight) : FIFTH LESSON : AAJIVA (AJIVAKS)

***श्रावक के भाण्ड विषयक जिज्ञासा*** **INQUIRY ABOUT BELONGINGS OF A SHRAVAK**

**१. रायगिहे जाव एवं वयासी–(प्र.) आजीवया णं भंते ! थेरे भगवंते एवं वयासी–समणोवासगस्स णं भंते ! सामाइयकडस्स समणोवस्सए अच्छमाणस्स केइ भंडं अवहरेज्जा, से णं भंते ! तं भंडं अणुगवेसमाणे किं सभंडं अणुगवेसइ ? परायगं भंडं अणुगवेसइ ?**

[ उ. ] **गोयमा ! सभंडं अणुगवेसइ नो परायगं भंडं अणुगवेसइ।**

१. [ प्र. ] राजगृह नगर के यावत् गौतम स्वामी ने इस प्रकार कहा– भगवन् ! आजीविको (गोशालक के शिष्यो) ने स्थविर भगवन्तो से इस प्रकार पूछा कि कोई श्रावक (श्रमणोपासक) सामायिक करके उपाश्रय मे बैठा है। उस श्रावक के भाण्ड–वस्त्र आदि सामान को कोई चुराकर ले जाये, (और सामायिक पूर्ण होने पर उसे पार कर) वह उस भाण्ड–वस्त्रादि सामान का अन्वेषण करे तो क्या वह (श्रावक) अपने सामान का अन्वेषण करता है या पराये (दूसरो के) सामान का अन्वेषण करता है ?

[ उ. ] गौतम ! वह (श्रावक) अपने ही सामान (भाण्ड) का अन्वेषण करता है, पराये सामान का अन्वेषण नही करता।

**1. [Q.]** In Rajagriha and so on up to . (Gautam Swami) submitted as follows—*Bhante* ! The Ajivaks (followers of Goshalak) inquired from the senior ascetics (*sthavirs*) that suppose a *shravak* (a lay follower) is sitting in an ascetic-lodge (*upashraya*) performing *Samayik* (Jain system of periodic meditation performed in slots of 45 minutes) At that time his belongings including bowls and dress are stolen by someone If (after concluding his *Samayik)* he searches his stolen belongings then does he search for his own belongings or those belonging to others ?

**[Ans.]** Gautam ! He searches his own belongings and not those belonging to others

**२. [ प्र. १ ] तस्स णं भंते ! तेहिं सीलव्वय–गुण–वेरमण–पच्चक्खाण–पोसहोववासेहिं से भंडे अभंडे भवति ?**

[ उ. ] **हंता, भवति।**

२. [ प्र. १ ] भगवन् ! उन शीलव्रत, गुणव्रत, विरमणव्रत, प्रत्याख्यान और पौषधोपवास को स्वीकार किये हुए श्रावक का वह चुराया हुआ सामान (भाण्ड) क्या उसके लिए अभाण्ड हो जाता है ? (अर्थात् सामायिक आदि की अवस्था मे क्या वह सामान उसका अपना रह जाता है या नही ?)

[ उ. ] हाँ, गौतम, वह भाण्ड उसके लिए अभाण्ड हो जाता है।

2. [Q. 1] *Bhante* ! Do the belongings so stolen become non-belongings for that *shravak* who has accepted *Sheel-vrats* (instructive or complimentary vows of spiritual discipline), *Gunavrats* (restraints that reinforce the practice of *anuvrats*), *Viraman-vrats* (five minor vows), *Pratyakhyan* (codes of renouncing) and *Paushadhopavas* (partial ascetic vow and fasting). (In other words while performing *Samayik* do his belongings still remain his ?)

[Ans.] Yes, Gautam ! Those belongings become non-belongings for him.

२. [ प्र. २ ] से केणं खाइ णं अट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ 'सभंडं अणुगवेसइ नो परायगं भंडं अणुगवेसइ' ?

[ उ. ] गोयमा ! तस्स णं एवं भवति–णो मे हिरण्णे, नो मे सुवण्णे, नो मे कंसे, नो मे दूसे, नो मे विउलधण–कणग–रयण–मणि–मोत्तिय–संख–सिल–प्पवाल–रत्तरयणमाइए संतसारसावएज्जे, ममत्तभावे पुण से अपरिण्णाए भवति, से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ–'सभंडं अणुगवेसइ नो परायगं भंडं अणुगवेसइ।

२. [ प्र. २ ] भगवन् ! (जब वह भाण्ड उसके लिए अभाण्ड हो जाता है,) तब आप ऐसा क्यो कहते है कि वह श्रावक अपने भाण्ड का अन्वेषण करता है, दूसरे के भाण्ड का अन्वेषण नही करता ?

[ उ. ] गौतम ! सामायिक आदि करने वाले उस श्रावक के मन मे ऐसे परिणाम होते हैं, कि हिरण्य (चाँदी) मेरा नही है, सुवर्ण मेरा नही है, कास्य (कासी के बर्तन आदि सामान) मेरा नही है, वस्त्र मेरे नही है तथा विपुल धन, कनक, रत्न, मणि, मोती, शख, शिला, प्रवाल (मूँगा) एव रक्तरत्न (पद्मरागादि मणि) इत्यादि विद्यमान सारभूत द्रव्य मेरा नही है। किन्तु उसने ममत्वभाव का प्रत्याख्यान नही किया है। इसी कारण से, हे गौतम ! मै ऐसा कहता हूँ कि वह श्रावक अपने भाण्ड का अन्वेषण करता है, दूसरो के भाण्ड (सामान) का अन्वेषण नही करता।

2. [Q. 2] *Bhante* ! (When those belongings become non-belongings for him), then why do you say that he searches his own belongings and not those belonging to others ?

[Ans.] Gautam ! That *shravak* performing *Samayik* and other such activities thinks that silver (or things made of it) is not mine, gold is not mine, bronze is not mine, clothes are not mine, and great wealth including gold, gems, beads, pearls, conch-shells, stones, coral as well as precious stones like ruby and other available valuable things are not mine. However he has not renounced the intrinsic fondness (for belonginsgs). That is why, Gautam ! I say that he searches his own belongings and not those belonging to others.

३. [प्र.] समणोवासगस्स णं भंते ! सामाइयकडस्स समणोवस्सए अच्छमाणस्स केइ जायं चरेज्जा, से णं भंते ! किं जायं चरइ, अजायं चरइ ?

[उ.] गोयमा ! जायं चरइ, नो अजायं चरइ।

३. [प्र.] भगवन् ! सामायिक करके उपाश्रय मे बैठे हुए श्रावक की पत्नी (जाया) के साथ कोई लम्पट पुरुष व्यभिचार करता है, तो क्या वह (व्यभिचारी) जाया (श्रावक की पत्नी) को भोगता है, या अजाया (दूसरे की स्त्री) को भोगता है ?

[उ.] गौतम ! वह (व्यभिचारी पुरुष) उस श्रावक की जाया को भोगता है, अजाया (दूसरे की स्त्री को) नही भोगता।

3. [Q.] *Bhante* ! Suppose a *shravak* (a lay follower) is sitting in an ascetic-lodge (*upashraya*) performing *Samayik*. At that time if a rogue violates his wife's modesty then does that rogue enjoy the *shravak*'s wife (*jaaya*) or a woman who is not that *shravak*'s wife (*ajaaya*) ?

[Ans.] Gautam ! He (the rogue) enjoys the *shravak*'s wife (*jaaya*) and not a woman who is not that *shravak*'s wife (*ajaaya*)

४. [प्र. १] तस्स णं भंते ! तेहिं सीलव्वय–गुण–वेरमण–पच्चक्खाण–पोसहोववासेहि सा जाया अजाया भवइ ?

[उ.] हंता, भवइ।

४. [प्र. १] भगवन् ! शीलव्रत, गुणव्रत, विरमण, प्रत्याख्यान और पौषधोपवास कर लेने से क्या उस श्रावक की वह जाया 'अजाया' हो जाती है ?

[उ.] हाँ, गौतम ! (साधनाकाल मे) श्रावक की जाया, अजाया हो जाती है।

4. [Q. 1] *Bhante* ! Does his wife (*jaaya*) become non-wife (*ajaaya*) for a *shravak* who has accepted *sheel-vrats* (instructive or complimentary vows of spiritual discipline), *Gunavrats* (restraints that reinforce the practice of *anuvrats*), *Viraman-vrats* (five minor vows), *Pratyakhyan* (codes of renouncing) and *Paushadhopavas* (partial ascetic vow and fasting). (In other words while performing *Samayik* does his wife still remain his ?)

[Ans.] Yes, Gautam ! His wife becomes non-wife for him

४. [प्र. २.] से केणं खाइ णं अट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ 'जायं चरइ, नो अजायं चरइ' ?

[उ.] गोयमा ! तस्स णं एवं भवइ–णो मे माता, णो मे पिता, णो मे भाया, णो मे भगिणी, णो मे भज्जा, णो मे पुत्ता, णो मे धूता, नो मे सुण्हा, पेज्जबंधणे पुण से अव्वोच्छिन्ने भवइ, से तेणट्ठेणं गोयमा ! जाव नो अजायं चरइ।

४. [ प्र. २ ] भगवन् ! (जब शीलव्रतादि–साधनाकाल में श्रावक की जाया 'अजाया' हो जाती है), तब आप ऐसा क्यों कहते हैं कि वह व्यभिचारी पुरुष उसकी जाया को भोगता है, अजाया को नही भोगता।

[ उ. ] गौतम ! शीलव्रतादि को अंगीकार करने वाले उस श्रावक के मन मे ऐसे परिणाम होते है कि 'माता मेरी नही है, पिता मेरे नही है, भाई मेरा नही है, बहन मेरी नहीं है, भार्या मेरी नही है, पुत्र मेरा नही है, पुत्री मेरी नही है, पुत्रवधू (स्नुषा) मेरी नहीं है, किन्तु इन सबके प्रति उसका प्रेम बन्धन टूटा नही है। इस कारण, हे गौतम ! मै कहता हूँ कि वह पुरुष उस श्रावक की जाया को भोगता है, अजाया को नही भोगता।

**4. [Q. 2]** *Bhante* ! (When his wife become non-wife for him,) then why do you say that the rogue enjoys the *shravak*'s wife (*jaaya*) and not a woman who is not that *shravak*'s wife (*ajaaya*) ?

**[Ans.]** Gautam ! That *shravak* performing *Samayik* and other such activities has ideas that the mother is not mine, the father is not mine, the brother is not mine, the sister is not mine, the wife is not mine, the son is not mine, the daughter is not mine, and the daughter-in-law (*snusha*) is not mine. However the bond of love between him and these relatives has not been broken That is why, Gautam ! I say that the rogue enjoys the *shravak*'s wife (*jaaya*) and not a woman who is not that *shravak*'s wife (*ajaaya*)

**विवेचन :** सामायिक, पौषधोपवास आदि अगीकार किये हुए श्रावक ने यद्यपि वस्त्रादि सामान का त्याग कर दिया है, यहाँ तक कि सोना, चाँदी, धन, घर, दुकान, माता, पिता, स्त्री, पुत्र आदि पदार्थों के प्रति भी उसके मन मे यही परिणाम होता है कि ये मेरे नही है, तथापि उनके प्रति उसके ममत्व का त्याग नही हुआ है, उनके प्रति प्रेमबन्धन रहा हुआ है, इसलिए वे वस्त्रादि तथा स्त्री आदि उसके कहलाते है। *(वृत्ति, पत्राक ३६८)*

**Elaboration**—A *shravak* accepts the *Samayik*, *Paushadhopavas* and other vows and abandons clothes and other belongings to the extent that even for things like gold silver, wealth, house, shop, parents and relatives he thinks that they do not belong to him. However, as he has not yet been able to renounce his fondness and love for them, these things are considered to be belonging to him. *(Vritti, leaf 368)*

### *श्रावक व्रतो के उनचास भंगे* FORTY NINE SUB-DIVISIONS OF HOUSEHOLDER'S VOWS

५. [ प्र. १ ] समणोवासगस्स णं भंते ! पुव्वामेव थूलए पाणाइवाए अपच्चक्खाए भवइ, से णं भंते ! पच्छा पच्चाइक्खमाणे किं करेइ ?

[ उ. ] गोयमा ! तीयं पडिक्कमइ, पडुप्पन्नं संवरेइ, अणागयं पच्चक्खाइ।

५. [प्र. १] भगवन् ! जिस श्रमणोपासक ने (पहले) स्थूल प्राणातिपात का प्रत्याख्यान नहीं किया, वह पीछे उसका प्रत्याख्यान करता हुआ क्या करता है ?

[उ.] गौतम ! अतीतकाल मे किये हुए प्राणातिपात का प्रतिक्रमण करता है (उक्त पाप की निन्दा, गर्हा, आलोचनादि करके उससे निवृत्त होता है) तथा वर्तमानकालीन प्राणातिपात का सवर (निरोध) करता है, एव अनागत (भविष्यत्कालीन) प्राणातिपात का प्रत्याख्यान करता (उसे न करने की प्रतिज्ञा लेता) है।

**5. [Q. 1]** *Bhante* ! If a *shravak* has not initially renounced killing of gross living beings what does he do when he renounces the same later ?

**[Ans.]** Gautam ! He atones for any killing he did in the past (he gets rid of the sin by condemning, censuring, and criticizing it), refrains from killing in the present and renounces killing (takes a vow not to kill) in the future.

**५. [प्र. २] तीयं पडिक्कममाणे किं तिविहं तिविहेणं पडिक्कमति १, तिविहं दुविहेणं पडिक्कमति २, तिविहं एगविहेणं पडिक्कमति ३, दुविहं तिविहेणं पडिक्कमति ४, दुविहं दुविहेणं पडिक्कमति ५, दुविहं एगविहेणं पडिक्कमति ६, एगविहं तिविहेणं पडिक्कमति ७, एगविहं दुविहेणं पडिक्कमति ८, एगविहं एगविहेणं पडिक्कमति ९ ?**

**[उ.] गोयमा ! तिविहं वा तिविहेणं पडिक्कमति, तिविहं वा दुविहेणं पडिक्कमति तं चेव जाव एगविहं वा एगविहेणं पडिक्कमति।**

**तिविहं वा तिविहेणं पडिक्कममाणे न करेति, न कारवेति, करेंतं णाणुजाणति, मणसा वयसा कायसा १;**

**तिविहं दुविहेणं पडिक्कममाणे न करेति, न कारवेति, करेंतं णाणुजाणति, मणसा वयसा २; अहवा न करेति, न कारवेति, करेंतं णाणुजाणति, मणसा कायसा ३; अहवा न करेइ, न कारवेति, करेंतं णाणुजाणति, वयसा कायसा ४।**


**तिविहं एगविहेणं पडिक्कममाणे न करेति, न कारवेति, करेंतं णाणुजाणति, मणसा ५; अहवा न करेइ, न कारवेति, करेंतं णाणुजाणति, वयसा ६; अहवा न करेति, न कारवेति, करेंतं णाणुजाणति, कायसा ७।**

**दुविहं तिविहेणं पडिक्कममाणे न करेइ, न कारवेति, मणसा वयसा कायसा ८; अहवा न करेति, करेंतं णाणुजाणइ, मणसा वयसा कायसा ९; अहवा न कारवेइ, करेंतं णाणुजाणइ; मणसा वयसा कायसा १०।**

**दुविहं दुविहेणं पडिक्कममाणे न करेति न कारवेति, मणसा वयसा ११; अहवा न करेति, न कारवेति, मणसा कायसा १२; अहवा न करेति, न कारवेति, वयसा कायसा १३; अहवा न करेति,**


यह धन–दौलत भवन, रत्न–वैभव और तुम सब मेरे हो।
साधारण गृहस्थ
सामायिक करता श्रावक
यह धन–दौलत भवन, रत्न–वैभव एव परिवारीजन कुछ भी मेरा नहीं है।

## श्रावक के 49 भंग


एक करण एक योग से प्रत्याख्यान करना
करुँ नहीं
करुँ नहीं
करुँ नहीं
कराऊँ नहीं
अनुमोदूँ नहीं
वचन से
एक करण दो योग से प्रत्याख्यान करना
करुँ नहीं
कराऊँ नहीं
अनुमोदूँ नहीं
मन
वचन
काया
एक करण तीन योग से प्रत्याख्यान करना
करुँ नहीं
कराऊँ नहीं
अनुमोदूँ नहीं
मन
काया

**चित्र-परिचय 4** **Illustration No. 4**

# 1. श्रावक व्रत के 49 विकल्प (भंग)

श्रावक जो परिग्रह रखता है—धन, सम्पदा, रत्न, वैभव, हिरण्य, सुवर्ण, रुपया, पैसा, स्त्री, पुत्र, पशु इत्यादि, वे सब उसके अपने स्वामित्व में होने के कारण उसके परिग्रह कहलाते हैं। परन्तु जब वह सामायिक ग्रहण करता है, उस अवस्था में वे सब परिग्रह उसके नहीं कहलाते हैं। यहाँ तक कि **"जाया अजाया भवई!"** पत्नी भी अपत्नी बन जाती है क्योंकि वह सामायिक अवस्था मे ६ कोटि से प्रत्याख्यान करता है। सामायिक पूर्ण होने के पश्चात् वही सब परिग्रह उसके कहलाते हैं।

श्रावक व्रत के 49 विकल्प (भंग) कहे गये हैं, अर्थात् वह 49 में से किसी भी एक विकल्प से वह व्रतो का पालन कर सकता है। यह विकल्प करण और योगो के अलग- अलग सयोगो से बनते हैं। **करण** अर्थात् **करना, कराना** तथा **अनुमोदन** करना। **योग** अर्थात् **मन, वचन** और **काया**।

एक करण और एक योग से प्रत्याख्यान करने के 9 विकल्प (भग) होते हैं।

एक करण और दो योग से प्रत्याख्यान करने के भी 9 विकल्प (भग) होते हैं।

एक करण और तीन योग से प्रत्याख्यान करने के 3 विकल्प (भग) होते है।

*—शतक 8, उ 4 सूत्र 4 5*

# 1. FORTY-NINE OPTIONS OF SHRAVAK-VOWS

As a shravak (householder) owns things like money wealth gems opulence, silver gold, wife, son, cattle etc they are called his possessions But when he proceeds to do Samayik all those things are not called his possessions for that period So much so that even his wife does not remain his wife This is because in the state of Samayik he renounces six ways At the conclusion of Samayik he regains those possessions

There are said to be 49 options of Shravak vows This means he can choose any of the 49 options while observing the vows These options are defined by the combination of *karans* or methods and *yogas* or means Karan includes doing, getting done, and approving the action Yoga includes through mind, speech and body

There are 9 options of renouncing by one karan and one yoga

There are 9 options of renouncing by one karan and two yogas

There are 3 options of renouncing by one karan and three yogas

*-- Shatak-8 lesson-4 Sutra-4-5*

करेंतं णाणुजाणइ, मणसा वयसा १४; अहवा न करेति, करेंतं णाणुजाणइ, मणसा कायसा १५; अहवा न करेति, करेंतं णाणुजाणति, वयसा कायसा १६; अहवा न कारवेति, करेंतं णाणुजाणति, मणसा वयसा १७; अहवा न कारवेइ, करेंतं णाणुजाणइ, मणसा कायसा १८; अहवा न कारवेति, करेंतं नाणुजाणइ वयसा कायसा १९।

दुविहं एगविहेणं पडिक्कममाणे न करेति, न कारवेति, मणसा २०; अहवा न करेति, न कारवेति, वयसा २१; अहवा न करेति, न कारवेति, कायसा २२; अहवा न करेति, करेंतं णाणुजाणइ, मणसा २३; अहवा न करेइ, करेंतं णाणुजाणति, वयसा २४; अहवा न करेइ, करेंतं णाणुजाणइ, कायसा २५; अहवा न कारवेइ, करेंतं णाणुजाणइ, मणसा २६; अहवा न कारवेइ, करेंतं णाणुजाणइ, वयसा २७; अहवा न कारवेइ, करेंतं णाणुजाणइ, कायसा २८।

एगविहं तिविहेणं पडिक्कममाणे न करेति, मणसा वयसा कायसा २९; अहवा न कारवेइ मणसा वयसा कायसा ३०; अहवा करेंतं णाणुजाणति, मणसा वयसा कायसा ३१।

एगविहं दुविहेणं पडिक्कममाणे न करेति मणसा वयसा ३२; अहवा न करेति मणसा कायसा ३३; अहवा न करेइ वयसा कायसा ३४; अहवा न कारवेति मणसा वयसा ३५; अहवा न कारवेति मणसा कायसा ३६; अहवा न कारवेइ वयसा कायसा ३७; अहवा करेंतं णाणुजाणति मणसा वयसा ३८; अहवा करेंतं णाणुजाणति मणसा, कायसा ३९; अहवा करेंतं णाणुजाणइ वयसा कायसा ४०।

एगविहं एगविहेणं पडिक्कममाणे न करेति मणसा ४१; अहवा न करेति वयसा ४२; अहवा न करेति कायसा ४३; अहवा न कारवेति मणसा ४४; अहवा न कारवेति वयसा ४५; अहवा न कारवेइ कायसा ४६; अहवा करेंतं णाणुजाणइ मणसा ४७; अहवा करेंतं णाणुजाणति वयसा ४८; अहवा करेंतं णाणुजाणइ कायसा ४९।

५. [ प्र. २ ] भगवन् ! अतीतकाल मे किये हुए प्राणातिपात आदि का प्रतिक्रमण करता हुआ श्रमणोपासक, क्या १ त्रिविध–त्रिविध (तीन करण, तीन योग से), २ त्रिविध–द्विविध (तीन करण, दो योग से), ३ त्रिविध–एकविध (तीन करण, एक योग से), ४ द्विविध–त्रिविध (दो करण, तीन योग से), ५ द्विविध–द्विविध (दो करण, दो योग से), (६) द्विविध–एकविध (दो करण, एक योग से), ७. एकविध–त्रिविध (एक करण, तीन योग से), ८ एकविध–द्विविध (एक करण, दो योग से), अथवा ९ एकविध–एकविध (एक करण, एक योग से) प्रतिक्रमण करता है ?

[ उ. ] गौतम ! वह त्रिविध–त्रिविध प्रतिक्रमण करता है, अथवा त्रिविध–द्विविध प्रतिक्रमण करता है, अथवा यावत् एकविध–एकविध प्रतिक्रमण करता है।

१ जब वह त्रिविध–त्रिविध प्रतिक्रमण करता है, तब स्वयं करता नहीं, दूसरे से करवाता नही और करते हुए का अनुमोदन करता नही, मन से, वचन से और काया से।

२ जब त्रिविध–द्विविध प्रतिक्रमण करता है, तब स्वयं करता नही, दूसरे से करवाता नहीं और करते हुए का अनुमोदन करता नही, मन से और वचन से; ३ अथवा वह स्वय करता नही, कराता

नहीं और अनुमोदन करता नही, मन से और काया से, ४ या वह स्वयं करता नही, दूसरे से करवाता नही और अनुमोदन करता नही, वचन से और काया से।

५ जब **त्रिविध-एकविध** प्रतिक्रमण करता है, तब स्वय नही करता, न दूसरे से करवाता है और न करते हुए का अनुमोदन करता है, मन से, अथवा ६ स्वय नही करता, दूसरे से नही करवाता और करते हुए का अनुमोदन नही करता, वचन से; अथवा ७ स्वय नही करता, दूसरे से नही खाता और करते हुए का अनुमोदन नही करता है, काया से।

८ जब **द्विविध-त्रिविध** प्रतिक्रमण करता है, तब स्वय करता नही, दूसरो से करवाता नहीं, मन, वचन और काया से, अथवा ९ स्वय करता नही, करते हुए का अनुमोदन करता नही, मन, वचन और काया से, अथवा १० दूसरो से करवाता नही, करते हुए का अनुमोदन करता नही, मन, वचन और काया से।


११ जब **द्विविध-द्विविध** प्रतिक्रमण करता है, तब स्वय नही करता, दूसरो से करवाता नही, मन और वचन से, अथवा १२ स्वय करता नही, दूसरो से करवाता नही, मन और काया से, अथवा १३ स्वय करता नही, दूसरो से करवाता नही, वचन और काया से, अथवा १४. स्वय करता नही, करते हुए का अनुमोदन करता नही, मन और वचन से, अथवा १५ स्वय करता नही, करते हुए का अनुमोदन करता नही, मन और काया से, अथवा १६ स्वय करता नही, करते हुए का अनुमोदन करता नही, वचन और काया से, अथवा १७ दूसरो से करवाता नही, करते हुए का अनुमोदन करता नही, मन और वचन से, अथवा १८ दूसरो से करवाता नही, करते हुए का अनुमोदन करता नही, मन और काया से, अथवा १९ दूसरो से करवाता नही, करते हुए का अनुमोदन करता नही, वचन और काया से।

२० जब **द्विविध-एकविध** प्रतिक्रमण करता है, तब स्वय करता नही, दूसरो से करवाता नही, मन से, अथवा २१ स्वय करता नही, दूसरो से करवाता नही, वचन से, अथवा २२ स्वय करता नही, दूसरो से करवाता नही, काया से, अथवा २३ स्वय करता नही, करते हुए का अनुमोदन करता नही, मन से, अथवा २४ स्वय करता नही, करते हुए का अनुमोदन करता नही, वचन से; अथवा २५ स्वय करता नही, करते हुए का अनुमोदन करता नही, काया से, अथवा २६ दूसरो से करवाता नही, करते हुए का अनुमोदन करता नही, मन से, अथवा २७ दूसरो से करवाता नही, करते हुए का अनुमोदन करता नही, वचन से, अथवा २८ दूसरो से करवाता नही, करते हुए का अनुमोदन करता नही, काया से।


२९ जब **एकविध-त्रिविध** प्रतिक्रमण करता है, तब स्वय करता नहीं, मन, वचन और काया से, अथवा ३० दूसरो से करवाता नही, मन, वचन और काया से, अथवा ३१ करते हुए का अनुमोदन करता नही, मन, वचन और काया से।

३२ जब **एकविध-द्विविध** प्रतिक्रमण करता है, तब स्वय करता नही, मन और वचन से, अथवा ३३ स्वय करता नही, मन और काया से, अथवा ३४. स्वय करता नही, वचन और काया से; अथवा


## दो करण एक योग से प्रत्याख्यान करना




## दो करण दो योग से प्रत्याख्यान करना




## दो करण तीन योग से प्रत्याख्यान करना





## तीन करण एक योग से प्रत्याख्यान करना




## तीन करण दो योग से प्रत्याख्यान करना




## तीन करण तीन योग से प्रत्याख्यान करना






चित्र-परिचय 5

Illustration No. 5

## 2. श्रावक व्रत के 49 विकल्प (भंग)

दो करण और एक योग से प्रत्याख्यान करने के 9 विकल्प (भंग) होते है।

दो करण और दो योग से प्रत्याख्यान करने के 9 विकल्प (भंग) होते हैं।

दो करण और तीन योग से प्रत्याख्यान करने के 3 विकल्प (भंग) होते हैं।

तीन करण और एक योग से प्रत्याख्यान करने के 3 विकल्प (भंग) होते हैं।

तीन करण और दो योग से प्रत्याख्यान करने के 3 विकल्प (भंग) होते हैं।

तीन करण और तीन योग से प्रत्याख्यान करने का 1 विकल्प (भंग) होता है।

तीन करण और तीन योग से नव कोटि का प्रत्याख्यान किया जाता है। संथारा करते समय अथवा ग्यारहवीं प्रतिमा अंगीकार करते समय श्रावक इस भग से प्रत्याख्यान करता है।

*—शतक 8, उ 4, सूत्र 4-5*

## 2. FORTY-NINE OPTIONS OF SHRAVAK-VOWS

There are 9 options of renouncing by two karans and one yoga

There are 9 options of renouncing by two karans and two yogas

There are 3 options of renouncing by two karans and three yogas

There are 3 options of renouncing by three karans and one yoga

There are 3 options of renouncing by three karans and two yogas

There is 1 option of renouncing by three karans and three yogas

Renouncing by three karans and three yogas includes all the nines ways of renouncing A shravak uses this option either at the time of taking the ultimate vow (Santhara) or when he accepts the eleventh Pratima (special austerity)

*-- Shatak-8, lesson-4, Sutra-4-5*

३५ दूसरों से करवाता नही, मन और वचन से, अथवा ३६. दूसरों से करवाता नहीं, मन और काया से, अथवा ३७ दूसरों से करवाता नहीं, वचन और काया से; अथवा ३८ करते हुए का अनुमोदन करता नही, मन और वचन से, अथवा ३९ करते हुए का अनुमोदन करता नही, मन और काया से; अथवा ४०. करते हुए का अनुमोदन करता नही, वचन और काया से।

४१ जब एकविध–एकविध प्रतिक्रमण करता है, तब स्वयं करता नहीं, मन से; अथवा ४२. स्वय करता नही, वचन से; अथवा ४३. स्वय करता नही, काया से, अथवा ४४ दूसरो से करवाता नही, मन से, अथवा ४५ दूसरो से करवाता नही, वचन से; अथवा ४६. दूसरो से करवाता नहीं, काया से; अथवा ४७ करते हुए का अनुमोदन करता नही मन से; अथवा ४८ करते हुए का अनुमोदन करता नही, वचन से, अथवा ४९ करते हुए का अनुमोदन करता नही, काया से।

**5. [Q. 2]** *Bhante* ! While doing critical review and atonement (*pratikraman*) for sinful activities, including killing, committed in the past, does a *shravak* do so – (1) three ways (by *karans* or methods) and three ways (by *yogas* or means), (2) three ways and two ways (by three *karans* or methods and two *yogas* or means), (3) three ways and one way (by three methods and one means), (4) two ways and three ways (by two methods and three means), (5) two ways and two ways (by two methods and two means), (6) two ways and one way (by two methods and one means), (7) one way and three ways (by one method and three means), (8) one way and two ways (by one method and two means), or (9) one way and one way (by one method and one means) ?

**[Ans.]** Gautam ! He may do *pratikraman* three ways (by three methods) and three ways (by three means), or by three methods and two means . and so on up to ... or by one method and one means.

1. When he does *pratikraman* three ways (by three methods) and three ways (by three means) he does not do, induce others to do and attest others doing (the act of killing) by mind, speech and body.

2 When he does *pratikraman* three ways (by three methods) and two ways (by two means) he does not do, induce others to do and attest others doing (the act of killing) by mind and speech. 3. Or he does not do, induce others to do and attest others doing (the act of killing) by mind and body 4. Or he does not do, induce others to do and attest others doing (the act of killing) by speech and body

5. When he does *pratikraman* three ways (by three methods) and one way (by one means) he does not do, induce others to do and attest others doing (the act of killing) by mind. 6. Or he does not do, induce others to

do and attest others doing (the act of killing) by speech. 7. Or he does not do, induce others to do and attest others doing (the act of killing) by body.

8. When he does *pratikraman* two ways (by two methods) and three ways (by three means) he does not do and induce others to do (the act of killing) by mind, speech and body. 9. Or he does not do and attest others doing (the act of killing) by mind, speech and body. 10. Or he does not induce others to do and attest others doing (the act of killing) by mind, speech and body.

11 When he does *pratikraman* two ways (by two methods) and two ways (by two means) he does not do and induce others to do (the act of killing) by mind and speech 12. Or he does not do and induce others to do (the act of killing) by mind and body 13 Or he does not do and induce others to do (the act of killing) by speech and body. 14 Or he does not do and attest others doing (the act of killing) by mind and speech 15 Or he does not do and attest others doing (the act of killing) by mind and body. 16. Or he does not do and attest others doing (the act of killing) by speech and body. 17. Or he does not induce others to do and attest others doing (the act of killing) by mind and speech 15 Or he does not induce others to do an d attest others doing (the act of killing) by mind and body. 16 Or he does not induce others to do and attest others doing (the act of killing) by speech and body.

20. When he does *pratikraman* two ways (by two methods) and one way (by one means) he does not do and induce others to do (the act of killing) by mind 21 Or he does not do and induce others to do (the act of killing) by speech. 22 Or he does not do and induce others to do (the act of killing) by body. 23. Or he does not do and attest others doing (the act of killing) by mind. 24. Or he does not do and attest others doing (the act of killing) by speech. 25. Or he does not do and attest others doing (the act of killing) by body. 26 Or he does not induce others to do and attest others doing (the act of killing) by mind 27 Or he does not induce others to do and attest others doing (the act of killing) by speech. 28. Or he does not induce others to do and attest others doing (the act of killing) by body.

29. When he does *pratikraman* one way (by one method) and three ways (by three means) he does not do (the act of killing) by mind, speech and body. 30 Or he does not induce others to do (the act of killing) by mind, speech and body. 31 Or he does not attest others doing (the act of killing) by mind, speech and body

32. When he does *pratikraman* one way (by one method) and two ways (by two means) he does not do (the act of killing) by mind and speech. 33. Or he does not do (the act of killing) by mind and body. 34. Or he does not do (the act of killing) by speech and body. 35. Or he does not induce others to do (the act of killing) by mind and speech. 36. Or he does not induce others to do (the act of killing) by mind and body. 37. Or he does not induce others to do (the act of killing) by speech and body. 38. Or he does not attest others doing (the act of killing) by mind and speech. 39. Or he does not attest others doing (the act of killing) by mind and body 40. Or he does not attest others doing (the act of killing) by speech and body.

41. When he does *pratikraman* one way (by one method) and one way (by one means) he does not do (the act of killing) by mind. 42. Or he does not do (the act of killing) by speech. 43. Or he does not do (the act of killing) by body. 44. Or he does not induce others to do (the act of killing) by mind. 45. Or he does not induce others to do (the act of killing) by speech 46 Or he does not induce others to do (the act of killing) by body. 47 Or he does not attest others doing (the act of killing) by mind. 48. Or he does not attest others doing (the act of killing) by speech. 49. Or he does not attest others doing (the act of killing) by body.

**५. [ प्र. ३ ] पडुप्पन्नं संवरमाणे किं तिविहं तिविहेणं संवरेइ ?**

**[ उ. ] एवं जहा पडिक्कममाणेणं एगूणपण्णं भंगा भणिया एवं संवरमाणेण वि एगूणपण्णं भंगा भाणियव्वा।**

५. [ प्र ३ ] (भगवन् !) प्रत्युत्पन्न (वर्तमानकाल का) सवर करता हुआ श्रावक क्या त्रिविध-त्रिविध सवर करता है ? इत्यादि समग्र प्रश्न।

[ उ. ] गौतम ! (प्रत्युत्पन्न का सवर करते हुए श्रावक के) पहले कहे अनुसार (त्रिविध-त्रिविध से लेकर एकविध-एकविध तक) उनचास (४९) भंग (जो प्रतिक्रमण के विषय में कहे गये है, वे ही) सवर के विषय मे कहने चाहिए।

**5. [Q. 3]** *Bhante* ! While refraining from killing in the present (*samvar*), does a *shravak* do so three ways (by *karans* or methods) and three ways (by *yogas* or means) ? And all aforesaid questions.

**[Ans.]** Gautam ! (For a *shravak* refraining from killing in the present) All the aforesaid (in relation to *pratikraman*) 49 alternative combinations (three methods and three means to one method and one means) should be stated here (in relation to *samvar*).

५. [ प्र. ४ ] अणागतं पच्चक्खमाणे किं तिविहं तिविहेणं पच्चक्खाइ ?

[ उ. ] एवं ते चेव भंगा एगूणपण्णं भाणियव्वा जाव अहवा करेंतं णाणुजाणइ कायसा।

५. [ प्र. ४ ] भगवन् ! अनागत (भविष्यत्) काल का प्रत्याख्यान करता हुआ श्रावक क्या त्रिविध-त्रिविध प्रत्याख्यान करता है ? (इत्यादि पूर्ववत्। समग्र प्रश्न समझे)।

[ उ. ] गौतम ! पहले (प्रतिक्रमण के विषय मे) कहे अनुसार यहाँ भी उनचास (४९) भग कहने चाहिए, यावत् 'अथवा करते हुए का अनुमोदन नही करता, काया से;'-यहाँ तक कहना चाहिए।

**5. [Q. 4]** *Bhante* ! While renouncing killing (taking a vow not to kill) in the future does a *shravak* do so three ways (by *karans* or methods) and three ways (by *yogas* or means) ? And all aforesaid questions.

**[Ans.]** Gautam ! (For a *shravak* renouncing from killing in the future) All the aforesaid (in relation to *pratikraman*) 49 alternative combinations (three methods and three means to one method and one means) . and so on up to 'does not attest others doing (the act of killing) by body' should be stated here

६. [ प्र. ] समणोवासगस्स णं भंते ! पुव्वामेव थूलए मुसावाए अपच्चक्खाए भवइ, से णं भंते ! पच्छा पच्चाइक्खमाणे ?

[ उ. ] एवं जहा पाणाइवायस्स सीयालं (१४७) भंगसतं भणियं तहा मुसावायस्स वि भाणियव्वं। एवं अदिण्णादाणस्स वि। एवं थूलगस्स मेहुणस्स वि। थूलगस्स परिग्गहस्स वि जाव अहवा करेंतं णाणुजाणइ कायसा।

६. [ प्र. ] भगवन् ! जिस श्रमणोपासक ने पहले स्थूल मृषावाद का प्रत्याख्यान नही किया, किन्तु पीछे वह स्थूल मृषावाद (असत्य) का प्रत्याख्यान करता हुआ क्या करता है ?

[ उ. ] गौतम ! जिस प्रकार प्राणातिपात (अतीत के प्रतिक्रमण, वर्तमान के सवर और भविष्य के प्रत्याख्यान, यो त्रिकाल) के विषय मे कुल ४९ × ३ = १४७ (एक सौ सैतालीस) भग कहे है, उसी प्रकार मृषावाद के सम्बन्ध मे भी एक सौ सैतालीस भग कहने चाहिए। इसी प्रकार स्थूल अदत्तादान के विषय मे, स्थूल मैथुन के विषय में एव स्थूल परिग्रह के विषय मे भी पूर्ववत् प्रत्येक के एक सौ सैतालीस-एक सौ सैतालीस त्रैकालिक भग जानना चाहिए, यावत्-'अथवा पाप करते हुए का अनुमोदन नही करता, काया से, यहाँ तक कहना चाहिए।

**6. [Q.]** *Bhante* ! If a *shravak* has not initially renounced gross falsehood (*mrishavaad*) what does he do when he renounces the same later ?

[Ans.] Like the 147 alternative combinations (49 of censuring, 49 of refraining and 49 of renouncing) mentioned in context of killing, 147 alternatives should also be stated in context of falsehood (*mrishavaad*) In the same way 147 alternative combinations each should also be mentioned in context of gross stealing (*adattadaan*), gross libido (*maithun*) and gross possession (*parigraha*) up to 'does not attest others doing (the act of killing) by body.'

**विवेचन :** तीन करण हैं–करना, कराना और अनुमोदन करना, तथा तीन योग है–मन, वचन और काया। इनके सयोग से विकल्प नौ और भंग उनचास होते है। उनका वर्णन किया जा चुका है।

भूतकाल के प्रतिक्रमण, वर्तमानकाल के सवर और भविष्य के लिए प्रत्याख्यान की प्रतिज्ञा, इस प्रकार तीनो काल की अपेक्षा ४९ भगो को ३ से गुणा करने पर १४७ भग होते है। ये स्थूलप्राणातिपात–विषयक हुए। इसी प्रकार स्थूल मृषावाद, स्थूल अदत्तादान, स्थूल मैथुन और स्थूल परिग्रह, इन प्रत्येक के १४७ भग होते है। यो पाँचो अणुव्रतो के कुल भग १४७ × ५ = ७३५ होते है। श्रावक इन ४९ भगो मे से किसी भग से यथाशक्ति प्रतिक्रमण, सवर या प्रत्याख्यान कर सकता है। तीन करण तीन योग से सवर या प्रत्याख्यानादि श्रावक प्रतिमा स्वीकार किया हुआ श्रावक कर सकता है अथवा सथारा किया हुआ श्रावक तीन करण तीन योग (९ कोटि) भग का आराधक है। *(वृत्ति, पत्राक ३७०–३७१)*

**Elaboration**—Three *karans* (methods) are—to do, to induce others to do, and to attest others doing. Three *yogas* (means) are—mind, speech, and body There are nine primary and forty-nine secondary alternative combinations of these detailed as aforesaid.

When applied to censure (*pratikraman*), refraining (*samvar*) and renouncing (*pratyakhyan*) of acts of gross killing in three sections of time (past, present and future) the total number of alternative combinations becomes (3x49) 147. In the same way there are 147 alternative combinations each for gross falsehood (*mrishavaad*), gross stealing (*adattadaan*), gross libido (*maithun*) and gross possession (*parigraha*). Thus there are 147 x 5 = 735 alternative combinations for the five minor vows meant for *shravak* (Jain laity). A *shravak* can choose any of the 49 combinations depending on his capacity. Only a *shravak* who is capable of accepting *shravak pratima* (special resolves meant for a lay follower) can stick to the ideal combinations of all three methods by all three means. *(Vritti, leaf 370-371)*

### *आजीविकोपासक और श्रमणोपासकों का आचार भेद*

### COMPARATIVE CONDUCT OF FOLLOWERS OF AJIVAK AND SHRAMAN

**७. एए खलु एरिसगा समणोवासगा भवंति, नो खलु एरिसगा आजीवियोवासगा भवंति।**

७. (उक्त स्वरूप वाले) श्रमणोपासक ऐसे होते है, किन्तु आजीविकोपासक ऐसे नहीं होते।

7. The followers of *Shramans* are like aforesaid but those of Ajivaks are not like that.

८. आजीवियसमयस्स णं अयमट्ठे पण्णत्ते-अक्खीणपडिभोइणो सव्वे सत्ता, से हंता, छेत्ता, भेत्ता, लुंपित्ता, विलुंपित्ता, उद्दवइत्ता, आहारमाहारेंति।

८. आजीविक (गोशालक) के सिद्धान्त का यह अर्थ (सार) है कि समस्त जीव अक्षीणपरिभोजी (सचित्ताहारी) होते है। इसलिए वे (लकडी आदि से) पीटकर, (तलवार आदि से) काटकर, (शूल आदि से) भेदन करके, (पख आदि को) कतर (लुप्त) कर, (चमडी आदि को) उतारकर (विलुप्त करके) और विनष्ट करके खाते है।

8. The Ajivak doctrine says that all beings subsist on living organism (of some kind). That is why they beat, cut, pierce, shear, peel and even kill to acquire their food.

९. तत्थ खलु इमे दुवालस आजीवियोवासगा भवंति, तं जहा-ताले १ तालपलंबे २ उव्विहे ३ संविहे ४ अवविहे ५ उदए ६ नामुदए ७ णम्मुदए ८ अणुवालए ९ संखवालए १० अयंबुले ११ कायरए १२।

९. ऐसी स्थिति (ससार के समस्त जीव असयत और हिंसादिदोषपरायण है, ऐसी परिस्थिति) मे आजीवक मत मे ये बारह आजीविकोपासक है-(१) ताल, (२) तालप्रलम्ब, (३) उद्विध, (४) सविध, (५) अवविध (६) उदय, (७) नामोदय, (८) नर्मोदय, (९) अनुपालक, (१०) शखपालक, (११) अयम्बुल, और (१२) कातरक।

9. Under these conditions (that all beings in this world are unrestrained and indulge in the sin of violence) there are twelve sects of followers of the Ajivak doctrine—(1) Taal, (2) Taal-pralamb, (3) Udvidh, (4) Samvidh, (5) Avavidh, (6) Udaya, (7) Naamodaya, (8) Narmodaya, (9) Anupaalak, (10) Shankhapaalak, (11) Ayambul, and (12) Kaatarak

१०. इच्चेते दुवालस आजीवियोवासगा अरहंतदेवतागा अम्मा-पिउसुस्सूसगा; पंचफलपडिक्कंता, तं जहा-उंबरेहिं, वडेहिं, बोरेहिं, सतरेहिं, पिलक्खूहिं; पलंडु-ल्हसण-कंद-मूलविवज्जगा; अणिल्लंछिएहिं अणक्कभिन्नेहिं गोणेहिं तसपाणविवज्जिएहिं चित्तेहिं वित्तिं कप्पेमाणे विहरंति।

१०. इस प्रकार ये बारह आजीविकोपासक है। इनका देव अरहत (स्वमत-कल्पना से गोशालक अर्हत्) है। वे माता-पिता की सेवा-शुश्रूषा करते है। वे पाँच प्रकार के फल नही खाते । वे इस प्रकार-उदुम्बर (गुल्लर) के फल, वड के फल, बोर, सयरी (शतापरी) के फल, पीपल फल तथा प्याज (पलाण्डु), लहसुन, कन्दमूल के त्यागी होते है तथा अनिर्लांछित (वधिया न किये हुए), और नाक नही नाथे हुए बैलो से, त्रस प्राणी की हिंसा से रहित व्यापार द्वारा आजीविका करते है।

10. Thus there are twelve aforesaid sects of followers of the Ajivak doctrine (*Ajivakopasak*). Their deity is an *Arhant* (a self-proclaimed

omniscient named Goshalak). They serve their parents. They do not eat five types of fruits—*Udumbar* fruit (*Gular*; *Ficus glomerata*), Banyan fruit, berries, *Satari* fruit (*Shatavari*; wild asparagus), and *Pipal* fruit (long pepper). They also do not eat onion, garlic and other roots They earn their livelihood with the help of bulls that have neither been castrated nor had their nose pierced and through trades involving no harm to mobile beings.

**११. 'एए वि ताव एवं इच्छंति, किमंग पुण जे इमे समणोवासगा भवंति ?' जेसिं नो कप्पंति इमाइं पण्णरस कम्मादाणाइं सयं करेत्तए वा, कारवेत्तए वा, करेंतं वा अन्नं न समणुजाणेत्तए, तं जहा–इंगालकम्मे, वणकम्मे, साडीकम्मे, भाडीकम्मे, फोडीकम्मे, दंतवाणिज्जे, लक्खवाणिज्जे, केसवाणिज्जे, रसवाणिजे, विसवाणिजे जंतपीलणकम्मे, निलंछणकम्मे, दवग्गिदावणया सर–दह–तलागपरिसोसणया असइपोसणया।**

**इच्चेते समणोवासगा सुक्का सुक्काभिजातीया भवित्ता कालमासे कालं किच्चा अन्नयरेसु देवलोएसु देवत्ताए उववत्तारो भवंति।**

११. जब इन आजीविकोपासको को यह अभीष्ट है, तो फिर जो श्रमणोपासक है, उनका तो कहना ही क्या? (क्योकि उन्होने तो विशिष्टतर देव, गुरु और धर्म का आश्रय लिया है!) जो श्रमणोपासक होते है, उनके लिए ये पन्द्रह कर्मादान स्वयं करना, दूसरो से कराना, और करते हुए का अनुमोदन करना कल्पनीय (उचित) नही है। वे कर्मादान इस प्रकार है-(१) अगारकर्म, (२) वनकर्म, (३) शाकटिककर्म, (४) भाटीकर्म, (५) स्फोटककर्म, (६) दन्तवाणिज्य, (७) लाक्षावाणिज्य, (८) केश वाणिज्य, (९) रसवाणिज्य, (१०) विषवाणिज्य, (११) यन्त्रपीडनकर्म, (१२) निर्लांछनकर्म, (१३) दावाग्निदापनता, (१४) सरो-ह्रद-तडागशोषणता, (१५) असतीपोषणता।

ये श्रमणोपासक शुक्ल (पवित्र), शुक्लाभिजात (पवित्र कुलोत्पन्न) होकर काल (मरण) के समय मृत्यु प्राप्त करके किन्ही देवलोको मे देवरूप से उत्पन्न होते है।

11. When even these followers of Ajivak doctrine stick to this (non-injury to mobile beings), what to say of the followers of *Shramans* (because they follow loftier deity, guru and religion). For the *Shramanopasaks* it is prohibited to do, to induce others to do and attest others doing the following fifteen trades or professions—(1) *Angaar* karma (trade using fire), (2) *Vana* karma (trade connected with forest), (3) *Shakati* karma (trade related to vehicles), (4) *Bhaati* karma (transport trade), (5) *Sfota* karma (digging work), (6) *Danta vanijya* (trading in teeth, bone and skin), (7) *Laksha vanijya* (Shelac trade), (8) *Kesh vanijya* (trading in hair including wool), (9) *Rasa vanijya* (trading of drinks and beverages), (10) *Vish vanijya* (trading of drugs and

toxins), (11) *Yantrapidan* karma (mechanical crushing industry including oil press), (12) *Nirlanchhan* karma (castration activity), (13) *Davagnidapanata* (causing forest fire), (14) *Saro-hrid-tadaag shoshanata* (removing water from water bodies including lakes, ponds, and pools), and (15) *Asatiposhanata* (immoral traffic of women).

These *Shramanopasaks* become pure and join a pious family (embrace asceticism) At the end of their life-span they die and reincarnate as divine beings in some divine realm.

**विवेचन–आजीविकों का आचार**–गोशालक मखलीपुत्र के शिष्य श्रावक आजीविकोपासक कहलाते है। गोशालक के समय में उसके ताल, तालप्रलम्ब आदि बारह विशिष्ट उपासक थे। वे उदुम्बर आदि कुछ फल नहीं खाते थे। जिन बैलो को बधिया नही किया गया है, और नाक नाथा नही गया है, उनसे अहिंसक ढंग से व्यापार करके वे जीविका चलाते थे।

**श्रमणोपासको की विशेषता**–पूर्वोक्त ४९ भगो मे से यथेच्छ भगो द्वारा श्रमणोपासक अपने व्रत, नियम, सवर, त्याग, प्रत्याख्यान आदि ग्रहण करते है, जबकि आजीविकोपासक इस प्रकार से हिंसा आदि का त्याग नही करते, न ही वे कर्मादान रूप पापजनक व्यवसायो का त्याग करते है, श्रमणोपासक तो इन १५ कर्मादानो का सर्वथा त्याग करता है, वह इन हिंसादिमूलक व्यवसायो को अपना ही नही सकता। यही कारण है कि ऐसा श्रमणोपासक चार प्रकार के देवलोको मे से किसी एक देवलोक मे उत्पन्न होता है, क्योंकि वह जीवन और जीविका दोनो से पवित्र, शुद्ध और निष्पाप होता है, और उसे विशिष्ट देव, गुरु, धर्म की प्राप्ति होती है। *(वृत्ति, पत्रांक ३७१-३७२)*

पन्द्रह कर्मादान के सम्बन्ध मे विस्तृत वर्णन एव चित्र उपासक दशा, अध्ययन १ पृष्ठ ४२-४५ तक देखे।

**Elaboration**—The lay disciples of Mankhaliputra Goshalak are called *Ajivikopasak* Including Taal and Taal Pralamb there were twelve important contemporary disciples of Goshalak. They avoided eating some fruits including *Udumbar*. They earned their living by non-violent professions and employed only those bulls (or animals) that were not castrated or fixed with halter-pins

Qualities of *Shramanopasaks*–The *Shramanopasaks* accept vows, codes, restraints, renouncement and other resolves employing chosen alternative combinations from the aforesaid 49 methods and means. But the *Ajivikopasaks* neither abandon violence so comprehensively nor do they abandon sinful trades and professions that entail bondage of *karmas* *Shramanopasaks* have to renounce the aforesaid 15 bondage inviting trades completely; they cannot indulge in any of these trades. That is the reason that such a *Shramanopasak* reincarnates in any one of the four classes of divine realms. This is because he is pious, pure and sinless in context of both—way of life and means of subsistence; also he qualifies to avail a lofty Lord, guru and religion. *(Vritti, leaf 371-72)*

For detailed description and illustrations about fifteen sources of *karmic* bondage see *Illustrated Upaasak Dashanga Sutra*, Chapter 1, pp.42-45.

**देवलोकों के चार प्रकार FOUR KINDS OF DIVINE REALMS**

**१२. [प्र.] कइविहा णं भंते ! देवलोगा पण्णत्ता ?**

**[उ.] गोयमा ! चउव्विहा देवलोगा पण्णत्ता, तं जहा– भवणवासि–वाणमंतर–जोइस–वेमाणिया।**

**सेवं भंते ! सेवं भंते ! त्ति०।**

**॥ अट्ठमसए : पंचमो उद्देसओ समत्तो ॥**

१२. [प्र.] भगवन् ! देवलोक कितने प्रकार के है ?

[उ.] गौतम ! देवलोक चार प्रकार के है। यथा–भवनवासी, वाणव्यन्तर, ज्योतिषी और वैमानिक।

हे भगवन् ! यह इसी प्रकार है, भगवन् ! यह इसी प्रकार है; यों कहकर गौतम स्वामी यावत् विचरते है।

**॥ अष्टम शतक : पंचम उद्देशक समाप्त ॥**

**12. [Q.]** *Bhante* ! How many types of divine realms are there ?

**[Ans.]** Gautam ! There are four types of divine realms–*Bhavan-vaasi* (abode dwelling), *Vanavyantar* (interstitial), *Jyotishk* (stellar) and *Vaimanik* (celestial-vehicular).

"*Bhante* ! Indeed that is so. Indeed that is so." With these words... and so on up to... ascetic Gautam resumed his activities.

**● END OF THE FIFTH LESSON OF THE EIGHTH CHAPTER ●**

## छट्ठो उद्देसओ : 'फासुगं'
## अष्टम शतक : छठा उद्देशक : प्रासुक
### EIGHTH SHATAK (Chapter Eight) : SIXTH LESSON : PRASUK (FAULT-FREE)

*आहार–दान का फल* BENEFITS OF FOOD DONATION

१. [ प्र. ] समणोवासगस्स णं भंते ! तहारूवं समणं वा माहणं वा फासुएसणिज्जेणं असण–पाण–खाइम–साइमेणं पडिलाभेमाणस्स किं कज्जति ?

[ उ. ] गोयमा ! एगंतसो से निज्जरा कज्जइ, नत्थि य से पावे कम्मे कज्जति।

१. [ प्र. ] भगवन् ! तथारूप (श्रमण के वेश तथा तदनुकूल गुणो से सम्पन्न) श्रमण अथवा माहन (अहिंसाव्रती) को प्रासुक एव एषणीय अशन, पान, खादिम और स्वादिम आहार द्वारा प्रतिलाभित करने वाले श्रमणोपासक को किस फल की प्राप्ति होती है ?

[ उ ] गौतम ! वह (ऐसा करके) एकान्त रूप से निर्जरा करता है, उसके पापकर्म नही होता।

**1. [Q.]** What benefit does a *Shramanopasak* derive by offering fault-free and acceptable *ashan, paan, khadya, svadya ahaar* (staple food, liquids, general food, and savoury food) to an ascetic conforming to the description in *Agams* (*tatharupa Shraman*) or one who has taken the vow of non-violence (*Mahan*) ?

[Ans.] Gautam ! By doing so he exclusively sheds *karmas*; he does not acquire demeritorious *karmas* (*paap karma*)

२. [ प्र. ] समणोवासगस्स णं भंते ! तहारूवं समणं वा माहणं वा अफासुएणं अणेसणिज्जेणं असण–पाण जाव पडिलाभेमाणस्स किं कज्जइ ?

[ उ. ] गोयमा ! बहुतरिया से निज्जरा कज्जइ, अप्पतराए से पावे कम्मे कज्जइ।

२. [ प्र. ] भगवन् ! तथारूप श्रमण या माहन को अप्रासुक एव अनेषणीय आहार द्वारा प्रतिलाभित करते हुए श्रमणोपासक को किस फल की प्राप्ति होती है ?

[ उ. ] गौतम ! उसके बहुत निर्जरा होती है, और अल्पतर पापकर्म होता है।

**2. [Q.]** What benefit does a *Shramanopasak* derive by offering faulty and unacceptable staple food, liquids .. and so on up to . . savoury food to an ascetic conforming to the description in *Agams* (*tatharupa Shraman*) or one who has taken the vow of non-violence (*Mahan*) ?

[Ans.] Gautam ! By doing so he sheds much *karmas* and acquires very little demeritorious *karmas* (*paap karma*).


7
तथारूप श्रमण को निर्दोष आहार–
आहार दान का फल
तथारूप श्रमण को दूषित आहार–
सचित्त जल
एकान्त पाप
निर्ग्रन्थ की आराधकता
मुझे तुरन्त गुरुदेव के पास जाकर इसका प्रायश्चित लेना है।
में आकस्मिक मृत्यु।
कारण आराधक।

चित्र-परिचय 7

Illustration No. 7

## आहार दान का फल

**तथारूप श्रमण**—जो बाह्य और आभ्यन्तर रूप से साधु है, साधु के योग्य वस्त्र-पात्र आदि धारण किये हुये है और चारित्रादि गुण युक्त है, ऐसे श्रमण को श्रावक निर्दोष आहारादि का दान देता है तो एकान्त निर्जरा करता है। श्रमण आचारवत है पर आहारादि मे कोई दोष है, ऐसे दान देने वाले श्रावक को निर्जरा तो होती है, मगर थोड़ा पाप का बध भी होता है और असंयत, अविरत-तथारूप—अर्थात् अन्यतीर्थिक जो पाप कर्मो के निरोध और प्रत्याख्यान से रहित हैं उन्हें कोई भी वस्तु का दान देने वाले श्रावक को एकात पाप का बंध होता है, ऐसा भगवान फरमाते हैं।

## निर्ग्रन्थ की आराधकता

किसी साधक से अगर कोई पाप-दोष हो गया हो और वह उसका प्रायश्चित्त लेन की भावना से अपने गुरु के पास जाने के लिये अग्रसर होता है। किसी कारणवश रास्ते में उसकी मृत्यु हो जाती है तो भी वह आराधक कहलाता है। उसने प्रायश्चित्त लिया नहीं परन्तु उसकी भावना प्रायश्चित्त लेने की थी, इसलिए वह विराधक नहीं आराधक होता है।

*—शतक 8 उ 6, सूत्र 1-7*

## FRUITS OF FOOD DONATION

**Tatharupa Shraman** - By offering fault-free and acceptable food to an ascetic in prescribed garb and endowed with spirituality and other attributes like right conduct the donor exclusively sheds *karmas*. If the ascetic follows right conduct but the food is faulty then the donor does shed karmas but he also acquires some demerit-*karmas*. However, if donor gives to an indisciplined monk including a heretic in some other garb, he exclusively acquires demerit-karmas. This is what the Lord says.

## STEADFASTNESS OF ASCETICS

When an ascetic after appraisal of his fault proceeds to his guru to perform atonement but before he reaches his destination he dies on the way he is still called steadfast. Although he has not performed atonement he had the intention to do so, therefore he is called steadfast and not faltering in conduct.

*— Shatak-8, lesson-6, Sutra-1-7*

३. [ प्र. ] समणोवासगस्स णं भंते ! तहारूवं अस्संजयअविरयपडिहयपच्चक्खायपावकम्मं फासुएण वा अफासुएण वा एसणिज्जेण वा अणेसणिज्जेण वा असण-पाण जाव किं कज्जइ ?

[ उ. ] गोयमा ! एगंतसो से पावे कम्मे कज्जइ, नत्थि से काई निज्जरा कज्जइ।

३. [ प्र. ] भगवन् ! तथारूप असयत, अविरत, पापकर्मों का जिसने निरोध और प्रत्याख्यान नहीं किया, उसे प्रासुक या अप्रासुक, एषणीय या अनेषणीय अशन-पानादि द्वारा प्रतिलाभित करते हुए श्रमणोपासक को क्या फल प्राप्त होता है ?

[ उ. ] गौतम ! उसे एकान्त पापकर्म होता है, किसी प्रकार की निर्जरा नही होती।

**3. [Q.]** What benefit does a *Shramanopasak* derive by offering fault-free or faulty and acceptable or unacceptable staple food, liquids ... and so on up to . savoury food to one who is undisciplined and unrestrained and who has neither abandoned nor renounced sinful activity (as described in *Agams*) ?

**[Ans.]** Gautam ! By doing so he exclusively acquires demeritorious *karmas* (*paap karma*) and sheds no *karmas* at all

**विवेचन :** 'तथारूप' का आशय-पहले और दूसरे सूत्र मे 'तथारूप' का आशय है- जैनागमो मे वर्णित श्रमण के वेश और चारित्रादि श्रमणगुणो से युक्त। तथा तीसरे सूत्र मे असयत, अविरत आदि विशेषणो से युक्त 'तथारूप' शब्द का आशय यह है कि उस-उस अन्यतीर्थिक वेष से युक्त योगी, सन्यासी, बाबा आदि, जो पापकर्मों के निरोध और प्रत्याख्यान से रहित है।

**'पडिलाभेमाणस्स'** शब्द गुरुबुद्धि से-मोक्षलाभ की दृष्टि से दान देने के फल का सूचक है। अभावग्रस्त, पीडित, दु खित, रोगग्रस्त या अनुकम्पनीय (दयनीय) व्यक्ति या अपने पारिवारिक, सामाजिक जनो को औचित्यादि रूप मे देने मे **'पडिलाभे'** शब्द नही आता, अपितु वहाँ 'दलयइ' या **'दलेज्जा'** शब्द आता है। तात्पर्य यह है कि अनुकम्पापात्र को दान देने या औचित्यदान आदि के सम्बन्ध मे निर्जरा की अपेक्षा यहाँ चिन्तन नही किया जाता, अपितु पुण्यलाभ का विशेष रूप से विचार किया जाता है।

**प्रासुक** और **अप्रासुक** का अर्थ सामान्यतया निर्जीव (अचित्त) और सजीव (सचित्त)। **एषणीय** का अर्थ है- आहार सम्बन्धी उद्गमादि दोषो से रहित-निर्दोष और अनेषणीय-दोषयुक्त-सदोष।

**'बहुत निर्जरा, अल्पतर पाप'** का आशय-अनेषणीय आहार देने मे बहुत निर्जरा-अल्पतर पाप का यहाँ आशय है-किसी विशेष विषम परिस्थिति मे श्रमण को अनेषणीय आहार लेना पडे और श्रमणोपासक को भी उनकी जीवनरक्षा हेतु देना पडे (इस दोष-सेवन का प्रायश्चित्त लेने की भावना रखते हुए) तो उस परिस्थिति मे विवेकी श्रावक का 'बहुत निर्जरा और अल्प पाप' होता है। *(अभयदेववृत्ति, पत्राक ३७३)*

**Elaboration**—*Tatharupa*–In the first two aphorisms this means conforming to the description of code of conduct and dress as described in Jain *Agams*. In the third one due to the additional adjectives undisciplined and unrestrained it means members of various heretic sects who do not renounce, such as *yogi*, *sanyasi*, *baba*, etc.

'*Padilaabhemanassa*' means the fruits or benefits gained through charity based on the teachers advise or that given with the intent of gaining liberation. It is not traditionally used for the acts of charity to the destitute, tormented, miserable, ailing and pitiable or to relatives and any other social charity For such acts the term in use is '*dalayai*' or '*daleyya*'. This indicates that here the discussion is not about the charity out of compassion or to the deserving, but specifically about the charity pointedly given to gain meritorious *karmas*

*Prasuk* means non-living or not infested with living organism and *aprasuk* means living or infested with living organism *Eshaniya* means free of various prescribed faults related to alms-collection by an ascetic and *aneshaniya* means with those faults.

Much shedding and little acquisition by giving faulty food here describes some emergency when an ascetic is forced to accept such faulty food and the donor too has to give in order to save his life. And he gives it with the feeling of atonement for the act Then in such situation he sheds much *karmas* and acquires little *(Vritti, leaf 373)*

### पिण्ड—पात्र आदि की उपभोग—मर्यादा LIMITATIONS OF USE

**४. [ १ ] निग्गंथं च णं गाहावइकुलं पिंडवायपडियाए अणुप्पविट्ठं केइ दोहिं पिंडेहिं उवनिमंतेज्जा— एगं आउसो ! अप्पणा भुंजाहि, एगं थेराणं दलयाहि, से य तं पिंडं पडिग्गाहेज्जा, थेरा य से अणुगवेसियव्वा सिया, जत्थेव अणुगवेसमाणे थेरे पासिज्जा तत्थेवाऽणुप्पदायव्वे सिया, नो चेव णं अणुगवेसमाणे थेरे पासिज्जा तं नो अप्पणा भुंजेज्जा, नो अन्नेसिं दावए, एगंते अणावाए अचित्ते बहुफासुए थंडिले पडिलेहेत्ता, पमज्जित्ता परिट्ठावेतव्वे सिया।**

४. [ १ ] गृहस्थ के घर मे आहार ग्रहण करने की बुद्धि से प्रविष्ट निर्ग्रन्थ को कोई गृहस्थ दो पिण्ड (खाद्य पदार्थ) ग्रहण करने के लिए उपनिमन्त्रण करे–'आयुष्मन् श्रमण ! इन दो पिण्डो (दो लड्डू, दो रोटी या दो अन्य खाद्य पदार्थों) मे से एक पिण्ड आप स्वय खाना और दूसरा पिण्ड स्थविर मुनियो को देना।' (इस पर) वह निर्ग्रन्थ श्रमण उन दोनो पिण्डो को ग्रहण कर ले और (स्थान पर आकर) स्थविरो की गवेषणा करे। गवेषणा करने पर उन स्थविर मुनियो को जहाँ देखे, वही वह पिण्ड उन्हे दे दे। यदि गवेषणा करने पर भी स्थविर मुनि कही न दिखाई दे (मिले) तो वह पिण्ड स्वय न खाए और न ही दूसरे किसी श्रमण को दे, किन्तु एकान्त, अनापात (जहाँ आवागमन न हो), अचित्त या बहुप्रासुक स्थण्डिल भूमि का प्रतिलेखन एव प्रमार्जन करके वहाँ उस पिण्ड को परठ दे। (परिष्ठापन विधि के सम्बन्ध मे उत्तराध्ययनसूत्र, अ २४, गा १ से ३ तक मे विस्तारपूर्ण कथन है।)

**4.** [1] Suppose an ascetic comes to a householder to seek alms and the householder offers him two units of some food (two loaves of bread, two

pieces of sweet, etc.) with a request–"O long-lived *Shraman* ! Out of these two units please consume one yourself and give the other to some senior ascetic (*sthavir*)." The ascetic should accept the units and (on returning to his place of stay) look for some senior ascetic. If he finds one he should at once give one unit to him. However, if he does not find a senior ascetic he should neither consume that extra unit himself nor give it to any other ascetic. Instead he should find some secluded, safe, germ-free and appropriate spot; clean and wipe the spot, and dump that unit of food there. (Regarding the procedure of dumping refer to *Uttaradhyayan Sutra*, Chapter 24, verses 1-3)

**४. [ २ ] निग्गंथं च णं गाहावइकुलं पिंडवायपडियाए अणुप्पविट्ठं केति तिहिं पिंडेहिं उवनिमंतेज्जा– एगं आउसो ! अप्पणा भुंजाहि, दो थेराणं दलयाहि, से य ते पडिग्गाहेज्जा, थेरा य से अणुगवेसेयव्वा, सेसं तं चेव जाव परिट्ठावेयव्वे सिया।**

४. [ २ ] गृहस्थ के घर मे आहार ग्रहण करने के विचार से प्रविष्ट निर्ग्रन्थ को कोई गृहस्थ तीन पिण्ड ग्रहण करने के लिए उपनिमत्रण करे–'आयुष्मन् श्रमण ! (इन तीनो मे से) एक पिण्ड आप स्वय खाना और (शेष) दो पिण्ड स्थविर श्रमणो को देना।' (इस पर) वह निर्ग्रन्थ उन तीनो पिण्डो को ग्रहण कर ले। तत्पश्चात् वह स्थविरो की गवेषणा करे। गवेषणा करने पर जहाँ उन स्थविरो को देखे, वही उन्हे वे दोनो पिण्ड दे दे। गवेषणा करने पर भी वे कही दिखाई न दें तो शेष वर्णन पूर्ववत् कहना चाहिए, यावत् स्वय न खाए, परिष्ठापन करे।

**4. [2]** Suppose an ascetic comes to a householder to seek alms and the householder offers him three units of some food with a request–"O long-lived *Shraman* ! Out of these three units please consume one yourself and give the other two to some senior ascetic (*sthavir*)." The ascetic should accept the three units and (on returning to his place of stay) look for some senior ascetic. If he finds one he should at once give two units to him. However, if he does not find a senior ascetic ... and so on up to ... and dump that unit of food there.

**४. [ ३ ] एवं जाव दसहिं पिंडेहिं उवनिमंतेज्जा, नवरं एगं आउसो ! अप्पणा भुंजाहि, नव थेराणं दलयाहि, सेसं तं चेव जाव परिट्ठावेतव्वे सिया।**

४. [ ३ ] इसी प्रकार गृहस्थ के घर में प्रविष्ट निर्ग्रन्थ को यावत् दस पिण्डो को ग्रहण करने के लिए कोई गृहस्थ उपनिमत्रण दे–'आयुष्मन् श्रमण ! इनमे से एक पिण्ड आप स्वयं खाना और शेष नौ पिण्ड स्थविरों को देना;' इत्यादि सब वर्णन पूर्ववत् जानना; यावत् परिष्ठापन करे (परठ दे)।

**4. [3]** Also, suppose an ascetic comes to a householder ... and so on up to ... ten units of some food with a request–"O long-lived *Shraman* ! Out

of these ten units please consume one yourself and give the other nine to some senior ascetic (*sthavir*)" . and so on up to ... and dump that unit of food there.

५. निग्गंथं च णं गाहावइ जाव केइ दोहिं पडिग्गहेहिं उवनिमंतेज्जा-एगं आउसो ! अप्पणा परिभुंजाहि, एगं थेराणं दलयाहि, से य तं पडिग्गाहेज्जा, तहेव जाव तं नो अप्पणा परिभुंजेज्जा, नो अन्नेसिं दावए। सेसं तं चेव जाव परिट्ठावेयव्वे सिया। एवं जाव दसहिं पडिग्गहेहिं।

५. निर्ग्रन्थ यावत् गृहपति-कुल मे प्रवेश करे और कोई गृहस्थ उसे दो पात्र ग्रहण करने के लिए उपनिमत्रण करे-'आयुष्मन् श्रमण ! (इन दोनो मे से) एक पात्र का आप स्वय उपयोग करना और दूसरा पात्र स्थविरो को दे देना।' इस पर वह निर्ग्रन्थ उन दोनो पात्रो को ग्रहण कर ले। शेष सारा वर्णन पूर्ववत् कहना चाहिए, यावत् उस पात्र का न तो स्वय उपयोग करे और न दूसरे साधुओ को दे; यावत् उसे परठ दे। इसी प्रकार तीन, चार यावत् दस पात्र तक का कथन पूर्वोक्त पिण्ड के समान कहना चाहिए।

**5.** Suppose an ascetic comes to a householder to seek alms and the householder offers him two bowls with a request–"O long-lived *Shraman* ! Out of these two bowls please use one yourself and give the other one to some senior ascetic (*sthavir*)." The ascetic should accept the three units and so on up to he should neither use that extra unit himself nor give it to any other ascetic. . and so on up to and dump that bowl there In the same way aforesaid statements about units of food should be repeated for three, four and so on up to . ten bowls

६. एवं जहा पडिग्गहवत्तव्वया भणिया एवं गोच्छग-रयहरण-चोलपट्टग-कंबल-लट्ठी-संथारग-वत्तव्वया य भाणियव्वा जाव दसहिं संथारएहिं उवनिमंतेज्जा जाव परिट्ठावेयव्वे सिया।

६. जिस प्रकार पात्र के सम्बन्ध मे वक्तव्यता कही, उसी प्रकार गुच्छक (पूजनी), रजोहरण, चोलपट्टक, कम्बल, लाठी (दण्ड) और सस्तारक (बिछौना या बिछाने का लम्बा आसन-सथारिया) की वक्तव्यता कहनी चाहिए, यावत् दस सस्तारक ग्रहण करने के लिए उपनिमत्रण करे, यावत् परठ दे (यहाँ तक सारा पाठ कहना चाहिए)।

**6.** The aforesaid statement about bowl should be repeated for *Guchchhak* (a piece of cloth meant for wiping pots), *Rajoharan* (ascetic-broom), *Cholapattak* (a piece of cloth), blanket, staff, and bed or bed sheet . and so on up to .. offers him ten beds . . and so on up to ... dump there

७. [ प्र. १ ] निग्गंथेण य गाहावइकुलं पिंडवायपडियाए पविट्ठेणं अन्नयरे अकिच्चट्ठाणे पडिसेविए, तस्स णं एवं भवति–इहेव ताव अहं एयस्स ठाणस्स आलोएमि पडिक्कमामि निंदामि गरिहामि विउट्टामि विसोहेमि अकरणयाए अब्भुट्ठेमि, अहारिहं पायच्छित्तं तवोकम्मं पडिवज्जामि, तओ पच्छा थेराणं अंतियं आलोएस्सामि जाव तवोकम्मं पडिवज्जिस्सामि। से य संपट्ठिए, असंपत्ते, थेरा य पुव्वामेव अमुहा सिया, से णं भंते ! किं आराहए विराहए ?

[ उ. ] गोयमा ! आराहए, नो विराहए।

७. [ प्र. १ ] गृहस्थ के घर आहार ग्रहण करने की बुद्धि से प्रविष्ट निर्ग्रन्थ द्वारा किसी अकृत्य (मूलगुण मे दोषरूप किसी अकार्य) स्थान का प्रतिसेवन (दोष-सेवन) हो गया हो और तत्क्षण उसके मन मे ऐसा विचार हो कि प्रथम मै यही इस अकृत्य स्थान की आलोचना, प्रतिक्रमण, आत्म-निन्दा (पश्चात्ताप) और गर्हा करूँ, उसके अनुबन्ध का छेदन करूँ, इस (पाप-दोष से) विशुद्ध बनूँ, पुन. ऐसा अकृत्य न करने के लिए प्रतिज्ञाबद्ध होऊँ, और यथोचित प्रायश्चित्तरूप तप कर्म स्वीकार कर लूँ। तत्पश्चात् स्थविरो के पास जाकर आलोचना करूँगा, यावत् प्रायश्चित्तरूप तप.कर्म स्वीकार कर लूँगा। (ऐसा विचार कर) वह निर्ग्रन्थ, स्थविर मुनियो के पास जाने के लिए रवाना हुआ, किन्तु स्थविर मुनियो के पास पहुँचने से पहले ही वे स्थविर (वातादि दोष के प्रकोप से) मूक हो जाएँ (बोल न सके अर्थात् प्रायश्चित्त न दे सके) तो हे भगवन् ! वह निर्ग्रन्थ आराधक है या विराधक है ?

[ उ. ] गौतम ! वह (निर्ग्रन्थ) आराधक है, विराधक नही।

**7. [Q. 1]** *Bhante* ! Suppose a *nirgranth* (a male ascetic) goes to a householder to beg alms and falls victim to a lapse (transgression of basic code of conduct) He at once becomes aware of his fault and thinks – 'First of all, right at this spot, I should appraise my action (*alochana*), critically review it (*pratikraman*), self-censure (*atma-ninda*) and condemn (*garha*) it, shear the acquired bondage, free myself of the fault, take a vow not to repeat such fault in future, and court suitable penance for atonement. Then I should proceed to senior ascetics, appraise my action (*alochana*) . . and so on up to . and court suitable penance for atonement ' Having thought like this he sets out to meet senior ascetics but before he reaches his destination those senior ascetics become mute (due to some ailment and are unable to prescribe suitable atonement). *Bhante* ! Is such a *nirgranth* (a male ascetic) steadfast (*araadhak*) or faltering in conduct (*viraadhak*) ?

**[Ans.]** Gautam ! He (that ascetic) is steadfast and not faltering in conduct.

७. [प्र. २ ] से य संपट्ठिए असंपत्ते अप्पणा य पुव्वामेव अमुहे सिया, से णं भंते ! किं आराहए, विराहए ?

[उ. ] गोयमा ! आराहए, नो विराहए।

७. [ प्र. २ ] (उपर्युक्त अकृत्यसेवी निर्ग्रन्थ ने तत्काल स्वयं आलोचनादि कर लिया, यावत् यथायोग्य प्रायश्चित्तरूप तपकर्म भी स्वीकार कर लिया), तत्पश्चात् स्थविर मुनियो के पास (आलोचनादि करके यावत् तप कर्म स्वीकार करने हेतु) निकला, किन्तु उनके पास पहुँचने से पूर्व ही वह निर्ग्रन्थ स्वय (वातादि दोषवश) मूक हो जाए, तो हे भगवन् ! वह निर्ग्रन्थ आराधक है या विराधक ?

[ उ. ] गौतम ! वह (निर्ग्रन्थ) आराधक है, विराधक नही।

7. [Q.] [2] Suppose the aforesaid ascetic after appraisal (etc.) of his fault proceeds to senior ascetics but before he reaches his destination he himself becomes mute (due to some ailment and is unable to narrate). *Bhante* ! Is such a *nirgranth* (a male ascetic) steadfast or faltering in conduct ?

[Ans.] Gautam ! He (that ascetic) is steadfast and not faltering in conduct

७. [ प्र. ३ ] से य संपट्ठिए, असंपत्ते थेरा य कालं करेज्जा, से णं भंते ! किं आराहए विराहए ?

[ उ. ] गोयमा ! आराहए, नो विराहए।

७. [ प्र. ३ ] (उपर्युक्त अकृत्यसेवी निर्ग्रन्थ स्वय आलोचनादि करके) स्थविर मुनिवरो के पास आलोचनादि के लिए रवाना हुआ, किन्तु उसके पहुँचने से पूर्व ही वे स्थविर मुनि काल कर (दिवगत हो) जाए, तो हे भगवन् ! वह निर्ग्रन्थ आराधक है या विराधक ?

[ उ. ] गौतम ! वह (निर्ग्रन्थ) आराधक है, विराधक नही।

7. [Q.] [3] Suppose the aforesaid ascetic after appraisal (etc.) of his fault proceeds to senior ascetics but before he reaches his destination the senior ascetics die. *Bhante* ! Is such a *nirgranth* (a male ascetic) steadfast or faltering in conduct ?

[Ans.] Gautam ! He (that ascetic) is steadfast and not faltering in conduct

७. [ प्र. ४ ] से य संपट्ठिए असंपत्ते अप्पणा य पुव्वामेव कालं करेज्जा, से णं भंते ! किं आराहए विराहए ?

[ उ. ] गोयमा ! आराहए, नो विराहए।

७. [ प्र. ४ ] भगवन् ! वह निर्ग्रन्थ स्थविरों के पास आलोचनादि करने के लिए निकला, किन्तु वहाँ पहुँचा नहीं, उससे पूर्व ही स्वय काल कर जाए, तो हे भगवन् ! वह निर्ग्रन्थ आराधक है या विराधक ?

[ उ. ] गौतम ! वह (निर्ग्रन्थ) आराधक है, विराधक नहीं।

**7. [Q.] [4]** Suppose the aforesaid ascetic after appraisal (etc.) of his fault proceeds to senior ascetıcs but before he reaches hıs destinatıon he himself dies *Bhante* ! Is such a *nırgranth* (a male ascetic) steadfast or faltering in conduct ?

**[Ans.]** Gautam ! He (that ascetıc) ıs steadfast and not faltering in conduct

**७. [ प्र. ५ ] से य संपट्ठिए संपत्ते, थेरा य अमुहा सिया, से णं भंते ! किं आराहए विराहए ?**

**[ उ. ] गोयमा ! आराहए, नो विराहए।**

७. [ प्र. ५ ] उपर्युक्त अकृत्यसेवी निर्ग्रन्थ ने तत्क्षण आलोचनादि करके स्थविर मुनिवरो के पास आलोचनादि करने हेतु प्रस्थान किया, वह स्थविरो के पास पहुँच गया, तत्पश्चात् वे स्थविर मुनि (वातादि दोषवश) मूक हो जाए, तो हे भगवन् ! वह निर्ग्रन्थ आराधक है या विराधक ?

[ उ. ] गौतम ! वह (निर्ग्रन्थ) आराधक है, विराधक नही।

**7. [Q. 5]** Suppose the aforesaıd ascetic after apprasal (etc.) of hıs fault proceeds to senıor ascetıcs and he reaches hıs destination but after that the senıor ascetıcs become mute (due to some aılment). *Bhante* ! Is such a *nırgranth* (a male ascetic) steadfast or faltering in conduct ?

**[Ans.]** Gautam ! He (that ascetic) ıs steadfast and not falterıng ın conduct.

**७. [ ६-८ ] से य संपट्ठिए संपत्ते अप्पणा य०।**

**एवं संपत्तेण वि चत्तारि आलावगा भाणियव्वा जहेव असंपत्तेणं।**

७. [ ६-८ ] उपर्युक्त अकृत्यसेवी मुनि स्वयं आलोचनादि करके स्थविरो की सेवा मे पहुँचते ही स्वय मूक हो जाए, (इसी तरह शेष दो विकल्प है-स्थविरों के पास पहुँचते ही वे स्थविर काल कर जाएँ, या स्थविरो के पास पहुँचते ही स्वय निर्ग्रन्थ काल कर जाए); जिस प्रकार असम्प्राप्त (स्थविरो के पास न पहुँचे हुए) निर्ग्रन्थ के चार आलापक कहे गये है, उसी प्रकार सम्प्राप्त निर्ग्रन्थ के भी चार आलापक कहने चाहिए। यावत् (चारो आलापकों मे) वह निर्ग्रन्थ आराधक है, विराधक नही।

**7. [Q.] [6-8]** Suppose the aforesaid ascetic after appraisal (etc.) of hıs fault proceeds to senior ascetıcs and he reaches his destınation but after that he himself becomes mute (due to some ailment). In the same way the four alternatives (includıng on reaching there the senıor ascetics die

and on reaching there he himself dies) as mentioned about ascetic not reaching the senior ascetics should be repeated for the ascetic reaching the senior ascetics .. and so on up to . . that ascetic (in all four alternative conditions) is steadfast and not faltering in conduct.

**८. निग्गंथेण य बहिया वियारभूमिं वा विहारभूमिं वा निक्खंतेणं अन्नयरे अकिच्चट्ठाणे पडिसेविए, तस्स णं एवं भवति–इहेव ताव अहं०। एवं एत्थ वि, ते चेव अट्ठ आलावगा भाणियव्वा जाव नो विराहए।**

८. (उपाश्रय से) बाहर विचार भूमि (नीहारार्थ स्थण्डिल भूमि) अथवा विहार भूमि (स्वाध्याय भूमि) की ओर निकले हुए निर्ग्रन्थ द्वारा किसी अकृत्य स्थान का प्रतिसेवन हो गया हो, तत्क्षण उसके मन मे ऐसा विचार हो कि 'पहले मै स्वय यही इस अकृत्य की आलोचनादि करूँ,' इत्यादि पूर्ववत् सारा वर्णन यहाँ कहना चाहिए। यहाँ भी पूर्वोक्त प्रकार से असम्प्राप्त और सम्प्राप्त दोनो के (प्रत्येक के स्थविरमूकत्व, स्वमूकत्व, स्थविरकालप्राप्ति और स्वकालप्राप्ति, यो चार-चार आलापक होने से) आठ आलापक कहने चाहिए। यावत् वह निर्ग्रन्थ आराधक है, विराधक नही, यहाँ तक सारा पाठ कहना चाहिए।

**8.** Suppose a *nirgranth* (a male ascetic) (leaving his place of stay) goes to the place of excretion (*Vichaar bhumi*) or the place of study (*Vihaar bhumi*) and falls victim to a lapse (transgression of basic code of conduct) He at once becomes aware of his fault and thinks – 'First of all right at this spot, I should appraise my action (*alochana*) . and so on up to and court suitable penance for atonement.' Here eight alternatives (four alternatives related to the silence of self, silence of seniors, death of self and death of seniors in context of not reaching the destination and four in context of reaching) as aforesaid should be repeated for each These alternatives should be repeated verbatim up to–'such a *nirgranth* (a male ascetic) is steadfast (*araadhak*) and not faltering in conduct (*viraadhak*)'.

**९. निग्गंथेण य गामाणुगामं दूइज्जमाणेणं अन्नयरे अकिच्चट्ठाणे पडिसेविए, तस्स णं एवं भवति–इहेव ताव अहं०। एत्थ वि ते चेव अट्ठ आलावगा भाणियव्वा जाव नो विराहए।**

९. ग्रामानुग्राम विचरण करते हुए किसी निर्ग्रन्थ द्वारा किसी अकृत्य स्थान का प्रतिसेवन हो गया हो और तत्काल उसके मन में यह विचार स्फुरित हो कि 'पहले मै यही इस अकृत्य की आलोचनादि करूँ, इत्यादि सारा वर्णन पूर्ववत् समझना चाहिए। यहाँ भी पूर्ववत् आठ आलापक कहने चाहिए। यावत् वह निर्ग्रन्थ आराधक है, विराधक नही, यहाँ तक समग्र पाठ कहना चाहिए।

**9.** Suppose a *nirgranth* (a male ascetic) (leaving his place of stay) moves about from one village to another and falls victim to a lapse (transgression of basic code of conduct). He at once becomes aware of his

fault and thinks – 'First of all right at this spot, I should appraise my action (*alochana*) etc. Here also aforesaid eight alternatives should be repeated. These alternatives should be repeated verbatim up to–'such a *nirgranth* (a male ascetic) is steadfast (*araadhak*) and not faltering in conduct (*viraadhak*)'

**१०. [प्र. १ ] निग्गंथीए य गाहावइकुलं पिंडवायपडियाए अणुपविट्ठाए अन्नयरे अकिच्चट्ठाणे पडिसेविए, तीसे णं एवं भवइ–इहेव ताव अहं एयस्स ठाणस्स आलोएमि जाव तवोकम्मं पडिवज्जामि तओ पच्छा पवत्तिणीए अंतियं आलोएस्सामि जाव पडिवज्जिस्सामि, सा य संपट्ठिया असंपत्ता, पवत्तिणी य अमुहा सिया, सा णं भंते ! किं आराहिया, विराहिया ?**

[उ. ] **गोयमा ! आराहिया, नो विराहिया।**

१०. [प्र १ ] गृहस्थ के घर में आहार ग्रहण करने (पिण्डपात) की बुद्धि से प्रविष्ट किसी निर्ग्रन्थी (साध्वी) ने किसी अकृत्य स्थान का प्रतिसेवन कर लिया, किन्तु तत्काल उसको ऐसा विचार स्फुरित हुआ कि मै स्वयमेव पहले यही इस अकृत्य स्थान की आलोचना कर लूँ, यावत् प्रायश्चित्तरूप तप कर्म स्वीकार कर लूँ। तत्पश्चात् प्रवर्तिनी के पास आलोचना कर लूँगी, यावत् तप कर्म स्वीकार कर लूँगी। ऐसा विचार कर उस साध्वी ने प्रवर्तिनी के पास जाने के लिए प्रस्थान किया, प्रवर्तिनी के पास पहुँचने से पूर्व ही वह प्रवर्तिनी (वातादि दोष के कारण) मूक हो गई (उसकी जिह्वा बद हो गई–बोल न सकी), तो हे भगवन् ! वह साध्वी आराधका है या विराधका ?

[उ ] गौतम ! वह साध्वी आराधिका है, विराधिका नही।

**10. [Q. 1]** *Bhante* ! Suppose a *nirgranthi* (a female ascetic) goes to a householder to beg alms and falls victim to a lapse (transgression of basic code of conduct) She at once becomes aware of her fault and thinks–'First of all, right at this spot, I should appraise my action (*alochana*), critically review it (*pratikraman*), censure (*atma-ninda*) and condemn (*garha*) it; shear the acquired bondage, free myself of the fault, take a vow not to repeat such fault in future, and court suitable penance for atonement. Then I should proceed to *Pravartini* (head of female ascetics), appraise my action (*alochana*) . and so on up to . .and court suitable penance for atonement.' Having thought like this she sets out to meet the *Pravartini* but before she reaches her destination the *Pravartini* become mute (due to some ailment and is unable to prescribe suitable atonement). *Bhante* ! Is such a *nirgranthi* (a female ascetic) steadfast (*araadhak*) or faltering in conduct (*viraadhak*) ?

**[Ans.]** Gautam ! She (that female ascetic) is steadfast and not faltering in conduct.

१०. [ २ ] सा य संपट्ठिया जहा निग्गंथस्स तिण्णि गमा भणिया एवं निग्गंथीए वि तिण्णि आलावगा भाणियव्वा जाव आराहिया, नो विराहिया।

१०. [ २ ] जिस प्रकार सम्प्रस्थित (आलोचनादि के हेतु स्थविरो के पास जाने के लिए रवाना हुए) निर्ग्रन्थ के तीन गम-(पाठ) उसी प्रकार सम्प्रस्थित (प्रवर्तिनी के पास आलोचनादि हेतु रवाना हुई) साध्वी के भी तीन गम-(पाठ) कहने चाहिए, यावत् वह साध्वी आराधिका है, विराधिका नही; यहाँ तक सारा पाठ कहना चाहिए।

**10. [2]** Like the three sets of statements about male ascetics on the way and having reached their destination, three sets of statements should be repeated for female ascetics These alternatives should be repeated verbatim up to – 'such a *nirgranthi* (a female ascetic) is steadfast (*araadhak*) and not faltering in conduct (*viraadhak*)'

**११. [ प्र. १ ] से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ—आराहए, नो विराहए ?**

**[ उ. ] गोयमा ! से जहानामए केइ पुरिसे एगं महं उण्णालोमं वा गयलोमं वा सणलोमं वा कप्पासलोमं वा तणसूयं वा दुहा वा तिहा वा संखेज्जहा वा छिंदित्ता अगणिकायंसि पक्खिवेज्जा, से नूणं गोयमा ! छिज्जमाणे छिन्ने, पक्खिप्पमाणे पक्खित्ते, डज्झमाणे दड्ढे त्ति वत्तव्वं सिया ?**

**हंता भगवं ! छिज्जमाणे छिन्ने जाव दड्ढे त्ति वत्तव्वं सिया।**

११. [ प्र. १ ] भगवन् ! किस कारण से आप कहते है कि वे (पूर्वोक्त प्रकार के साधु और साध्वी) आराधक है, विराधक नही ?

[ उ. ] गौतम ! जैसे कोई पुरुष एक बडे ऊन (भेड) के बाल के या हाथी के रोम के अथवा सण के रेशे के या कपास के रेशे के अथवा तृण (घास) के अग्र भाग के दो, तीन या सख्यात टुकडे करके अग्निकाय (आग) मे डाले, तो हे गौतम ! काटे जाते हुए वे (टुकडे) काटे गए, अग्नि मे ले जाते हुए को डाले गए, या जलते हुए को जल गए, क्या इस प्रकार कहा जा सकता है ?

(गौतम स्वामी–) हाँ, भगवन् ! काटते हुए काटे गए, अग्नि मे डालते हुए डाले गए और जलते हुए जल गए, यो कहा जा सकता है।

**11. [Q. 1]** *Bhante* ! Why do you say that they (such male and female ascetic) are steadfast (*araadhak*) and not faltering in conduct (*viraadhak*) ?

**[Ans.]** Gautam ! Suppose a man takes some wool from a lamb, or hair from an elephant, or some fibers of hemp or cotton, or simply a few sticks of hay, cuts them into two, three or a countable number of pieces, and hurls them into a fire; then can you say that these (pieces) have been cut while they were being cut, hurled while being thrown and burnt while being burnt in fire ?

(Gautam Swami—) Yes, *Bhante* ! It can be said that these (pieces) have been cut while they were being cut, hurled while being thrown and burnt while being burnt in fire.

**११. [ २ ] से जहा वा केइ पुरिसे वत्थं अहतं वा धोतं वा तंतुग्गयं वा मंजिट्ठादोणीए पक्खिवेज्जा, से नूणं गोयमा ! उक्खिप्पमाणे उक्खित्ते, पक्खिप्पमाणे पक्खित्ते, रज्जमाणे रत्ते त्ति वत्तव्वं सिया ?**

**हंता, भगवं ! उक्खिप्पमाणे उक्खित्ते जाव रत्ते त्ति वत्तव्वं सिया।**

**से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ–आराहए, नो विराहए।**

११. [ २ ] भगवान का कथन–अथवा जैसे कोई पुरुष बिलकुल नये (नहीं पहने हुए), या धोये हुए, अथवा तंत्र (करघे) से तुरन्त उतरे हुए वस्त्र को मजीठ के द्रोण (पात्र) मे डाले तो हे गौतम ! उठाते हुए वह वस्त्र उठाया गया, डालते हुए डाला गया, अथवा रँगते हुए रँगा गया, क्या यो कहा जा सकता है ?

(गौतम स्वामी–) हाँ, भगवन् ! उठाते हुए वह वस्त्र उठाया गया, यावत् रँगते हुए रँगा गया, इस प्रकार कहा जा सकता है।

(भगवान–) इसी कारण से हे गौतम ! यो कहा जाता है (आराधना के लिए उद्यत हुए साधु या साध्वी) आराधक है, विराधक नही।

**11. [2]** (*Bhagavan* —) Also, suppose a man takes a piece of cloth, new or washed or just taken from a loom, and puts it into dying-pan filled with dye; then, Gautam ! Can you say that the piece of cloth has been picked up while it is being taken, put into the pan while still being put, or dyed while still being dyed ?

(Gautam Swami—) Yes, *Bhante* ! It can be said that this piece has been picked up while it is still being taken, put into the pan while still being put, or dyed while still being dyed.

(*Bhagavan*—) That is why, Gautam ! It is said that they (male and female ascetic who are prepared to follow the prescribed code) are steadfast (*araadhak*) and not faltering in conduct (*viraadhak*).

**विवेचन : आराधक–विराधक की व्याख्या**–आराधक का अर्थ यहाँ मोक्षमार्ग का आराधक तथा भाव शुद्ध होने से शुद्ध है। जैसे कि मृत्यु को लेकर कहा गया है–आलोचना के सम्यक् परिणाम सहित कोई साधु गुरु के पास आलोचनादि करने के लिए चल दिया है, किन्तु यदि बीच में ही वह साधु (आलोचना करने से पूर्व ही) रास्ते मे काल कर गया, तो भी वह भाव से शुद्ध है। स्वयं आलोचनादि करने वाला वह साधु गीतार्थ होना सम्भव है। *(वृत्ति, पत्रांक ३७६)*

**Elaboration**—Definition of *araadhak* and *viraadhak* –*Araadhak* here means steadfast aspirant on the path off liberation. Due to purity of his

feelings he is considered spiritually pure. That is why it is said that when he proceeds to the Guru with sincere intent of atonement but has met his death on the way, even before doing atonement, he is spiritually pure. He is considered steadfast in conduct simply when he has done atonement on his own. *(Vritti, leaf 376)*

**जलते हुए दीपक आदि मे क्या जलता है ? WHAT BURNS IN A LAMP**

**१२. [प्र.] पईवस्स णं भंते ! झियायमाणस्स किं पईवे झियाइ, लट्ठी झियाइ, वत्ती झियाइ, तेल्ले झियाइ, दीवचंपए झियाइ, जोती झियाइ ?**

**[उ.] गोयमा ! नो पईवे झियाइ, जाव नो दीवचंपए झियाइ, जोई झियाइ।**

१२. [प्र.] भगवन् ! जलते हुए दीपक मे क्या जलता है? क्या दीपक जलता है? दीपयष्टि (दीवट) जलती है? बत्ती जलती है? तेल जलता है? दीपचम्पक (दीपक का ढक्कन) जलता है, या ज्योति (दीपशिखा) जलती है?

[उ.] गौतम ! दीपक नही जलता, यावत् दीपक का ढक्कन भी नही जलता, किन्तु ज्योति (दीपशिखा) जलती है।

**12. [Q.]** *Bhante* ! What is it that burns in a lighted lamp ? Does the lamp burn ? Does the pot of the lamp (*deep-yashti*) burn ? Does the wick burn ? Does the oil burn ? Does the cover burn ? Or does the flame burn ?

**[Ans.]** Gautam ! The lamp does not burn . and so on up to the cover does not burn, but only the flame burns

**१३. [प्र.] अगारस्स णं भंते ! झियायमाणस्स किं अगारे झियाइ, कुड्डा झियाइ, कडणा झियाइ, धारणा झियाइ, बलहरणे झियाइ, वंसा झियाइ, मल्ला झियाइ, वग्गा झियाइ, छित्तरा झियाइ, छाणे झियाइ, जोती झियाइ ?**

**[उ.] गोयमा ! नो अगारे झियाइ, नो कुड्डा झियाइ, जाव नो छाणे झियाइ, जोती झियाइ।**

१३. [प्र.] भगवन् ! जलते हुए घर मे क्या जलता है? क्या घर जलता है? भीते जलती है? टाटी (खसखस आदि की टाटी या पतली दीवार) जलती है? धारण (नीचे के मुख्य स्तम्भ) जलते है? बलहरण (मुख्य स्तम्भ-धारण पर रहने वाली आडी लम्बी लकडी-बल्ली) जलता है? बाँस जलते है? मल्ल (भीतो के आधारभूत स्तम्भ) जलते है? वर्ग (बाँस आदि को बाँधने वाली छाल) जलते है? छित्वर (बाँस आदि को ढकने के लिए डाली हुई चटाई या छप्पर) जलते है? छादन (छाण-दर्भादियुक्त पटल) जलता है अथवा ज्योति (अग्नि) जलती है?

[उ.] गौतम ! घर नही जलता, भीते नही जलती, यावत् छादन नही जलता, किन्तु ज्योति (अग्नि) जलती है।

13. [Q.] *Bhante* ! What is it that burns in a house aflame ? Does the house burn ? Do the walls burn ? Do the partitions (*taati*) burn ? Do the load-bearing pillars (*dhaaran*) burn ? Do the beams (*balaharan*) burn ? Does the bamboo burn ? Do the pillars (*malla*) burn ? Do the tie-ropes (*varga*) burn ? Does the covering mat (*chhilvar*) burn ? Does the thatch (*chhaadan*) burn ? Or does the flame burn ?

[Ans.] Gautam ! The house does not burn. The walls do not burn . . and so on up to ... the thatch (*chhaadan*) does not burn. But only the flame burns.

***क्रियाओं का निरूपण*** **DESCRIPTION OF ACTIVITIES**

**१४. [प्र. ] जीवे णं भंते ! ओरालियसरीराओ कतिकिरिए ?**

**[उ. ] गोयमा ! सिय तिकिरिए, सिय चउकिरिए, सिए पंचकिरिए, सिय अकिरिए।**

१४. [प्र. ] भगवन् ! एक जीव (अपने औदारिक शरीर से, परकीय) एक औदारिक शरीर की अपेक्षा कितनी क्रिया वाला होता है ?

[उ. ] गौतम ! वह कदाचित् तीन क्रिया वाला, कदाचित् चार क्रिया वाला, कदाचित् पाँच क्रिया वाला होता है और कदाचित् अक्रिय भी होता है।

14. [Q.] Relative to the gross physical body (*audarik sharira*) of another being, how many activities a living being is capable of getting involved in ?

[Ans.] Gautam ! He is capable of getting involved sometimes in three activities, sometimes in four, sometimes in five and sometimes in no activity at all

**१५. [प्र. ] नेरइए णं भंते ! ओरालियसरीराओ कतिकिरिए ?**

**[उ. ] गोयमा ! सिय तिकिरिए, सिय चउकिरिए सिए पंचकिरिए।**

१५. [प्र. ] भगवन् ! एक नैरयिक जीव, दूसरे के एक औदारिक शरीर की अपेक्षा कितनी क्रिया वाला होता है ?

[उ. ] गौतम ! वह कदाचित् तीन क्रिया वाला, कदाचित् चार क्रिया वाला और कदाचित् पाँच क्रिया वाला होता है।

15. [Q.] Relative to the gross physical body (*audarik sharira*) of another being, how many activities an infernal being is capable of getting involved in ?

[Ans.] Gautam ! He is capable of getting involved sometimes in three activities, sometimes in four, and sometimes in five activities.

१६. [प्र. ] असुरकुमारे णं भंते ! ओरालियसरीराओ कतिकिरिए ?

[उ. ] एवं चेव।

१६. [प्र. ] भगवन् ! एक असुरकुमार, (दूसरे के) एक औदारिक शरीर की अपेक्षा कितनी क्रिया वाला होता है ?

[उ. ] गौतम ! पहले कहे अनुसार (कदाचित् तीन, कदाचित् चार और कदाचित् पाँच क्रियाओ वाला) होता है।

**16. [Q.]** Relative to the gross physical body (*audarik sharira*) of another being, how many activities an *Asur Kumar* divine being is capable of getting involved in ?

**[Ans.]** Gautam ! As aforesaid (in three, four, or five activities).

१७. एवं जाव वेमाणिय, नवरं मणुस्से जहा जीवे (सु. १४)।

१७. इसी प्रकार यावत् वैमानिक देवो तक कहना चाहिए। परन्तु मनुष्य का कथन औधिक जीव की तरह (सूत्र १४ अनुसार) जानना चाहिए।

**17.** In the same way the aforesaid statements should be repeated up to *Vaimanik* divine beings However, the statement for human beings should follow the pattern of the general statement (*aughik*) about living beings (aphorism 14).

१८. [प्र. ] जीवे णं भंते ! ओरालियसरीरेहिंतो कतिकिरिए ?

[उ. ] गोयमा ! सिय तिकिरिए जाव सिय अकिरिए।

१८. [प्र. ] भगवन् ! एक जीव (दूसरे जीवो के) औदारिक शरीरो की अपेक्षा कितनी क्रिया वाला होता है ?

[उ. ] गौतम ! वह कदाचित् तीन क्रिया वाला, कदाचित् चार क्रिया वाला और कदाचित् पाँच क्रिया वाला, तथा कदाचित् अक्रिय (क्रियारहित) भी होता है।

**18. [Q.]** Relative to the gross physical bodies (*audarik sharira*) of other beings, how many activities a living being is capable of getting involved in ?

**[Ans.]** Gautam ! He is capable of getting involved sometimes in three activities, sometimes in four, sometimes in five and sometimes in no activity at all.

१९. [प्र. ] नेरइए णं भंते ! ओरालियसरीरेहिंतो कतिकिरिए ?

[उ. ] एवं एसो जहा पढमो दंडओ (सु. १५-१७) तहा इमो वि अपरिसेसो भाणियव्वो जाव वेमाणिए, नवरं मणुस्से जहा जीवे (सु. १८)।

१९. [ प्र. ] भगवन् ! एक नैरयिक जीव, (दूसरे जीवों के) औदारिक शरीरों की अपेक्षा कितनी क्रिया वाला होता है ?

[ उ. ] गौतम ! जिस प्रकार प्रथम दण्डक (सू. १५ से १७) मे कहा गया है, उसी प्रकार यह दण्डक भी सारा का सारा यावत् वैमानिक पर्यन्त कहना चाहिए; परन्तु मनुष्य का कथन सामान्य (औघिक) जीवों की तरह (सू. १८ में कहे अनुसार) जानना चाहिए।

**19. [Q.]** Relative to the gross physical bodies (*audarik sharıra*) of otheı beıngs, how many actıvitıes an infernal being is capable of getting ınvolved in ?

**[Ans.]** What has been stated with regard to the first group (aphorısms 15-17) should also be repeated for this group up to *Vaımanik* divine beıngs. However, the statement for human beings should follow the pattern of the general statement (*aughık*) about living beings (aphorısm 18)

**२०. [ प्र. ] जीवा णं भंते ! ओरालियसरीराओ कतिकिरिया ?**

**[ उ. ] गोयमा ! सिय तिकिरिया जाव सिय अकिरिया।**

२०. [ प्र. ] भगवन् ! बहुत-से जीव, दूसरे के एक औदारिक शरीर की अपेक्षा कितनी क्रिया वाले होते है ?

[ उ. ] गौतम ! वे कदाचित् तीन क्रिया वाले, कदाचित् चार क्रिया वाले और कदाचित् पाँच क्रिया वाले होते है, तथा कदाचित् अक्रिय भी होते है।

**20. [Q.]** Relatıve to the gross physıcal body (*audarık sharıra*) of another beıng, how many activıties many lıving beings are capable of gettıng ınvolved ın ?

**[Ans.]** Gautam ! They are capable of getting involved sometimes ın three activıtıes, sometımes in four, sometimes in five and sometimes in no actıvıty at all.

**२१. [ प्र. ] नेरइया णं भंते ! ओरालियसरीराओ कतिकिरिया ?**

**[ उ. ] एवं एसो वि जहा पढमो दंडओ (सु. १५-१७) तहा भाणियव्वो जाव वेमाणिया, नवरं मणुस्सा जहा जीवा (सु. २०)।**

२१. [ प्र. ] भगवन् ! बहुत-से नैरयकि जीव, दूसरे के एक औदारिक शरीर की अपेक्षा कितनी क्रिया वाले होते है ?

[ उ. ] गौतम ! जिस प्रकार प्रथम दण्डक (सू १५ से १७ तक) मे कहा गया है, उसी प्रकार यह (दण्डक) भी यावत् वैमानिक-पर्यन्त कहना चाहिए। विशेष यह है कि मनुष्यो का कथन औघिक जीवो की तरह (सू. १८ के अनुसार) जानना चाहिए।

21. [Q.] Relative to the gross physical body (*audarik sharira*) of another being, how many activities many infernal beings are capable of getting involved in ?

[Ans.] What has been stated with regard to the first group (aphorisms 15-17) should also be repeated for this group up to *Vaimanik* divine beings. However, the statement for human beings should follow the pattern of the general statement (*aughik*) about living beings (aphorism 18)

**२२. [ प्र. ] जीवा णं भंते ! ओरालियसरीरेहिंतो कतिकिरिया ?**

**[ उ. ] गोयमा ! तिकिरिया वि, चउकिरिया वि, पंचकिरिया वि, अकिरिया वि।**

२२. [ प्र. ] भगवन् ! बहुत-से जीव, दूसरे जीवो के औदारिक शरीरों की अपेक्षा कितनी क्रिया वाले होते है ?

[ उ. ] गौतम ! वे कदाचित् तीन क्रिया वाले, कदाचित् चार क्रिया वाले और कदाचित् पाँच क्रिया वाले और कदाचित् अक्रिय भी होते है।

22. [Q.] Relative to the gross physical bodies (*audarik sharira*) of other beings, how many activities many living beings are capable of getting involved in ?

[Ans.] Gautam ! They are capable of getting involved sometimes in three activities, sometimes in four, sometimes in five and sometimes in no activity at all

**२३. [ प्र. ] नेरइया णं भंते ! ओरालियसरीरेहिंतो कतिकिरिया ?**

**[ उ. ] गोयमा ! तिकिरिया वि, चउकिरिया वि, पंचकिरिया वि।**

२३. [ प्र. ] भगवन् ! बहुत-से नैरयिक जीव, दूसरे जीवो के औदारिक शरीरो की अपेक्षा कितनी क्रिया वाले होते है ?

[ उ. ] गौतम ! वे तीन क्रिया वाले भी, चार क्रिया वाले भी और पाँच क्रिया वाले भी होते है।

23. [Q.] Relative to the gross physical bodies (*audarik sharira*) of other beings, how many activities many infernal beings are capable of getting involved in ?

[Ans.] Gautam ! They are capable of getting involved sometimes in three activities, sometimes in four, and sometimes in five activities.

**२४. एवं जाव वेमाणिया, नवरं मणुस्सा जहा जीवा (सु. २२)।**

२४. इसी तरह यावत् वैमानिक-पर्यन्त समझना चाहिए। विशेष इतना ही है कि मनुष्यो का कथन औघिक जीवो की तरह (सू. २२ मे कहे अनुसार) जानना चाहिए।

24. In the same way the aforesaid statements should be repeated up to *Vaimanik* divine beings. However, the statement for human beings should follow the pattern of the general statement (*aughik*) about living beings (aphorism 22).

**२५. [ प्र. ] जीवे णं भंते ! वेउव्वियसरीराओ कतिकिरिए ?**

**[ उ. ] गोयमा ! सिय तिकिरिए, सिय चउकिरिए, सिय अकिरिए।**

२५. [ प्र. ] भगवन् ! एक जीव, (दूसरे एक जीव के) वैक्रियशरीर की अपेक्षा कितनी क्रिया वाला होता है ?

[ उ. ] गौतम ! वह कदाचित् तीन क्रिया वाला, कदाचित् चार क्रिया वाला और कदाचित् क्रियारहित होता है।

25. **[Q.]** Relative to the transmuted body (*vaikriya sharira*) of another being, how many activities a living being is capable of getting involved in ?

**[Ans.]** Gautam ! He is capable of getting involved sometimes in three activities, sometimes in four, and sometimes in no activity at all.

**२६. [ प्र. ] नेरइए णं भंते ! वेउव्वियसरीराओ कतिकिरिए ?**

**[ उ. ] गोयमा ! सिय तिकिरिए, सिय चउकिरिए।**

२६. [ प्र. ] 'भगवन् ! एक नैरयिक जीव, (दूसरे एक जीव के) वैक्रियशरीर की अपेक्षा कितनी क्रिया वाला होता है ?

[ उ. ] गौतम ! वह कदाचित् तीन क्रिया वाला और कदाचित् चार क्रिया वाला होता है।

26. **[Q.]** Relative to the transmuted body (*vaikriya sharira*) of another being, how many activities an infernal being is capable of getting involved in ?

**[Ans.]** Gautam ! He is capable of getting involved sometimes in three activities, and sometimes in four activities.

**२७. एवं जाव वेमाणिए, नवरं मणुस्से जहा जीव (सु. २५)।**

२७. इस प्रकार यावत् वैमानिक-पर्यन्त कहना चाहिए। किन्तु मनुष्य का कथन औघिक जीव की तरह (सू. २५) कहना चाहिए।

27. In the same way the aforesaid statements should be repeated up to *Vaimanik* divine beings. However, the statement for human beings should follow the pattern of the general statement (*aughik*) about living beings (aphorism 25).

**२८. एवं जहा ओरालियसरीरेणं चत्तारि दंडगा भणिया तहा वेउव्वियसरीरेण वि चत्तारि दंडगा भाणियव्वा, नवरं पंचमकिरिया न भण्णइ, सेसं तं चेव।**

२८. जिस प्रकार औदारिकशरीर की अपेक्षा चार दण्डक कहे गये, उसी प्रकार वैक्रियशरीर की अपेक्षा भी चार दण्डक कहने चाहिए। विशेषता इतनी है कि इसमे पचम क्रिया का कथन नही करना चाहिए। शेष सभी कथन पूर्ववत् समझना चाहिए।

**28.** Like four statements mentioned with regard to gross physical body, four statements should be repeated with regard to the transmutable body The only difference being that here the fifth activity should not be included, rest of the statement remaining the same.

**२९. [ प्र. ] एवं जहा वेउव्वियं तहा आहारगं पि, तेयगं पि, कम्मगं पि भाणियव्वं। एक्केक्के चत्तारि दंडगा भाणियव्वा जाव वेमाणिया णं भंते ! कम्मगसरीरेहिंतो कइकिरिया ?**

**[ उ. ] गोयमा ! तिकिरिया वि, चउकिरिया वि।**

**सेवं भंते ! सेवं भंते ! त्ति.।**

**॥ अट्ठमसए : छट्ठो उद्देसओ समत्तो ॥**

२९. [ प्र. ] जिस प्रकार वैक्रियशरीर का कथन किया गया है, उसी प्रकार आहारक, तैजस् और कार्मणशरीर का भी कथन करना चाहिए। इन तीनो के प्रत्येक के चार-चार दण्डक कहने चाहिए, यावत्-(प्रश्न-) 'भगवन् ! बहुत-से वैमानिक देव (परकीय) कार्मणशरीरो की अपेक्षा कितनी क्रिया वाले होते है ?'

'[उ ] 'गौतम ! तीन क्रिया वाले भी और चार क्रिया वाले भी होते है', यहाँ तक कहना चाहिए।

हे भगवान् ! यह इसी प्रकार है, भगवन् ! यह इसी प्रकार है, (यो कहकर यावत् गौतम स्वामी विचरण करते है।)

**29. [Q.]** The pattern of statements mentioned about transmutable body should also be followed for teleportable (*aahaarak*), fiery (*taijas*) and *karmic* (*karman*) bodies Aforesaid four statements should be stated for each of these up to—[Q ] *Bhante* ! Relative to many *karmic* bodies (*karman sharira*) of other beings, how many activities many *Vaimanik* divine beings are capable of getting involved in ?

**[Ans.]** Gautam ! They are capable of getting involved sometimes in three activities, and sometimes in four activities.

"*Bhante* ! Indeed that is so. Indeed that is so." With these words... and so on up to... ascetic Gautam resumed his activities.

**विवेचन : अन्य जीव के औदारिकादि शरीर की अपेक्षा होने वाली क्रिया का आशय**–कायिकी आदि पाँच क्रियाएँ है, जिनका स्वरूप पहले बताया जा चुका है। जब एक जीव, दूसरे पृथ्वीकायादि, जीव के शरीर की अपेक्षा काया का व्यापार करता है, तब उसे तीन क्रियाएँ होती है–कायिकी, आधिकारणिकी और प्राद्वेषिकी। क्योंकि सराग जीव को कायिक क्रिया के सद्भाव मे आधिकरणिकी तथा प्राद्वेषिकी क्रिया अवश्य होती है, क्योंकि सराग जीव की काया अधिकरण रूप और प्रद्वेषयुक्त होती है। आधिकरणिकी, प्राद्वेषिकी और कायिकी, इन तीनो क्रियाओ का अविनाभाव (परस्पर गहरा) सम्बन्ध है। पारितापनिकी और प्राणातिपातिकी क्रिया मे भजना (विकल्प) है, जब जीव, दूसरे जीव को परिताप पहुँचाता है अथवा दूसरे के प्राणो का घात करता है, तभी क्रमश पारितापनिकी अथवा प्राणातिपातिकी क्रिया होती है। अत जब जीव, दूसरे जीव को परिताप उत्पन्न करता है, तब जीव को चार क्रियाएँ होती है। जब जीव, दूसरे जीव के प्राणो का घात करता है, तब उसे पाँच क्रियाएँ होती है। क्योंकि इन दोनो क्रियाओ मे पूर्व की तीन क्रियाओं का सद्भाव अवश्य होता है। इसीलिए मूल पाठ मे जीव को कदाचित् तीन, कदाचित् चार और कदाचित् पाँच क्रिया वाला कहा गया है। जीव कदाचित् अक्रिय भी होता है, यह बात अयोगी अवस्था की अपेक्षा से कही गई है। (मनुष्य के सिवाय शेष २३ दण्डको के जीव अक्रिय नही होते।)

नरकस्थित नैरयिक जीव को मनुष्यलोकस्थित आहारकशरीर की अपेक्षा तीन या चार क्रिया वाला बताया गया है, उसका रहस्य यह है कि नैरयिक जीव ने अपने पूर्वभव के शरीर का विवेक (विरति) के अभाव मे व्युत्सृजन नही किया (त्याग नही किया), इसलिए उस जीव द्वारा बनाया हुआ वह (भूतपूर्व) शरीर जब तक शरीर परिणाम का सर्वथा त्याग नही कर देता, तब तक अशरूप मे भी शरीर परिणाम को प्राप्त वह शरीर, पूर्वभाव–प्रज्ञापना की अपेक्षा 'घृतघट' न्याय से (घी निकालने पर भी उसे भूतपूर्व घट की अपेक्षा 'घी का घडा' कहा जाता है, तद्वत्) घी का घडा कहलाता है। अत उस मनुष्यलोकवर्ती (भूतपूर्व) शरीर के अशरूप अस्थि (हड्डी) आदि से आहारकशरीर का स्पर्श होता है, अथवा उसे परिताप उत्पन्न होता है, इस अपेक्षा से नैरियक जीव आहारकशरीर की अपेक्षा तीन या चार क्रिया वाला होता है। इसी प्रकार देव आदि तथा द्वीन्द्रिय आदि जीवो के विषय मे भी जान लेना चाहिए। *(वृत्ति पत्राक ३७७, प्रज्ञापना क्रियापद)*

॥ अष्टम शतक : छठा उद्देशक समाप्त ॥

**Elaboration—Meaning of activities related to body of another being**—There are five types of activities (*kriya*) including physical (*kaayiki*) as already detailed earlier. When a living being indulges in physical activity in relation to the body of other living being including earth-bodied beings, then it gets involved in three activities–*kaayiki kriya* (physical activity), *aadhikaraniki kriya* (activity of collecting instruments of violence) and *praadveshiki kriya* (activity of harbouring aversion). This is because when a living being having attachment indulges in physical activity he is necessarily involved in *aadhikaraniki kriya* (activity of collecting instruments of violence) and *praadveshiki kriya* (activity of harbouring aversion). The reason for this is that the body of a living being with attachment acts as an instrument and it has

the feeling of aversion. The three said activities—*kaayiki kriya* (physical activity), *aadhikaraniki kriya* (activity of collecting instruments of violence) and *praadveshiki kriya* (activity of harbouring aversion)—are closely connected. In *paaritapaniki kriya* (activity of inflicting pain), *pranatipatiki* (activity of killing) there is a scope of alternatives. Involvement in these two activities, *paaritapaniki kriya* (activity of inflicting pain), *pranatipatiki* (activity of killing), takes place one after the other only when a being causes pain to or kills another being. Thus when a living being causes pain to another living being it gets involved in four activities and when he kills another being he gets involved in five activities This is because the last two activities necessarily have involvement of first three activities. That is why in the original text it is mentioned that a being gets involved sometimes in three, sometimes in four or sometimes in five activities A living being is sometimes non-active also; this is with regard to the absolutely detached state (Other than human beings, living beings of twenty-three *dandaks* or places of suffering are never non-active )

An infernal being in hell is said to be involved in three or four activities in relation to the body with intake (*aahaarak sharira*) existing in the land of humans The reason for this is that in absence of renunciation, infernal beings do not completely abandon the bodies of preceding birth. Therefore as long as that body does not disintegrate completely, and even a fraction of the original body exists, it is recognized as the body of that being in context of preceding birth It is like a pot filled with butter is called pot of butter even after it is emptied Thus the infernal being touches the part of that *aahaarak sharira* of past birth and suffers pain It is in this context that an infernal being in hell s said to be involved in three or four activities in relation to the body with intake (*aahaarak sharira*). The same is true for divine and other beings including two-sensed beings. *(Vritti, leaf 377, Kriyapad of Prajnapana Sutra).*

**● END OF THE SIXTH LESSON OF THE EIGHTH CHAPTER ●**

# सत्तमो उद्देसओ : 'अदत्ते'
# अष्टम शतक : सप्तम उद्देशक : अदत्त
## EIGHTH SHATAK (Chapter Eight) : SEVENTH LESSON : ADATT (NOT GIVEN)

***अन्यतीर्थिकों के साथ स्थविरों का वाद*** **HERETICS DISCUSS WITH STHAVIRS**

**१. तेणं कालेणं तेणं समएणं रायगिहे नयरे। वण्णओ। गुणसिलए चेइए। वण्णओ, जाव पुढविसिलावट्टओ। तस्स णं गुणसिलस्स चेइयस्स अदूरसामंते बहवे अन्नउत्थिया परिवसंति।**

१. उस काल और उस समय मे राजगृह नामक नगर था। वहाँ गुणशीलक नामक चैत्य था। (उसका वर्णन औपपातिक सूत्र के समान जान लेना चाहिए) यावत् पृथ्वी शिलापट्टक था। उस गुणशीलक चैत्य के आस-पास बहुत-से अन्यतीर्थिक रहते थे।

1. During that period of time there was a city called Rajagriha. Description (as before). There was a *Chaitya* called Gunasheelak.. and so on up to . There was a slab of stone. A little distance away from that Gunasheelak Chaitya lived many heretics (*anyatirthik*)

**२. तेणं कालेणं तेणं समएणं समणे भगवं महावीरे आदिगरे जाव समोसढे जाव परिसा पडिगया।**

२. उस काल और उस समय मे धर्मतीर्थ की आदि (स्थापना) करने वाले श्रमण भगवान् महावीर समवसृत हुए (पधारे) यावत् धर्मोपदेश सुनकर परिषद् वापिस चली गई।

2. During that period of time Bhagavan Mahavir, the founder of religious order ... and so on up to ... arrived ... and so on up to ... *Bhagavan* gave his sermon People dispersed.

**३. तेणं कालेणं तेणं समएणं समणस्स भगवओ महावीरस्स बहवे अंतेवासी थेरा भगवंतो जातिसंपन्ना कुलसंपन्ना जहा बितियसए (स. २, उ. ५, सु. १२) जाव जीवियासामरणभयविप्पमुक्का समणस्स भगवओ महावीरस्स अदूरसामंते उड्ढंजाणू अहोसिरा झाणकोट्ठोवगया संजमेणं तवसा अप्पाणं भावेमाणा जाव विहरंति।**

३. उस काल और उस समय मे श्रमण भगवान महावीर स्वामी के बहुत-से शिष्य स्थविर भगवन्त जातिसम्पन्न, कुलसम्पन्न इत्यादि दूसरे शतक में वर्णित गुणो से युक्त यावत् जीवन की आशा और मरण के भय से विमुक्त थे। वे श्रमण भगवान महावीर स्वामी के न अतिदूर, न अतिनिकट ऊर्ध्व जानु (घुटने खडे रखकर), अधोशिरस्क (नीचे मस्तक नमा कर) ध्यानरूप कोष्ठ को प्राप्त होकर संयम और तप से अपनी आत्मा को भावित करते हुए विचरण करते थे।

3. During that period of time many of Shraman Bhagavan Mahavir's senior ascetic disciples (*Sthavir Bhagavant*), endowed with virtues like *jatisampanna* (belonged to high castes), *kulasampanna* (came from noble

familier) (etc. as mentioned in Chapter 2) ... and so on up to ... were free of the desire for life and fear of death. With their knees up and heads bent low, they sat immersed in meditation, enkindling (*bhaavit*) their souls with ascetic-discipline and austerities in proximity of Shraman Bhagavan Mahavir

**४. तए णं ते अन्नउत्थिया जेणेव थेरा भगवंतो तेणेव उवागच्छंति, उवागच्छित्ता ते थेरे भगवंते एवं वयासी–तुब्भे णं अज्जो ! तिविहं तिविहेणं अस्संजयअविरयअप्पडिहय जहा सत्तमसए बितिए उद्देसए (स. ७, उ. २, सु. १ [ २ ]) जाव एगंतबाला यावि भवह।**

४. एक बार वे अन्यतीर्थिक, जहाँ स्थविर भगवन्त थे, वहाँ आये। उनके निकट आकर वे स्थविर भगवन्तो से यो कहने लगे–'हे आर्यो ! तुम त्रिविध–त्रिविध (तीन करण, तीन योग से) असयत, अविरत, अप्रतिहतपापकर्म (पापकर्म का निरोध नही किये) तथा पापकर्म का प्रत्याख्यान नही किये हुए हो', इत्यादि जैसे सातवे शतक के द्वितीय उद्देशक (सू १/२) मे कहा गया है, तदनुसार कहा, यावत् तुम एकान्त बाल (अज्ञानी) भी हो।

**4.** Once those heretics came where the senior ascetics (*sthavirs*) lived. Approaching the senior ascetics they said--O noble ones ! You are devoid of restraint (*asamyat*), detachment (*avirat*), control on and renunciation of sinful indulgence (*apratihat* and *apratyakhyan*) towards all *praan* (two to four sensed beings; beings)... and so on up to.. all *sattva* (immobile beings; entities) through three means (*karan*) and three methods (*yoga*). [As mentioned in seventh chapter, second lesson, aphorism 1/2 up to 'you are also complete ignorant (*ekaant baal*)']

**५. [ प्र. ] तए णं ते थेरा भगवंतो ते अन्नउत्थिए एवं वयासी–केणं कारणेणं अज्जो ! अम्हे तिविहं तिविहेणं अस्संजय–अविरय जाव एगंतबाला यावि भवामो ?**

५. [ प्र. ] इस पर उन स्थविर भगवन्तो ने उन अन्यतीर्थिको से इस प्रकार पूछा–'आर्यो ! किस कारण से हम त्रिविध–त्रिविध असयत, अविरत, यावत् एकान्तबाल है ?

**5. [Q.]** The senior ascetics responded by asking the heretics–Noble ones ! Why do you say that we are devoid of restraint (*asamyat*), detachment (*avirat*), control on and renunciation of sinful indulgence (*apratihat* and *apratyakhyan*) through three means (*karan*) and three methods .. and so on up to .. are complete ignorant (*ekaant baal*) ?

**६. [ उ. ] तए णं ते अन्नउत्थिया ते थेरे भगवंते एवं वयासी–तुब्भे णं अज्जो ! अदिन्नं गेण्हह, अदिन्नं भुंजह, अदिन्नं सातिज्जह। तए णं तुब्भे अदिन्नं गेण्हमाणा, अदिन्नं भुंजमाणा, अदिन्नं सातिज्जमाणा तिविहं तिविहेणं अस्संजय अविरय जाव एगंतबाला यावि भवह।**

६. [ उ. ] तदनन्तर उन अन्यतीर्थिको ने स्थविर भगवन्तो से इस प्रकार कहा–हे आर्यो ! तुम अदत्त (किसी के द्वारा नही दिया हुआ) पदार्थ ग्रहण करते हो, अदत्त का भोजन करते हो और अदत्त


हे आर्यो! तुम एकान्तबाल हो।
हे आर्यो! तुमने कोई प्रत्याख्यान नहीं किये इसलिए तुम एकान्तबाल हो। हम नहीं।
तुम अदत्त लेते हो।
हम स्वामी का दिया हुआ अर्थात् दत्त ही लेते है।
तुम पृथ्वीकाय की हिंसा करते हो।
हम यतना से चलते हैं किसी की हिंसा नहीं करते।

चित्र-परिचय 8

Illustration No. 8

## अन्यतीर्थिक और स्थविर संवाद

भगवान महावीर राजगृह नगर के गुणशीलक चैत्य में विराजमान थे। वहाँ भगवान के बहुत-से स्थविर शिष्य थे। जाति सम्पन्न आदि गुणों से युक्त थे। राजगृह के गुणशीलक चैत्य के आसपास बहुत से अन्यतीर्थिक साधु भी रहते थे। वे भगवान के साधुओं के सम्पर्क में आते रहते थे। उनमें आपस मे वाद-प्रतिवाद भी होता रहता था। ऐसे ही एक प्रसंग का यहाँ वर्णन किया गया है।

एक बार अन्यदर्शनी साधुओं ने स्थविर श्रमणों से चर्चा की और स्थविर श्रमणों ने अपने ज्ञान से उन्हें निरुत्तर कर दिया। भगवान के श्रमण अपने धर्म की श्रेष्ठता सिद्ध कर उन्हें निरुत्तर कर देते थे। "तुम अदत्त लेते हो" या "तुम बाल हो" आदि कथनों का यथोचित उत्तर देकर स्थविर बताते हैं कि हम किसी का दिया लेते हैं अर्थात् 'दत्त' ही लेते हैं। तुम अदत्त लेते हो। यावत् "तुम एकांत बाल हो, हम नहीं!" इस प्रकार भगवान के श्रमण इतने ज्ञान सम्पन्न, श्रद्धा सम्पन्न थे कि अपने धर्म की श्रेष्ठता सिद्ध करते हुए अन्य धर्मावलम्बी को निरुत्तर कर देते थे।

*—शतक 8, उ 7, सूत्र 1 24*

## DISCUSSION BETWEEN HERETICS AND SENIOR ASCETICS

Bhagavan Mahavir was staying in Gunasheelak Chaitya in Rajagriha Also with him were many senior ascetic disciples belonging to high castes and having many qualities A little distance away from that lived many heretics (*anyatirthik*) They came in contact with Bhagavan's disciples and had discussions with them One such incident is narrated here

Once the heretics debated with the senior ascetics and were silenced by their profound knowledge Often the ascetic disciples of Bhagavan silenced the heretics by proving that the Shraman religion was better They gave convincing reply to accusations by heretics, such as 'You take what is not given ' Or 'You are ignorant ' They logically refuted and proved that it was not them but the heretics who took what is not given Thus it was the heretics that were ignorant and not they Thus Bhagavan's disciples had so profound knowledge and faith that establishing the excellence of their own religion they silenced the followers of other religions

*— Shatak-8, lesson-7, Sutra-1-24*

का स्वाद लेते हो, अर्थात्-अदत्त (ग्रहणादि) की अनुमति देते हो। इस प्रकार अदत्त का ग्रहण करते हुए, अदत्त का भोजन करते हुए, और अदत्त की अनुमति देते हुए तुम त्रिविध-त्रिविध असयत, अविरत यावत् एकान्तबाल हो।

**6. [Ans.]** In reply the heretics said to the senior ascetics–Noble ones ! You accept things not given to you (*adatt*), you eat things not given to you and taste things not given to you. In other words you allow accepting (etc.) of things not given to you. This way, as you accept what is not given, eat what is not given and allow to take what is not given, you are devoid of restraint (*asamyat*), devoid of detachment (*avirat*), and devoid of control on as well as renunciation of sinful indulgence (*apratihat* and *apratyakhyan*) through three means (*karan*) and three methods ... and so on up to ... are complete ignorant (*ekaant baal*).

**५. तए णं से उसभदत्ते माहणे इमीसे कहाए लद्धट्ठे समाणे हट्ठ जाव हियए जेणेव देवाणंदा माहणी तेणेव उवागच्छइ, उवागच्छित्ता देवाणंदं माहणिं एवं वयासी–एवं खलु देवाणुप्पिए ! समणे भगवं महावीरे आदिगरे जाव सव्वण्णू सव्वदरिसी आगासगएणं चक्केणं जाव सुहंसुहेणं विहरमाणे जाव बहुसालए चेइए अहापडिरूवं जाव विहरइ। तं महाफलं खलु देवाणुप्पिए ! तहारूवाणं अरहंताणं भगवंताणं नाम–गोयस्स वि सवणयाए किमंग पुण अभिगमण–वंदण–नमंसण–पडिपुच्छण–पज्जुवासणयाए ? एगस्स वि आरियस्स धम्मियस्स सुवयणस्स सवणयाए किमंग पुण विउलस्स अट्ठस्स गहणयाए ? तं गच्छामो णं देवाणुप्पिए ! समणं भगवं महावीरं वंदामो नमंसामो जाव पज्जुवासामो। एयं णं इहभवे य परभवे य हियाए सुहाए खमाए निस्सेसाए आणुगामियत्ताए भविस्सइ।**

५. श्रमण भगवान महावीर स्वामी के पदार्पण की बात को सुनकर वह ऋषभदत्त ब्राह्मण अत्यन्त हर्षित और सन्तुष्ट हुआ, हृदय में उल्लसित हुआ और देवानन्दा ब्राह्मणी के पास आकर इस प्रकार बोला–हे देवानुप्रिये ! धर्म की आदि करने वाले यावत् सर्वज्ञ सर्वदर्शी श्रमण भगवान महावीर आकाश मे रहे हुए चक्र (भगवान के आगे आकाश मे धर्मचक्र चलता था) से युक्त यावत् सुखपूर्वक विहार करते हुए यहाँ पधारे है, यावत् बहुशालक नामक चैत्य (उद्यान) मे योग्य अवग्रह (स्थान आदि) ग्रहण करके विचरण करते है। हे देवानुप्रिये ! उन तथारूप अरिहन्त भगवान के नाम-गोत्र के श्रवण से भी महाफल प्राप्त होता है, तो उनके सम्मुख जाने, वन्दन–नमस्कार करने, प्रश्न पूछने और पर्युपासना करने आदि से होने वाले फल के विषय मे तो कहना ही क्या ! (उनके) एक भी आर्य और धार्मिक सुवचन के श्रवण से महान् फल होता है, तो फिर विपुल अर्थ को ग्रहण करने से महाफल हो, इसमे तो कहना ही क्या है ! इसलिए हे देवानुप्रिये ! हम चले और श्रमण भगवान महावीर को वन्दन–नमन करे यावत् उनकी पर्युपासना करे। यह कार्य हमारे लिए इस भव मे तथा परभव मे हित के लिए, सुख के लिए, क्षमता (–सगतता) के लिए, नि श्रेयस के लिए और आनुगामिकता (–शुभ अनुबन्ध) के लिए होगा।

5. On hearing about the arrival of Bhagavan Mahavir, Rishabh-datt was very happy . and so on up to. . filled with joy. He came to Brahmini Devananda and said — "O Beloved of gods! The propagator of the religious order ... and so on up to... all-knowing and all-seeing Shraman Bhagavan Mahavir endowed with the divine disc in the sky (*Tirthankar* is preceded by the airborne divine disc of religion) ... and so on up to... moving with comfort has arrived here ... and so on up to... has taken his lodge according to the ascetic code and settled down in Bahushalak Chaitya. O Beloved of gods! What to say of being able to go near him, pay homage to him, bow to him, ask questions to him, worship him, and avail of his company when mere hearing of the name and lineage of that

*Arihant Bhagavan* (the Omniscient Lord) is highly meritorious! What to say of the benefits of listening to his complete sermon when hearing even a single pious word uttered by him is a great achievement! Therefore, O beloved of gods! It would be good for us to go there and pay homage to Shraman Bhagavan Mahavir. .. and so on up to... Let us go there to worship him and sit near him. This act of obeisance will prove to be beneficial, blissful, peace giving, and means of salvation for us in this, next and following births."

**६. तए णं सा देवाणंदा माहणी उसभदत्तेणं माहणेणं एवं वुत्ता समाणी हट्ठ जाव हियया करयल जाव कट्टु उसभदत्तस्स माहणस्स एयमट्ठं विणएणं पडिसुणेइ।**

६. तत्पश्चात् ऋषभदत्त ब्राह्मण से इस प्रकार का कथन सुनकर देवानन्दा ब्राह्मणी हृदय मे अत्यन्त हर्षित यावत् उल्लसित हुई और उसने दोनो हाथ जोडकर मस्तक पर अजलि करके ऋषभदत्त ब्राह्मण के कथन को विनयपूर्वक स्वीकार किया।

**6.** Hearing this from Brahman Rishabh-datt, Brahmani Devananda was very happy and so on up to . filled with joy. She raised her joined palms to her forehead and humbly accepted his suggestion

***ब्राह्मण–दम्पति की दर्शनवन्दनार्थ जाने की तैयारी*** **PREPARATIONS TO GO TO PAY HOMAGE**

**७. तए णं से उसभदत्ते माहणे कोडुंबियपुरिसे सद्दावेइ कोडुंबियपुरिसे सद्दावेत्ता एवं वयासी– खिप्पामेव भो ! देवाणुप्पिया ! लहुकरणजुत्त–जोइय–समखुर–वालिधाण–समलिहियसिंगएहिं जंबूणयामयकलावजुत्तपइविसिट्ठएहिं रययामयघंटसुत्तरज्जुयवरकंचणनत्थपग्गहोग्गहियएहिं नीलुप्पल कयामेलएहिं पवरगोणजुवाणएहिं नाणामणिरयण घंटियाजालपरिगयं सुजायजुगजोत्तरज्जुयजुगपसत्थ सुविरचितनिम्मियं पवरलक्खणोववेयं धम्मियं जाणप्पवरं जुत्तामेव उवट्ठवेह, उवट्ठवित्ता मम एयमाणत्तियं पच्चप्पिणह।**

७. तत्पश्चात् उस ऋषभदत्त ब्राह्मण ने अपने कौटुम्बिक पुरुषो (सेवको) को बुलाया और इस प्रकार कहा–देवानुप्रियो ! शीघ्र चलने वाले, प्रशस्त, सदृशरूप वाले, समान खुर और पूँछ वाले, एक समान सीग वाले, स्वर्ण–निर्मित कलापो (आभूषणों) से युक्त, उत्तम गति (चाल) वाले, चाँदी की घंटियो से युक्त, स्वर्णमय नाथ (नासारज्जु) द्वारा बाँधे हुए, नील कमल की कलंगी वाले दो उत्तम युवा बैलों से युक्त, अनेक प्रकार की मणिमय घटियो के समूह से व्याप्त, उत्तम काष्ठमय जुए (धूसर) और जोत की उत्तम दो डोरियो से युक्त, श्रेष्ठ लक्षणो से युक्त, धार्मिक श्रेष्ठ यान (रथ) शीघ्र तैयार करके यहाँ उपस्थित करो और इस आज्ञा को वापस करो अर्थात् इस आज्ञा का पालन करके मुझे सूचना करो।

**7.** Then Brahman Rishabh-datt called his attendants (*kautumbik purush*) and said — "Beloved of gods! Prepare and bring soon the best religious carriage of superlative attributes, which is embellished with

bunches of a variety of gem-studded bells, and equipped with a yoke of best quality wood and two sets of quality bridle and reigns; and harnessed to which are two fine young bullocks, which are fast and graceful and look-alike having similar hooves, tails and horns. They must have graceful gait and be embellished with golden ornaments, silver bells, golden nose-rope, and plume made of blue lotus. Follow this order and report me back."

**८. तए णं ते कोडुंबियपुरिसा उसभदत्तेणं माहणेणं एवं वुत्ता समाणा हट्ठ जाव हियया करयल० एवं वयासी–सामी ! 'तह' त्ताणाए विणएणं वयणं जाव पडिसुणेत्ता खिप्पामेव लहुकरणजुत्त० जाव धम्मियं जाणप्पवरं जुत्तामेव उवट्ठवेत्ता जाव तमाणत्तियं पच्चप्पिणंति।**

८. जब ऋषभदत्त ब्राह्मण ने उन कौटम्बिक पुरुषो को इस प्रकार कहा, तब वे उसे सुनकर अत्यन्त हर्षित यावत् हृदय मे आनन्दित हुए और मस्तक पर अंजलि करके इस प्रकार कहा– "स्वामिन् ! आपकी यह आज्ञा हमे मान्य है"। ऐसा कहकर विनयपूर्वक उनके वचनो को स्वीकार किया और (ऋषभदत्त की आज्ञानुसार) शीघ्र ही द्रुतगामी दो बैलो से युक्त यावत् श्रेष्ठ धार्मिक रथ को तैयार करके उपस्थित किया; यावत् उनकी आज्ञा के पालन की सूचना दी।

**8.** When Brahman Rishabh-datt said thus to his attendants they were very happy ... and so on up to... filled with joy and raising their joined palms to their heads they said — "Sir! We will do as you say." With these words they humbly accepted the order and soon prepared and brought the best religious carriage ... and so on up to... reported about completion of the mission.

**९. तए णं से उसभदत्ते माहणे ण्हाए जाव अप्पमहग्घाभरणालंकियसरीरे साओ गिहाओ पडिनिक्खमइ, साओ गिहाओ पडिनिक्खमित्ता जेणेव बाहिरिया उवट्ठाणसाला, जेणेव धम्मिए जाणप्पवरे तेणेव उवागच्छइ, तेणेव उवागच्छित्ता धम्मियं जाणप्पवरं दुरूढे।**

९. तदनन्तर वह ऋषभदत्त ब्राह्मण स्नान यावत् अल्प भार (कम वजन के) और महामूल्य वाले आभूषणों से अपने शरीर को अलकृत किये हुए अपने घर से बाहर निकला। घर से बाहर निकलकर जहाँ बाहरी उपस्थानशाला थी और जहाँ श्रेष्ठ धार्मिक रथ था, वहाँ आया। आकर उस रथ पर आरूढ़ हुआ।

**9.** After that Brahman Rishabh-datt took his bath ... and so on up to... adorned his body with ornaments that were light in weight and high in value. He then came out of his residence, proceeded to the outer courtyard where the carriage was parked. He then boarded the carriage.

१०. तए णं सा देवाणंदा माहणी ण्हाया जाव अप्पमहग्घाभरणालंकियसरीरा बहूहिं खुज्जाहिं चिलाइयाहिं जाव अंतेउराओ निग्गच्छइ; अंतेउराओ निग्गच्छित्ता जेणेव बाहिरिया उवट्ठाणसाला, जेणेव धम्मिए जाणप्पवरे तेणेव उवागच्छइ, तेणेव उवागच्छित्ता जाव धम्मियं जाणप्पवरं दुरूढा।

१०. तब देवानन्दा ब्राह्मणी ने भी (अन्तःपुर मे) स्नान किया, यावत् अल्प भार वाले महामूल्य आभूषणो से शरीर को सुशोभित किया। फिर बहुत-सी कुब्जा दासियो तथा चिलात देश की दासियो के साथ यावत् अन्तःपुर से निकली। अन्तःपुर से निकलकर जहाँ बाहर की उपस्थानशाला थी और जहाँ श्रेष्ठ धार्मिक रथ खड़ा था, वहाँ आई। उस श्रेष्ठ धार्मिक रथ पर आरूढ़ हुई।

10. Brahmani Devananda (in the inner quarters) also took her bath ... and so on up to... adorned her body with ornaments that were light in weight and high in value. She then came out of his residence accompanied by many maids including the hunchbacked ones and those from Chilat country. She proceeded to the outer courtyard where the carriage was parked. She then boarded the carriage

११. तए णं से उसभदत्ते माहणे देवाणंदाए माहणीए सद्धिं धम्मियं जाणप्पवरं दुरूढे समाणे णियगपरियालसंपरिवुडे माहणकुंडग्गामं नगरं मज्झंमज्झेणं निग्गच्छइ, निग्गच्छित्ता जेणेव बहुसालए चेइए तेणेव उवागच्छइ, तेणेव उवागच्छित्ता छत्तादीए तित्थकरातिसए पासइ, पासित्ता धम्मियं जाणप्पवरं ठवेइ, ठवेत्ता धम्मियाओ जाणप्पवराओ पच्चोरुहइ, पच्चोरुहित्ता समणं भगवं महावीरं पंचविहेणं अभिगमेणं अभिगच्छइ, तं जहा—सचित्ताणं दव्वाणं विओसरणयाए एवं जहा बिइयसए (स. २, उ. ५, सु. १४) जाव तिविहाए पज्जुवासणाए पज्जुवासइ।

११. इसके पश्चात् वह ऋषभदत्त ब्राह्मण देवानन्दा ब्राह्मणी के साथ श्रेष्ठ धार्मिक रथ पर चढा हुआ अपने परिवार से परिवृत्त होकर ब्राह्मणकुण्डग्राम नामक नगर के मध्य मे होता हुआ निकला और बहुशालक नामक उद्यान में आया। वहाँ तीर्थंकर भगवान के छत्र आदि अतिशयो को देखा। देखते ही उसने श्रेष्ठ धार्मिक रथ को ठहराया और उस श्रेष्ठ धर्म-रथ से नीचे उतरा। रथ से उतरकर वह श्रमण भगवान महावीर के पास पाँच प्रकार के अभिगमपूर्वक गया। वे पाँच अभिगम इस प्रकार है-(१) सचित्त द्रव्यो का त्याग करना इत्यादि; द्वितीय शतक (के पंचम उद्देशक, सू. १४) मे कहे अनुसार यावत् तीन प्रकार की पर्युपासना से उपासना करने लगा।

11. Then that Brahman Rishabh-datt along with Brahmani Devananda riding the best religious carriage and surrounded by his family crossed the city named Brahman Kundagram and arrived at Bahushalak garden. There he observed the divine canopy and other divine signs of a *Tirthankar*. He then stopped his best religious carriage and alighted from it. After getting down from the carriage he observed the five codes of courtesy meant for a religious assembly (*abhigam*) and

went before Bhagavan Mahavır. The five codes being — (1) discarding of thıngs ınfested wıth living organısms (*sachıt*) etc. as mentioned ın the second chapter (aphorısm 14 of the fifth lesson) and so on up to . commenced hıs threefold worship — physical, vocal, and mental.

**१२. तए णं सा देवाणंदा माहणी धम्मियाओ जाणप्पवराओ पच्चोरुहइ, पच्चोरुहित्ता० बहुयाहिं खुज्जाहिं जाव महत्तरगवंदपरिक्खित्ता समणं भगवं महावीरं पंचविहेणं अभिगमेणं अभिगच्छइ, तं जहा–सचित्ताणं दव्वाणं विओसरणयाए १ अचित्ताणं दव्वाणं अविमोयणयाए २ विणयोणयाए गायलट्ठीए ३ चक्खुफासे अंजलिपग्गहेणं ४ मणस्स एगत्तीभावकरणेणं ५। जेणेव समणे भगवं महावीरे तेणेव उवागच्छइ, तेणेव उवागच्छित्ता समणं भगवं महावीरं तिक्खुत्तो आयाहिणं पयाहिणं करेइ, करेत्ता वंदइ नमंसइ, वंदित्ता नमंसित्ता उसभदत्तं माहणं पुरओ कट्टु ठिया चेव सपरिवारा सुस्सूसमाणी णमंसमाणी अभिमुहा विणएणं पंजलिउडा पज्जुवासइ।**

१२. तदनन्तर वह देवानन्दा ब्राह्मणी भी धार्मिक उत्तम रथ से नीचे उतरी और अपनी बहुत-सी दासियो आदि यावत् महत्तरिका-वृन्द से परिवृत होकर श्रमण भगवान महावीर के सम्मुख पचविध अभिगमपूर्वक जाने लगी। वे पॉच अभिगम इस प्रकार है–(१) सचित्त द्रव्यो का त्याग करना, (२) अचित्त द्रव्यो का त्याग न करना, अर्थात् वस्त्र आदि को व्यवस्थित ढग से धारण करना, (३) विनय से शरीर को नीचे झुकाना, (४) भगवान के दृष्टिगोचर होते ही दोनो हाथ जोडना, (५) मन को एकाग्र करना। इन पॉच अभिग्रहो द्वारा जहाँ श्रमण भगवान महावीर थे, वहाँ वह आई और उसने भगवान को तीन बार आदक्षिण (दाहिनी ओर से) प्रदक्षिणा की, फिर वन्दन-नमस्कार किया। वन्दन-नमस्कार के बाद ऋषभदत्त ब्राह्मण को आगे करके अपने परिवार सहित शुश्रूषा करती हुई, नमन करती हुई, सम्मुख खडी रहकर विनयपूर्वक हाथ जोडकर उपासना करने लगी।

12. Brahmanı Devananda also alıghted from the best religıous carrıage and surrounded by her numerous maids and attendants approached Shraman Bhagavan Mahavır observıng the five codes of courtesy meant for a relıgıous assembly (*abhıgam*). The five codes beıng — (1) to dıscard things ınfested wıth lıvıng organısms (*sachıt*; such as flowers, beetle-leaves etc.), (2) to carefully retain thıngs free of lıvıng organisms (*achıt*), (3) to place a one-pıece shawl (*uttarıya*) on shoulders, (4) to joın palms the ınstant the senıor ascetics are seen, and (5) to focus attention. Concludıng the five *abhıgams* she came near Shraman Bhagavan Mahavir and startıng from rıght (*aadakshin*) went around *Bhagavan* three tımes and paid homage and obeisance. She than stood wıth her family, facing *Bhagavan*, behind her husband, and commenced worshıp carefully listening, bowing her head, and humbly joining her palms.

**विवेचन : पाँच अभिगम**–त्यागी महापुरुषो के पास जाने की एक विशिष्ट मर्यादा को शास्त्रीय परिभाषा मे 'अभिगम' कहा जाता है। वे पाँच प्रकार के है परन्तु स्त्री और पुरुष के लिए तीसरे अभिगम मे अन्तर है। श्रावक के लिए है–एक पट वाले दुपट्टे का उत्तरासग करना, जबकि श्राविका के लिए है–विनय से शरीर को झुकाना। साधु-साध्वियो के पास जाने के लिए इन पाँच अभिगमो का पालन करना आवश्यक है।

**Elaboration — Five Abhigams** – A special set of codes observed while approaching ascetics and other great renouncers is called *abhigam*. They are five in number Of these the third one has variations for male and female A man has to set his one-piece scarf on his shoulders in a specific way whereas a woman has just to humbly bow down While approaching male or female ascetics it is mandatory to observe this set of five codes.

***देवानन्दा की मातृवत्सलता*** **DEVANANDA'S MOTHERLY AFFECTION**

**१३. तए णं सा देवाणंदा माहणी आगयपण्हया पप्फुयलोयणा संवरियवलयबाहा कंचुयपरिक्खित्तिया धाराहयकलंबगं पिव समूससियरोमकूवा समणं भगवं महावीरं अणिमिसाए दिट्ठीए देहमाणी देहमाणी चिट्ठइ।**

१३. तदनन्तर उस देवानन्दा ब्राह्मणी के पाना चढा (अर्थात् भगवान को देखने मात्र वात्सल्य के कारण उसके स्तनो मे दूध आ गया)। उसके नेत्र हर्षाश्रुओ से भीग गये। हर्ष से प्रफुल्लित होती हुई उसकी बाहो को वलयो ने रोक लिया। (अर्थात् उसकी भुजाओ के कडे-बाजूबद तग हो गये)। हर्षातिरेक से उसकी कञ्चुकी (काचली) विस्तीर्ण हो गई। मेघ की धारा से विकसित कदम्ब-पुष्प के समान उसका शरीर रोमाञ्चित हो गया (शरीर का रोम-रोम हर्ष से नाच उठा)। फिर वह श्रमण भगवान महावीर को अनिमेष दृष्टि से (टकटकी लगाकर) देखती रही।

13 After that Brahmani Devananda had a natural flow of milk in her breasts (by looking at Bhagavan Mahavir there was a spontaneous upsurge of motherly affection in her mind). Her eyes were filled with tears of joy. Her arms swelled due to excess of joy tightening her armlets. This upsurge of joy stretched her brassieres. Like the bloom on the flowers of Kadamb tree due to rain drops her body was thrilled (all body-hair danced with joy) And she steadily stared at Bhagavan Mahavir without even a wink

**१४. [ प्र. ] 'भंते !' त्ति भगवं गोयमे समणं भगवं महावीरं वंदति नमंसति, वंदित्ता नमंसित्ता एवं वयासी–किं णं भंते ! एसा देवाणंदा माहणी आगयपण्हया तं चेव जाव रोमकूवा देवाणुप्पियं अणिमिसाए दिट्ठीए देहमाणी देहमाणी चिट्ठइ ?**

**[ उ. ] 'गोयमा !' दि समणे भगवं महावीरे भगवं गोयमं एवं वयासी–एवं खलु गोयमा ! देवाणंदा माहणी मम अम्मगा, अहं णं देवाणंदाए माहणीए अत्तए। तेणं एसा देवाणंदा माहणी तेणं पुव्वपुत्तसिणेहाणुरागेणं आगयपण्हया जाव समूससियरोमकूवा ममं अणिमिसाए दिट्ठीए पेहमाणी पेहमाणी चिट्ठइ।**

१४. [प्र.] (यह देखकर) भगवान गौतम ने, 'भगवन् !' यो कहकर श्रमण भगवान महावीर को वन्दन-नमस्कार किया। उसके पश्चात् इस प्रकार [प्रश्न] पूछा-भन्ते ! इस देवानन्दा ब्राह्मणी के स्तनों से दूध कैसे निकल आया? यावत् इसे रोमाच क्यों हो आया? और यह आप देवानुप्रिय को अनिमेष दृष्टि से देखती हुई क्यो खडी है?

**14. [Q.]** (Observing this) Bhagavan Gautam exclaimed — "*Bhante!*" Uttering thus he paid homage and obeisance. After that he asked — "'*Bhante!* Why is there ooze of milk from the breasts of this Brahmani Devananda? . and so on up to... Why is she so thrilled? And why she stands steadily staring at you, O Beloved of gods?

[उ.] 'गौतम !' यो कहकर श्रमण भगवान महावीर स्वामी ने भगवान गौतम से इस प्रकार कहा-हे गौतम ! देवानन्दा ब्राह्मणी मेरी माता है। मैं देवानन्दा का आत्मज (पुत्र) हूँ। इसलिए देवानन्दा को पूर्व-पुत्रस्नेहानुरागवश दूध आ गया, यावत् रोमाञ्च हुआ और यह मुझे अनिमेष दृष्टि से देख रही है।

**[Ans.]** "Gautam!" Addressing thus Shraman Bhagavan Mahavir replied to Bhagavan Gautam — "O Gautam! Brahmani Devananda is my mother I am Devananda's son. That is why out of the natural love for her ex-son there is ooze of milk .. and so on up to She is so thrilled and stands steadily staring at me.

**विवेचन :** कल्पसूत्र आदि के अनुसार भगवान महावीर का जीव दशवें स्वर्ग से च्यवकर दक्षिण ब्राह्मणकुण्ड के कोडाल गोत्रीय ऋषभदत्त ब्राह्मण की पत्नी देवानन्दा के गर्भ मे आये। देवानन्दा ने चौदह स्वप्न देखे। बयासी रात्रि तक भगवान का जीव देवानन्दा के गर्भ मे रहा। तदनन्तर त्रिशला क्षत्रियाणी के गर्भ मे साहरण किया गया। अत देवानन्दा त्रिशला माता की भाँति ही भगवान महावीर की माता थी। इस वर्णन से पता चलता है। गर्भ से हरण की यह घटना अब तक अज्ञात ही थी। भगवान ने गौतम के साथ प्रकट की।

**Elaboration** — According to *Kalpa Sutra* and other texts, the soul that was to be Bhagavan Mahavir descended from the tenth heaven and came in the womb of Devananda, the wife of Brahman Rishabh-datt of Kodal clan living in southern Brahman Kundagram Devananda then saw fourteen dreams The soul of Bhagavan Mahavir remained in the womb of Devananda for eighty-two nights. After that the fetus was transferred into the womb of Trishala Kshatriyani. Thus Devananda was also the mother of Bhagavan Mahavir just like mother Trishala. The aforesaid description informs that till that moment the incident of fetus transfer was not known It was Bhagavan Mahavir who revealed it to Gautam.

### *ऋषभदत्त द्वारा प्रव्रज्या ग्रहण* INITIATION OF RISHABH-DATT

**१५. तए णं समणे भगवं महावीरे उसभदत्तस्स माहणस्स देवाणंदाए य माहणीए तीसे य महतिमहालियाए इसिपरिसाए जाव परिसा पडिगया।**

१५. तदनन्तर श्रमण भगवान महावीर स्वामी ने ऋषभदत्त ब्राह्मण और देवानन्दा ब्राह्मणी तथा उस अत्यन्त बडी ऋषि-परिषद् (ज्ञानी साधको की परिषद्) आदि को धर्मकथा कही; यावत् परिषद् वापस चली गई।

**15.** After this Shraman Bhagavan Mahavir gave his sermon to Brahman Rishabh-datt, Brahmani Devananda and the large gathering ... and so on up to... the assembly dispersed.

**१६. तए णं से उसभदत्ते माहणे समणस्स भगवओ महावीरस्स अंतियं धम्मं सोच्चा निसम्म हट्ठतुट्ठे उट्ठाए उट्ठेइ, उट्ठाए उट्ठेत्ता समणं भगवं महावीरं तिक्खुत्तो आया० जाव नमंसित्ता एवं वयासी-'एवमेयं भंते ! तहमेयं भंते !' जहा खंदओ (स. २, उ. १, सु. ३४) जाव 'से जहेयं तुब्भे वंदह' त्ति कट्टु उत्तरपुरत्थिमं दिसीभागं अवक्कमइ, उत्तरपुरत्थिमं दिसीभागं अवक्कमित्ता सयमेव आभरण-मल्लालंकारं ओमुयइ, सयमेव आभरण-मल्लालंकारं ओमुइत्ता सयमेव पंचमुट्ठियं लोयं करेइ, सयमेव पंचमुट्ठियं लोयं करित्ता जेणेव समणे भगवं महावीरे तेणेव उवागच्छइ, उवागच्छित्ता समणं भगवं महावीरं तिक्खुत्तो आयाहिणं पयाहिणं जाव नमंसित्ता एवं वयासी-आलित्ते णं भंते ! लोए, पलित्ते णं भंते ! लोए, एवं जहा खंदओ (स. २, उ. १, सु. ३४) तहेव पव्वइओ जाव सामाइयमाइयाइं इक्कारस अंगाइं अहिज्जइ जाव बहूहिं चउत्थ-छट्ठ-ऽट्ठम-दसम जाव विचित्तेहिं तवोकम्मेहिं अप्पाणं भावेमाणे बहूइं वासाइं सामण्णपरियायं पाउणइ, पाउणित्ता मासियाए संलेहणाए अत्ताणं झूसेइ, मासियाए संलेहणाए अत्ताणं झूसित्ता सट्ठिं भत्ताइं अणसणाए छेदेइ, सट्ठिं भत्ताइं अणसणाए छेदेत्ता जस्सट्ठाए कीरइ नग्गभावो जाव तमट्ठं आराहेइ, २ जाव सव्वदुक्खप्पहीणे।**

१६. इसके पश्चात् वह ऋषभदत्त ब्राह्मण, श्रमण भगवान महावीर के पास धर्म-श्रवण कर और उसे हृदय मे धारण करके हर्षित और सन्तुष्ट होकर खड़ा हुआ। खडे होकर उसने श्रमण भगवान महावीर की तीन बार आदक्षिण-प्रदक्षिणा की, यावत् वन्दन-नमन करके इस प्रकार निवेदन किया-'भगवन् ! आपने कहा, वैसा ही है, आपका कथन यथार्थ है भगवन् !' इत्यादि (दूसरे शतक के प्रथम उद्देशक, सू. ३४ मे) स्कन्दक तापस-प्रकरण में कहे अनुसार; यावत् जो आप कहते है, वह उसी प्रकार है।' इस प्रकार शेष वर्णन करना चाहिए। तत्पश्चात् वह (ऋषभदत्त ब्राह्मण) ईशानकोण (उत्तर-पूर्व दिशा भाग) में गया। वहाँ जाकर उसने स्वयमेव आभूषण, माला और अलंकार उतार दिये। फिर स्वयमेव पंचमुष्टि केशलोच किया और श्रमण भगवान महावीर के पास आया। भगवान की तीन बार प्रदक्षिणा की, यावत् नमस्कार करके इस प्रकार कहा-भगवन् ! (जरा और मरण से) यह लोक चारों ओर से प्रज्वलित हो रहा है, भगवन् ! यह लोक चारों ओर से अत्यन्त जल रहा है, इत्यादि कहकर (द्वितीय शतक, प्रथम उद्देशक, सू. ३४ में) जिस प्रकार स्कन्दक तापस की प्रव्रज्या का प्रकरण है, तदनुसार (ऋषभदत्त ब्राह्मण ने) प्रव्रज्या ग्रहण की, यावत् सामायिक आदि ग्यारह अंगों का अध्ययन किया, यावत् बहुत-से उपवास (चतुर्थभक्त), बेला (षष्ठभक्त), तेला (अष्टमभक्त), चौला (दशमभक्त) इत्यादि विचित्र तपःकर्मों से आत्मा को भावित करते हुए, बहुत वर्षों तक श्रामण्य-पर्याय

(श्रमण-दीक्षा) का पालन किया और (अन्त में) एक मास की सल्लेखना से आत्मा को संलिखित करके साठ भक्तों का अनशन से छेदन किया और ऐसा करके जिस उद्देश्य से नग्नभाव (निर्ग्रन्थत्व-संयम) स्वीकार किया, यावत् उस निर्वाण रूप अर्थ की आराधना कर ली, यावत् वे सिद्ध, बुद्ध, मुक्त, परिनिर्वृत्त एवं सर्वदुःखों से रहित हुए।

**16.** On listening to and understanding the religious discourse given by Bhagavan Mahavir, that Brahman Rishabh-datt became happy, contented ... and so on up to ... his heart bloomed with bliss. He got up, went around Shraman Bhagavan Mahavir three times clockwise ... and so on up to ... paid homage and obeisance and said — "*Bhante!* It is as you say *Bhante!* It is the ultimate reality" Quote from the Skandak story (Chapter-2, Lesson-1, Aph. 34) ... and so on up to ... "*Bhante!* It is exactly as you have stated." Then he (Brahman Rishabh-datt) went in the northeast direction (*Ishan Kone*) and discarded his ornaments, garlands and adornments. The five-fist pulling out of hair (*panchamushti kesh-locha*) followed this. He then returned near Shraman Bhagavan Mahavir, went around him three times ... and so on up to ... paid homage and said — "*Bhante!* This world is ablaze *Bhante!* This world is being consumed by fire *Bhante!* This world is ablaze and is being consumed by the fire of old age and death etc." Saying thus ... and so on up to ... (as mentioned in Chapter-2, Lesson-1) he (Brahman Rishabh-datt) got initiated ... and so on up to ... studied the eleven limbs (*Anga*) of the canon ... and so on up to ... he enkindled his soul by observing unique austerities including one day, two days, three days and four days fasts, spent many years as an ascetic and in the end performed the ultimate vow (*Sallekhana*) for one month to accomplish the purpose (liberation) for which he got initiated ... and so on up to .. he got perfected (*Siddha*), enlightened (*buddha*), liberated (*mukta*), free of cyclic rebirth (*parinivrit*), and ended all miseries.

**विवेचन :** प्रस्तुत सूत्र में ऋषभदत्त का प्रव्रज्या ग्रहण वर्णन संक्षेप में है। इस सन्दर्भ में उसका वैराग्य प्राप्त होना, अपनी पत्नी व परिवारजनों से आज्ञा-प्राप्ति, दीक्षाभिनिष्क्रमण शास्त्राध्ययन, तपश्चरण और अन्त में सल्लेखना संथारापूर्वक, समाधिमरण तक का समग्र वर्णन जान लेना चाहिए।

**Elaboration** — Here the description of Brahman Rishabh-datt's initiation has been given in brief. The details starting from the moment of detachment to meditational-death (*samadhi maran*) covering incidents including seeking permission from his wife and family, initiation, studies, austerities and taking the ultimate vow are same as mentioned about Skandak Parivrajak in Chapter-2, Lesson-1.

१७. तए णं सा देवाणंदा माहणी समणस्स भगवओ महावीरस्स अंतियं धम्मं सोच्चा निसम्म हट्ठतुट्ठा० समणं भगवं महावीरं तिक्खुत्तो आयाहिणपयाहिणं जाव नमंसित्ता एवं वयासी-एवमेयं भंते! तहमेयं भंते, एवं जहा उसभदत्तो (सु. १६) तहेव जाव धम्ममाइक्खियं।

१७. तदनन्तर श्रमण भगवान महावीर स्वामी से धर्म सुनकर एवं हृदयंगम करके वह देवानन्दा ब्राह्मणी अत्यन्त हृष्ट एवं तुष्ट (आनन्दित एव सन्तुष्ट) हुई और श्रमण भगवान महावीर की तीन बार आदक्षिण-प्रदक्षिणा करके यावत् नमस्कार करके इस प्रकार बोली-भगवन् ! आपने जैसा कहा है, वैसा ही है, भगवन् ! आपका कथन यथार्थ है। इस प्रकार जैसे ऋषभदत्त ने (सू. १६ में) प्रव्रज्या ग्रहण करने के लिए निवेदन किया था, वैसे ही विरक्त देवानन्दा ने भी निवेदन किया, यावत् 'धर्म कहा', यहाँ तक कहना चाहिए।

**17.** Listening to and understanding the religious discourse given by Bhagavan Mahavir, that Brahmani Devananda became happy, contented and so on up to her heart bloomed with bliss She got up, went around Shraman Bhagavan Mahavir three times clockwise ... and so on up to paid homage and obeisance and said — "*Bhante!* It is as you say *Bhante!* It is the ultimate reality." This way, like Brahman Rishabh-datt had requested for initiation (Aphorism 16), detached Brahmani Devananda too requested for initiation . and so on up to 'gave the sermon'

१८. तए णं समणे भगवं महावीरे देवाणंदं माहणिं सयमेव पव्वावेइ, सयमेव मुंडावेइ, सयमेव अज्जचंदणाए अज्जाए सीसिणित्ताए दलयइ।

१८. तब श्रमण भगवान महावीर स्वामी ने देवानन्दा ब्राह्मणी को स्वयमेव प्रव्रजित कराया, स्वयमेव मुण्डित कराया और स्वयमेव आर्यचन्दना आर्या को शिष्यारूप मे सौप दिया।

**18** Then Shraman Bhagavan Mahavir himself got her initiated and tonsured and entrusted her as a disciple to Aryaa Chandana

१९. तए णं सा अज्जचंदणा अज्जा देवाणंदं माहणिं सयमेव पव्वावेइ, सयमेव मुंडावेइ, सयमेव सेहावेइ, एवं जहेव उसभदत्तो तहेव अज्जचंदणाए अज्जाए इमं एयारूवं धम्मियं उवदेसं सम्मं संपडिवज्जइ-तमाणाए तहा गच्छइ जाव संजमेणं संजमइ।

१९. तत्पश्चात् आर्यचन्दना ने आर्या देवानन्दा ब्राह्मणी को स्वयं प्रव्रजित किया, स्वयमेव मुण्डित किया और स्वयमेव उसे (सयम की) शिक्षा दी। देवानन्दा (नवदीक्षित साध्वी) ने भी ऋषभदत्त के समान इस प्रकार के धार्मिक (श्रमणधर्मपालन सम्बन्धी) उपदेश को सम्यक् रूप से स्वीकार किया और वह उनकी (आर्या चन्दनबाला की) आज्ञानुसार चलने लगी, यावत् संयम (-पालन) में सम्यक् प्रवृत्ति करने लगी।

**19.** After that Aryaa Chandana herself initiated, tonsured and taught her (ascetic discipline). Like Brahman Rishabh-datt, Devananda (newly initiated ascetic) too accepted the religious discourse (related to ascetic conduct) and followed the instructions (of Aryaa Chandana) ... and so on up to... sincerely indulged in ascetic-discipline.

**२०.** तए णं सा देवाणंदा अज्जा अज्जचंदणाए अज्जाए अंतियं सामाइयमाइयाइं एक्कारस अंगाइं अहिज्जइ। सेसं तं चेव जाव सव्वदुक्खप्पहीणा।

२०. तदनन्तर आर्या देवानन्दा ने आर्य चन्दना से सामायिक आदि ग्यारह अगों का अध्ययन किया। विविध प्रकार के तप किये और अन्त मे संल्लेखना-संथारा कर वह देवानन्दा आर्या सिद्ध, बुद्ध, मुक्त, परिनिर्वृत्त और समस्त दुःखो से रहित हुई।

**20.** Aryaa Devananda studied the eleven limbs (*Anga*) of the canon including *Samayik* under the tutelage of Aryaa Chandana. She observed a variety of austerities and in the end, after taking the ultimate vow, Aryaa Devananda got perfected (*Siddha*), enlightened (*buddha*), liberated (*mukta*), free of cyclic rebirth (*parinivrit*), and ended all miseries.

## जमालि–चरित

## STORY OF JAMALI

*क्षत्रियकुमार जमालि* **PRINCE JAMALI**

**२१.** तस्स णं माहणकुंडग्गामस्स नगरस्स पच्चत्थिमेणं, एत्थ णं खत्तियकुंडग्गामे नामं नगरे होत्था। वण्णओ।

२१. उस ब्राह्मणकुण्डग्राम नामक नगर से पश्चिम दिशा में क्षत्रियकुण्डग्राम नामक एक नगर था। उसका यहाँ वर्णन समझ लेना चाहिए।

**21.** To the west of that Brahman Kundagram there was a town called Kshatriya Kundagram. Description (as in *Aupapatik Sutra*).

**२२.** तत्थ णं खत्तियकुंडग्गामे नयरे जमाली नामं खत्तियकुमारे परिवसइ, अड्ढे दित्ते जाव अपरिभूए उप्पिं पासायवरगए फुट्टमाणेहिं मुइंगमत्थएहिं बत्तीसतिबद्धेहिं नाडएहिंवरतरुणीसंपउत्तेहिं उवनच्चिज्जमाणे उवनच्चिज्जमाणे उवगिज्जमाणे उवगिज्जमाणे उवलालिज्जमाणे उवलालिज्जमाणे पाउस–वासारत्त–सरय–हेमंत–वसंत–गिम्हपज्जंते छप्पि उऊ जहाविभवेणं माणेमाणे, कालं गालेमाणे इट्ठे सद्द–फरिस–रस–रूव–गंधे पंचविहे माणुस्सए कामभोगे पच्चणुभवमाणे विहरइ।

२२. उस क्षत्रियकुण्डग्राम नामक नगर में जमालि नाम का क्षत्रियकुमार रहता था। वह आढ्य (समृद्धिशाली), दीप्त (तेजस्वी) यावत् अपरिभूत (प्रभावशाली) था। उसके ऊँचे पुरसातों में मृदंग वाद्यों

की ध्वनि होती रहती थी, बत्तीस प्रकार के नाटकों के अभिनय और नृत्य होते रहते थे, अनेक प्रकार की सुन्दर तरुणियों द्वारा नृत्य और गुणगान (गायन) बार-बार किये जाते थे, उसकी प्रशंसा से भवन गुंजायमान होता रहता था, खुशियाँ मनाई जाती रहती थीं, ऐसे वैभव व सुखमय उच्च श्रेष्ठ प्रासाद-भवन मे प्रावृट् (पावस), वर्षा, शरद, हेमन्त, वसन्त और ग्रीष्म; इन छह ऋतुओं में आनन्द (उत्सव) मनाता हुआ, समय बिताता हुआ, मनुष्य-सम्बन्धी पाँच प्रकार के इष्ट शब्द, स्पर्श, रस, रूप, गन्ध वाले कामभोगों का अनुभव करता हुआ रहता था।

**22.** In that Kshatriya Kundagram town lived a *kshatriya* (belonging to the warrior clans) youth named Jamali. He was very rich (*aadhya*), opulent (*deept*), famous .. and so on up to... insuperable (*aparibhoot*). In his towering mansion *Mridangas* (a type of drums) were played all the time; thirty-two varieties of dances and dramas were regularly performed; and many beautiful young damsels gave dance and music performances from time to time. The building reverberated with eulogies in his praise and celebrations of joy. He lived in such grand and comfortable, tall and exclusive mansion spending his time enjoying amply during all the six seasons, namely *Pravrat* (monsoon), *Varsha* (monsoon), *Sharad* (autumn), *Hemant* (cold), *Vasant* (spring) and *Grishma* (summer), and experiencing and enjoying five kinds of coveted pleasurable human experiences gained through the senses of hearing, touch, taste, appearance and smell.

**विवेचन :** क्षत्रियकुण्डपुर निवासी धनाढ्य क्षत्रियकुमार जमालि भगवान महावीर की बड़ी बहन सुदर्शना का पुत्र था। भगवान की पुत्री प्रियदर्शना के साथ उसका विवाह हुआ था। *(आवश्यक मलयगिरि वृत्ति, पत्र ४०५)*

**Elaboration** — Affluent *Kshatriya* young man Jamali of Kshatriya Kundapur was the son of Sudarshana, the elder sister of Bhagavan Mahavir He got married to *Bhagavan*'s daughter Priyadarshana. (*Malayagiri Commentary of Avashyak Sutra*, leaf 405)

***दर्शन-वन्दनादि के लिए गमन* GOING TO PAY HOMAGE**


**२३.** तए णं खत्तियकुंडग्गामे नगरे सिंघाडग-तिय-चउक्क-चच्चर जाव बहुजणसद्दे इ वा जहा उववाइए जाव एवं पण्णवेइ, एवं परूवेइ-एवं खलु देवाणुप्पिया ! समणे भगवं महावीरे आइगरे जाव सव्वण्णू सव्वदरिसी माहणकुंडग्गामस्स नगरस्स बहिया बहुसालए चेइए अहापडिरूवं जाव विहरइ। तं महप्फलं खलु देवाणुप्पिया ! तहारूवाणं अरहंताणं भगवंताणं जहा उववाइए जाव एगाभिमुहे खत्तियकुंडग्गामं नगरं मज्झंमज्झेणं निग्गच्छंति, निग्गच्छित्ता जेणेव माहणकुंडग्गामे नगरे जेणेव बहुसालए चेइए एवं जहा उववाइए जाव तिविहाए पज्जुवासणाए पज्जुवासंति।

२३. उस दिन क्षत्रियकुण्डग्राम नामक नगर मे शृंगाटक, त्रिक, चतुष्क और चौराहोत्वर यावत् महापथ पर बहुत-से लोगों का कोलाहल हो रहा था, इत्यादि सारा वर्णन औपपातिकसूत्रानुसार जानना चाहिए; यावत् बहुत-से लोग परस्पर एक-दूसरे से इस प्रकार कह रहे थे, यावत् बता रहे थे कि 'देवानुप्रियो ! आदिकर (धर्म-तीर्थ की आदि करने वाले) यावत् सर्वज्ञ, सर्वदर्शी श्रमण भगवान महावीर, इस ब्राह्मणकुण्डग्राम नगर के बाहर बहुशाल नामक उद्यान (चैत्य) मे यथायोग्य अवग्रह ग्रहण करके यावत् विचरते है। अत. हे देवानुप्रियो ! तथारूप अरिहन्त भगवान के नाम, गोत्र के श्रवण-मात्र से महान् फल होता है, (तो उनके दर्शन-वदन-पर्युपासना का तो कहना ही क्या ?) इत्यादि वर्णन औपपातिकसूत्रानुसार जान लेना चाहिए, यावत् वह जनसमूह तीन प्रकार की (शरीर से नमन, वचन से स्तुति, मन से भक्ति उल्लासपूर्वक) पर्युपासना करता है।

**23.** During that period of time a large number of people gathered and contributed to the uproar at public places like triangular courtyards (*shringatak*), crossings of three, four and more paths ... and so on up to. . and highways of Kshatriya Kundagram city. Mention all these details according to *Aupapatik Sutra*. . and so on up to . Many were asking questions from others, and many were informing without being asked to — "Beloved of gods! Shraman Bhagavan Mahavir who is the first propounder of the *shrut-dharma* (Jainism) of his time (*aaigare or aadikar*), — and so on up to — the aspirant of and destined to attain the state of ultimate perfection (*Siddha gai or Siddha gati*) has arrived at Bahushal garden outside the city of Brahman Kundagram He has taken his lodge according to the ascetic code and has settled down "Beloved of gods! This is highly beneficial for us. (What to say of being able to go near him, pay homage to him, bow to him, ask questions to him, worship him, and avail of his company when —) mere hearing of his name and lineage is highly meritorious. This detailed description should be quoted from *Aupapatik sutra*. ... and so on up to... large group of people commenced the three-way worship (bodily by bowing, vocally by eulogizing and mentally by joyful submission).

२४. तए णं तस्स जमालिस्स खत्तियकुमारस्स तं महया जणसद्दं वा जाव जणसन्निवायं वा सुणमाणस्स वा पासमाणस्स वा अयमेयारूवे अज्झत्थिए जाव समुप्पज्जित्था—किं णं अज्ज खत्तियकुंडग्गामे नगरे इंदमहे इ वा, खंदमहे इ वा, मुगुंदमहे इ वा, नागमहे इ वा, जक्खमहे इ वा, भूयमहे इ वा, कूवमहे इ वा, तडागमहे इ वा, नइमहे इ वा, दहमहे इ वा, पव्वयमहे इ वा, रुक्खमहे इ वा, चेइयमहे इ वा, थूभमहे इ वा, जं णं एए बहवे उग्गा भोगा राइन्ना इक्खागा णाया कोरव्वा खत्तिया खत्तियपुत्ता भडा भडपुत्ता सेणावई २ पसत्थारो २ लेच्छई २ माहणा २ इब्भा २ जहा उववाइए जाव सत्थवाहप्पभिईओ ण्हाया कयबलिकम्मा जहा उववाइए जाव निग्गच्छंति ?


भगवान के दर्शन के लिए जाता जमालि


जमालि द्वारा भावपूर्वक प्रभु प्रवचन श्रवण
20

चित्र-परिचय 20

Illustration No. 20

# क्षत्रिय कुमार जमालि

एक बार भगवान महावीर वैशाली नगर के बहुशालक उद्यान में पधारे। उस नगरी में जमालि नामक एक क्षत्रिय कुमार रहता था। जब उसे भगवान के पधारने का समाचार मिला तो वह अलंकारों से विभूषित होकर, बहुत ही सुन्दर अश्वरथ पर चढ़कर, पूरे ठाट-बाट के साथ अपने दास, दासी, सुभट, अश्व, छत्र, रथ, आयुध, पथदर्शकों आदि से परिवृत होकर भगवान के दर्शन के लिए गया।

बहुशालक उद्यान के पास पहुँचकर उसने भगवान को देखा और दोनों हाथ जोड़कर नमस्कार किया। फिर रथ खडा करके नीचे उतरा और छत्र, जूते आदि सभी समवसरण के बाहर छोड़कर, एक पट्ट वाले वस्त्र का उत्तरासंग धारण करके, मस्तक पर दोनो हाथ जोड़े भगवान के पास पहुँचा और भगवान को तीन बार वदना-प्रदक्षिणा की। श्रमण भगवान महावीर स्वामी ने जमालीकुमार को तथा उस महापरिषद् को धर्मोपदेश दिया।

*—शतक 9, उ 33*

## PRINCE JAMALI

Once Bhagavan Mahavir came to Bahushalak garden in Vaishali city In this city lived a prince named Jamali When he got the news of Bhagavan's arrival he came to pay homage to Bhagavan after embellishing himself with beautiful ornaments and riding an excellent chariot He was accompanied by all his regalia slaves, servants, guards, horses, canopies, chariots armaments and onlookers

When he arrived at Bahushalak garden he saw Bhagavan and paid homage joining his palms He then reigned the horses and stopped the chariot Then he got down from the chariot and left his belongings including weapons and shoes there He placed a single piece scarf on his shoulders Jamali now placed his joined palms on his forehead and went near Shraman Bhagavan Mahavir He moved around Bhagavan Mahavir three times and performed three-fold worship

*—Shatak-9, lesson-33*

**एवं संपेहेइ, एवं संपेहित्ता कंचुइज्जपुरिसं सद्दावेति, कंचुइज्जपुरिसं सद्दावेत्ता एवं वयासि–किं णं देवाणुप्पिया ! अज्ज खत्तियकुंडग्गामे नगरे इंदमहे इ वा जाव निग्गच्छंति ?**

२४. तब बहुत-से मनुष्यो के शब्द और उनका परस्पर मिलन सुन और देखकर उस क्षत्रियकुमार जमालि के मन मे विचार यावत् सकल्प उत्पन्न हुआ–'क्या आज क्षत्रियकुण्डग्राम नगर मे इन्द्र का उत्सव है ?, अथवा स्कन्द महोत्सव है ?, या मुकुन्द (वासुदेव) महोत्सव है ? नाग का उत्सव है, यक्ष का उत्सव है, अथवा भूत महोत्सव है ? या किसी कूप का, सरोवर का, नदी का या द्रह का उत्सव है ?, अथवा किसी पर्वत का, वृक्ष का, चैत्य का अथवा स्तूप का उत्सव है ?, जिसके कारण ये बहुत-से उग्र (उग्रकुल के क्षत्रिय), भोग (भोगकुल या भोजकुल के क्षत्रिय), राजन्य, इक्ष्वाकु (कुलीन), ज्ञातृ (कुलीन), कौरव्य क्षत्रिय, क्षत्रियपुत्र, भट (योद्धा), भटपुत्र, सेनापति, सेनापतिपुत्र, प्रशास्ता एव प्रशास्तापुत्र, लिच्छवी (लिच्छवीगुण के क्षत्रिय), लिच्छवीपुत्र, ब्राह्मण (माहण), ब्राह्मणपुत्र एव इभ्य (श्रेष्ठी) इत्यादि औपपातिकसूत्र मे कहे अनुसार यावत् सार्थवाह-प्रमुख, स्नान आदि करके यावत् बाहर निकल रहे है ?

इस प्रकार विचार करके उसने कचुकीपुरुष (सेवक) को बुलाया और उससे पूछा–"हे देवानुप्रियो ! क्या आज क्षत्रियकुण्डग्राम नगर के बाहर इन्द्र आदि का कोई उत्सव है, जिसके कारण यावत् ये सब लोग बाहर जा रहे है ?"

**24.** Looking at the large gathering and hearing the noise, *Kshatriya* youth Jamali thought and deliberated — 'Is the Kshatriya Kundagram town celebrating the festival of Indra or Kartikeya today? Or is it the festival of deities like Naag, Yaksha, or Bhoot? Or are there celebrations for some sacred river, pond, or lake? Or is it related to hill, tree or temple? Why these groups of variety of people are moving out of town after taking bath and getting ready (as mentioned in *Aupapatik sutra*)? The people include — Ugra clans, Bhog clans, members of the advisory council of the king (*rajanya*), Ikshvaku clans, Jnatra clans, Kauravya clans, people of the warrior clans (*Kshatriyas*) and their sons, soldiers (*bhat*) and their sons, commanders (*senapati*) and their sons, administrative officers (*prashasta*) and their sons, members of the Lichchhivi republic (Lichchhivi) and their sons (*Lichchhiviputra*), Brahmans and their sons, affluent people (*ibhya*) ... and so on up to... caravan chiefs (*sarthavaha*).'

With these thoughts Jamali, the *Kshatriya* youth, called his attendant and asked — "Beloved of gods! Is there a festival of Indra outside Kshatriya Kundagram town for which these throngs of people are going out of the town?

२५. तए णं से कंचुइज्जपुरिसे जमालिणा खत्तियकुमारेणं एवं वुत्ते समाणे हट्ठतुट्ठ० समणस्स भगवओ महावीरस्स आगमणगहियविणिच्छए करयल० जमालिं खत्तियकुमारं जएणं विजएणं वद्धावेइ, वद्धावेत्ता एवं वयासी–'णो खलु देवाणुप्पिया ! अज्ज खत्तियकुंडगामे नयरे इंदमहे इ वा जाव निग्गच्छंति। एवं खलु देवाणुप्पिया ! अज्ज समणे भगवं महावीरे आइगरे जाव सव्वण्णू सव्वदरिसी माहणकुंडग्गामस्स नगरस्स बहिया बहुसालए चेइए अहापडिरूवं उग्गहं जाव विहरति, तए णं एए बहवे उग्गा भोगा जाव अप्पेगइया वंदणवत्तियं जाव निग्गच्छंति।

२५. तब जमालि क्षत्रियकुमार के इस प्रकार पूछने पर वह कंचुकी पुरुष अत्यन्त हर्षित एवं सन्तुष्ट हुआ। उसने श्रमण भगवान महावीर का (नगर मे) आगमन जानकर एवं निश्चित करके (पुन आकर) हाथ जोडकर जय-विजय ध्वनि से जमालि क्षत्रियकुमार को बधाई दी। तत्पश्चात् उसने इस प्रकार कहा–'हे देवानुप्रिय ! आज क्षत्रियकुण्डग्राम नगर के बाहर इन्द्र आदि का उत्सव नही है, जिसके कारण यावत् लोग नगर से बाहर जा रहे है, किन्तु हे देवानुप्रिय ! आदिकर यावत् सर्वज्ञ-सर्वदर्शी श्रमण भगवान महावीर स्वामी ब्राह्मणकुण्डग्राम नगर के बाहर बहुशाल नामक उद्यान मे अवग्रह ग्रहण करके यावत् विचरते है; इसी कारण ये उग्रकुल, भोगकुल आदि के क्षत्रिय आदि तथा और भी अनेक जन वन्दन (धर्मश्रवण) के लिए यावत् जा रहे है।'

**25.** The attendant was excited at this question from Jamali. Finding about the arrival of Shraman Bhagavan Mahavir the attendant returned and explained to Jamali after joining his palms and wishing him victory (formal greeting), "Beloved of gods! It is not because of some religious festival that the crowd is going in one particular direction. Today Shraman Bhagavan Mahavir, the founder of the religious ford, has arrived in the town and settled in the Bahushal garden. That is why all the aforesaid groups of people are going to pay their homage to him."

२६. तए णं से जमाली खत्तियकुमारे कंचुइज्जपुरिसस्स अंतिए एयमट्ठं सोच्चा निसम्म हट्ठतुट्ठ० कोडुंबियपुरिसे सद्दावेइ, कोडुंबियपुरिसे सद्दावइत्ता एवं वयासी–खिप्पामेव भो देवाणुप्पिया ! चाउग्घंटं आसरहं जुत्तामेव उवट्ठवेह, उवट्ठवेत्ता मम एयमाणत्तियं पच्चप्पिणह।

२६. तदनन्तर कंचुकीपुरुष से यह बात सुनकर और हृदय मे धारण करके (निश्चय करके) जमालि क्षत्रियकुमार हर्षित एव सन्तुष्ट हुआ। उसने कौटुम्बिक पुरुषो को बुलाया और बुलाकर इस प्रकार कहा–'देवानुप्रियो ! तुम शीघ्र ही चार घण्टा वाले अश्वरथ को जोतकर यहाँ उपस्थित करो और मेरी इस आज्ञा का पालन करके निवेदन करो।'

**26.** Jamali, the *Kshatriya* youth, was pleased to get this information from the attendant. He called members of his staff and said, "Beloved of gods! Prepare my horse-drawn chariot with four bells and bring it here immediately and report to me once you have done as ordered."

२७. तए णं ते कोडुंबियपुरिसा जमालिया खत्तियकुमारेणं एवं वुत्ता समाणा जाव पच्चप्पिणंति।

२७. तब उन कौटुम्बिक पुरुषों ने क्षत्रियकुमार जमालि के इस आदेश को सुनकर तदनुसार कार्य करके यावत् निवेदन किया।

**27.** On getting the order the servants executed it ... and so on up to. . and reported back.

**२८. तए णं से जमाली खत्तियकुमारे जेणेव मज्जणघरे तेणेव उवागच्छइ, तेणेव उवागच्छित्ता ण्हाए कयबलिकम्मे जहा उववाइए परिसा–वण्णओ तहा भाणियव्वं जाव चंदणोक्खित्तगायसरीरे सव्वालंकारविभूसिए मज्जणघराओ पडिनिक्खमइ, मज्जणघराओ पडिणिक्खमित्ता जेणेव बाहिरिया उवट्ठाणसाला, जेणेव चाउघंटे आसरहे तेणेव उवागच्छइ, तेणेव उवागच्छित्ता चाउघंटं आसरहं दुरूहेइ, चाउघंटं आसरहं दुरूहित्ता सकोरंटमल्लदामेणं छत्तेणं धरिज्जमाणेणं महया भडचडकरपहकरवंदपरिक्खित्ते खत्तियकुंडग्गामं नगरं मज्झंमज्झेणं निग्गच्छइ, निग्गच्छित्ता जेणेव माहणकुंडग्गामे नगरे जेणेव बहुसालए चेइए तेणेव उवागच्छइ, तेणेव उवागच्छित्ता तुरए निगिण्हेइ, तुरए निगिण्हित्ता रहं ठवेइ, रहं ठवित्ता रहाओ पच्चोरुहति, रहाओ पच्चोरुहित्ता पुप्फ–तंबोलाउहमादीयं वाहणाओ य विसज्जेइ, वाहणाओ विसज्जित्ता एगसाडियं उत्तरासंगं करेइ, एगसाडियं उत्तरासंगं करेत्ता आयंते चोक्खे परमसुइब्भूए अंजलिमउलियहत्थे जेणेव समणे भगवं महावीरे तेणेव उवागच्छइ, तेणेव उवागच्छित्ता समणं भगवं महावीरं तिक्खुत्तो आयाहिणपयाहिणं करेइ, तिक्खुत्तो आयाहिणपयाहिणं करेत्ता जाव तिविहाए पज्जुवासणाए पज्जुवासेइ।**

२८. तदनन्तर वह जमालि क्षत्रियकुमार, जहाँ स्नानगृह था, वहाँ आया और वहाँ आकर उसने स्नान किया तथा अन्य सभी दैनिक क्रियाएँ की, यावत् शरीर पर चन्दन का लेपन किया, समस्त आभूषणो से विभषित हुआ और स्नानगृह से निकला आदि सारा वर्णन तथा परिषद् का वर्णन, जिस प्रकार औपपातिकसूत्र मे है, उसी प्रकार यहाँ जानना चाहिए। फिर जहाँ बाहर की उपस्थानशाला थी और जहाँ सुसज्जित चतुर्घण्ट अश्वरथ था, वहाँ वह आया। उस अश्वरथ पर चढा। कोरण्टपुष्प की माला से युक्त छत्र को मस्तक पर धारण किया हुआ तथा बडे–बडे सुभटो, दासो, पथदर्शको आदि के समूह से परिवृत हुआ वह जमालि क्षत्रियकुमार क्षत्रियकुण्डग्राम नगर के मध्य मे से होकर निकला और ब्राह्मणकुण्डग्राम नामक नगर के बाहर जहाँ बहुशाल नामक उद्यान था, वहाँ आया। वहाँ घोडों को रोककर रथ को खडा किया, तब वह रथ से नीचे उतरा। फिर उसने पुष्प, ताम्बूल, आयुध (शस्त्र) आदि तथा उपानह (जूते) वही छोड दिये। एक पट वाले वस्त्र का उत्तरासग (उत्तरीय धारण) किया। तदनन्तर आचमन किया हुआ और अशुद्धि दूर करके अत्यन्त शुद्ध हुआ जमालि मस्तक पर दोनो हाथ जोडे हुए श्रमण भगवान महावीर स्वामी के पास पहुँचा। समीप जाकर श्रमण भगवान महावीर की तीन बार आदक्षिण–प्रदक्षिणा की, यावत् त्रिविध पर्युपासना की।

**28.** Then Jamali, the *Kshatriya* youth, went to his bathroom, took his bath and performed his daily routine ... and so on up to... applied sandal paste on his body; and putting on his royal dress and ornaments came out of the bathroom. All this description and that of the assembly should be quoted from *Aupapatik sutra*. After that he came out of the house to the courtyard where the chariot was standing. He boarded the chariot. With an umbrella embellished with garlands of Korant flowers over his head and surrounded by a group of many guards, attendants, guides etc., that Jamali, the *Kshatriya* youth, passed through Kshatriya Kundagram and arrived at Bahushalak garden outside Brahman Kundagram. There he reigned the horses and stopped the chariot Then he got down from the chariot and left his belongings including flowers, beetle leaves, weapons and shoes there. He placed a single piece scarf (*uttarasanga*) on his shoulders. Now he washed his mouth clean Thus cleansing himself well Jamali placed his joined palms on his forehead and went near Shraman Bhagavan Mahavir He moved around Bhagavan Mahavir three times and performed three-fold worship

***प्रवचन–श्रवण और प्रव्रज्या की अभिव्यक्ति*** **DISCOURSE AND DESIRE FOR INITIATION**

**२९. तए णं समणे भगवं महावीरे जमालिस्स खत्तियकुमारस्स तीसे य महतिमहालियाए इसि० जाव धम्मकहा जाव परिसा पडिगया।**

२९. तदनन्तर श्रमण भगवान महावीर स्वामी ने उस क्षत्रियकुमार जमालि को तथा उस बहुत बडी ऋषिगण आदि की परिषद् को यावत् धर्मोपदेश दिया। धर्मोपदेश सुनकर यावत् परिषद् वापस लौट गई।

**29.** After that Shraman Bhagavan Mahavir gave his sermon to the large gathering of people including Jamali, many sages, and other people After the discourse the assembly dispersed.

**३०. तए णं से जमाली खत्तियकुमारे समणस्स भगवओ महावीरस्स अंतिए धम्मं सोच्चा निसम्म हट्ठ–तुट्ठ जाव उट्ठाए उट्ठेइ, उट्ठाए उट्ठेत्ता समणं भगवं महावीरं तिक्खुत्तो जाव नमंसित्ता एवं वयासी–सद्दहामि णं भंते ! निग्गंथं पावयणं, पत्तियामि णं भंते ! निग्गंथं पावयणं, रोएमि णं भंते ! निग्गंथं पावयणं, अब्भुट्ठेमि णं भंते ! निग्गंथं पावयणं, एवमेयं भंते ! तहमेयं भंते ! अवितहमेयं भंते ! असंदिद्धमेयं भंते ! जाव से जहेवं तुब्भे वदह, जं नवरं देवाणुप्पिया ! अम्मा–पियरो आपुच्छमि, तए णं अहं देवाणुप्पियाणं अंतियं मुंडे भवित्ता अगाराओ अणगारियं पव्वयामि। अहासुहं देवाणुप्पिया ! मा पडिबंधं।**

३०. तत्पश्चात् श्रमण भगवान महावीर के पास से धर्म सुनकर उसे हृदयंगम करके हर्षित और सन्तुष्ट क्षत्रियकुमार जमालि उठा और खडे होकर उसने श्रमण भगवान महावीर स्वामी को तीन बार आदक्षिण-प्रदक्षिणा की यावत् वन्दन–नमन किया और इस प्रकार कहा–"हे भगवन् ! मैं

निर्ग्रन्थ-प्रवचन पर श्रद्धा (विश्वास) करता हूँ। भगवन् ! मै निर्ग्रन्थ-प्रवचन पर प्रतीति (युक्तिपूर्ण आस्था) (विश्वास) करता हूँ। भन्ते ! निर्ग्रन्थ-प्रवचन मे मेरी रुचि (श्रद्धा के अनुसार चलने की इच्छा) है। भगवन् ! मैं निर्ग्रन्थ-प्रवचन के अनुसार चलने के लिए तत्पर हुआ हूँ। भन्ते ! यह निर्ग्रन्थ-प्रवचन तथ्य है, सत्य है, भगवन् ! यह सन्देहरहित है, यावत् जैसा कि आप कहते है (वैसा ही है)। किन्तु हे देवानुप्रिय ! (प्रभो!) मैं अपने माता-पिता को (घर जाकर) पूछता हूँ और उनकी अनुज्ञा लेकर (गृहवास का परित्याग करके) आप देवानुप्रिय के समीप मुण्डित होकर अगारधर्म से अनगारधर्म मे प्रव्रजित होना चाहता हूँ।" (भगवान ने कहा-) "देवानुप्रिय ! जैसा तुम्हे सुख हो वैसा करो।"

**30.** On hearing and understanding Shraman Bhagavan Mahavir's sermon Jamali, the *Kshatriya* youth, felt delighted and contented. He got up, went around Bhagavan Mahavir three times ... and so on up to .. paid homage and said — "*Bhante!* I have respect (*shraddha*) for the sermon of *Nirgranths* (Jain tenets). *Bhante!* I have faith (*pratiti*, or logical acceptance) in the same. *Bhante!* I have liking for the same. *Bhante!* I am ready to follow the same. *Bhante!* This sermon of *Nirgranths* is real and true; *Bhante!* It is authentic . and so on up to. . it is, indeed, as you have spoken O Beloved of gods! Under your auspices and after seeking permission from my parents, I would like to get tonsured and accept the path of homeless ascetics renouncing the householder's duties (*Bhagavan* responded —) "Beloved of gods! Do as you please Do not procrastinate"

### *माता-पिता से दीक्षा की अनुज्ञा* PERMISSION FROM PARENTS FOR INITIATION

**३१.** तए णं से जमाली खत्तियकुमारे समणेणं भगवया महावीरेणं एवं वुत्ते समाणे हट्ठतुट्ठ० समणं भगवं महावीरं तिक्खुत्तो जाव नमंसित्ता तमेव चाउघंटं आसरहं दुरूहेइ, दुरूहित्ता समणस्स भगवओ महावीरस्स अंतियाओ बहुसालाओ चेइयाओ पडिनिक्खमइ, पडिनिक्खमित्ता सकोरंट जाव धरिज्जमाणेणं महया भडचडगर० जाव परिक्खित्ते जेणेव खत्तियकुंडग्गामे नयरे तेणेव उवागच्छइ, तेणेव उवागच्छित्ता खत्तियकुंडग्गामं नगरं मज्झंमज्झेणं जेणेव सए गिहे जेणेव बाहिरिया उवट्ठाणसाला तेणेव उवागच्छइ, तेणेव उवागच्छित्ता तुरए निगिण्हिइ, तुरए निगिण्हित्ता रहं ठवेइ, रहे ठवेत्ता रहाओ पच्चोरुहइ, रहाओ पच्चोरुहित्ता जेणेव अब्भिंतरिया उवट्ठाणसाला, जेणेव अम्मा-पियरो तेणेव उवागच्छइ, तेणेव उवागच्छित्ता अम्मा-पियरो जएणं विजएणं वद्धावेइ, वद्धावेत्ता एवं वयासी-एवं खलु अम्म ! ताओ ! मए समणस्स भगवओ महावीरस्स अंतियं धम्मे निसंते, से वि य मे धम्मे इच्छिए, पडिच्छिए, अभिरुइए।

**३१.** जब श्रमण भगवान महावीर ने जमालि क्षत्रियकुमार से पूर्वोक्त प्रकार से कहा तो वह हर्षित और सन्तुष्ट हुआ। उसने श्रमण भगवान महावीर को तीन बार प्रदक्षिणा करके यावत् नमस्कार किया। फिर उस चार घटा वाले अश्वरथ पर आरूढ हुआ और रथारूढ होकर श्रमण भगवान महावीर के पास

से, बहुशाल नामक उद्यान से निकला, यावत् मस्तक पर कोरंटपुष्प की माला से युक्त छत्र धारण किए हुए सुभटो इत्यादि के समूह से परिवृत होकर जहाँ क्षत्रियकुण्डग्राम नामक नगर था, वहाँ आया। वहाँ से वह क्षत्रियकुण्डग्राम के बीचोबीच होता हुआ, जहाँ अपना घर था और जहाँ बाहर की उपस्थानशाला थी, वहाँ आया। वहाँ पहुँचते ही उसने घोडो को रोका और रथ को खडा कराया। फिर वह रथ से नीचे उतरा और आन्तरिक (अन्दर की) उपास्थानशाला (बैठक) मे, जहाँ कि उसके माता-पिता थे, वहाँ आया। आते ही (माता-पिता के चरणो में नमन करके) उसने जय-विजय शब्दों से बधाया, फिर इस प्रकार कहा-'हे माता-पिता ! मैने श्रमण भगवान महावीर से धर्म सुना है, वह धर्म मुझे इष्ट, अत्यन्त इष्ट और रुचिकर प्रतीत हुआ है।'

**31.** When Shraman Bhagavan Mahavir said thus to *Kshatriya* youth Jamali, he was delighted and contented. He went around Bhagavan Mahavir three times .. and so on up to... paid homage He then boarded the chariot with four bells and left Shraman Bhagavan Mahavir and Bahushalak garden ... and so on up to with an umbrella embellished with garlands of Korant flowers over his head and surrounded by a group of many guards, attendants, guides etc., passed through Kshatriya Kundagram and arrived in the courtyard of his residence. There he reigned the horses and stopped the chariot. Then he got down from the chariot and entered the inner hall where his parents were sitting. After greeting them and paying respect he said — "Father and mother! I have been to the discourse of Shraman Bhagavan Mahavir It has attracted me, it has inspired me strongly and I have developed an affinity for it."

**३२.** तए णं तं जमालिं खत्तियकुमारं अम्मापियरो एवं वयासि-धन्ने सि णं तुमं जाया !, कयत्थे सि णं तुमं जाया, कयपुण्णे सि णं तुमं जाया !, कयलक्खणे सि णं तुमं जाया !, जं णं तुमे समणस्स भगवओ महावीरस्स अंतियं धम्मे निसंते, से वि य ते धम्मे इच्छिए पडिच्छिए अभिरुइए।

३२. यह सुनकर क्षत्रियकुमार जमालि से उसके माता-पिता ने (प्रसन्नतापूर्वक) इस प्रकार कहा-हे पुत्र ! तू धन्य है ! बेटा ! तू कृतार्थ हुआ है। पुत्र ! तू कृतपुण्य (भाग्यशाली) है। पुत्र ! तू कृतलक्षण (शुभ लक्षण) है कि तूने श्रमण भगवान महावीर स्वामी से धर्मश्रवण किया है और वह धर्म तुझे इष्ट, विशेष प्रकार से अभीष्ट और रुचिकर लगा है।

**32.** On hearing this, the parents replied (with joy) to Jamali, the *Kshatriya* youth, — "Son! You are to be commended. You are lucky and blessed that you have heard the sermon of Shraman Bhagavan Mahavir and found the same very impressive and inspiring."

**३३.** तए णं से जमाली खत्तियकुमारे अम्मा-पियरो दोच्चं पि एवं वयासी-एवं खलु मए अम्म ! ताओ ! समणस्स भगवओ महावीरस्स अंतिए धम्मे निसंते जाव अभिरुइए। तए णं अहं अम्म ! ताओ !

संसारभउव्विग्गे, भीए जम्मण-मरणेणं, तं इच्छामि णं अम्म ! ताओ ! तुब्भेहिं अब्भुणुण्णाए समाणे समणस्स भगवओ महावीरस्स अंतियं मुंडे भवित्ता अगाराओ अणगारियं पव्वइत्तए।

३३. तदनन्तर क्षत्रियकुमार जमालि ने दूसरी बार भी अपने माता-पिता से इस प्रकार कहा- हे माता-पिता ! मैंने श्रमण भगवान महावीर से वास्तविक धर्म सुना, जो मुझे इष्ट, अभीष्ट और रुचिकर लगा, इसलिए हे माता-पिता ! मै ससार (चतुर्गति रूप ससार) के भय से उद्विग्न हो गया हूँ, जन्म-मरण से भयभीत हुआ हूँ। अत मैं चाहता हूँ कि आप दोनो की आज्ञा प्राप्त होने पर श्रमण भगवान महावीर के पास मुण्डित होकर गृहवास त्याग करके अनगार धर्म मे प्रवजित होऊँ।

**33.** Once again Jamali, the *Kshatriya* youth, submitted to his parents — "Father and mother! I have been to the discourse of Shraman Bhagavan Mahavir It has attracted me, it has inspired me strongly and I have developed an affinity for it O Father and mother! I am now haunted by a fear of this mundane existence (defined by cycles of rebirth in four genuses), I am afraid of birth, dotage and death. As such, I wish to seek your permission, go to Shraman Bhagavan Mahavir and get initiated into his ascetic order after renouncing the worldly life and getting my head tonsured"

### *माता शोकमग्न हुई* MOTHER'S GRIEF

**३४. तए णं सा जमालिस्स खत्तियकुमारस्स माता तं अणिट्ठं अकंतं अप्पियं अमणुण्णं अमणामं असुयपुव्वं गिरं सोच्चा निसम्म सेयागयरोमकूव-पगलंतविलीणगत्ता सोगभरपवेवियंगमंगी नित्तेया दीणविमणवयणा करयलमलिय व्व कमलमाला तक्खणओलुग्गदुब्बलसरीरलायन्नसुन्ननिच्छाया गयसिरीया पसिढिलभूसण-पडंतखुण्णियसंचुण्णियधवलवलयपब्भट्ठउत्तरिज्जा मुच्छावसणट्ठचेतगुरुई सुकुमाल विकिण्णकेसहत्था परसुणियत्त व्व चंपगलता निव्वत्तमहे व्व इंदलट्ठी विमुक्कसंधिबंधणा कोट्टिमतलंसि 'धस' त्ति सव्वंगेहिं सन्निवडिया।**

३४. तब क्षत्रियकुमार जमालि की माता उसके उस (पूर्वोक्त) अनिष्ट, अकान्त, अप्रिय, अमनोज्ञ, मन को अप्रिय और अश्रुतपूर्व (पहले कभी नही सुने हुए) (आघातकारक) वचन सुनकर और अवधारण करके (शोकमग्न हो गई।) रोमकूपो से बहते हुए पसीने से उसका शरीर भीग गया। शोक के भार से उसके अग-अग काँपने लगे। (चेहरे की कान्ति) निस्तेज हो गई। उसका मुख दीन और उन्मना (उदास) हो गया। हथेलियो से मसली हुई कमलमाला की तरह उसका शरीर तत्काल मुर्झा गया एव दुर्बल हो गया। वह लावण्यशून्य, कान्तिरहित और शोभाहीन हो गई। (उसके शरीर पर पहने हुए) आभूषण ढीले हो गये। उसके हाथो की धवल चूडियाँ (श्वेत कगन) नीचे गिरकर चूर-चूर हो गईं। उसका उत्तरीय वस्त्र (ओढ़ना) अंग से हट गया। मूर्च्छावश उसकी चेतना नष्ट हो गई। शरीर भारी-भारी हो गया। उसकी सुकोमल केशराशि बिखर गई। वह कुल्हाडी से काटी हुई चम्पकलता की

तरह एव महोत्सव समाप्त होने के बाद इन्द्रध्वज (दण्ड) की तरह शोभाविहीन हो गई। उसके सन्धिबन्धन शिथिल हो गए और वह एकदम धस करती हुई (धड़ाम से) सारे ही अगो सहित धरती के फर्श पर गिर पडी।

**34.** When *Kshatrıya* youth Jamali's mother heard and understood these omınous, unpleasant, repelling, undesırable, unheard of and hard hittıng words she was overwhelmed wıth grıef She became drenched wıth sweat oozıng out of here body-pores. Her lımbs started trembling wıth the load of grıef. Lıke a garland of flowers crushed with palms, she became gloomy, depressed, and dull. Withın a moment she lost all her beauty, radıance, and splendour Her body became so shriveled that all her ornaments became ıll fittıng, so much so that her bracelets slıpped out of her loosely hangıng wrısts, fell down on the floor and broke Her dress was ın disorder exposıng her body The deep shock made her unconscıous Her body became heavy Her tender locks were dısheveled She lost her charm as ıf a vıne was cut by blow of an axe or lıke a flag after celebratıons were over Her joınts became loose and she fell prone on the floor

विवेचन : कल्पना और आशा के विपरीत मन पर आघात करने वाले वचन सुनने पर शरीर व मन की क्या स्थिति होती है ? इसका बहुत ही भावपूर्ण वर्णन प्रस्तुत सूत्र मे है।

**Elaboration** — It ıs a vıvid and touchıng description of the condition of the mind and body of a mother on hearıng unexpected and unımagınable tormentıng words

***माता–पिता के साथ जमालि का संलाप*** **DIALOGUE WITH PARENTS**

**३५. (माता) तए णं सा जमालिस्स खत्तियकुमारस्स माया ससंभमोयत्तियाए तुरियं कंचणभिंगार–मुहविणिग्गयसीयलजल–विमलधारापसिच्चमाणनिव्ववियगायलट्ठी उक्खेवगतालियंटवीयणगजणियवाएणं सफुसिएणं अंतेउरपरिजणेणं आसासिया समाणी रोयमाणी कंदमाणी सोयमाणी विलवमाणी जमालिं खत्तियकुमारं एवं वयासी–तुमं सि णं जाया ! अम्हं एगे पुत्ते इट्ठे कंते पिए मणुण्णे मणामे थेज्जे वेसासिए सम्मए बहुमए अणुमए भंडकरंडगसमाणे रयणे रयणब्भूए जीविऊसविये हिययनंदिजणणे उंबरपुप्फं पिव दुल्लभे सवणयाए किमंग पुण पासणयाए ? तं नो खलु जाया ! अम्हे इच्छामो तुब्भं खणमवि विप्पओगं, तं अच्छाहि ताव जाया ! जाव ताव अम्हे जीवामो; तओ पच्छा अम्हेहिं कालगएहिं समाणेहिं परिणयवये वड्ढियकुलवंस–तंतुकज्जम्मि निरवयक्खे समणस्स भगवओ महावीरस्स अंतियं मुंडे भवित्ता अगाराओ अणगारियं पव्वइहिसि।**

३५. इसके पश्चात् क्षत्रियकुमार जमालि की व्याकुलतापूर्वक इधर-उधर गिरती हुई माता के शरीर पर शीघ्र ही दासियो ने स्वर्णकलसो के मुख से निकली हुई शीतल एवं निर्मल जलधारा का सिंचन करके शरीर को स्वस्थ किया। फिर (बाँस के बने हुए) उत्क्षेपकों (पंखो) तथा ताड़ के पत्तों से बने पंखो से जलकणो (फुहारो) सहित हवा की। तदनन्तर (मूर्च्छा दूर होते ही) अन्तःपुर के परिजनो ने उसे आश्वस्त किया। (मूर्च्छा दूर होने पर) रोती हुई, क्रन्दन करती हुई, शोक करती हुई एव विलाप करती हुई माता क्षत्रियकुमार जमालि से इस प्रकार कहने लगी-पुत्र ! तू हमारा इकलौता ही पुत्र है, (इसलिए) तू हमे इष्ट है, कान्त है, प्रिय है, मनोज्ञ है, मनसुहाता है, आधारभूत है, विश्वासपात्र है, (इस कारण) तू सम्मत (सलाह देने योग्य), अनुमत (कार्य मे सहायक) और बहुमत (बहुमान्य) है। तू आभूषणो के पिटारे (करण्डक) के समान है, रत्नस्वरूप है, रत्नतुल्य है, जीवन या जीवितोत्सव के समान है, हृदय को आनन्द देने वाला है; उदुम्बर (गूलर) के फूल के समान तेरा नाम-श्रवण भी दुर्लभ है, तो तेरा दर्शन दुर्लभ हो, इसमे कहना ही क्या ! इसलिए हे पुत्र ! तेरा क्षणभर का वियोग भी हम नही चाहते। इसलिए जब तक हम जीवित रहे, तब तक तू घर मे ही रह। उसके पश्चात् जब हम (दोनो) कालधर्म को प्राप्त (परलोकवासी) हो जाएँ, तेरी उम्र भी परिपक्व हो जाए, (और तब तक) कुलवश की वृद्धि (पुत्र-पौत्रादि होने पर) का कार्य हो जाए, तब (गृह-प्रयोजनो से) निरपेक्ष (निश्चित) होकर तू गृहवास का त्याग करके श्रमण भगवान महावीर के पास मुण्डित होकर अनगारधर्म मे प्रव्रजित होना।

**35.** The attendants poured cold water on *Kshatriya* youth Jamali's grief stricken unsteady mother's face from a golden urn and she calmed down Humid air was blown at her with water soaked fans made of bamboo and palm leaves. After that (when she gained consciousness) her relatives and staff members uttered words of encouragement to console her. (When she regained her consciousness) she started crying. Choked with anguish she lamented, wailed, sobbed and said to Jamali, the *Kshatriya* youth, — "Son! You are our only and cherished, lovely, adored, charming, and beloved son. You are the source of our peace and confidence As you are faithful and obedient we consider you to be excellent not just good. You are like a chest full of ornaments or gems for us. You are the hope of our life and source of our joy. It is difficult to hear about a son like you, what to say of seeing one that is as rare as a Gular flower. Darling! We will not be able to tolerate separation from you even for a moment. As such, we implore you to enjoy the excitement and pleasures of human life as long as we live. When we breathe our last and you get middle aged, fulfill your duty of continuation of the clan, and have no desire of any worldly activity, you may go to Shraman Bhagavan Mahavir and get initiated following the prescribed procedure."

३६. (जमालि) तए णं से जमाली खत्तियकुमारे अम्मा–पियरो एवं वयासी–तहा वि णं तं अम्म ! ताओ ! जं णं तुब्भे मम एवं वदह 'तुमं सि णं जाया ! अम्हं एगे पुत्ते इट्ठे कंते तं चेव जाव पव्वइहिसि', एवं खलु अम्म! ताओ! माणुस्सए भवे अणेगजाइ–जरा–रोग–सारीर–माणसपकाम–दुक्खवेयण–वसण–सतोवद्दवाभिभूए अधुवे अणितिए असासए संझब्भरागसरिसे जलबुब्बुदसमाणे कुसग्गजलबिंदुसन्निभे सुविणगदंसणोवमे विज्जुलयाचंचले अणिच्चे सडण–पडण–विद्धंसणधम्मे पुव्विं वा पच्छा वा अवस्सविप्पजहियव्वे भविस्सइ, से केस णं जाणइ अम्म! ताओ! के पुव्विं गमणयाए? के पच्छा गमणयाए? तं इच्छामि णं अम्म! ताओ! तुब्भेहिं अब्भणुण्णाए समाणे समणस्स भगवओ महावीरस्स जाव पव्वइत्तए।

३६. (माता का कथन सुनकर) क्षत्रियकुमार जमालि ने अपने माता–पिता से इस प्रकार कहा–हे माता–पिता ! अभी जो आपने कहा कि–हे पुत्र ! तुम हमारे इकलौते पुत्र हो, इष्ट, कान्त आदि हो, यावत् हमारे कालगत होने पर प्रव्रजित होना, इत्यादि, (उस विषय मे मुझे यह कहना है कि) माताजी ! पिताजी ! यो तो यह मनुष्य–जीवन जन्म, जरा, मृत्यु, रोग तथा शारीरिक और मानसिक अनेक दु खो की वेदना से और सैकडो व्यसनो (कष्टो) एव उपद्रवो से ग्रस्त है। अध्रुव, है, अनियत है, अशाश्वत है, सन्ध्याकालीन बादलो के रग–सदृश क्षणिक है, जल–बुद्बुद के समान (क्षण विनाशी) है, कुश की नोक पर रहे हुए जलबिन्दु के समान (चचल) है, स्वप्नदर्शन के तुल्य (अविश्वसनीय) है, विद्युतलता की चमक के समान चचल और अनित्य है। सडने, पडने, गलने और विध्वस होने के स्वभाव वाला है। पहले या पीछे इसे अवश्य ही छोडना पडेगा। अत हे माता–पिता ! यह कौन जानता है कि हममे से कौन पहले जायेगा (मरेगा) और कौन पीछे जायेगा ? इसलिए हे माता–पिता ! मै चाहता हूँ कि आपकी अनुज्ञा मिल जाए तो मै श्रमण भगवान महावीर के पास मुण्डित होकर यावत् प्रव्रज्या अगीकार कर लूँ।

**36.** *Kshatriya* youth Jamali replied to his parents — "Father and mother! You just said to me that I am your only and cherished .. and so on up to . beloved son . and so on up to only when you breathe your last I should get initiated. In this regard (this is what I have to say —) please know that this human life is plagued by birth, dotage, death, diseases, numerous physical and mental afflictions as well as hundreds of vices and torments It is transient (*adhruva*) , uncertain (*aniyat*) and temporary (*ashashvat*) Like the hue of the evening sky, like bubbles in water, like dewdrops on grass-tip, like a dream or the flash of lightening, this human life is short lived and ephemeral. Its nature is to rot, fall, decay and get destroyed. Sooner or later one has to part with it. Therefore, O parents! Who knows which one of us will die first and who


हे भगवन्! मै माता-पिता की आज्ञा लेकर आपके पास प्रव्रज्जित होना चाहता हूँ।
जमालि द्वारा दीक्षा की आज्ञा माँगने पर माता मूर्च्छित हो गई

चित्र-परिचय 21

Illustration No. 21

## जमालिकुमार का वैराग्य

भगवान महावीर की देशना सुनने से जमालि को वैराग्य प्राप्त हो गया। उन्होंने भगवान से निवेदन किया कि "हे भगवन्! मैं माता-पिता की अनुमति लेकर आपके पास प्रव्जित होना चाहता हूँ।" फिर उन्होंने घर आकर माता-पिता से दीक्षा की आज्ञा माँगी, यह सुनते ही जमालिकुमार की माता निस्तेज हो गई और मूर्च्छित होकर जमीन पर गिर पड़ी। होश में आने के पश्चात् उन्होंने जमालि को ससार में रुकने के लिए धन और वैभव के बहुत प्रलोभन दिये। श्रमण जीवन की अनेक कठिनाईयाँ बताई। श्रमण जीवन के पालन को तलवार की धार पर चलने के समान बताया। महासमुद्र तैरने के समान पालन करने में अतीव कठिनाई वाला बताया। इस प्रकार अनेक अनुकूल और प्रतिकूल युक्तियाँ दीं, परन्तु जमालि ने अपने विवेकपूर्ण वैराग्य वचनों से माता-पिता को आश्वस्त कर दिया। उन्होने कामभोगो को असार बताया और शरीर की नश्वरता का कथन करते हुए कहा कि यह मानव शरीर नाड़ियों और स्नायु के जाल से भरा हुआ दुर्बल है। अशुचि का भण्डार है। मानव जीवन को कुश की नोंक पर पड़ी हुई ओस की बूँद के समान क्षणभगुर बताया। इस प्रकार उन्होंने माता-पिता को आश्वस्त कर दिया कि उनका वैराग्य पक्का है।

*—शतक 9, उ 33*

## DETACHMENT OF PRINCE JAMALI

Hearing to the sermon of Bhagavan Mahavir Jamali got detached He submitted to Bhagavan, O Bhagavan! I desire to seek permission from my parents and get initiated by you " Then he went home and sought permission from his parents At this request from Jamali his mother lost her composure, fainted and collapsed on the ground After regaining her consciousness she enticed Jamali with wealth and grandeur to remain a householder She also revealed many hardships of ascetic life This way with favourable and unfavourable arguments she tried to dissuade him But Jamali convinced his parents about his intention with balanced logic and spiritual words

*—Shatak-9, lesson-33*

later? As such, father and mother, I want that if you allow me I will go to Shraman Bhagavan Mahavir and get initiated into his ascetic order .. and so on up to... getting my head tonsured."

विवेचन : प्रस्तुत सूत्र मे जमालि ने माता-पिता के समक्ष विविध उपमाओं द्वारा जीवन की क्षणभगुरता एव अनित्यता का सजीव चित्र खीचा है। इन शब्दो से उसके दृढ वैराग्य की झलक मिलती है।

**Elaboration** — In this aphorism Jamali draws before his parents a vivid and lively picture of the transient nature of life with the help of a variety of metaphors His strong resolve also finds expression in these words.

**३७.** (माता-पिता) तए णं तं जमालिं खत्तियकुमारं अम्मा-पियरो एवं वयासी-इमं च ते जाया ! सरीरगं पविसिट्ठरूवं लक्खण-वंजण-गुणोववेयं उत्तमबल-वीरिय-सत्तजुत्तं विण्णाणवियक्खणं ससोहग्गगुणसमुस्सियं अभिजायमहक्खमं विविहवाहिरोगरहियं निरुवहयउदत्तलट्ठपंचिंदियपडुं, पढमजोव्वणत्थं अणेगउत्तमगुणेहिं जुत्तं, तं अणुहोहि ताव जाव जाया ! नियगसरीर-रूवसोहग्गजोव्वणगुणे, तओ पच्छा अणुभूयनियगसरीररूवसोभग्गजोव्वणगुणे अम्हेहिं कालगएहिं समाणेहिं परिणयवये वड्ढियकुलवंसतंतुकज्जम्मि निरवयक्खे समणस्स भगवओ महावीरस्स अंतियं मुंडे भवित्ता अगाराओ अणगारियं पव्वइहिसि।

३७. पुत्र का कथन सुनकर क्षत्रियकुमार जमालि से उसके माता-पिता ने कहा-हे पुत्र ! तुम्हारा यह शरीर विशिष्ट रूप, लक्षणों, व्यजनों (मस, तिल आदि चिह्नों) एव गुणो से युक्त है, उत्तम बल, वीर्य और सत्त्व से सम्पन्न है, विज्ञान में विचक्षण है, सौभाग्य-गुण से उन्नत है, कुलीन (अभिजात) है, महान् समर्थ (क्षमतायुक्त) है, विविध व्याधियो और रोगो से रहित है, निरुपहत, उदात्त, मनोहर और पाँचो इन्द्रियो की पटुता से युक्त है तथा प्रथम (उत्कृष्ट) यौवन अवस्था मे है, इत्यादि अनेक उत्तम गुणो से युक्त है। इसलिए, हे पुत्र ! जब तक तेरे शरीर मे रूप, सौभाग्य और यौवन आदि उत्तम गुण है, तब तक तू इनका अनुभव (उपभोग) कर। इन सबका अनुभव करने के पश्चात् हमारे कालधर्म प्राप्त होने पर जब तेरी उम्र परिपक्व हो जाए और (पुत्र-पौत्रादि से) कुलवश की वृद्धि का कार्य हो जाए तब (गृहस्थ-जीवन से) निरपेक्ष होकर श्रमण भगवान महावीर के पास मुण्डित होकर अगारवास छोडकर अनगारधर्म मे प्रव्रजित हो जाना।

**37.** Hearing this from their son, the parents of *Kshatriya* youth Jamali said to him — "O son! Your this body is endowed with unique beauty, signs, marks (mole, birthmarks etc.) and qualities It also has great strength, potency and energy. It is rich in knowledge and good luck. It is noble, highly capable and free of ailments and diseases It is unscathed, dignified and attractive. It has the perfection of five sense organs and is in the prime of youth. It is endowed with numerous such qualities. That is why, son, as long as you possess beauty, good luck, youth and other such noble qualities, indulge in and enjoy them. Later,

when we breathe our last and you are in the autumn of your life, then fulfilling your duty of siring heirs for the family, you may get detached (from the household), go to Shraman Bhagavan Mahavir and get initiated into his ascetic order getting your head tonsured."

***शरीर की नश्वरता का कथन*** **FLEETING NATURE OF THE BODY**

**३८. (जमालि) तए णं से जमाली खत्तियकुमारे अम्मा-पियरो एवं वयासी-तहा वि णं तं अम्म ! ताओ ! जं णं तुब्भे ममं एवं वदह 'इमं च णं ते जाया ! सरीरगं० तं चेव जाव पव्वइहिसि' एवं खलु अम्म ! ताओ ! माणुस्सगं सरीरं दुक्खाययणं विविहवाहिसयसन्निकेतं अट्ठियकट्ठुट्ठियं छिरा-ण्हारु-जालओणद्ध-संपिणद्धं मट्टियभंडं व दुब्बलं असुइसंकिलिट्ठं अणिट्ठवियसव्वकालसंठप्पयं जराकुणिमजज्जरघरं व सडण-पडण-विद्धंसणधम्मं पुव्विं वा पच्छा वा अवस्स-विप्पजहियव्वं भविस्सइ, से केस णं जाणइ अम्म ! ताओ ! के पुव्विं० ? तं चेव जाव पव्वइत्तए।**

३८. तब क्षत्रियकुमार जमालि ने अपने माता-पिता से इस प्रकार कहा-हे माता-पिता ! आपने मुझे जो यह कहा कि पुत्र ! तेरा यह शरीर उत्तम रूप आदि गुणों से युक्त है, इत्यादि, यावत् हमारे कालगत होने पर तू प्रव्रजित होना। (किन्तु) हे माता-पिता ! यह मानव-शरीर दुःखो का आयतन है, अनेक प्रकार की सैकडो व्याधियो का निकेतन है, अस्थि-(हड्डी) रूप काष्ठ पर खडा हुआ है, नाडियो और स्नायुओं के जाल से वेष्टित है, मिट्टी के बर्तन के समान दुर्बल (नाजुक) है। अशुचि (गदगी) से संक्लिष्ट (बुरी तरह दूषित) है, इसको टिकाये (संस्थापित) रखने के लिए सदैव इसकी सँभाल (व्यवस्था) रखनी पडती है, यह सडे हुए शव के समान और जीर्ण घर के समान है, सडना, पडना और नष्ट होना, इसका स्वभाव है। इस शरीर को पहले या पीछे अवश्य छोडना पडेगा, तब कौन जानता है कि पहले कौन जायेगा और पीछे कौन ? इत्यादि सारा वर्णन पूर्ववत् समझना चाहिए, यावत् इसलिए मै चाहता हूँ कि आपकी आज्ञा प्राप्त होने पर मैं प्रवज्या ग्रहण कर लूँ।

38 *Kshatriya* youth Jamali replied to his parents — "Dear father and mother! You just said to me that my body is endowed with unique beauty and other qualities. ... and so on up to.. when we breathe our last you may get initiated into the ascetic order. But father and mother, this human body is the abode of miseries and shelter of many diseases; it stands on wood-like bones, is replete with clumps of nerves and muscles and is fragile like a pot of clay. It is completely contaminated with filth and requires a lot of care all the time. It is like a decaying corpse and a dilapidated house with a tendency to decay, fall and get destroyed. Sooner or later one has to part with it. Who knows which one of us will die first and who later? ... and so on up to... As such, I want that if you allow me I will get initiated into the ascetic order."

३९. (माता–पिता) तए णं तं जमालिं खत्तियकुमारं अम्मा–पियरो एवं वयासी–इमाओ य ते जाया! विपुलकुलबालियाओ कलाकुसलसव्वकाललालिय–सुहोचियाओ मद्दवगुणजुत्त–निउणविणओवयार–पडिय–वियक्खणाओ मंजुलमिय–महुर–भणिय–विहसिय–विप्पेक्खिय–गतिविलास–चिट्ठियविसारदाओ अविकलकुल–सीलसालिणीओ विसुद्धकुलवंस–संताणतंतुवद्धणपगब्भ– वयभाविणीओ मणाणुकूलहियइच्छियाओ अट्ठ तुज्झ गुणवल्लभाओ उत्तमाओ निच्चं भावाणुरत्तसव्वंगसुंदरीओ भारियाओ, तं भुंजाहि ताव जाया! एतर्हि सद्धिं विउले माणुस्सए कामभोगे, तओ पच्छा भुत्तभोगी विसयविगय–वोच्छिन्नकोउ–हल्ले अम्हेहिं कालगएहिं जाव पव्वइहिसि।

३९. माता–पिता ने तब क्षत्रियकुमार जमालि से इस प्रकार कहा -पुत्र ! ये तेरी गुणवल्लभा, उत्तम, तुझमे नित्य भावानुरक्त, सर्वांगसुन्दरी आठ पत्नियाँ हैं, जो विशाल कुल में उत्पन्न बालिकाएँ (नवयौवनाएँ) है, कलाकुशल है, सदैव लालित (लाड–प्यार मे रही हुई) और सुखभोग के योग्य है। ये मृदुतागुण से युक्त, निपुण, विनय–व्यवहार (उपचार) मे कुशल एव विचक्षण है। ये मजुल, परिमित और मधुरभाषिणी है। ये (स्त्रियोचित) हास्य, विप्रेक्षित (कटाक्षपात), गति, विलास और चेष्टाओ मे विशारद है। निर्दोष कुल और शील से सुशोभित है, विशुद्ध कुलरूप वशतन्तु की वृद्धि करने मे समर्थ एव पूर्ण यौवन वाली है। ये मनोनुकूल एव हृदय को इष्ट है। तेरी भावनाओ के अनुसार चलने वाली हैं। अतः हे पुत्र ! तू इनके साथ मनुष्य–सम्बन्धी विपुल कामभोगो का उपभोग कर और बाद मे जब तू भुक्तभोगी हो जाए और विषय–विकारो मे तेरी उत्सुकता (रुचि) समाप्त हो जाए, तब हमारे कालधर्म को प्राप्त हो जाने पर यावत् तू प्रव्रजित हो जाना।

**39.** The parents then said to *Kshatriya* youth Jamali — "Son! You have these eight beautiful wives They are all perfectly beautiful, young and of noble lineage. Each one of them is skilled in arts, brought up with care, devoted to you and worthy of all comforts. They are tender, capable, modest and unique They are delightful as well as measured and sweet in speech They are accomplished in (womanly) laughter, gestures, movement, sensual enjoyments and other such acts. They are of unblemished lineage and endowed with noble virtues. They are youthful and capable of advancing the thread of pure lineage. They are lovable, desirable and accommodating to your wishes. Therefore, son, enjoy all the pleasures and joys of your marital life with them. When you are fully contented and apathetic to mundane desires, and after we are dead, then go and get initiated."

### *कामभोगों की असारता* WORTHLESSNESS OF PLEASURES

४०. (जमालि) तए णं से जमाली खत्तियकुमारे अम्मा–पियरो एवं वयासी–तहा वि णं तं अम्म! ताओ! जं णं तुब्भे मम एवं वयह 'इमाओ ते जाया! विपुलकुल० जाव पव्वइहिसि' एवं खलु अम्म! ताओ!

माणुस्सगा कामभोगा उच्चार-पासवण-खेल-सिंघाणग-वंत-पित्त-पूय-सुक्क-सोणियसमुब्भवा अमणुण्णदुरूव-मुत्त-पूइयपुरीसपुण्णा मयगंधुस्सासअसुभनिस्सासा उव्वेयणगा बीभच्छा अप्पकालिया लहुसगा कलमलाहिवासदुक्ख-बहुजणसाहारणा परिकिलेस-किच्छदुक्खसज्झा अबुहजणसेविया सदा साहुगरहणिज्जा अणंतसंसारवद्धणा कडुयफलविवागा चुडलि व्व अमुच्चमाण दुक्खाणुबंधिणो सिद्धिगमणविग्घा, से केस णं जाणति अम्म ! ताओ ! के पुव्विं गमणयाए ? के पच्छा गमणयाए ? तं इच्छामि णं अम्म ! ताओ ! जाव पव्वइत्तए।

४०. माता-पिता के पूर्वोक्त कथन के उत्तर मे जमालि क्षत्रियकुमार ने इस प्रकार कहा-हे माता-पिता ! तथापि आपने जो यह कहा कि विशाल कुल मे उत्पन्न तेरी ये आठ पत्नियाँ है, यावत् भुक्तभोग और वृद्ध होने पर तथा हमारे कालधर्म को प्राप्त होने पर दीक्षा लेना, किन्तु माताजी और पिताजी ! यह निश्चित है कि ये मनुष्य-सम्बन्धी कामभोग *[अशुचि (अपवित्र) और अशाश्वत है]*, मल (उच्चार), मूत्र, श्लेष्म (कफ), सिघाण (नाक का मैल-लीट), वमन, पित्त, मवाद (पूति), शुक्र और शोणित (रक्त या रज) से उत्पन्न होते है, ये अमनोज्ञ और दुरूप (असुन्दर), मूत्र तथा दुर्गन्धयुक्त विष्ठा से परिपूर्ण है, मृत कलेवर के समान दुर्गन्ध वाले उच्छ्वास एव अशुभ नि श्वास से युक्त होने से उद्वेग (ग्लानि) पैदा करने वाले है। ये बीभत्स (घृणास्पद) है, अल्पकालस्थायी है, तुच्छ स्वभाव के है, कलमल (शरीर मे रहा हुआ एक प्रकार का अशुभ द्रव्य) के स्थानरूप होने से दु खरूप है और बहु-जनसमुदाय के लिए भोग्यरूप से साधारण है, ये अत्यन्त मानसिक क्लेश से तथा गाढ शारीरिक कष्ट से साध्य है। ये अज्ञानी जनो द्वारा ही सेवित है, साधु पुरुषो द्वारा सदैव निन्दनीय (गर्हणीय) है, अनन्त ससार की वृद्धि करने वाले है, परिणाम मे कटु फल वाले है, जलते हुए घास के पूले के समान (एक बार लग जाने के बाद) कठिनता से छूटने वाले तथा दु खानुबन्धी है, सिद्धि (मुक्ति) गमन मे विघ्नरूप हैं। अत हे माता-पिता ! यह भी कौन जानता है कि हममे से कौन पहले जायेगा, कौन पीछे ? इसलिए, हे माता-पिता ! आपकी आज्ञा प्राप्त होने पर मै दीक्षा लेना चाहता हूँ।

**40.** Jamali replied, "Father and mother! You say that I have these eight beautiful wives of noble lineage. and so on up to. . When I am fully contented, and after you are dead, I may go and get initiated. But please know that the source of these physical pleasures is the body (and it is impure and transient) It discharges stool, urine, phlegm, mucus of the nose (*singhaan*), vomit, bile, pus, semen, and blood (while indulging in these activities). It is filled with (as well as produces) impure things like repulsive, loathsome and malodorous excreta. And being the repository of impurities it is the source of misery. These pleasures produce repugnant inhalation and exhalation, stinking and abhorrent like a cadaver. They are despicable, short lived, base. Being common to masses they are ordinary but they are acquired through great mental turmoil and physical hardship. Only ignorant indulge in such things, the

wise always despise and avoid them. They (mundane pleasures) extend the cycles of rebirth (*samsaar*) and bear bitter fruits. Like a burning bundle of hay they are difficult to get rid of and extremely distressing They are the biggest hurdles on the road to salvation. Who knows which one of us will die first and who later? .. and so on up to. . As such, O parents! With your permission I want get initiated into the ascetic order"

विवेचन : उक्त कथन से पता चलता है, मानवीय कामभोगो के प्रति जमालि के मन मे कितनी गहरी विरक्ति हो गई थी और उसने उनकी असारता भलीभाँति समझ ली थी।

**Elaboration** — This statement conveys the intensity of repulsion for mundane pleasures in Jamali's mind He had fully understood the worthlessness of the same

**४१. (माता-पिता) तए णं तं जमालिं खत्तियकुमारं अम्मापियरो एवं वयासी-इमे य ते जाया ! अज्जय-पज्जय-पिउपज्जयागए सुबहुहिरण्णे य सुवण्णे य कंसे य दूसे य विउलधणकणग० जाव संतसारसावएज्जे अलाहि जाव आसत्तमाओ कुलवंसाओ पकामं दातुं, पकामं भोत्तुं, पकामं परिभाएउं, तं अणुहोहि ताव जाया ! विउले माणुस्सए इड्ढिसक्कारसमुदए, तओ पच्छा अणुहूयकल्लाणे वड्ढियकुलवंसतंतु जाव पव्वइहिसि।**

४१. तदनन्तर क्षत्रियकुमार जमालि से माता-पिता ने इस प्रकार कहा-"हे पुत्र ! तेरे पितामह, प्रपितामह और पिता के प्रपितामह से प्राप्त यह बहुत-सा हिरण्य, सुवर्ण, कास्य, उत्तम वस्त्र (दूष्य), विपुल धन, कनक यावत् सारभूत द्रव्य विद्यमान है। यह द्रव्य इतना है कि सात पीढी (कुलवश) तक प्रचुर (मुक्त हस्त से) दान दिया जाय, पुष्कल भोगा जाय और बहुत-सा बाँटा जाय, तो भी पर्याप्त है (समाप्त नही हो सकता)। अत हे पुत्र ! मनुष्य-सम्बन्धी इस विपुल ऋद्धि और सत्कार (सत्कार्य) समुदाय का अनुभव कर। फिर इस कल्याण (सुखरूप पुण्यफल) का अनुभव करके और कुलवंशतन्तु की वृद्धि करने के पश्चात् यावत् तू प्रव्रजित हो जाना।

**41.** The parents persisted, "There is abundant wealth including silver, gold, bronze, fine cloth, and so on up to. valuable things inherited from your grandfather, great-grandfather and great-great-grandfather. It is enough to last seven generations even if generously donated, spent or distributed Therefore, son, you should humanly experience and enjoy this vast wealth and honour. Having experienced this beatitude and siring heirs for the family you may go and get initiated"

### *धन वैभव की नश्वरता* TRANSIENCE OF WEALTH AND GRANDEUR

**४२. (जमालि) तए णं से जमाली खत्तियकुमारे अम्मा-पियरो एवं वयासी-तहा वि णं तं अम्म ! ताओ ! जं णं तुब्भे ममं एवं वदह-'इमे य ते जाया ! अज्जग-पज्जग० जाव पव्वइहिसि' एवं खलु अम्म!**

ताओ ! हिरण्णे य सुवण्णे य जाव सावएज्जे अग्गिसाहिए चोरसाहिए रायसाहिए मच्चुसाहिए दाइयसाहिए अग्गिसामन्ने जाव दाइयसामन्ने अधुवे अणितिए असासए पुव्विं वा पच्छा वा अवस्स-विप्पजहियव्वे भविस्सइ, से केस णं जाणइ० तं चेव जाव पव्वइत्तए।

४२. इस पर क्षत्रियकुमार जमालि ने माता-पिता से कहा-हे माता-पिता ! आपने जो यह कहा कि तेरे पितामह, प्रपितामह आदि से प्राप्त द्रव्य के दान, भोग आदि के पश्चात् यावत् प्रव्रज्या ग्रहण करना आदि, किन्तु हे माता-पिता ! यह हिरण्य, सुवर्ण यावत् सारभूत द्रव्य अग्नि-साधारण (नष्ट हो जाने वाला), चोर-साधारण, राज-साधारण, मृत्यु-साधारण एव दायाद-साधारण (बँट जाने वाला) है, तथा अग्नि-सामान्य यावत् दायाद-सामान्य (अधीन) है। यह (धन) अध्रुव है, अनित्य है और अशाश्वत है। इसे पहले या पीछे एक दिन अवश्य छोड़ना पडेगा। अत कौन जानता है कि कौन पहले जायेगा और कौन पीछे जायेगा ? इत्यादि पूर्ववत् कथन जानना चाहिए; यावत् आपकी आज्ञा प्राप्त हो जाए तो मेरी दीक्षा ग्रहण करने की इच्छा है।

**42.** *Kshatriya* youth Jamali replied, "Parents! You say that there is abundant wealth . and so on up to... I may go and get initiated But please note that all these earthly things including silver, gold ... and so on up to .. valuables can be consumed by fire Thieves can take away this wealth Government can confiscate it. Death can separate one from it and a partner can claim a share from it In other words, this wealth is, in fact, under control of fire and so on up to a partner. Moreover, it is mutable, transient and impermanent. As such, who knows which one of us will go first and who later? and so on up to .. O parents! With your permission I want get initiated into the ascetic order"

**विवेचन** : माता-पिता ने जमालि के सामने, सुन्दर रमणियो के भोग की और यौवन की मोहकता का आर्कषण बताया, फिर शरीर व यौवन की सुन्दरता व सुदृढता का अहकार जगाने का प्रयास किया तथा धन वैभव का लोभ जगाने की चेष्टा की। परन्तु जमालि ने अपने अत्यन्त विवेक पूर्ण वैराग्य वचनो से उन सबकी निरर्थकता तथा नश्वरता बताकर माता-पिता को आश्वस्त किया कि उसका वैराग्य पक्का है।

**Elaboration** — Jamali's parents tried to entice him towards mundane life through attraction of beautiful women and pleasures of youth Then they tried to inflame the ego of youthfulness and power and lastly the greed for wealth and grandeur. But Jamali convinced his parents about the depth of his feeling of detachment by logically proving the ephemeral nature of all these things

***संयम की दुष्करता*** **HARDSHIPS OF ASCETIC-DISCIPLINE**

४३. तए णं तं जमालिं खत्तियकुमारं अम्म-ताओ जाहे नो संचाएंति विसयाणुलोमाहिं बहूहिं आघवणाहि य पण्णवणाहि य सन्नवणाहि य विण्णवणाहि य आघवित्तए वा पण्णवित्तए वा सन्नवित्तए वा

विण्णवित्तए वा ताहे विसयपडिकूलाहिं संजमभयुव्वेवणकरीहिं पण्णवणाहिं पण्णवेमाणा एवं वयासी--एवं खलु जाया ! निग्गंथे पावयणे सच्चे अणुत्तरे केवले जहा आवस्सए जाव सव्वदुक्खाणमंतं करेंति, अहीव एगंतदिट्ठीए, खुरो इव एगंतधाराए, लोहमया जवा चावेयव्वा, वालुयाकवले इव निरस्साए, गंगा वा महानदी पडिसोयगमणयाए, महासमुद्दे वा भुजाहिं दुत्तरे, तिक्खं कमियव्वं, गरुयं लंबेयव्वं, असिधारगं वतं चरियव्वं।

नो खलु कप्पइ जाया ! समणाणं निग्गंथाणं आहाकम्मिए इ वा, उद्देसिए इ वा, मिस्सजाए इ वा, अज्झोयरए इ वा, पूइए इ वा, कीए इ वा, पामिच्चे इ वा, अच्छेज्जे इ वा, अणिसट्ठे इ वा, अभिहडे इ वा, कंतारभत्ते इ वा, दुब्भिक्खभत्ते इ वा, गिलाणभत्ते इ वा, वद्दलियाभत्ते इ वा, पाहुणगभत्ते इ वा, सेज्जायरपिंडे इ वा, रायपिंडे इ वा, मूलभोयणे इ वा, कंदभोयणे इ वा, फलभोयणे इ वा, बीयभोयणे इ वा, हरियभोयणे इ वा, भुत्तए वा पायए वा।

तुमं सि च णं जाया ! सुहसमुयिते णो चेव णं दुहसमुयिते, नालं सीयं, नालं उण्हं, नालं खुहा, नालं पिवासा, नालं चोरा, नालं वाला, नालं दंसा, नालं मसगा, नालं वाइय-पित्तिय-सेंभिय-सन्निवाइए विविहे रोगायंके परीसहोवसग्गे उदिण्णे अहियासेत्तए। तं नो खलु जाया ! अम्हे इच्छामो तुज्झं खणमवि विप्पयोगं, तं अच्छाहि ताव जाया ! जाव ताव अम्हे जीवामो, तओ पच्छा अम्हेहिं जाव पव्वइहिसि।

४३. जब क्षत्रियकुमार जमालि को उसके माता-पिता विषय के अनुकूल बहुत-सी उक्तियो, प्रज्ञप्तियो, सज्ञप्तियो और विज्ञप्तियो द्वारा कहने, बतलाने और समझाने-बुझाने मे समर्थ नही हुए, तब विषय के प्रतिकूल तथा सयम के प्रति भय और उद्वेग उत्पन्न करने वाली उक्तियो से समझाते हुए इस प्रकार कहने लगे-हे पुत्र ! यह निर्ग्रन्थ-प्रवचन सत्य, अनुत्तर (अद्वितीय), परिपूर्ण न्याययुक्त, संशुद्ध, शल्य को काटने वाला, सिद्धिमार्ग, मुक्तिमार्ग, निर्याणमार्ग और निर्वाणमार्गरूप है। यह अवितथ (असत्यरहित, सदेहरहित) आदि आवश्यक के अनुसार यावत् सर्वदु:खों का अन्त करने वाला है। इसमें तत्पर जीव सिद्ध, बुद्ध, मुक्त होते है, निर्वाण प्राप्त करते हैं एव समस्त दु:खों का अन्त करते है। परन्तु यह (निर्ग्रन्थधर्म) सर्प की तरह एकान्त (चारित्र-पालन के प्रति निश्चय) दृष्टि वाला है, छुरे या खड्ग आदि तीक्ष्ण शस्त्र की तरह एकान्त (तीक्ष्ण) धार वाला है। यह लोहे के चने चबाने के समान दुष्कर है, बालु (रेत) के कौर (ग्रास) की तरह स्वादरहित (नीरस) है। गंगा आदि महानदी के प्रतिस्रोत (प्रवाह के सम्मुख) गमन के समान अथवा भुजाओ से महासमुद्र तैरने के समान पालन करने मे अतीव कठिन है। (निर्ग्रन्थधर्म पालन करना) तीक्ष्ण (तलवार की तीखी) धार पर चलना है; महाशिला को उठाने के समान गुरुतर भार उठाना है। तलवार की तीक्ष्ण धार पर चलने के समान व्रत का आचरण करना (दुष्कर) है।

हे पुत्र ! निर्ग्रन्थ श्रमणों के लिए ये बातें कल्पनीय नहीं है। यथा-(१) आधाकर्मिक, (२) औद्देशिक, (३) मिश्रजात, (४) अध्यवपूरक, (५) पूतिक (पूतिकर्म), (६) क्रीत, (७) प्रामित्य, (८) अछेद्य, (९) अनिसृष्ट, (१०) अभ्याहृत, (११) कान्तारभक्त, (१२) दुर्भिक्षभक्त, (१३) ग्लानभक्त, (१४) वर्दलिकाभक्त, (१५) प्राघूर्णकभक्त, (१६) शय्यातरपिण्ड, और (१७) राजपिण्ड; (इन दोषो से युक्त आहार साधु को लेना कल्पनीय नहीं है।) इसी प्रकार मूल, कन्द, फल, बीज और हरित-हरी वनस्पति का भोजन करना या पीना भी उसके लिए अकल्पनीय है।

हे पुत्र ! तू सुख में पला, सुख भोगने योग्य है, दु:ख सहन करने योग्य नही है। तू (अभी तक) शीत, उष्ण, क्षुधा, पिपासा को तथा चोर, व्याल (सर्प आदि हिंस्र प्राणियों), डास, मच्छरों के उपद्रव को एवं वात, पित्त, कफ एव सन्निपात सम्बन्धी अनेक रोगो के आतक को और उदय मे आये हुए परीषहो एव उपसर्गों को सहन करने मे समर्थ नही है। हे पुत्र ! हम तो क्षणभर भी तेरा वियोग सहन करना नही चाहते। अत: पुत्र ! जब तक हम जीवित है, तब तक तू गृहस्थवास मे रह। उसके बाद हमारे कालगत हो जाने पर, यावत् प्रव्रज्या ग्रहण कर लेना।

**43.** Thus when all enticing methods including telling, showing and explaining of suggestions, arguments, inducements, and allurements failed to break the resolve of *Kshatriya* youth Jamali, his parents resorted to repulsive methods like instilling fear and antipathy for ascetic discipline — "Son! The word of the *Nirgranth* (propagated by the omniscient) is true and unique. It is just, pure, and an antidote for thorns like illusion. It shows the path of purity, liberation, heaven and Nirvana. It is free from doubt as well as falsehood and is the means of removal of all sorrows. Those who follow the said path get perfected (*Siddha*), enlightened (*Buddha*), liberated (*mukta*), free of cyclic rebirth (nirvana), and end all miseries. However, to tread this path it is necessary to have a deep concentration like a snake has when it hunts its prey This path is as sharp as a razor's edge. To tread this path is like biting iron bits It is as tasteless as a mouthful of sand. To move on this path is like swimming against the current in a great river like the Ganges, swimming across an ocean, walking on spear points, suspending a heavy rock on the neck, and walking on the edge of a sword

"Son! A wide range of eatables is prohibited for an ascetic; it includes— (1) *Adhakarmi* (food prepared for a specific ascetic), (2) *Auddeshik* (food generally cooked for ascetics or other seekers), (3) *Mishrajaat* (food prepared for self as well as ascetics), (4) *Adhyavapurak* (increasing the quantity of food when an ascetic comes for alms), (5) *Putik* (mixed with faulty food), (6) *Kreet* (food purchased for ascetics), (7) *Pramitya* (food borrowed for ascetic), (8) *Achhedya* (snatched from someone and given to ascetic), (9) *Anisrishta* (food offered without the knowledge of the owners), (10) *Abhyahrit* (food brought from some other place for ascetics), (11) *Kantar-bhakt* (food prepared for jungle travel), (12) *Durbhiksha-bhakt* (food prepared for drought), (13) *Glaan-bhakt* (food prepared for a sick person), (14) *Vardalika-bhakt* (food prepared for difficult times), (15) *Praghoorn-bhakt* (food prepared for guests), (16) *Shayyatar-pind* (food belonging to the shelter provider) and (17) *Raj-*

*pind* (food from a king's kitchen or very tasty and nutritious food). Also prohibited are green vegetables including roots, bulbs, and fruits.

"Besides this, O son! you are born to enjoy the pleasures of life and not to suffer the pain. You are not accustomed to tolerate the extremes of cold and heat, neither can you tolerate numerous ailments caused by disturbed body humours including wind, bile, and phlegm as well as disturbances caused by thieves, ferocious animals including snakes and insects including drones and mosquitoes. It is beyond the limits of your tolerance to face various torments and afflictions. Besides, we cannot bear separation from you even for a moment. As such, son! you should remain a householder as long as we live. After that when we are no more you are free to get initiated into the order."

**विवेचन : आधाकर्मिक आदि शब्दों का भावार्थ–आधाकर्मिक**–किसी खास साधु के निमित्त सचित्त वस्तु को अचित्त करना या अचित्त को पकाना। **औद्देशिक**–सामान्यतया याचको और साधुओ के उद्देश्य से आहारादि तैयार करना। **मिश्रजात**–अपने और साधुओ के लिए एक साथ पकाया हुआ आहार। **अध्यवपूरक**–साधुओ का आगमन सुनकर अपने बनते हुए भोजन मे और मिला देना। **पूतिकर्म**–शुद्ध आहार मे आधाकर्मादि का अश मिल जाना। **क्रीत**–साधु के लिए खरीदा हुआ आहार। **प्रामित्य**–साधु के लिए उधार लिया हुआ आहारादि। **आछेद्य**–किसी से जबर्दस्ती छीनकर साधु को आहारादि देना। **अनिःसृष्ट**–किसी वस्तु के एक से अधिक स्वामी होने पर सबकी इच्छा के बिना देना। **अभ्याहृत**–साधु के सामने लाकर आहारादि देना। **कान्तारभक्त**–वन मे रहे हुए भिखारी आदि के लिए तैयार किया हुआ आहारादि। **दुर्भिक्षभक्त**–दुष्काल पीडित लोगो को देने के लिए तैयार किया हुआ आहारादि। **ग्लानभक्त**–रोगियो के लिए तैयार किया हुआ आहारादि। **वार्दलिकाभक्त**–दुर्दिन या वर्षा के समय भिखारियो के लिए तैयार किया हुआ आहारादि। मेघाच्छादित दिन का नाम वार्दलिका है। **प्राघूर्णकभक्त**–पाहुनो के लिए बनाया हुआ आहारादि। **शय्यातरपिण्ड**–साधुओ को मकान देने वाले के घर से आहार लेना। **राजपिण्ड**–राजा के लिए बने हुए आहारादि में से देना।

**Elaboration — Meanings of technical terms – Adhakarmi** – To convert a *sachit* (living) thing to *achit* (non-living) or to cook *achit* thing specifically for an ascetics. **Auddeshik** – To prepare food or other consumable thing for ascetics or other alms-seekers. **Mishrajaat** – food jointly prepared for self as well as ascetics **Adyavapurak** – increasing the quantity of food on getting information about an ascetic approaching for alms. **Putikarma** – food suitable for ascetics mixed with faulty food. **Kreet** – food purchased for ascetics **Pramitya** – food etc. borrowed for ascetics. **Achhedya** – food snatched from someone and given to ascetic. **Anisrishta** – food belonging to more than one person and offered to ascetic without consent of all owners. **Abhyahrit** – food brought from some other place for ascetics with his knowledge **Kantar-bhakt** – food prepared for jungle travel or seekers living in jungle. **Durbhiksha-**

**bhakt** – food prepared for distributing in drought stricken areas. **Glan-bhakt** – food prepared for the ailing. **Vardalika-bhakt** – food prepared for a rainy day or difficult times. **Praghoorn-bhakt** – food prepared for guests. **Shayyatar-pind** – food from a house that provides facilities to ascetics for staying overnight **Raj-pind** – food from a king's kitchen or very tasty and nutritious food

**४४. तए णं से जमाली खत्तियकुमारे अम्मा–पियरो एवं वयासी–तहा वि णं तं अम्म ! ताओ ! जं णं तुब्भे ममं एवं वदह–एवं खलु जाया ! निग्गंथे पावयणे सच्चे अणुत्तरे केवले तं चेव जाव पव्वइहिसि। एवं खलु अम्म ! ताओ ! निग्गंथे पावयणे कीवाणं कायराणं कापुरिसाणं इहलोगपडिबद्धाणं परलोगपरम्मुहाणं विसयतिसियाणं दुरणुचरे, पागयजणस्स। धीरस्स निच्छियस्स ववसियस्स नो खलु एत्थं किंचि वि दुक्करं करणयाए, तं इच्छामि णं अम्म ! ताओ ! तुब्भेहिं अब्भणुण्णाए समाणे समणस्स भगवओ महावीरस्स जाव पव्वइत्तए।**

४४. तब क्षत्रियकुमार जमालि ने माता–पिता को उत्तर देते हुए कहा–हे माता–पिता ! आप मुझे यह जो कहते है कि यह निर्ग्रन्थ–प्रवचन सत्य है, अनुत्तर है, अद्वितीय है, यावत् तू समर्थ नही है इत्यादि यावत् बाद मे प्रव्रजित होना, किन्तु हे माता–पिता ! यह निश्चित है कि क्लीबो (नामर्दों), कायरो, कापुरुषो तथा इस लोक मे आसक्त और परलोक मे पराङ्मुख (परलोक की चिता से रहित) एव विषयभोगो की तृष्णा वाले पुरुषो के लिए तथा प्राकृतजन (साधारण व्यक्ति) के लिए इस निर्ग्रन्थ–प्रवचन (धर्म) का आचरण करना दुष्कर है, परन्तु साहसिक, दृढ निश्चय एव साधु नर के लिए संकलित्त पुरुष के लिए इसका आचरण करना कुछ भी दुष्कर नही है। इसलिए मै चाहता हूँ कि आप मुझे (प्रव्रज्या–ग्रहण की) आज्ञा दे दे तो मै श्रमण भगवान महावीर के पास दीक्षा ले लूँ।

**44.** Jamali, the *Kshatriya* youth, replied, "Parents! You say that the word of the *Nirgranth* is true and unique .. and so on up to. . That is beyond the limits of my tolerance . and so on up to . therefore I should get initiated into the order later But, parents, please know that this path of asceticism is difficult only for a weakling, a coward, spineless and other such timorous persons and also for those who are deeply involved only with earthly desires and pleasures having no awareness for the happiness of the other world or the next life. But it is not at all difficult for the brave and composed ones who have strong determination. As such, seeking your permission I wish to get initiated without any delay."

***प्रव्रज्या–ग्रहण की अनुमति*** **PERMISSION FOR INITIATION**

**४५. तए णं तं जमालिं खत्तियकुमारं अम्मा–पियरो जाहे नो संचाएंति विसयाणुलोमाहि य विसयपडिकूलाहि य बहूहि य आघवणाहि य पण्णवणाहि य सन्नवणाहि य विण्णवणाहि य आघवेत्तए वा जाव विण्णवेत्तए वा ताहे अकामाइं चेव जमालिस्स खत्तियकुमारस्स निक्खमणं अणुमन्नित्था।**

४५. जब क्षत्रियकुमार जमालि के माता-पिता विषय के अनुकूल और विषय के प्रतिकूल बहुत-सी उक्तियो, प्रज्ञप्तियो, सज्ञप्तियों और विज्ञप्तियों द्वारा उसे समझा-बुझा न सके, तब अनिच्छा से (अनमने भावपूर्वक) क्षत्रियकुमार जमालि को दीक्षाभिनिष्क्रमण (दीक्षा-ग्रहण) की अनुमति दे दी।

**45.** When all methods including telling, showing and explaining of suggestions, arguments, inducements, and allurements as well as threats failed to break the resolve of *Kshatriya* youth Jamali, his parents reluctantly gave him permission to get initiated in the ascetic order

*अभिनिष्क्रमण-महोत्सव* **FESTIVE RENUNCIATION**

**४६. तए णं तस्स जमालिस्स खत्तियकुमारस्स पिया कोडुंबियपुरिसे सद्दावेइ, सद्दावेत्ता एवं वयासी-खिप्पामेव भो देवाणुप्पिया ! खत्तियकुंडग्गामं नगरं सब्भिंतरबाहिरियं आसियसम्मज्जिओवलित्तं जहा उववाइए जाव पच्चप्पिणंति।**

४६. तदनन्तर क्षत्रियकुमार जमालि के पिता ने कौटुम्बिक पुरुषो को बुलाया और उन्हें इस प्रकार कहा हे देवानुप्रियो ! शीघ्र ही क्षत्रियकुण्डग्राम नगर के अन्दर और बाहर पानी का छिडकाव करो, झाड/बुहारकर जमीन की सफाई करके उसे लिपाओ, यावत् नगर को सुसज्जित करो। यावत् जैसा औपपातिक सूत्र मे वर्णन है वैसा कार्य करके उन कौटुम्बिक पुरुषों ने आज्ञा वापस सौंपी।

**46.** After this *Kshatriya* youth Jamali's father called his attendants and instructed them — "Beloved of gods! Be expeditious and sprinkle water inside and outside the city of Kshatriyakund, wipe and clean the ground, plaster it . and so on up to . decorate it . . and so on up to... the attendants reported back about completion of the order (as mentioned in *Aupapatik sutra*)

**४७. तए णं से जमालिस्स खत्तियकुमारस्स पिया दोच्चं पि कोडुंबियपुरिसे सद्दावेइ, सद्दावेत्ता एवं वयासी-खिप्पामेव भो देवाणुप्पिया ! जमालिस्स खत्तियकुमारस्स महत्थं महग्घं महरिहं विपुलं निक्खमणाभिसेयं उवट्ठवेह।**

४७. इसके पश्चात् क्षत्रियकुमार जमालि के पिता ने दुबारा उन कौटुम्बिक पुरुषो को बुलाया और इस प्रकार कहा-हे देवानुप्रियो ! शीघ्र ही जमालि क्षत्रियकुमार के महार्थ, महामूल्य, महार्ह (महान् पुरुषो के योग्य) और विपुल (विशाल) निष्क्रमणाभिषेक (दीक्षा महोत्सव) की तैयारी करो।

**47.** Once again *Kshatriya* youth Jamali's father called his attendants and instructed them — "Beloved of gods! Be expeditious and arrange for the festivities of great renunciation of Jamali, the *Kshatriya* youth, in a very ambitious, august, elaborate and grand manner befitting great men.

४८. तए णं ते कोडुंबियपुरिसा तहेव जाव पच्चप्पिणंति।

४८. इस पर कौटुम्बिक पुरुषों ने उनकी आज्ञानुसार कार्य करके आज्ञा वापस सौंपी।

**48.** In due course the attendants reported back about completion of the order.

**४९. तए णं तं जमालिं खत्तियकुमारं अम्मा-पियरो सीहासणवरंसि पुरत्थाभिमुहं निसीयावेंति, निसीयावेत्ता अट्ठसएणं सोवण्णियाणं कलसाणं एवं जहा रायप्पसेणइज्जे जाव अट्ठसएणं भोमिज्जाणं कलसाणं सव्विड्ढीए जाव रवेणं महया महया निक्खमणाभिसेगेणं अभिसिंचइ, निक्खमणाभिसेगेण अभिसिंचित्ता करयल जाव जएणं विजएणं वद्धावेंति, जएणं विजएणं वद्धावेत्ता एवं वयासी-भण जाया ! किं देमो ? किं पयच्छामो ? किणा वा ते अट्ठो ?**

४९. तत्पश्चात् जमालि क्षत्रियकुमार के माता-पिता ने उसे उत्तम सिहासन पर पूर्व की ओर मुख करके बिठाया। फिर एक सौ आठ सोने के कलशो से इत्यादि जिस प्रकार राजप्रश्नीयसूत्र मे कहा है, तदनुसार यावत् एक सौ आठ मिट्टी के कलशों से सर्वऋद्धि (छत्र आदि राजचिह्न रूप ऋद्धि) के साथ यावत् (वाद्यो के) महाशब्द के साथ निष्क्रमणाभिषेक किया। निष्क्रमणाभिषेक पूर्ण होने के बाद (जमालिकुमार के माता-पिता ने) हाथ जोडकर जय-विजय शब्दों से उसे बधाया। फिर उन्होने उससे कहा-'पुत्र ! बताओ, हम तुम्हें विशेष रूप मे क्या दें ? तुम्हारे किस कार्य में क्या (सहयोग) दे ? तुम्हारा क्या प्रयोजन है ?'

**49.** Then *Kshatriya* youth Jamali's parents seated him facing east on a grand throne. Having done that they performed the ritual of pre-renunciation anointing (*nishkramanabhishek*) with grand fanfare (including royal canopy and other regalia) using one hundred eight golden urns .. and so on up to... one hundred eight earthen urns, as described in *Rajaprashniya Sutra*. At the conclusion of the pre-renunciation anointing they (the parents) greeted him with joined palms and hails of victory. Finally they said — "Son! Tell us what may we give to you? In what mission may we assist you? What is it that you want us to do?"

**५०. तए णं से जमाली खत्तियकुमारे अम्मा-पियरो एवं वयासी-इच्छामि णं अम्म ! ताओ ! कुत्तियावणाओ रयहरणं च पडिग्गहं च आणिउं कासवगं च सद्दाविउं।**

५०. क्षत्रियकुमार जमालि ने माता-पिता से कहा-हे माता-पिता ! मै कुत्रिकापण (देवाधिष्ठित दुकान जहाँ सब कुछ मिलता हो) से रजोहरण और पात्र मँगवाना चाहता हूँ और नापित को बुलाना चाहता हूँ।

**50.** Jamali, the *Kshatriya* youth, replied — "Parents! I want to get an ascetic-broom (*rajoharan*) and ascetic-bowls (*paatra*) from the market and also to call the barber."

५१. तए णं से जमालिस्स खत्तियकुमारस्स पिया कोडुंबियपुरिसे सद्दावेइ, सद्दावेत्ता एवं वयासी–खिप्पामेव भो देवाणुप्पिया ! सिरिघराओ तिण्णि सयसहस्साइं गहाय सयसहस्सेणं सयसहस्सेणं कुत्तियावणाओ रयहरणं च पडिग्गहं च आणेह, सयसहस्सेणं च कासवगं सद्दावेह।

५१. तब क्षत्रियकुमार जमालि के पिता ने कौटुम्बिक पुरुषो को बुलाया और कहा–"देवानुप्रियो ! शीघ्र ही श्रीघर (भण्डार) से तीन लाख स्वर्ण-मुद्राएँ (सोनैया) निकालकर उनमे से एक-एक लाख सोनैया देकर कुत्रिकापण से रजोहरण और पात्र ले आओ तथा (शेष) एक लाख सोनैया देकर नापित को बुलाओ।"

**51.** *Kshatriya* youth Jamali's father called his attendants and instructed them — "Beloved of gods! Be expeditious and collect three hundred thousand gold coins from the treasury. Then spend one hundred thousand each for ascetic-broom and bowl, and the remaining one hundred thousand for the barber to be called."

५२. तए णं ते कोडुंबियपुरिसा जमालिस्स खत्तियकुमारस्स पिउणा एवं वुत्ता समाणा हट्ठतुट्ठा करयल जाव पडिसुणित्ता खिप्पामेव सिरिघराओ तिण्णि सयसहस्साइं तहेव जाव कासवगं सद्दावेंति।

५२. जमालि कुमार के पिता की उपर्युक्त आज्ञा सुनकर कौटुम्बिक पुरुष बहुत ही हर्षित एवं सन्तुष्ट हुए। उन्होंने हाथ जोड़कर यावत् स्वामी के वचन स्वीकार किये और शीघ्र ही श्रीघर (भण्डार) से तीन लाख स्वर्ण-मुद्राएँ निकालकर कुत्रिकापण से रजोहरण और पात्र लाये तथा नापित को बुलाया।

**52.** The attendants felt pleased and honoured to get this order from Jamali's father. They joined their palms ... and so on up to... accepted their master's order. They immediately collected three hundred thousand gold coins from the treasury and brought the ascetic-broom and bowl as well as called the barber."

५३. तए णं से कासवए जमालिस्स खत्तियकुमारस्स पिउणो कोडुंबियपुरिसेहिं सद्दाविए समाणे हट्ठे तुट्ठे ण्हाए कयबलिकम्मे जाव सरीरे जेणेव जमालिस्स खत्तियकुमारस्स पिया तेणेव उवागच्छइ, तेणेव उवागच्छित्ता करयल० जमालिस्स खत्तियकुमारस्स पियरं जएणं विजएणं वद्धावेइ, जएणं विजएणं वद्धावित्ता एवं वयासी–संदिसंतु णं देवाणुप्पिया ! जं मए करणिज्जं।

५३. फिर जमालि के पिता के आदेश से कौटुम्बिक पुरुषों द्वारा नाई को बुलाये जाने पर वह बहुत ही प्रसन्न और तुष्ट हुआ। उसने स्नानादि किया, यावत् शरीर को अलकृत किया, फिर जहाँ जमालि के पिता थे, वहाँ आया और उन्हें जय-विजय शब्दो से बधाया, फिर इस प्रकार कहा–"हे देवानुप्रिय ! मुझे करने योग्य कार्य का आदेश दीजिए।"

**53.** When the barber got the call he felt very much pleased and honoured. He took his bath ... and so on up to... embellished himself. He then came to Jamali's father, greeted him with hails of victory and said — "Beloved of gods! Kindly instruct me what to do?"

**५४. तए णं से जमालिस्स खत्तियकुमारस्स पिया तं कासवगं एवं वयासी—तुमं णं देवाणुप्पिया ! जमालिस्स खत्तियकुमारस्स परेणं जत्तेणं चउरंगुलवज्जे निक्खमणपाउग्गे अग्गकेसे कप्पेहि।**

५४. इस पर क्षत्रियकुमार जमालि के पिता ने नापित से कहा- हे देवानुप्रिय ! क्षत्रियकुमार जमालि के निष्क्रमण के योग्य अग्रकेश (सिर के आगे-आगे के बाल) चार अगुल छोडकर अत्यन्त यत्नपूर्वक (सावधानीपूर्वक) काट दो।

**54.** *Kshatriya* youth Jamali's father told the barber — "Beloved of gods! Please carefully trim *Kshatriya* youth Jamali's hair, leaving about four Angul (a linear measure equal to width of a finger) length suitable for the renunciation ritual

**केश मुण्डन TONSURING**

**५५. तए णं से कासवए जमालिस्स खत्तियकुमारस्स पिउणा एवं वुत्ते समाणे हट्ठतुट्ठे करयल जाव एवं सामी ! तहत्ताणाए विणएणं वयणं पडिसुणेइ, पडिसुणित्ता सुरभिणा गंधोदएणं हत्थ—पादे पक्खालेइ, सुरभिणा गंधोदएणं हत्थ—पादे पक्खालित्ता सुद्धाए अट्ठपडलाए पोत्तीए मुहं बंधइ, मुहं बंधित्ता जमालिस्स खत्तियकुमारस्स परेणं जत्तेणं चउरंगुलवज्जे निक्खमणपाउग्गे अग्गकेसे कप्पेइ।**

५५. क्षत्रियकुमार जमालि के पिता के द्वारा यह आदेश दिये जाने पर वह नापित अत्यन्त हर्षित एव तुष्ट हुआ और हाथ जोडकर यावत् बोला -"स्वामिन् ! आपकी जैसी आज्ञा है, वैसा ही होगा," इस प्रकार उसने विनयपूर्वक उनके वचनो को स्वीकार किया। फिर सुगन्धित गन्धोदक से हाथ-पैर धोए, आठ पट वाले शुद्ध वस्त्र से मुँह बाँधा और अत्यन्त यत्नपूर्वक क्षत्रियकुमार जमालि के निष्क्रमण-योग्य अग्रकेशो को चार अगुल छोडकर काटा।

**55.** On getting these instructions from *Kshatriya* youth Jamali's father, the barber felt very much pleased and honoured Joining his palms, he said — "Master! I will do exactly as you have said" Thus he humbly accepted the order He then washed his hands and feet with perfumed water, covered his mouth with a clean eight-fold cloth and carefully trimmed *Kshatriya* youth Jamali's hair leaving about four Angul length, suitable for the renunciation ritual.

**विवेचन : विशेषार्थ—णिक्खमणपाउग्गे अग्गकेसे**—दीक्षित होने वाले व्यक्ति के आगे के केश चार अगुल छोडकर काटे जाते थे, ताकि गुरु अपने हाथ से उनका लुञ्चन कर सके, इसे निष्क्रमण-योग्य केशकर्तन कहा जाता था। **अट्ठपडलाए पोत्तीए**—आठ पटल (परत या तह) वाली पोतिका (मुखवस्त्रिका) से।

**Elaboration — Technical terms** - *Nikkhamanapaugge aggakese* – a person aspiring to get initiated into the ascetic order had to get his hair trimmed leaving about four Angul length. This was done so that the

guru could conveniently pull out the remaining hair while performing the ritual of initiation. This was called hair trimming suited for renunciation. *Atthapadalaaye pottiye* – mouth-cover of eight-fold clothe.

५६. तए णं सा जमालिस्स खत्तियकुमारस्स माया हंसलक्खणेणं पडसाडएणं अग्गकेसे पडिच्छइ, अग्गकेसे पडिच्छित्ता सुरभिणा गंधोदएणं पक्खालेइ, सुरभिणा गंधोदएणं पक्खालेत्ता अग्गेहिं वरेहिं गंधेहिं मल्लेहिं अच्चेति, अच्चित्ता सुद्धवत्थेणं बंधेइ, सुद्धवत्थेणं बंधित्ता रयणकरंडगंसि पक्खिवति, पक्खिवित्ता हार–वारिधार–सिंदुवार–छिन्नमुत्तावलिप्पगासाइं सुयवियोगदूसहाइं अंसूइं विणिम्मुयमाणी विणिम्मुयमाणी एवं वयासी—एस णं अम्हं जमालिस्स खत्तियकुमारस्स बहूसु तिहीसु य पव्वणीसु य उस्सवेसु य जण्णेसु य छणेसु य अपच्छिमे दरिसणे भविस्सति इति कट्टु ओसीसगमूले ठवेइ।

५६. इसके पश्चात् क्षत्रियकुमार जमालि की माता ने शुक्लवर्ण के या हस–चिह्न वाले वस्त्र की चादर (शाटक) मे उन अग्रकेशो को ग्रहण किया। फिर उन्हे सुगन्धित गन्धोदक से धोया, फिर प्रधान एव श्रेष्ठ गन्ध (इत्र) एव माला द्वारा उनका अर्चन किया और शुद्ध वस्त्र मे उन्हे बाँधकर रत्नकरण्डक (रत्नो के पिटारे) मे रखा। इसके बाद जमालिकुमार की माता हार, जलधारा, सिन्दुवार के पुष्पो एव टूटी हुई मोतियो की माला के समान पुत्र के दु:सह (असह्य) वियोग के कारण आँसू बहाती हुई इस प्रकार कहने लगी–"ये (जमालिकुमार के अग्रकेश) हमारे लिए बहुत–सी तिथियो, पर्वो, उत्सवो और नागपूजादिरूप यज्ञो तथा (इन्द्र–) महोत्सवादिरूप क्षणो मे क्षत्रियकुमार जमालि के अन्तिम दर्शनरूप होगे (उसकी स्मृति के प्रतीक रहेगे)।"–ऐसा विचार कर उन्हें अपने तकिये के नीचे रख दिया।

**56.** *Kshatriya* youth Jamali's mother then collected the hair on a piece of cloth, white like a swan. After that she washed them with scented water and performed the adoration ritual with best of perfumes and garlands. Having done that she wrapped them in a clean cloth and placed them in a jewelry box. Then lamenting the intolerable agony of separation of her son, and shedding tears like a broken necklace, a stream of water, a garland of Sinduwar flowers and a string of beads, *Kshatriya* youth Jamali's mother said — "These (hair of Jamali) will serve as symbols of the last beholding (or signs of the memory of the last meeting) on many dates (of occasions), festivals, celebrations, worships, sacrifices and ceremonies including those for Naag and Indra." With these words she placed the box under her pillow.

५७. तए णं तस्स जमालिस्स खत्तियकुमारस्स अम्मा–पियरो दुच्चं पि उत्तरावक्कमणं सीहासणं रयावेंति, दुच्च पि उत्तरावक्कमणं सीहासणं रयावित्ता जमालिं खत्तियकुमारं सेयापीतएहिं कलसेहिं ण्हाणेंति, सेयापीतएहिं कलसेहिं ण्हाणेत्ता पम्हसुकुमालाए सुरभीए गंधकासाइए गायाइं लूहेंति, सुरभीए गंधकासाइए गायाइं लूहेत्ता सरसेणं गोसीसचंदणेणं गायाइं अणुलिंपंति, गायाइं अणुलिंपित्ता

नासानिस्सासवायवोज्झं चक्खुहरं वण्णफरिसजुत्तं हयलालापेलवातिरेगं धवलं कणगखचियंतकम्मं महरिहं हंसलक्खणं पडसाडगं परिहिंति, परिहित्ता हारं पिणद्धेंति, २ अद्धहारं पिणद्धेंति, अ० पिणद्धित्ता एवं जहा सूरियाभस्स अलंकारो तहेव जाव चित्तं रयणसंकडुक्कडं मउडं पिणद्धंति, किं बहुणा ? गंथिम-वेढिम-पूरिम-संघातिमेणं चउव्विहेणं मल्लेणं कप्परुक्खगं पिव अलंकियविभूसियं करेंति।

५७. इसके पश्चात् क्षत्रियकुमार जमालि के माता-पिता ने दूसरी बार भी उत्तरदिशाभिमुख सिंहासन रखवाया और क्षत्रियकुमार जमालि को श्वेत और पीत (चाँदी और सोने के) कलशों से स्नान करवाया। फिर रुएँदार सुकोमल गन्धकाषायित सुगन्धियुक्त वस्त्र (तौलिये या अंगोछे) से उसके अंग (गात्र) पोछे। उसके बाद सरस गोशीर्षचन्दन का गात्रों पर लेपन किया। तदनन्तर नाक के नि श्वास की वायु से उड जाए, ऐसा बारीक, नेत्रो को आह्लादक (या आकर्षक) लगने वाला, सुन्दर वर्ण और कोमल स्पर्श से युक्त, घोडे के मुख की लार से भी अधिक कोमल, श्वेत और (किनारे पर) सोने के तारो से जडा हुआ, महामूल्यवान् एव हंस के चिह्न से युक्त पटशाटक (रेशमी वस्त्र) पहनाया। फिर हार (अठारह लडी वाला हार) एव अर्द्ध-हार (नवसरा हार) पहनाया। जैसे राजप्रश्नीयसूत्र मे सूर्याभदेव के अलंकारो का वर्णन है, उसी प्रकार यहाँ भी समझना चाहिए, यावत् विचित्र रत्नो से जटित मुकुट पहनाया। अधिक क्या कहे ! ग्रन्थिम (गूँथी हुई), वेष्टिम (लपेटी हुई), पूरिम (पूरी हुई-भरी हुई) और सघातिम (परस्पर संघात की हुई जोडी हुई) रूप से तैयार की हुई चारो प्रकार की मालाओ से कल्पवृक्ष के समान उस जमालिकुमार को अलकृत एव विभूषित किया गया।

**57.** Once again *Kshatriya* youth Jamali's parents got a throne placed facing north and helped him taking bath with water poured from white and yellow (silver and golden) pitchers; wiped his body dry with fragrant and perfumed soft towel, and applied best quality of sandal-wood paste (*saras Goshirsh-chandan*). Now they provided him a silk dress to wear. It was so fine as to wave with force of normal breathing. It was pleasant to the eyes, beautiful in colour and soft in touch. It was white, softer than the saliva from a horse's mouth and with a golden brocade border. It was very costly and printed with a swan-emblem. Having done that they placed a necklace (with eighteen strings) and half necklace (with nine strings) on his neck. After this they adorned him with numerous ornaments like those of Suryaabh Dev as described in *Rajprashniya Sutra* ... and so on up to... placed a gem studded crown on his head. Needless to add more to the description beyond saying that he was fully embellished with four kinds of garlands including *granthim* (made by stringing), *veshtim* (made by wrapping), *purim* (made by braiding or filling) and *sanghatim* (made by interweaving or entwining) so much so that he looked like a wish-fulfilling tree (*Kalp-vriksha*) in all respects.

विवेचन : इस वर्णन से पता चलता है, उस युग में आभूषण-निर्माण तथा वस्त्र-निर्माण की कला अत्यन्त विकसित हो चुकी थी। जहाँ इतना कोमल, बारीक तथा कलापूर्ण वस्त्र तैयार होता था।

**Elaboration** — This description provides an important information about the advanced textile technology and craft of ornament making of that period. The fineness of the cloth and the range of the ornaments described provide ample evidence of this fact.

*शिविकारोहण* BOARDING THE PALANQUIN

**५८. तए णं से जमालिस्स खत्तियकुमारस्स पिया कोडुंबियपुरिसे सद्दावेइ, सद्दावेत्ता एवं वयासि-खिप्पामेव भो देवाणुप्पिया ! अणेगखंभसयसन्निविट्ठं लीलट्ठियसालभंजियागं जहा रायप्पसेणइज्जे विमाणवण्णओ जाव मणिरयणघंटियाजालपरिखित्तं पुरिससहस्सवाहणीयं सीयं उवट्ठवेह, उवट्ठवेत्ता मम एयमाणत्तियं पच्चप्पिणह।**

५८. तदनन्तर क्षत्रियकुमार जमालि के पिता ने कौटुम्बिक पुरुषो को बुलाकर कहा-हे देवानुप्रियो ! शीघ्र ही सैकडो खभो से युक्त, लीलापूर्वक खडी हुई पुतलियों वाली मणि-रत्नों की घंटियों के समूह से चारो ओर से घिरी हुई, हजार पुरुषो द्वारा उठाई जाने योग्य (विशाल) शिविका (पालकी) (तैयार करके) उपस्थित करो और मेरी इस आज्ञा का पालन करके मुझे पुनः निवेदन करो।

**58.** Now *Kshatriya* youth Jamali's father called his staff and said, "Beloved of gods! Without delay arrange for a large palanquin with many pillars, and decorated with figures of dancing damsels. It should be decorated with bunches of small gem studded bells all around. It should be so large as to be carried by one thousand persons. Do that and report back."

**५९. तए णं ते कोडुंबियपुरिसा जाव पच्चप्पिणंति।**

५९. इस आदेश को सुनकर कौटुम्बिक पुरुषों ने उसी प्रकार की शिविका तैयार करके यावत् (उन्हे) निवेदन किया।

**59.** On getting this order the staff members arranged for the described palanquin ... and so on up to... reported back.

**६०. तए णं से जमाली खत्तियकुमारे केसालंकारेणं वत्थालंकारेणं मल्लालंकारेणं आभरणालंकारेणं चउव्विहेणं अलंकारेण अलंकारिए समाणे पडिपुण्णालंकारे सीहासणाओ अब्भुट्ठेइ, सीहासणाओ अब्भुट्ठेत्ता सीयं अणुप्पदाहिणीकरेमाणे सीयं दुरूहइ, दुरूहित्ता सीहासणवरंसि पुरत्थाभिमुहे सन्निसण्णे।**

६०. तत्पश्चात् क्षत्रियकुमार जमालि केशालंकार, वस्त्रालंकार, माल्यालंकार और आभरणालंकार; इन चार प्रकार के अलकारों से अलकृत यथास्थान साजसज्जा से युक्त होकर तथा प्रतिपूर्ण अलंकारो से सुसज्जित होकर सिंहासन से उठा। वह दक्षिण की ओर से (अथवा शिविका की प्रदक्षिणा करते हुए) शिविका पर चढ़ा और श्रेष्ठ सिंहासन पर पूर्व की ओर मुँह करके आसीन हुआ।

**60.** After that *Kshatriya* youth Jamali, perfectly adorned with fourfold embellishments including hair adornments, dress, garlands and ornaments, rose from his throne. He then boarded the palanquin from the south (going around) and sat on the finest throne facing east.

**६१. तए णं तस्स जमालिस्स खत्तियकुमारस्स माया ण्हाया कयबलिकम्मा जाव सरीरा हंसलक्खणं पडसाडगं गहाय सीयं अणुप्पदाहिणीकरेमाणी सीयं दुरूहइ, सीयं दुरूहित्ता जमालिस्स खत्तियकुमारस्स दाहिणे पासे भद्दासणवरंसि सन्निसण्णा।**

६१. फिर क्षत्रियकुमार जमालि की माता स्नानादि करके यावत् शरीर को अलकृत करके हस के चिह्न वाला पटशाटक लेकर दक्षिण की ओर से शिविका पर चढी और जमालिकुमार की दाहिनी ओर श्रेष्ठ भद्रासन पर बैठी।

**61.** Then *Kshatriya* youth Jamali's mother, after taking her bath ... and so on up to... embellishing her body, took the silken cloth with swan-emblem and boarded the palanquin from the left and sat on the throne to the right of Jamali.

**६२. तए णं तस्स जमालिस्स खत्तियकुमारस्स अम्मधाई ण्हाया जाव सरीरा रयहरणं च पडिग्गहं च गहाय सीयं अणुप्पदाहिणीकरेमाणी सीयं दुरूहइ, सीयं दुरूहित्ता जमालिस्स खत्तियकुमारस्स वामे पासे भद्दासणवरंसि सन्निसण्णा।**

६२. तदनन्तर क्षत्रियकुमार जमालि की धायमाता ने स्नानादि किया, यावत् शरीर को अलकृत करके रजोहरण और पात्र लेकर दाहिनी ओर से शिविका पर चढी और क्षत्रियकुमार जमालि के बाईं ओर श्रेष्ठ भद्रासन पर बैठी।

**62.** Then *Kshatriya* youth Jamali's governess after taking her bath ... and so on up to... embellishing her body, took the ascetic-broom as well as the bowl and boarded the palanquin from the right and sat on the throne to the left of Jamali.

**६३. तए णं तस्स जमालिस्स खत्तियकुमारस्स पिट्ठओ एगा वरतरुणी सिंगारागारचारुवेसा संगय-गय जाव रूवजोव्वणविलासकलिया सुंदरथण० हिम-रयत-कुमुद-कुंदेंदुप्पगासं सकोरेंटमल्लदामं धवलं आयवत्तं गहाय सलीलं धारेमाणी धारेमाणी चिट्ठइ।**

६३. फिर क्षत्रियकुमार जमालि के पृष्ठभाग में (पीछे) शृगार की हुई सुन्दर वेश वाली, सुन्दर गति वाली, यावत् रूप और यौवन के विलास से युक्त तथा लावण्य, रूप एवं यौवन के गुणों से युक्त एक उत्तम तरुणी हिम (बर्फ), रजत (चाँदी), कुमुद, कुन्दपुष्प एवं चन्द्रमा के समान, कोरण्टक पुष्प की माला से युक्त, श्वेत छत्र (आतपत्र) हाथ मे लेकर लीलापूर्वक (नृत्य मुद्रा में) धारण करती हुई खड़ी हुई।

**63.** Now came and stood at the back of *Kshatriya* youth Jamali a well embellished and beautifully dressed noble lady, amply endowed with charm and qualities of youth and beauty, in a dancing posture carrying a white umbrella that was adorned with garlands of Korant flowers as white as snow, silver, Kumud flower, Kunda flower and the moon.

**६४. तए णं तस्स जमालिस्स उभयोपासिं दुवे वरतरुणीओ सिंगारागारचारु जाव कलियाओ नाणामणि-कणग-रयण-विमल-महरिह-तवणिज्जुज्जलविचित्तदंडाओ चिल्लियाओ संखंक-कुंदेंदु-दगरय-अमयमहियफेणपुंजसन्निकासाओ धवलाओ चामराओ गहाय सलीलं वीयमाणीओ वीयमाणीओ चिट्ठंति।**

६४. तदनन्तर जमालिकुमार के दोनो (दाहिनी तथा बाईं) ओर शृगार के घर के समान, सुसज्जित सुन्दर वेश वाली यावत् रूप-यौवन के विलास से युक्त दो उत्तम तरुणियाँ हाथ मे चामर लिए हुए लीला सहित ढुलाती हुई खडी हो गईं। वे चामर अनेक प्रकार की मणियो, कनक (पीला सोना), रत्नो तथा विशुद्ध एव महामूल्यवान् तपनीय (लाल स्वर्ण) से निर्मित उज्ज्वल एवं विचित्र दण्ड वाले तथा चमचमाते हुए (देदीप्यमान) थे और शख, अकरत्न, कुन्द-(मोगरा के) पुष्प, चन्द्र, जलबिन्दु, मथे हुए अमृत के फेन के पुंज के समान श्वेत थे।

**64.** After that came and stood on both flanks of *Kshatriya* youth Jamali two well embellished ... and so on up to... noble ladies, carrying whisks and waving them. The exquisite and glowing handles of these whisks were made of pure gold of immense value and studded with a variety of gems and beads. The hair of these whisks were spotless white like conch-shell, Anka gem, Kund (Mogra) flowers, the moon, drop of water, and foam of churned nectar.

**६५. तए णं तस्स जमालिस्स खत्तियकुमारस्स उत्तरपुरत्थिमेणं एगा वरतरुणी सिंगारागार जाव कलिया सेयं रयतामयं विमलसलिलपुण्णं मत्तगयमहामुहाकितिसमाणं भिंगारं गहाय चिट्ठइ।**

६५. और फिर क्षत्रियकुमार जमालि के उत्तरपूर्व (ईशानकोण) मे शृगार के गृह के समान, उत्तम वेश वाली यावत् रूप, यौवन और विलास से युक्त एक श्रेष्ठ तरुणी पवित्र (शुद्ध) जल से परिपूर्ण, उन्मत्त हाथी के महामुख के आकार के समान श्वेत रजत-निर्मित कलश (भृगार) (हाथ मे) लेकर खडी हो गई।

**65.** Then came and stood, on the northeast of *Kshatriya* youth Jamali, a well embellished ... and so on up to... noble lady, carrying a pure water filled pitcher made of white silver in the shape of the head of mad elephant.

**६६. तए णं तस्स जमालिस्स खत्तियकुमारस्स दाहिणपुरत्थिमेणं एगा वरतरुणी सिंगारागार जाव कलिया चित्तं कणगदंडं तालयंटं गहाय चिट्ठइ।**

६६. उसके बाद क्षत्रियकुमार जमालि के दक्षिणपूर्व (आग्नेयकोण) में शृंगार गृह के तुल्य यावत् रूप यौवन और विलास से युक्त एक श्रेष्ठ युवती विचित्र स्वर्णमय दण्ड वाले एक ताडपत्र के पंखे को लेकर खडी हो गई।

**66.** After that came and stood, on the northeast of *Kshatriya* youth Jamali, a well embellished ... and so on up to... noble lady, carrying a palm leaf fan with an exquisite handle made of gold.

**६७. तए णं तस्स जमालिस्स खत्तियकुमारस्स पिया कोडुंबियपुरिसे सद्दावेइ, कोडुंबियपुरिसे सद्दावेत्ता एवं वयासी–खिप्पामेव भो देवाणुप्पिया ! सरिसयं सरित्तयं सरिव्वयं सरिसलावण्ण–रूव–जोव्वणगुणोववेयं एगाभरणवसणगहियनिज्जोयं कोडुंबियवरतरुणसहस्सं सद्दावेह।**

६७. तब क्षत्रियकुमार जमालि के पिता ने कौटुम्बिक पुरुषो को बुलाकर कहा–'हे देवानुप्रियो ! शीघ्र ही एक सरीखे, समान त्वचा वाले, समान वय वाले, समान लावण्य, रूप और यौवन–गुणों से युक्त, एक सरीखे आभूषण, वस्त्र और परिकर धारण किये हुए एक हजार श्रेष्ठ कौटुम्बिक तरुणों को बुलाओ।'

**67.** Now *Kshatriya* youth Jamali's father called his staff and said, "Beloved of gods! Without delay call here a thousand young men of similar complexion, age and endowed with similar qualities of beauty, charm and youth to act as choicest attendants. They should be in similar dress, adornment and headgear.

**६८. तए णं ते कोडुंबियपुरिसा जाव पडिसुणेत्ता खिप्पामेव सरिसयं सरित्तयं जाव सद्दावेंति।**

६८. तब वे कौटुम्बिक पुरुष स्वामी के आदेश को यावत् स्वीकार करके शीघ्र ही एक सरीखे, समान त्वचा वाले यावत् एक हजार श्रेष्ठ कौटुम्बिक तरुणो को बुला लाए।

**68.** Then those staff members ... and so on up to... accepted their masters order and soon called a thousand young men ... and so on up to... to act as choicest attendants.

**६९. तए णं ते कोडंबियपुरिस (? तरुणा) जमालिस्स खत्तियकुमारस्स पिउणो कोडुंबियपुरिसेहिं सद्दाविया समाणा हट्ठतुट्ठ० ण्हाया कयबलिकम्मा कयकोउयमंगलपायच्छित्ता एगाभरणवसणगहियनिज्जोया जेणेव जमालिस्स खत्तियकुमारस्स पिया तेणेव उवागच्छंति, तेणेव उवागच्छित्ता करयल जाव वद्धावेत्ता एवं वयासी–संदिसंतु णं देवाणुप्पिया ! जं अम्हेहिं करणिज्जं।**

६९. कौटुम्बिक पुरुषो द्वारा बुलाये हुए वे एक हजार तरुण सेवक हर्षित और सन्तुष्ट होकर, स्नानादि से निवृत्त होकर बलिकर्म, कौतुक, मंगल एवं प्रायश्चित्त करके एक सरीखे आभूषण और वस्त्र तथा वेश धारण करके जहाँ जमालि क्षत्रियकुमार के पिता थे, वहाँ आए और हाथ जोडकर यावत् उन्हें जय–विजय शब्दो से बधाकर बोले–हे देवानुप्रिय ! हमें जो कार्य करना है, उसका आदेश दीजिए।

69. Being thus commissioned, one thousand youthful attendants were delighted and honoured. They took their bath and completed their ritual routines of awakening protective spirits, repentance for mistakes, offerings to gods, using auspicious things like curd, rice, mustard, grass, etc. Then they adorned themselves with similar ornaments and dresses and came to *Kshatriya* youth Jamali's father. They joined their palms, greeted him with hails of victory and submitted — "Beloved of gods! Please tell us what is to be done."

**७०. तए णं से जमालिस्स खत्तियकुमारस्स पिया तं कोडुंबियवरतरुणसहस्सं एवं वयासी–तुब्भे णं देवाणुप्पिया ! ण्हाया कयबलिकम्मा जाव गहियनिज्जोगा जमालिस्स खत्तियकुमारस्स सीयं परिवहह।**

७०. तब क्षत्रियकुमार जमालि के पिता ने उन एक हजार तरुण सेवकों को इस प्रकार कहा–हे देवानुप्रियो! तुम स्नानादि करके यावत् एक सरीखे वेश में सुसज्ज होकर जमालिकुमार की शिविका को उठाओ।

**70.** *Kshatriya* youth Jamali's father said to those one thousand young attendants — "Beloved of gods! Take your bath ... and so on up to... wear uniforms and lift *Kshatriya* youth Jamali's palanquin."

**७१. तए णं ते कोडुंबियपुरिसा (? तरुणा) जमालिस्स खत्तियकुमारस्स जाव पडिसुणेत्ता ण्हाया जाव गहियनिज्जोगा जमालिस्स खत्तियकुमारस्स सीयं परिवहंति।**

७१. तब वे कौटुम्बिक तरुण क्षत्रियकुमार जमालि के पिता का आदेश शिरोधार्य करके स्नानादि करके यावत् एक सरीखी पोशाक धारण किये हुए (उन तरुण सेवकों ने) क्षत्रियकुमार जमालि की शिविका उठाई।

**71.** The attendants accepted the order of *Kshatriya* youth Jamali's father. After taking bath ... and so on up to... wearing uniforms they lifted *Kshatriya* youth Jamali's palanquin.

**७२. तए णं तस्स जमालिस्स खत्तियकुमारस्स पुरिससहस्सवाहिणिं सीयं दुरूढस्स समाणस्स तप्पढमयाए इमे अट्ठट्ठमंगलगा पुरओ अहाणुपुव्वीए संपट्ठिया, तं०–सोत्थिय सिरिवच्छ जाव दप्पणा। तदणंतरं च णं पुण्णकलसभिंगारं जहा उववाइए जाव गगणतलमणुलिहंती पुरओ अहाणुपुव्वीए संपट्ठिया। एवं जहा उववाइए तहेव भाणियव्वं जाव आलोयं च करेमाणा 'जय जय' सद्दं च पउंजमाणा पुरओ अहाणुपुव्वीए संपट्ठिया। तदणंतरं च णं बहवे उग्गा भोगा जहा उववाइए जाव महापुरिसवग्गुरा परिक्खित्ता जमालिस्स खत्तियकुमारस्स पुरओ य मग्गओ य पासओ य अहाणुपुव्वीए संपट्ठिया।**

७२. हजार पुरुषों द्वारा उठाई जाने योग्य उस शिविका पर जब जमालि क्षत्रियकुमार आदि सब आरूढ़ हो गये, तब उस शिविका के आगे-आगे सर्वप्रथम ये आठ मंगल अनुक्रम से चले, यथा-(१)

स्वस्तिक, (२) श्रीवत्स, (३) नन्द्यावर्त्त, (४) वर्धमानक, (५) भद्रासन, (६) कलश, (७) मत्स्य, और (८) दर्पण। इन आठ मंगलो के अनन्तर पूर्ण कलश चला, आकाश को स्पर्श करती हुई-सी वैजयन्ती (ध्वजा) भी आगे यथानुक्रम से रवाना हुई। यावत् आलोक करते हुए और जय-जयकार शब्द का उच्चारण करते हुए अनुक्रम से आगे चले। इसके पश्चात् बहुत से उग्रकुल के, भोगकुल के क्षत्रिय इत्यादि महापुरुषो के वर्ग से परिवृता होकर क्षत्रियकुमार जमालि के आगे, पीछे और आस-पास चलने लगे। यह समग्र वर्णन विस्तारयुक्त औपपातिकसूत्र मे कूणिक के दर्शन मात्र प्रसंग अनुसार जान लेना चाहिए।

**72.** Once the palanquin was ready with *Kshatriya* youth Jamali and others boarding the same and being lifted by one thousand bearers, it was preceded by eight auspicious objects in this order — (1) *Swastika* (a specific graphic design resembling the mathematical sign of addition with a perpendicular line added to each of the four arms in clockwise direction), (2) *Shrivats* (a specific mark found on the chest of all *Tirthankars*), (3) *Nandyavart* (a specific elaborate graphic design resembling an extended swastika), (4) *Vardhamanak* (a specific design of vessel), (5) *Bhadrasan* (a specific design of seat), (6) *Kalash* (an urn), (7) *Matsya* (a fish), and (8) *Darpan* (a mirror) These were followed by the royal attendants carrying pitchers and jars filled with water . . and so on up to... the beautiful flag of victory (*vijaya-vaijayanti*) furling sky high with the wind. (as mentioned in *Aupapatik sutra*) . and so on up to . People followed hailing victory for the hero. *Kshatriya* youth Jamali's said palanquin was surrounded by many prominent persons belonging to Ugra, Bhoga and other clans walking on its front, back and flanks. Detailed description is as mentioned in *Aupapatik sutra* in context of King Kunik going to behold Bhagavan Mahavir.

**७३.** तए णं से जमालिस्स खत्तियकुमारस्स पिया ण्हाए कयबलिकम्मे जाव विभूसिए हत्थिखंधवरगए सकोरंटमल्लदामेणं छत्तेणं धरिज्जमाणेणं सेयवरचामराहिं उद्धुव्वमाणीहिं उद्धुव्वमाणीहिं हय-गय-रह-पवरजोहकलियाए चाउरंगिणीए सेणाए सद्धिं संपरिवुडे महया भड-चडगर जाव परिक्खित्ते जमालिस्स खत्तियकुमारस्स पिट्ठओ पिट्ठओ अणुगच्छइ।

७३. तदनन्तर क्षत्रियकुमार जमालि के पिता ने स्नान आदि किया। यावत् विभूषित होकर उत्तम हाथी के कंधे पर चढे और कोरण्टक पुष्प की माला से युक्त छत्र धारण किये हुए, श्वेत चामरों से बिजाते हुए, घोडे, हाथी, रथ और श्रेष्ठ योद्धाओ से युक्त चतुरगिणी सेना से परिवृत होकर तथा महासुभटो के समुदाय से घिरे हुए यावत् क्षत्रियकुमार के पीछे-पीछे चल रहे थे।

**73.** *Kshatriya* youth Jamali's father too took his bath ... and so on up to. embellished himself and rode the royal elephant. With an umbrella decorated with garlands of Korantak flowers over his head, fanned with a

pair of white whisks, surrounded by four pronged army including great warriors and soldiers riding elephants, horses and chariots as well as those walking on feet. ... and so on up to... followed Jamali, the *Kshatriya* youth.

**७४. तए णं तस्स जमालिस्स खत्तियकुमारस्स पुरओ महं आसा आसव (वा) रा, उभओ पासिं णागा णागवरा, पिट्ठओ रहा रहसंगेल्ली।**

७४. साथ ही उस जमालि क्षत्रियकुमार के आगे बड़े-बडे और श्रेष्ठ घुड़सवार तथा उसके दोनो बगल (पार्श्व) मे उत्तम हाथी एवं पीछे रथ और रथसमूह चल रहे थे।

**74.** Ahead of *Kshatriya* youth Jamali were noble riders on excellent horses, on his flanks were best of elephants and on his rear came chariots.

**७५. तए णं से जमाली खत्तियकुमारे अब्भुग्गयभिंगारे पग्गहियतालियंटे ऊसवियसेतछत्ते पवीइसतसेतचामरबालवीयणीए सव्विड्ढीए जाव णादितरवेणं खत्तियकुंडग्गामं नगरं मज्झंमज्झेणं जेणेव माहणकुंडग्गामे नयरे जेणेव बहुसालए चेइए जेणेव समणे भगवं महावीरे तेणेव पहारेत्थ गमणाए।**

७५. इस प्रकार (दीक्षाभिलाषी) क्षत्रियकुमार जमालि सर्व ऋद्धि सहित यावत् बाजे-गाजे के साथ (वाद्यो के निनाद के साथ) चलने लगा। उसके आगे कलश और ताडपत्र का पखा लिए हुए पुरुष चल रहे थे। उसके सिर पर श्वेत छत्र धारण किया हुआ था। उसके दोनो ओर श्वेत चामर और छोटे पखे बिजाए जा रहे थे। [इनके पीछे बहुत-से लकडी, भाला, पुस्तक यावत् वीणा आदि लिए हुए लोग चल रहे थे। उनके पीछे एक सौ आठ हाथी आदि, फिर लाठी, खड्ग, भाला आदि, लिए हुए पदाति (पैदल चलने वाले)-पुरुष तथा उनके पीछे बहुत-से युवराज, धनाढ्यं, यावत् सार्थवाह प्रभृति तथा बहुत-से लोग यावत् गाते-बजाते, हँसते-खेलते चल रहे थे।] (इस प्रकार) क्षत्रियकुमार जमालि क्षत्रियकुण्डग्राम नगर के मध्य में से होकर जाता हुआ, ब्राह्मणकुण्डग्राम के बाहर जहाँ बहुशालक नामक उद्यान में श्रमण भगवान महावीर विराजमान थे, उस ओर गमन करने लगा।

**75.** Thus moved the procession of *Kshatriya* youth Jamali (aspiring for initiation) accompanied with all the grandeur .. and so on up to... sound of musical instruments. Ahead of him moved attendants carrying urns and palm-leaf fans. He had a white umbrella over his head. He was being fanned with white whisks and small fans from both sides. [On the rear came many people carrying staffs, spears, books ... and so on up to... *Veena* (a stringed musical instrument). Behind them came one hundred eight elephants etc. followed again by people carrying staffs, swords, etc. and walking on feet. After them came many princes, wealthy people ... and so on up to... caravan chiefs and many other people singing and dancing.] Moving through the city of Kshatriyakund, the procession proceeded towards Bahushalak garden outside Brahman Kundagram where Shraman Bhagavan Mahavir was stationed.

७६. तए णं तस्स जमालिस्स खत्तियकुमारस्स खत्तियकुंडग्गामं नगरं मज्झंमज्झेणं निग्गच्छमाणस्स सिंघाडग–तिग–चउक्क जाव पहेसु बहवे अत्थत्थिया जहा उववाइए जाव अभिनंदंता य अभित्थुणंता य एवं वयासी–जय जय णंदा ! धम्मेणं, जय जय णंदा ! तवेणं, जय जय णंदा ! भद्दं ते, अभग्गेहिं णाण–दंसण–चरित्तमुत्तमेहिं अजियाइं जिणाहि इंदियाइं, जियं च पालेहि समणधम्मं, जियविग्घो वि य वसाहि तं देव ! सिद्धिमज्झे, णिहणाहि य राग–दोसमल्ले तवेणं धितिधणियबद्धकच्छे, मद्दाहि अट्ठकम्मसत्तू झाणेणं उत्तमेणं सुक्केणं, अप्पमत्तो हराहि आराहणपडागं च धीर ! तिलोक्करंगमज्झे, पावय वितिमिरमणुत्तरं केवलं च णाणं, गच्छ य मोक्खं परं पदं जिणवरोवदिट्ठेणं सिद्धिमग्गेणं अकुडिलेणं, हंता परीसहचमुं, अभिभविय गामकंटकोवसग्गा णं, धम्मे ते अविग्घमत्थु। त्ति कट्टु अभिनंदंति य अभिथुणंति य।

७६. जब क्षत्रियकुमार जमालि क्षत्रियकुण्डग्राम नगर के मध्य में से होकर जा रहा था, तब शृगाटक, त्रिक, चतुष्क यावत् राजमार्गों पर बहुत–से अर्थार्थी (धनार्थी), कामार्थी इत्यादि लोग, औपपातिकसूत्र मे कहे अनुसार इष्ट, कान्त, प्रिय आदि शब्दो से यावत् अभिनन्दन एव स्तुति करते हुए इस प्रकार कहने लगे–"हे नन्द (आनन्ददाता) ! धर्म द्वारा तुम्हारी जय हो ! हे नन्द ! तप के द्वारा तुम्हारी जय हो ! हे नन्द ! तुम्हारा भद्र (कल्याण) हो ! हे देव ! अखण्ड उत्तम ज्ञान–दर्शन–चारित्र द्वारा (अब तक) अविजित इन्द्रियो को जीतो और विजित श्रमणधर्म का पालन करो। हे देव ! विघ्नो को जीतकर सिद्धि (मुक्ति) मे जाकर बसो ! तप से धैर्यरूपी कच्छ को अत्यन्त दृढतापूर्वक बाँधकर राग–द्वेषरूपी मल्लों को पछाडो ! उत्तम शुक्लध्यान के द्वारा अष्टकर्मशत्रुओ का मर्दन करो ! हे धीर ! अप्रमत्त होकर त्रैलोक्य के रगमंच (विश्वमण्डप) मे आराधनारूपी पताका ग्रहण करो (अथवा फहरा दो) और अन्धकाररहित (विशुद्ध प्रकाशमय) अनुत्तर केवलज्ञान को प्राप्त करो ! तथा जिनवरोपदिष्ट सरल (अकुटिल) सिद्धिमार्ग पर चलकर परम पद रूप मोक्ष को प्राप्त करो ! परीषह–सेना को नष्ट करो तथा इन्द्रियग्राम के कण्टकरूप (प्रतिकूल) उपसर्गों पर विजय प्राप्त करो ! तुम्हारा धर्माचरण निर्विघ्न हो!" इस प्रकार से लोग अभिनन्दन एव स्तुति करने लगे।

**76.** As *Kshatriya* youth Jamali passed through the city of Kshatriya Kundagram, on triangular courtyards (*singhatak*), crossings of three, four ... and so on up to... highways, he was greeted with auspicious words in coveted, pleasant, lovable, likable, joyous, desirable and blissful voice by masses of people among whom were many who sought wealth, many who desired worldly pleasures, and many who only desired food. They uttered — "O source of joy! May you be victorious on the religious path. O noble one! May you be victorious through austerities. May all go well with you O benefactor of the world! May you conquer the unconquerable sense organs through unhindered pure knowledge, perception and conduct, and follow the path of *Shramans* that you have accepted. O Divine one! May you cross all hurdles and attain liberation. With patience and resolve, may you annihilate the adversaries in the form of

attachment and aversion by means of penance. May you subjugate the enemies in the form of eight types of *Karmas* with the help of pure ultimate meditation (*Shukla Dhyan*). O Epitome of patience! May you become ever alert and furl the flag of spiritualism on the universal stage. May you attain the ultimate state of pure knowledge or omniscience that is free of the darkness of ignorance. May you destroy the chain of afflictions and being free of them may you attain the stable and eternal state of liberation May your spiritual endeavour be free of obstacles." And they repeatedly hailed for the auspicious victory.

**७७. तए णं से जमाली खत्तियकुमारे नयणमालासहस्सेहिं पिच्छिज्जमाणे पिच्छिज्जमाणे एवं जहा उववाइए कूणिओ जाव णिग्गच्छति, निग्गच्छित्ता जेणेव माहणकुंडग्गामे नगरे जेणेव बहुसालए चेइए तेणेव उवागच्छइ, तेणेव उवागच्छित्ता छत्तादीए तित्थगरातिसए पासइ, पासित्ता पुरिससहस्सवाहिणिं सीयं ठवेइ, ठवित्ता पुरिससहस्सवाहिणीओ सीयाओ पच्चोरुहइ।**

७७. औपपातिकसूत्र में वर्णित कूणिक के वर्णनानुसार क्षत्रियकुमार जमालि (दीक्षार्थी के रूप में) हजारो (व्यक्तियो) की नयनावलियो द्वारा देखा जाता हुआ यावत् (क्षत्रियकुण्डग्राम नगर के बीचोंबीच होकर) निकला। फिर ब्राह्मणकुण्डग्राम नगर के बाहर बहुशालक नामक उद्यान के निकट आया और ज्यो ही उसने तीर्थंकर भगवान के छत्र आदि अतिशयों को देखा, त्यो ही हजार पुरुषो द्वारा उठाई जाने वाली उस शिविका को ठहराया और स्वय उस सहस्रपुरुषवाहिनी शिविका से नीचे उतरा।

**77.** Like King Kunik, as detailed in *Aupapatik Sutra*, *Kshatriya* youth Jamali (aspiring initiation) witnessed by thousands of assembled people and so on up to.. passed through Kshatriya Kundagram city and approached Bahushalak garden outside Brahman Kundagram As soon as he saw the divine wonders around the *Tirthankar*, including the divine canopies, he stopped the thousand-bearer palanquin and got down from it

### प्रव्रज्या ग्रहण INITIATION

**७८. तए णं तं जमालिं खत्तियकुमारं अम्मा-पियरो पुरओ काउं जेणेव समणे भगवं महावीरे तेणेव उवागच्छइ; तेणेव उवागच्छित्ता, समणं भगवं महावीरं तिक्खुत्तो जाव नमंसित्ता एवं वयासी-एवं खलु भंते ! जमाली खत्तियकुमारे अम्हं एगे पुत्ते इट्ठे कंते जाव किमंग पुण पासणयाए ? से जहानामए उप्पले इ वा पउमे इ वा जाव सहस्सपत्ते इ वा पंके जाए जले संवुड्ढे णोवलिप्पइ पंकरएणं णोवलिप्पइ जलरएणं एवामेव जमाली वि खत्तियकुमारे कामेहिं जाए भोगेहिं संवुड्ढे णोवलिप्पइ कामरएणं णोवलिप्पइ भोगरएणं णोवलिप्पइ मित्त-णाइ-नियग-सयण-संबंधि-परिजणेणं, एस णं देवाणुप्पिया ! संसारभउव्विग्गे, भीए जम्मण-मरणेणं देवाणुप्पियाणं अंतिए मुंडे भवित्ता अगाराओ अणागारियं पव्वयइ, तं एयं णं देवाणुप्पियाणं अम्हे सीसभिक्खं दलयामो, पडिच्छंतु णं देवाणुप्पिया सीसभिक्खं।**

७८. तदनन्तर क्षत्रियकुमार जमालि को आगे करके उसके माता-पिता, जहाँ श्रमण भगवान महावीर विराजमान थे, वहाँ उपस्थित हुए और श्रमण भगवान महावीर को दाहिनी ओर से तीन बार प्रदक्षिणा की, यावत् वन्दना-नमस्कार करके इस प्रकार निवेदन किया-भगवन् ! यह क्षत्रियकुमार जमालि, हमारा इकलौता, इष्ट, कान्त और प्रिय पुत्र है। यावत्-इसका नाम सुनना भी दुर्लभ है तो दर्शन दुर्लभ हो, इसमे कहना ही क्या ! जैसे कोई कमल (उत्पल), पद्म या यावत् सहस्रदलकमल कीचड में उत्पन्न होने और जल में सवर्द्धित (बडा) होने पर भी पंकरज से लिप्त नही होता, न जल-कण (जलरज) से लिप्त होता है, इसी प्रकार क्षत्रियकुमार जमालि भी काम में उत्पन्न हुआ, भोगो में संवर्द्धित (बडा) हुआ, किन्तु काम मे लेश मात्र भी लिप्त (आसक्त) नही हुआ और न ही भोग के अंश मात्र से लिप्त (आसक्त) हुआ और न यह मित्र, ज्ञाति, निज-सम्बन्धी, स्वजन-सम्बन्धी और परिजनो मे लिप्त हुआ है। हे देवानुप्रिय ! यह ससार-(जन्म-मरणरूप) भय से उद्विग्न हो गया है, यह जन्म-मरण (के चक्र) के भय से भयभीत हो चुका है। अत आप देवानुप्रिय के पास मुण्डित होकर, अगारवास छोडकर अनगारधर्म मे प्रव्रजित हो रहा है। इसलिए हम आप देवानुप्रिय को यह शिष्य-भिक्षा देते हैं। आप देवानुप्रिय इस शिष्यरूप भिक्षा को स्वीकार करे।

**78.** Now, keeping him in the lead *Kshatriya* youth Jamali's parents approached Shraman Bhagavan Mahavir and after going around him three times from the right ... and so on up to... paying due obeisance submitted thus — "*Bhante!* This is *Kshatriya* youth Jamali, our only and cherished, lovely, adored, charming, and beloved son. ... and so on up to... It is difficult to hear about a son like him, what to say of seeing one that is so rare. A lotus (Utpal, Padma etc ) sprouts in swamp and grows in water but still remains free from stains of mud or wetness of water. In the same way *Kshatriya* youth Jamali was born out of lust and grew amidst earthly pleasures but has still remained free from the slime of lust and wetness of indulgence in pleasures. He is equally detached from his relatives, kin, friends and servants. Beloved of gods! He has become apprehensive of the cycles of rebirth and the sequence of birth-aging-death. As such, renouncing his home and shaving his head he wants to become *Anagaar* (homeless ascetic) from *Aagaar* (house-holder) under your auspices That is why we want to effect a disciple-donation and beseech you to accept him as a disciple."

**७९. तए णं समणे भगवं महावीरे तं जमालिं खत्तियकुमारं एवं वयासी-अहासुहं देवाणुप्पिया ! मा पडिबंधं।**

७९. इस पर श्रमण भगवान महावीर ने उस क्षत्रियकुमार जमालि से इस प्रकार कहा-"हे देवानुप्रिय ! जिस प्रकार तुम्हें सुख हो, वैसा करो, किन्तु (धर्मकार्य में) विलम्ब मत करो।"

**79.** At this Shraman Bhagavan Mahavir said to *Kshatriya* youth Jamali — "O Beloved of gods! Do as you please and do not procrastinate."


500 पुरुषों के साथ दीक्षा ग्रहण करते जमालिकुमार

चित्र-परिचय 22

Illustration No. 22

## जमालिकुमार की दीक्षा

जब जमालिकुमार के माता-पिता किसी भी उपाय से पुत्र को रोकने में समर्थ नहीं हुये तो उन्होंने उसे दीक्षा की अनुमति दे दी। जमालिकुमार ने 500 पुरुषों के साथ ब्राह्मणकुण्ड नगर के बाहर बहुशालक उद्यान में भगवान महावीर के पास प्रव्रज्या ग्रहण की।

*—शतक 9, उ 33*

## INITIATION OF PRINCE JAMALI

When the parents of prince Jamalikumar have failed to stop him after all efforts they allowed him to get initiated Jamali got initiated along with 500 other aspirants by Bhagavan Mahavir at Bahushalak Garden outside Brahman Kundagram

*—Shatak-9, lesson-33*

८०. तए णं सं जमाली खत्तियकुमारे समणेणं भगवया महावीरेणं एवं वुत्ते समाणे हट्ठतुट्ठे समणं भगवं महावीरं तिक्खुत्तो जाव नमंसित्ता उत्तरपुरत्थिमं दिसिभागं अवक्कमइ, अवक्कमित्ता सयमेव आभरण–मल्लालंकारं ओमुयइ।

८०. भगवान के द्वारा स्वीकृति होने पर क्षत्रियकुमार जमालि हर्षित और तुष्ट हुआ; तत्पश्चात् श्रमण भगवान महावीर को तीन बार प्रदक्षिणा कर यावत् वन्दना–नमस्कार कर, उत्तर–पूर्व दिशा (ईशानकोण) में गया। वहाँ जाकर उसने स्वयं ही आभूषण, माला और अलंकार उतार दिये।

**80.** Being thus accepted by *Bhagavan*, *Kshatriya* youth Jamali was pleased and contented. He went around Shraman Bhagavan Mahavir ... and so on up to... paid homage and obeisance. Then he proceeded in the northeast direction and removed all his ornaments and dress.

८१. तए णं से जमालिस्स खत्तियकुमारस्स माया हंसलक्खणेणं पडसाडएणं आभरण–मल्लालंकारं पडिच्छति, पडिच्छित्ता हार–वारि जाव विणिम्मुयमाणी विणिम्मुयमाणी जमालिं खत्तियकुमारं एवं वयासी–'घडियव्वं जाया ! जइयव्वं जाया ! परक्कमियव्वं जाया ! अस्सिं च णं अट्ठे णो पमायेयव्वं' ति कट्टु जमालिस्स खत्तियकुमारस्स अम्मा–पियरो समणं भगवं महावीरं वंदंति णमंसंति, वंदित्ता णमंसित्ता, जामेव दिसं पाउब्भूया तामेव दिसं पडिगया।

८१. इसके तत्पश्चात् जमालि क्षत्रियकुमार की माता ने उन आभूषणो, माला एव अलंकारो को हस के चिह्न वाले एक पटशाटक (रेशमी वस्त्र) मे ग्रहण कर लिया और फिर टूटे मोती के हार, जलधारा, इत्यादि के समान यावत् आँसू गिराती हुई अपने पुत्र से इस प्रकार बोली–हे पुत्र ! सयम मे चेष्टा करना, पुत्र ! संयम में यत्न करना; हे पुत्र ! संयम में पराक्रम करना। इस (संयम के) विषय मे जरा भी प्रमाद न करना। इस प्रकार कहकर जमालि के माता–पिता श्रमण भगवान महावीर को वन्दना–नमस्कार करके स्वस्थान को वापस चले गये।

**81.** *Kshatriya* youth Jamali's mother collected the dress and ornaments in a soft piece of silk with a swan mark and shedding tears like a broken necklace, a stream of water etc. uttered — " Son! Put in all diligence, effort, and prowess into your practices and do not be lethargic." After this, *Kshatriya* youth Jamali's parents bowed before Shraman Bhagavan Mahavir with all reverence and went back in the direction they came from.

८२. तए णं से जमाली खत्तियकुमारे सयमेव पंचमुट्ठियं लोयं करेति, करित्ता जेणेव समणे भगवं महावीरे तेणेव उवागच्छइ, तेणेव उवागच्छित्ता एवं जहा उसभदत्तो (सूत्र १६) तहेव पव्वइओ, नवरं पंचहिं पुरिससएहिं सद्धिं तहेव सव्वं जाव सामाइयमाइयाइं एक्कारस अंगाइं अहिज्जइ, सामाइयमाइयाइं एक्कारस अंगाइं अहिज्जेत्ता बहूहिं चउत्थ–छट्ठ–ऽट्ठम जाव मासद्धमासखमणेहिं विचित्तेहिं तवोकम्मेहिं अप्पाणं भावेमाणे विहरइ।

८२. तत्पश्चात् जमालिकुमार ने स्वयमेव पचमुष्टिक पाँचों अँगुलियों की मुट्ठी बाँधकर लोच किया, फिर श्रमण भगवान महावीर की सेवा मे उपस्थित हुआ और ऋषभदत्त ब्राह्मण (सूत्र १६ मे वर्णित) की तरह भगवान के पास प्रव्रज्या अंगीकार की। विशेषता यह है कि जमालि क्षत्रियकुमार ने ५०० पुरुषों के साथ प्रव्रज्या ग्रहण की, शेष सब वर्णन पूर्ववत् है। यावत् जमालि अनगार ने फिर सामायिक आदि ग्यारह अगो का अध्ययन किया और बहुत-से उपवास, बेला (छट्ठ), यावत् अर्द्ध-मास, मासखमण (मासिक) इत्यादि विचित्र तपश्चर्याओं से अपनी आत्मा को भावित करता हुआ विचरण करने लगा।

**82.** *Kshatrıya* youth Jamalı then pulled out all his haır (formally termed as five-fistful pulling out of hair), came near Shraman Bhagavan Mahavir and got ınitiated by him like Brahman Rishabh-datt (as descrıbed ın aphorism-16) The difference ıs that *Kshatrıya* youth Jamali got ınitıated along with 500 persons, rest of the description is same .. and so on up to . studıed the eleven limbs (*Anga*) of the canon ... and so on up to... he enkindled hıs soul by observing unique austerıties ıncluding one day, two days, three days and four days fasts, moving about as an ascetıc.

*जमालि का पृथक् विहार* INDEPENDENT MOVEMENT OF JAMALI

**८३. तए णं से जमाली अणगारे अन्नया कयाई जेणेव समणे भगवं महावीरे तेणेव उवागच्छइ, तेणेव उवागच्छित्ता समणं भगवं महावीरं वंदइ नमंसइ, वंदित्ता नमंसित्ता एवं वयासी-'इच्छामि णं भंते ! तुब्भेहिं अब्भणुण्णाए समाणे पंचहिं अणगारसएहिं सद्धिं बहिया जणवयविहारं विहरित्तए।**

८३. तदनन्तर एक दिन जमालि अनगार श्रमण भगवान महावीर के पास आए और भगवान महावीर को वन्दना-नमस्कार करके इस प्रकार बोले-भगवन् ! आपकी आज्ञा प्राप्त होने पर मै पाँच सौ अनगारो के साथ इस जनपद से बाहर (अन्य जनपदों मे) विहार करना चाहता हूँ।

**83.** Later one day ascetıc Jamalı came to Shraman Bhagavan Mahavir and after paying hıs homage and obeısance saıd — "*Bhante!* If you kındly permit me I would like to move away from this region with my five hundred ascetics and roam about (in other areas)."

**८४. तए णं से समणे भगवं महावीरे जमालिस्स अणगारस्स एयमट्ठं णो आढाइ, णो परिजाणइ, तुसिणीए संचिट्ठइ।**

८४. यह सुनकर श्रमण भगवान महावीर ने जमालि अनगार की इस बात को आदर (महत्त्व) नहीं दिया, स्वीकार नही किया और मौन रहे।

**84.** Shraman Bhagavan Mahavir did not pay any attention to this request from Jamali He, in fact, dıd not approve of it

**८५. तए णं से जमाली अणगारे समणं भगवं महावीरं दोच्चं पि तच्चं पि एवं वयासी-इच्छामि णं भंते ! तुब्भेहिं अब्भणुण्णाए समाणे पंचहिं अणगारसएहिं सद्धिं जाव विहरित्तए।**

# तपस्वी जमालि अणगार



चित्र-परिचय 23

Illustration No. 23

# जमालि अणगार

दीक्षित होने के पश्चात् जमालि अणगार ने सामायिक आदि 11 अंगों का अध्ययन किया। वे उपवास, बेला, तेला, अर्ध मासखमण, मासखमण आदि विविध तपस्या से अपनी आत्मा को भावित करते विचरने लगे। तपस्या से जमालि अणगार का शरीर कृश एवं दुर्बल हो गया था। एक बार जमालि अणगार ने भगवान के पास आकर 500 अणगारों के साथ अन्यत्र विचरने की आज्ञा माँगी। भगवान मौन रहे। तब जमालि अणगार ने यही बात दूसरी और तीसरी बार कही, परन्तु भगवान पूर्ववत् मौन रहे। तब मौन को स्वीकृति मानकर जमालि अणगार 500 अणगारों के साथ बहुशालक उद्यान से निकलकर अन्य जनपदों में विचरने लगे।

*—शतक 9, उ 33*

## ASCETIC JAMALI

After getting initiated ascetic Jamali studied the eleven limbs (*Anga*) of the canon He enkindled his soul by observing unique austerities including one day, two days, three days, fifteen days and one month long fasts, moving about as an ascetic Due to these austerities the body of ascetic Jamali became lean and weak One day ascetic Jamali sought permission from Bhagavan Mahavir to move away from this region with his five hundred ascetics and roam about (in other areas) Bhagavan remained silent even after he sought the permission a second and third time Considering his silence to be consent Jamali left the garden with his 500 disciples and moved about in other areas

*—Shatak-9, lesson-33*

८५. तब जमालि अनगार ने श्रमण भगवान महावीर से दूसरी बार और तीसरी बार भी इसी प्रकार कहा–भते ! आपकी आज्ञा मिल जाये तो मैं पाँच सौ अनगारों के साथ अन्य जनपदों में विहार करना चाहता हूँ।

**85.** Then ascetic Jamalı repeated his request second and third time — "*Bhante!* If you kindly permit me I would like to move away from this region with my five hundred ascetics and roam about (in other areas)."

**८६. तए णं समणे भगवं महावीरे जमालिस्स अणगारस्स दोच्चं पि तच्चं पि एयमट्ठं णो आढाइ जाव तुसिणीए संचिट्ठइ।**

८६. जमालि अनगार के दूसरी बार और तीसरी बार भी वही बात कहने पर श्रमण भगवान महावीर ने इस बात का आदर नहीं किया, यावत् मौन रहे।

**86.** Even the second and third time Shraman Bhagavan Mahavir paid no attention and so on up to... remaıned sılent.

**८७. तए णं से जमाली अणगारे समणं भगवं महावीरं वंदइ णमंसइ, वंदित्ता णमंसित्ता समणस्स भगवओ महावीरस्स अंतियाओ बहुसालाओ चेइयाओ पडिनिक्खमइ, पडिनिक्खमित्ता पंचहिं अणगारसएहिं सद्धिं बहिया जणवयविहारं विहरइ।**

८७. तब (ऐसी स्थिति मे) जमालि अनगार ने श्रमण भगवान महावीर को वन्दन नमस्कार किया और फिर उनके पास से, बहुशालक उद्यान से निकला और फिर वह पाँच सौ अनगारों के साथ बाहर के (अन्य) जनपदो मे विचरण करने लगा।

**87.** Then (under these cırcumstances) ascetic Jamali finally paid his homage and obeısance to Shraman Bhagavan Mahavir, came out of Bahushalak garden and commenced hıs independent ıtinerant way with hıs five hundred ascetics in other regions.

**विवेचन :** उक्त स्वतत्र वर्णन से प्रतीत होता है कि जमालि अनगार द्वारा स्वतन्त्र विचरण की महत्त्वाकांक्षा एव सर्वज्ञ–सर्वदर्शी भगवान द्वारा उसके स्वतन्त्र विचरण के पीछे अहंकार, महत्त्वाकाक्षा एवं अधैर्य के प्रादुर्भाव होने की और भविष्य मे देव–गुरु आदि के विरोधी बन जाने की सभावना देखकर 'भाविदोषत्वेनोपेक्षणीयत्त्वादस्येति' स्वतन्त्र विहार की अनुज्ञा नहीं दी गई। किन्तु इस बात की अवहेलना करके जमालि अनगार भगवान महावीर से पृथक् विहार करने लगे।

**Elaboration** — From the aforesaid description it appears that Jamali was not given the permission to move about independently because omniscient Bhagavan Mahavır realized that the driving force in Jamali's mind was his ego, ambıtion, and impatience. This would ultimately lead hım to defy the order and the guru. It was the future possibility of regression that restrained Bhagavan Mahavir from giving permission to Jamali and not due to any ill will. However, Jamali ignored thıs and went on his own.

**८८. तेणं कालेणं तेणं समएणं सावत्थी नाम णयरी होत्था। वण्णओ। कोट्ठए चेइए। वण्णओ। जाव वणसंडस्स।**

८८. उस काल उस समय में श्रावस्ती नाम की नगरी थी। उसका वर्णन वहाँ कोष्ठक नामक उद्यान था, यावत् वनखण्ड तक समग्र वर्णन जान लेना चाहिए।

**88.** During that period of tıme there was a city called Shravasti. Descrıption (as in *Aupapatık Sutra*). There was a garden called Koshthak. Description. ... and so on up to.. forest strip.

**८९. तेणं कालेणं तेणं समएणं चंपा नाम नयरी होत्था। वण्णओ। पुण्णभद्दे चेइए। वण्णओ। जाव पुढविसिलावट्टओ।**

८९. उस काल और उस समय मे चम्पा नाम की नगरी थी। उसका वर्णन वहाँ पूर्णभद्र नामक चैत्य था। उनका वर्णन (औपपातिकसूत्र से समझ लेना चाहिए) यावत् उसमे पृथ्वीशिलापट्ट था।

**89.** During that perıod of time there was a city called Champa. Description (as in *Aupapatık Sutra*) There was a garden called Purnabhadra Description ... and so on up to . Slab of stone

**९०. तए णं से जमाली अणगारे अन्नया कयाइ पंचहिं अणगारसएहिं सद्धिं संपरिवुडे पुव्वाणुपुव्विं चरमाणे गामाणुगामं दूइज्जमाणे जेणेव सावत्थी नयरी जेणेव कोट्ठए चेइए तेणेव उवागच्छइ, तेणेव उवागच्छित्ता अहापडिरूवं उग्गहं उग्गिण्हइ, अहापडिरूवं उग्गहं उग्गिण्हित्ता संजमेणं तवसा अप्पाणं भावेमाणे विहरइ।**

९०. एक बार वह जमालि अनगार, पाँच सौ अनगारों के साथ अनुक्रम से विचरण करता हुआ और ग्रामानुग्राम विहार करता हुआ श्रावस्ती नगरी मे जहाँ कोष्ठक उद्यान था, वहाँ आया और मुनियो के कल्प के अनुरूप अवग्रह ग्रहण करके सयम और तप के द्वारा आत्मा में रमण करता हुआ विचरण करने लगा।

**90.** Once in course of his wanderıngs from one village to another, that ascetic Jamali, along with his group of five hundred ascetics, arrived at Koshthak garden in Shravasti City. He took the vows according to the ascetic code and camped in the garden devoting his time to ascetic dıscipline and austerities.

**९१. तए णं समणे भगवं महावीरे अन्नया कयाइ पुव्वाणुपुव्विं चरमाणे जाव सुहंसुहेणं विहरमाणे जेणेव चंपा नगरी जेणेव पुण्णभद्दे चेइए तेणेव उवागच्छइ; तेणेव उवागच्छित्ता अहापडिरूवं उग्गहं उग्गिण्हइ, अहापडिरूवं उग्गहं उग्गिण्हित्ता संजमेणं तवसा अप्पाणं भावेमाणे विहरइ।**

९१. श्रमण भगवान महावीर भी एक बार अनुक्रम से विचरण करते हुए, यावत् सुखपूर्वक विहार करते हुए, जहाँ चम्पानगरी में पूर्णभद्र नामक चैत्य था, वहाँ पधारे, तथा अवग्रह आवास स्थान तथा पट्टे-चौकी आदि की याचना ग्रहण करके संयम और तप से अपनी आत्मा को भावित करते हुए विचरण कर रहे थे।

**91.** In course of his comfortable wanderings from one village to another, Shraman Bhagavan Mahavir also arrived at Purnabhadra Chaitya in Champa City. Seeking a suitable place and permission he stayed there enkindling his soul with ascetic-discipline and austerities

*जमालि अनगार के शरीर मे रोगातंक* ASCETIC JAMALI'S AILMENT

**९२. तए णं तस्स जमालिस्स अणगारस्स तेहिं अरसेहि य विरसेहि य अंतेहि य पंतेहि य लूहेहि य तुच्छेहि य कालाइक्कंतेहि य पमाणाइक्कंतेहि य सीतएहि य पाण-भोयणेहिं अन्नया कयाइ सरीरगंसि विउले रोगातंके पाउब्भूए-उज्जले विउले पगाढे कक्कसे कडुए चंडे दुक्खे दुग्गे तिव्वे दुरहियासे, पित्तज्जरपरिगतसरीरे दाहवक्कंतिए यावि विहरइ।**

९२. उस समय जमालि अनगार को अरस, विरस, अन्त, प्रान्त, रूक्ष और तुच्छ तथा कालातिक्रान्त और प्रमाणातिक्रान्त एव ठण्डे पान (पेय पदार्थों) और भोजनो (भोज्य पदार्थों) (के सेवन) से एक बार शरीर मे विपुल रोगातक (व्याधि) उत्पन्न हो गया। वह रोग उज्ज्वल, विपुल, प्रगाढ़, कर्कश, कटुक, चण्ड, दु ख रूप, दुर्ग (कष्टसाध्य), तीव्र और दुःसह था। उसका शरीर पित्तज्वर से व्याप्त होने के कारण दाह से युक्त हो रहा था।

**92.** Now because of consuming food that was tasteless (*aras*), foul (*viras*), leftover (*ant*), not enough (*praant*), dry (*ruksh*), stale (*kaalatikrant*), excessive or meager (*pramaanaatikrant*) or due to intake of cold drinks or food, once Jamali suffered from a grave sickness. This ailment was excruciating (*ujjval*), intense (*vipul*), severe (*pragaadh*), harsh (*karkash*), agonizing (*chand*), bitter (*katuk*), miserable (*duhkha roop*), intolerable (*durg*), sharp (*tivra*) and unbearable (*duhsaha*) He suffered from bile fever and ran a very high temperature.

**विवेचन : विशेष शब्दों का भावार्थ**-**अरसेहि**-बिना रस वाले-बेस्वाद। **विरसेहि**-पुराने होने से खराब रस वाले। **अन्तेहिं**-अरस होने से सब धान्यो से तुच्छ धान्य वाला। **पंतेहि**-बचा-खुचा बासी आहार। **लूहेहि**-रूक्ष। **तुच्छेहि**-थोड़े-से, या हल्की किस्म के। **कालाइक्कंतेहि** : दो अर्थ-जिसका काल व्यतीत हो चुका हो ऐसा आहार, अथवा भूख-प्यास का समय बीत जाने पर किया गया आहार। **पमाणाइक्कंतेहि**-भूख-प्यास की मात्रा के अनुपात में जो आहार न हो। **सीतएहि**-ठडा आहार। **विउले**-विपुल-समस्त शरीर मे व्याप्त। **उज्जले**-उत्कट ज्वलन-(दाह) कारक। **पगाढे**-तीव्र या प्रबल। **कक्कसे**-कठोर या अनिष्टकारी। **चंडे**-रौद्र-भयंकर। **दुक्खे**-दु:ख रूप। **दुग्गे**-कष्टसाध्य। **दुरहियासे**-दुस्सह। **पित्तज्जरपरिगयसरीरे**-पित्तज्वर से व्याप्त शरीर वाला।

दाहवक्कंतिए—दाह (जलन) उत्पन्न हुआ। जमालि का शरीर अति सुकुमार था। अतः श्रमण जीवन के आहार-सम्बन्धी परीषह सहने में उनका शरीर अक्षम सिद्ध हुआ।

**Elaboration — Technical terms -** *Arasehi* — tasteless *Virasehi* - decayed and foul tasting. *Antehim* - leftover having worst taste. *Pantehim* - not enough or leftover. *Luhehi* - dry *Kaalaikkantehim* - of expiry date or stale Also food eaten at odd time. *Pamaanaikkantehim* - of non-standard quantity, either excessive or meager. *Seetaehi* - cold food. *Ujjale (ujjval)* - with excruciating burning. *Viule (vipul)* - intense. *Pagaadhe (pragaadh)* - severe *Kakkase (karkash)* - harsh *Chande (chand)* - agonizing *Kadue (katuk)* - bitter *Dukkhe (duhkha roop)* - miserable *Dugge (durg)* - intolerable. *Tivve (tivra)* - sharp *Durahiyase (duhsaha)* - unbearable. *Pittajjarparigayasarire* - suffering from bile-fever. *Dahavakkantiye* - suffering from burning sensation or high fever. Jamali's body was very delicate and as such he failed to endure the afflictions caused by drab ascetic-food

***रुग्ण जमालि की सिद्धान्त-विरुद्ध प्ररूपणा*** **ANTITHETICAL THEORY OF JAMALI**

**९३. तए णं से जमाली अणगारे वेयणाए अभिभूए समाणे समणे णिग्गंथे सद्दावेइ, सद्दावेत्ता एवं वयासी—तुब्भे णं देवाणुप्पिया ! मम सेज्जासंथारगं संथरेह।**

९३. वेदना से पीडित जमालि अनगार ने (अपने साथी) श्रमण-निर्ग्रन्थों को बुलाकर कहा—हे देवानुप्रियो ! मेरे सोने (शयन) के लिए तुम सस्तारक (बिछौना) बिछा दो।

**93.** Suffering from such intense agony, Jamali summoned his (junior) ascetics and said – "Beloved of gods! Please spread my bed so that I may lie down."

**९४. तए णं से समणा णिग्गंथा जमालिस्स अणगारस्स एयमट्ठं विणएणं पडिसुणेंति, पडिसुणेत्ता जमालिस्स अणगारस्स सेज्जासंथारगं संथरेंति।**

९४. तब श्रमण-निर्ग्रन्थो ने जमालि अनगार की यह बात विनयपूर्वक स्वीकार की और जमालि अनगार के लिए बिछौना बिछाने लगे।

**94.** The ascetics humbly accepted this request and started spreading the bed for ascetic Jamali.

**९५. तए णं से जमाली अणगारे बलियतरं वेदणाए अभिभूए समाणे दोच्चं पि समणे निग्गंथे सद्दावेइ, सद्दावित्ता दोच्चं पि एवं वयासी—ममं णं देवाणुप्पिया ! सेज्जासंथारए किं कडे ? कज्जइ ? तए णं ते समणा निग्गंथा जमालिं अणगारं एवं वयासी—णो खलु देवाणुप्पियाणं सेज्जासंथारए कडे, कज्जति।**

# जमालि अणगार की मिथ्या प्ररूपणा



चित्र-परिचय 24

Illustration No. 24

# मिथ्या प्ररूपणा करते जमालि अणगार

जमालि अणगार को अरस, विरस, रुक्ष, तुच्छ आदि भोजन से एक बार शरीर मे विपुल व्याधि (रोगांतक) उत्पन्न हो गया। उनका शरीर पित्त ज्वर से व्याधित होने के कारण दाह से युक्त हो गया। वेदना से पीड़ित जमालि अणगार ने अपने श्रमणों को बुलाकर कहा कि मेरे सोने के लिए संस्तारक (बिछौना) बिछा दो। श्रमण, जमालि अणगार के लिए बिछौना बिछा ही रहे थे तभी वेदना से पीडित जमालि अणगार अधीर होकर दुबारा पूछते हैं कि संस्तारक बिछा दिया या बिछा रहे हो? उत्तर मे श्रमणो ने कहा–"बिछौना बिछा नहीं, बिछाया जा रहा है।" तब जमालि अणगार के मन मे ये विचार आया कि बिछौना बिछाया जा रहा है? अब तक बिछा नहीं है। परन्तु भगवान महावीर तो कहते हैं–"चलमान चलित है, यावत् निर्जीर्यमाण निर्जीर्ण है।" अर्थात् जो हो रहा है वह हो गया। उनका यह कथन मिथ्या है। इस कारण चलमान चलित नहीं किन्तु अचलित है। इस पर विचार करते-करते उन्होने भगवान के इस सिद्धात को मिथ्या मान लिया।

व्याधि से मुक्त होने के बाद जमालि अणगार भगवान के पास आकर कहने लगे कि मैं केवलज्ञान और केवलदर्शन को धारण करने वाला हूँ अर्थात् मैं केवली हो गया हूँ।

तीर्थकर की आशातना और मिथ्या मान्यता की आलोचना, प्रायश्चित्त नहीं करने से जमालि अणगार काल करके छट्ठे लांतक देवलोक मे किल्विषिक देव रूप मे उत्पन्न हुये।

*–शतक 9, उ 33*

## ANTITHETICAL THEORY OF JAMALI

Once because of consuming unhealthy food including tasteless, foul, and leftover, Jamali suffered from a grave sickness He suffered from bile fever and ran a very high temperature Suffering from such intense agony, Jamali summoned his juniors and asked them to spread his bed so that he could lie down While they were spreading the bed, excruciating pain made ascetic Jamali impatient He once again asked the juniors if they had spread the bed The ascetics replied - "We have not yet spread the bed for you, it is still being spread " At this a thought flashed in ascetic Jamali's mind – "Bhagavan Mahavir says that moving means already moved and so on up to shedding means already shed Which means that what is being done has been done This assertion is false Therefore, in fact, moving does not mean already moved but still unmoved " With these thoughts he decided that Bhagavan's doctrine was wrong

After ascetic Jamali got cured of his ailment he went to Bhagavan Mahavir and said that he had acquired omniscience and ultimate perception and thus become *Kevali*

As a consequence of insulting a Tirthankar and not doing critical review and repenting for his false belief Jamali reincarnated as a divine being among the *Kilvishik devs* in the Lantak Kalp (the sixth divine dimension)

*—Shatak-9, lesson-33*

९५. किन्तु जमालि अनगार प्रबलतर वेदना से पीडित व अधीर हो उठा। इसलिए उन्होने दुबारा फिर श्रमण-निर्ग्रन्थो को बुलाया और इस प्रकार पूछा-देवानुप्रियो ! क्या मेरे सोने के लिए सस्तारक (बिछौना) बिछा दिया या बिछा रहे हो ? उत्तर में श्रमण-निर्ग्रन्थो ने इस प्रकार कहा-देवानुप्रिय के सोने के लिए बिछौना (अभी तक) बिछा नही, बिछाया जा रहा है।

**95.** The excruciating pain made ascetic Jamali impatient. He, therefore, summoned the ascetics once again and asked – "Beloved of gods! Are you still spreading the bed for me or have you spread the same " The ascetics replied – "We have not yet spread the bed for you, O Beloved of gods! It is still being spread."

**९६. तए णं तस्स जमालिस्स अणगारस्स अयमेयारूवे अज्झत्थिए जाव समुप्पज्जित्था-जं णं समणे भगवं महावीरे एवं आइक्खइ जाव एवं परूवेइ-'एवं खलु चलमाणे चलिए, उदीरिज्जमाणे उदीरिए जाव निज्जरिज्जमाणे णिज्जिण्णे' तं णं मिच्छा, इमं च णं पच्चक्खमेव दीसइ सेज्जासंथारए कज्जमाणे अकडे, संथरिज्जमाणे असंथरिए, जम्हा णं सेज्जासंथारए कज्जमाणे अकडे संथरिज्जमाणे असंथरिए तम्हा चलमाणे वि अचलिए जाव निज्जरिज्जमाणे वि अणिज्जिण्णे। एवं संपेहेइ; एवं संपेहेत्ता समणे निग्गंथे सद्दावेइ; समणे निग्गंथे सद्दावेत्ता एवं वयासी-जं णं देवाणुप्पिया ! समणे भगवं महावीरे एवं आइक्खइ जाव परूवेइ-एवं खलु चलमाणे चलिए तं चेव सव्वं जाव णिज्जरिज्जमाणे अणिज्जिण्णे।**

९६. श्रमणो की यह बात सुनने पर जमालि अनगार के मन मे इस प्रकार का अध्यवसाय उत्पन्न हुआ कि श्रमण भगवान महावीर जो इस प्रकार कहते है, यावत् प्ररूपणा करते है कि 'चलमान चलित है, उदीर्यमाण उदीरित है, यावत् निर्जीर्यमाण निर्जीर्ण है', यह कथन मिथ्या है; क्योकि यह प्रत्यक्ष दीख रहा है कि जब तक शय्या-सस्तारक बिछाया जा रहा है, तब तक वह बिछाया गया नही है, (अर्थात्-) बिछौना जब तक 'बिछाया जा रहा हो', तब तक वह 'बिछाया गया' नही है। इस कारण 'चलमान' 'चलित' नही, किन्तु 'अचलित' है, यावत् 'निर्जीर्यमाण' 'निर्जीर्ण' नही, किन्तु 'अनिर्जीर्ण' है। इस प्रकार विचार कर श्रमण-निर्ग्रन्थो को बुलाया और उनसे इस प्रकार कहा-'हे देवानुप्रियो ! श्रमण भगवान महावीर जो इस प्रकार कहते है, यावत् प्ररूपणा करते है कि 'चलमान' 'चलित' (कहलाता) है; (इत्यादि पूर्ववत् सब कथन) यावत् (वस्तुत') निर्जीर्यमाण निर्जीर्ण नही, किन्तु अनिर्जीर्ण है।

**96.** On hearing these words of his fellow ascetics, a thought flashed in ascetic Jamali's mind – "Shraman Bhagavan Mahavir asserts ... and so on up to... establishes that moving means already moved, fruiting means already fruited ... and so on up to... shedding means already shed. But this assertion is false because it is evident from the visible activity that as long as the bed is being spread it is still not already spread. In other words as long as the bed is being spread it cannot be taken as already spread. That is why moving does not mean already moved but in process

of moving, fruiting does not mean already fruited but in process of fruiting ... and so on up to... shedding does not mean already shed but in process of being shed" With these thoughts he called his fellow ascetics and said – "Beloved of gods! Shraman Bhagavan Mahavir asserts and so on up to .. establishes that moving means already moved .. and so on up to.. shedding does not mean already shed but in process of being shed" (repeat as aforesaid)

### *श्रमणो द्वारा जमालि के सिद्धान्त का स्वीकार, अस्वीकार* ACCEPTANCE AND REFUSAL OF JAMALI'S THEORY

**९७. तए णं तस्स जमालिस्स अणगारस्स एवं आइक्खमाणस्स जाव परूवेमाणस्स अत्थेगइया समणा निग्गंथा एयमट्ठं सद्दहंति पत्तियंति रोयंति। अत्थेगइया समणा निग्गंथा एयमट्ठं णो सद्दहंति णो पत्तियंति णो रोयंति। तत्थ णं जे ते समणा निग्गंथा जमालिस्स अणगारस्स एयमट्ठं सद्दहंति पत्तियंति रोयंति ते णं जमालिं चेव अणगारं उवसंपज्जित्ताणं विहरंति। तत्थ णं जे ते समणा निग्गंथा जमालिस्स अणगारस्स एयमट्ठं णो सद्दहंति णो पत्तियंति णो रोयंति ते णं जमालिस्स अणगारस्स अंतियाओ कोट्ठयाओ चेइयाओ पडिनिक्खमंति, पडिनिक्खमित्ता पुव्वाणुपुव्विं चरमाणा गामाणुगामं दूइज्जमाणा जेणेव चंपानयरी जेणेव पुण्णभद्दे चेइए जेणेव समणे भगवं महावीरे तेणेव उवागच्छंति, उवागच्छित्ता समणं भगवं महावीरं तिक्खुत्तो आयाहिणं पयाहिणं करेंति, करित्ता वंदंति, णमंसंति २ समणं भगवं महावीरं उवसंपज्जित्ताणं विहरंति।**

९७. जमालि अनगार द्वारा इस प्रकार कहे जाने पर यावत् प्ररूपणा किये जाने पर कई श्रमण-निर्ग्रन्थो ने इस (उपर्युक्त) बात पर श्रद्धा, प्रतीति और रुचि की तथा कितने ही श्रमण-निर्ग्रन्थो ने इस बात पर श्रद्धा, प्रतीति एवं रुचि नही की। उनमें से जिन श्रमण-निर्ग्रन्थों ने जमालि अनगार की बात पर श्रद्धा, प्रतीति एव रुचि की, वे जमालि अनगार की निःश्राय मे विचरण करने लगे और जिन श्रमण-निर्ग्रन्थो ने जमालि अनगार की इस (जिन-वचन विरुद्ध) बात पर श्रद्धा, प्रतीति और रुचि नही की, वे जमालि अनगार के पास से, कोष्ठक उद्यान से निकल गये और अनुक्रम से विचरते हुए एव ग्रामानुग्राम विहार करते हुए, चम्पा नगरी के बाहर जहाँ पूर्णभद्र नामक चैत्य था और जहाँ श्रमण भगवान महावीर विराजमान थे, वहाँ उनके पास पहुँचे। उन्होने श्रमण भगवान महावीर की तीन बार दाहिनी ओर से प्रदक्षिणा की, फिर वन्दना-नमस्कार करके वे भगवान की निःश्राय स्वीकार कर विचरने लगे।

**97.** When ascetic Jamali said ... and so on up to... propagated thus some ascetics expressed faith, interest, and acceptance while many others did not show any faith, interest, and acceptance. Those ascetics who expressed faith, interest, and acceptance in Jamali's doctrine, became disciples of Jamali. Those who had no faith, interest, and acceptance in Jamali's doctrine (that defied the Jina's word), left Jamali, came out of Koshthak garden and wandering from one village to another came to Purnabhadra Chaitya outside Champa City where Shraman

Bhagavan Mahavir was stationed. They went clockwise around *Bhagavan* three times, paid homage and obeisance, and joined the group under his auspices.

**विवेचन : 'चलमान चलित' : भगवान का सिद्धान्त है**–इसका सयुक्तिक विवेचन भगवतीसूत्र के प्रथम शतक के प्रथम उद्देशक में किया गया है। जमालि अनगार ने इस सिद्धान्त के विरुद्ध एकान्तदृष्टि से प्ररूपणा की, इसलिए यह सिद्धान्त अयथार्थ है। इसका विवेचन विशेषावश्यकभाष्य निह्नववाद में है।

**Elaboration — 'Moving is moved'** – This is Bhagavan Mahavir's theory and its detailed explanation is available in the first lesson of the first chapter of Bhagavati Sutra Jamali proposed his own doctrine in defiance of this from his absolutist viewpoint, therefore this doctrine is wrong. This is discussed in more details in *Visheshavashyak Bhashya, Nihnavavaad*

***जमालि द्वारा सर्वज्ञता का मिथ्या दावा*** **FALSE CLAIM OF OMNISCIENCE BY JAMALI**

**९८. तए णं से जमाली अणगारे अन्नया कयाइ ताओ रोगायंकाओ विप्पमुक्के हट्ठे जाए अरोए बलियसरीरे सावत्थीओ नयरीओ कोट्ठयाओ चेइयाओ पडिनिक्खमइ, पडिनिक्खमित्ता पुव्वाणुपुव्विं चरमाणे गामाणुगामं दूइज्जमाणे जेणेव चंपा नयरी जेणेव पुण्णभद्दे चेइए जेणेव समणे भगवं महावीरे तेणेव उवागच्छइ, उवागच्छित्ता समणस्स भगवओ महावीरस्स अदूरसामंते ठिच्चा समणं भगवं महावीरं एवं वयासी–जहा णं देवाणुप्पियाणं बहवे अंतेवासी समणा निग्गंथा छउमत्था भवेत्ता छउमत्थावक्कमणेणं अवक्कंता, णो खलु अहं तहा छउमत्थे भवित्ता छउमत्थावक्कमणेणं अवक्कंते, अहं णं उप्पन्नणाण–दंसणधरे अरहा जिणे केवली भवित्ता केवलिअवक्कमणेणं अवक्कंते।**

९८. तदनन्तर किसी समय जमालि अनगार उस व्याधि पीडा से मुक्त और स्वस्थ हो गया, तथा नीरोग और बलवान शरीर वाला हुआ; तब श्रावस्ती नगरी के कोष्ठक उद्यान से निकला और अनुक्रम से विचरण करता हुआ, ग्रामानुग्राम विहार करता हुआ, जहाँ चम्पा नगरी में पूर्णभद्र चैत्य था, जिसमे श्रमण भगवान महावीर विराजमान थे, उनके पास आया। वह भगवान महावीर से न तो अत्यन्त दूर और न अति निकट खडा रहकर भगवान से इस प्रकार कहने लगा–जिस प्रकार आप देवानुप्रिय के बहुत–से शिष्य छद्मस्थ रहकर छद्मस्थ अवस्था में ही (गुरुकुल से) निकलकर विचरण करते है, उस प्रकार मै छद्मस्थ रहकर छद्मस्थ अवस्था में निकलकर विचरण नहीं करता, मै उत्पन्न हुए केवलज्ञान–केवलदर्शन को धारण करने वाला अर्हत्, जिन, केवली होकर केवली–(अवस्था मे निकलकर केवली–) विहार से विचरण कर रहा हूँ, अर्थात् मैं केवली हो गया हूँ।

**98.** After some time ascetic Jamali got cured of his ailment. He regained his health and his body became strong and free of any disease He now left the Koshthak garden and Shravasti city. Moving from one village to another he came to Champa city There he went to

Purnabhadra Chaitya where Shraman Bhagavan Mahavir was staying. He stood neither far nor near Bhagavan Mahavir and said —"As many of your disciples do, I do not move about independently (away from your school) as a *chhadmasth* (one who is short of omniscience due to residual *karmic* bondage) while I am still a *chhadmasth*. I am endowed with self-acquired omniscience (*Keval-jnana*) and ultimate perception (*Keval-darshan*) and thus becoming an *Arhat* (Venerable), *Jina* (Conqueror of senses) and *Kevali* (Omniscient) I move about (independently) as an omniscient (In other words, he conveyed that he had become an omniscient.)

**गौतम के प्रश्नों का उत्तर देने में असमर्थ जमालि JAMALI FAILS TO ANSWER GAUTAM'S QUESTIONS**

**९९. तए णं भगवं गोयमे जमालिं अणगारं एवं वयासि—णो खलु जमाली ! केवलिस्स णाणे वा दंसणे वा सेलंसि वा थंभंसि वा थूभंसि वा आवरिज्जइ वा णिवारिज्जइ वा। जइ णं तुमं जमाली ! उप्पन्नणाण—दंसणधरे अरहा जिणे केवली भवित्ता केवलिअवक्कमणेणं अवक्कंते तो णं इमाइं दो वागरणाइं वागरेहि, 'सासए लोए जमाली ! असासए लोए जमाली ! सासए जीवे जमाली ! असासए जीवे जमाली ?**

९९. इस पर भगवान गौतम ने जमालि अनगार से इस प्रकार कहा–हे जमालि ! केवली का ज्ञान या दर्शन पर्वत (शैल), स्तम्भ अथवा स्तूप (आदि) से अवरुद्ध नही होता और न इनसे रोका जा सकता है। तो हे जमालि ! यदि तुम उत्पन्न–केवलज्ञान–दर्शन के धारक, अर्हत्, जिन और केवली होकर केवली रूप से विचरण कर रहे हो तो इन दो प्रश्नो का उत्तर दो–(१) जमालि ! लोक शाश्वत है या अशाश्वत है ? एवं (२) जमालि ! जीव शाश्वत है अथवा अशाश्वत है ?

**99.** On hearing this, Bhagavan Gautam said to Jamali — "Jamali! The knowledge and perception of an omniscient is neither restricted nor obstructed by anything including a mountain, a pillar or a memorial-mound (*stupa*). So, Jamali, if you are endowed with self-acquired omniscience (*Keval-jnana*) and ultimate perception (*Keval-darshan*) and thus becoming an *Arhat* (Venerable), *Jina* (Conqueror of senses) and *Kevali* (Omniscient) you move about (independently) as an omniscient, then answer my two questions — (1) 'Jamali! Is the universe (*Lok*) eternal or transient?' and (2) 'Jamali! Is the soul (*jiva*) eternal or transient?'

**१००. तए णं से जमाली अणगार भगवया गोयमेणं एवं वुत्ते समाणे संकिए कंखिए जाव कलुससमावन्ने जाए यावि होत्था, णो संचाएइ भगवओ गोयमस्स किंचि वि पमोक्खमाइक्खित्तए, तुसिणीए संचिट्ठइ।**

१००. भगवान गौतम द्वारा इस प्रकार (दो प्रश्नो के) जमालि अनगार से कहे जाने पर वह (जमालि) शंकित (अपने कथन में संशययुक्त) एवं कांक्षित (दूसरों के सिद्धान्त पर रुचियुक्त) हुआ, यावत् कलुषित परिणाम वाला हुआ। वह भगवान गौतम स्वामी को (इन दो प्रश्नो का) किचिंत् भी उत्तर देने मे समर्थ न हुआ। (फलत ) वह मौन होकर चुपचाप खड़ा रहा।

**100.** When Bhagavan Gautam put forth thus (the two questions) before Jamali, he was filled with doubt (*shanka*), desire for other faith (*kanksha*) .. and so on up to... spite (*kalush*). He failed to provide any answer to (the two questions of) Gautam Swami and stood dumb.

*भगवान द्वारा समाधान* **ANSWER BY BHAGAVAN**

**१०१. 'जमाली' ति समणे भगवं महावीरे जमालिं अणगारं एवं वयासी–अत्थि णं जमाली ! ममं बहवे अंतेवासी समणा निग्गंथा छउमत्था जे णं पभू एयं वागरणं वागरित्तए जहा णं अहं, नो चेव णं एयप्पगारं भासं भासित्तए जहा णं तुमं।**

**सासए लोए जमाली ! जं णं कयावि णासि ण, कयावि ण भवति ण, न कदावि ण भविस्सइ; भुविं च, भवइ य, भविस्सइ य, धुवे णितिए सासए अक्खए अव्वए अवट्ठिए णिच्चे। असासए लोए जमाली ! जओ ओसप्पिणी भवित्ता उस्सप्पिणी भवइ, उस्सप्पिणी भवित्ता ओसप्पिणी भवइ।**

**सासए जीवे जमाली ! जं णं न कयाइ णासि जाव णिच्चे। असासए जीवे जमाली ! जं णं नेरइए भवित्ता तिरिक्खजोणिए भवइ, तिरिक्खजोणिए भवित्ता मणुस्से भवइ, मणुस्से भवित्ता देवे भवइ।**

१०१. तब श्रमण भगवान महावीर ने जमालि अनगार को सम्बोधित करके कहा–जमालि ! मेरे बहुत से श्रमण–निर्ग्रन्थ अन्तेवासी (शिष्य) छद्मस्थ है जो इन प्रश्नो का उत्तर देने मे उसी प्रकार समर्थ है, जिस प्रकार मै हूँ, फिर भी (जिस प्रकार तुम अपने आपको सर्वज्ञ, अर्हत्, जिन और केवली कहते हो,) इस प्रकार की भाषा वे नही बोलते।

जमालि ! लोक शाश्वत है, क्योकि यह कभी नही था, ऐसा नही है; कभी नही है, ऐसा भी नही और कभी न रहेगा, ऐसा भी नही है, किन्तु लोक था, है और रहेगा। यह ध्रुव, नित्य, शाश्वत, अक्षय, अव्यय, अवस्थित और नित्य है। (इसी प्रकार) हे जमालि ! (दूसरी अपेक्षा से) लोक अशाश्वत (भी) है, क्योंकि अवसर्पिणी काल होकर उत्सर्पिणी काल होता है, फिर उत्सर्पिणी काल (व्यतीत) होकर अवसर्पिणी काल होता है।

हे जमालि ! जीव शाश्वत है, क्योंकि जीव कभी नही था, ऐसा नही है, कभी नही है, ऐसा नहीं और कभी नहीं रहेगा, ऐसा भी नही है, इत्यादि यावत् जीव नित्य है। (इसी प्रकार) हे जमालि ! (किसी अपेक्षा से) जीव अशाश्वत (भी) है, क्योंकि वह नैरयिक होकर तिर्यंचयोनिक हो जाता है, तिर्यंचयोनिक होकर मनुष्य हो जाता है और (कदाचित्) मनुष्य होकर देव हो जाता है।

**101.** At that time Shraman Bhagavan Mahavir addressed ascetic Jamali — "Jamali! Many of my ascetic disciples are *chhadmasth*, and

they are as competent to answer these questions as I am. Even then they do not use the language you use (claiming yourself to be an omniscient etc.).

"Jamali! This universe (*Lok*) is eternal (from one angle). This is because it is not that it never was, it is not that it never is, and also it is not that it never will be. The universe always existed, does exist and will exist. It is *dhruva* (constant), *niyat* (fixed), *shashvat* (eternal), *akshaya* (imperishable), *avyaya* (non-expendable), *avasthit* (steady), and *nitya* (perpetual) Also, Jamali! This universe is transient (from another angle). This is because progressive cycle of time (*Utsarpini kaal*) comes after regressive cycle of time (*Avasarpini kaal*) and regressive cycle of time comes after progressive cycle of time.

"Jamali! Soul (*jiva*) is eternal (from one angle). This is because it is not that it never was, it is not that it never is, and also it is not that it never will be ... and so on up to... and nitya (perpetual). Also, Jamali! This soul is transient (from another angle). This is because existing as an infernal being it moves to the animal genus; from animal genus it moves to human genus; and from the human genus it has chances of moving to the divine genus"

### *मिथ्यात्वग्रस्त जमालि की विराधकता* FALSEHOOD INSPIRED DEFIANCE OF JAMALI

**१०२. तए णं से जमाली अणगारे समणस्स भगवओ महावीरस्स एवमाइक्खमाणस्स जाव एवं परूवेमाणस्स एयमट्ठं णो सद्दहइ णो पत्तियइ णो रोएइ, एयमट्ठं असद्दहमाणे अपत्तियमाणे अरोएमाणे दोच्चं पि समणस्स भगवओ महावीरस्स अंतियाओ आयाए अवक्कमइ, दोच्चं पि आयाए अवक्कमित्ता बहूहिं असब्भावुब्भावणाहिं मिच्छत्ताभिणिवेसेहि य अप्पाणं च परं च तदुभयं च वुग्गाहेमाणे वुप्पाएमाणे बहूइं वासाइं सामण्णपरियागं पाउणइ, पाउणित्ता अद्धमासियाए संलेहणाए अत्ताणं झूसेइ, अत्ताणे झूसेत्ता तीसं भत्ताइं अणसणाए छेदेइ, छेदेत्ता तस्स ठाणस्स अणालोइयपडिक्कंते कालमासे कालं किच्चा लंतए कप्पे तेरससागरोवमट्ठितीएसु देवकिब्बिसिएसु देवेसु देवकिब्बिसियत्ताए उववन्ने।**

१०२. श्रमण भगवान महावीर स्वामी द्वारा जमालि अनगार को इस प्रकार कहे जाने पर, यावत् प्ररूपित करने पर भी जमालि ने इस बात पर श्रद्धा, प्रतीति और रुचि नही की और श्रमण भगवान महावीर की इस बात पर अश्रद्धा, अप्रतीति और अरुचि करता हुआ जमालि अनगार दूसरी बार भी स्वयं भगवान के पास से चला गया। इस प्रकार भगवान से पृथक् विचरण करके जमालि ने बहुत-से असद्भूत (तथ्यहीन-असत्य) भावों को प्रकट करके तथा मिथ्यात्व के अभिनिवेशो (हठाग्रहों) से अपनी आत्मा को, पर को तथा उभय (दोनो) को भ्रान्त (गुमराह) करते हुए एवं मिथ्याज्ञानयुक्त करते हुए बहुत वर्षों तक श्रमण-पर्याय का पालन किया। अन्त में अर्द्ध-मास (१५ दिन) की संलेखना द्वारा अपने शरीर को कृश करके तथा अनशन द्वारा तीस भक्तों का छेदन (त्याग) करके, (पूर्वोक्त मिथ्यात्वगत

पापस्थान की आलोचना एव प्रतिक्रमण किये बिना ही, काल के समय में काल करके लान्तककल्प (देवलोक) मे तेरह सागरोपम की स्थिति वाले किल्विषिक देवो मे किल्विषिक देवरूप में उत्पन्न हुआ।

**102.** In spite of Shraman Bhagavan Mahavir's saying ... and so on up to propagating as aforesaid before Jamali, he did not have any faith, inclination and interest in what *Bhagavan* said. Having no faith, inclination and interest in what *Bhagavan* said, ascetic Jamali left *Bhagavan* of his own accord. This way leading an independent itinerant ascetic life for many years, Jamali preached his false ideas, misled himself as well as others and filled wrong ideas in his mind as well as those of others through dogmatic falsehood. In the end he accepted the ultimate vow of half a month, emaciated his body by fasting for a fortnight missing thirty meals, left his earthly body (without critical review and repenting for the sins committed in the past) at the time of death and reincarnated as a divine being among the *Kilvishik devs* (servant gods) in the Lantak Kalp (a divine dimension) with a life span of thirteen Sagaropam (a metaphoric unit of time).

विवेचन · किल्विषिक देव : किल्विषिक देव उन्हें कहते है, जो अपने कृत पापकर्मों के कारण देवलोक मे सेवा करने वाले निम्न स्तर के देव होते है। वे देवसभा मे बार-बार अपमानित होते है। देवसभा मे जब कुछ बोलने के लिए मुँह खोलते है तो महर्द्धिक देव उन्हे अपमानित करके बिठा देते हैं, बोलने नही देते। कोई देव उनका आदर-सत्कार नही करता।

**Elaboration — Kilvishik Devs** – These are the divine beings or gods of lower status who serve other gods. They are born in that status due to their sinful activities in the past life. The are treated and insulted like servants In the assembly of gods when they stand up to say something they are reprimanded and never allowed to speak. No divine being honours or respects them.

### *किल्विषिक देवों में उत्पत्ति* BIRTH AS KILVISHIK GOD

**१०३.** [प्र. ] तए णं से भगवं गोयमे जमालिं अणगारं कालगयं जाणित्ता जेणेव समणे भगवं महावीरे तेणेव उवागच्छइ, उवागच्छित्ता समणं भगवं महावीरं वंदइ नमंसइ, वंदित्ता नमंसित्ता एवं वयासी-एवं खलु देवाणुप्पियाणं अंतेवासी कुसिस्से जमाली णामं अणगारे, से णं भंते ! जमाली अणगारे कालमासे कालं किच्चा कहिं गये ? कहिं उववन्ने ?

[उ. ] 'गोयमा' दि समणे भगवं महावीरे भगवं गोयमं एवं वयासी-एवं खलु गोयमा ! मम अंतेवासी कुसिस्से जमाली नामं अणगारे से णं तदा मम एवं आइक्खमाणस्स ४ एयमट्ठं णो सद्दहइ णो पत्तियइ णो रोएइ, एयमट्ठं असद्दहमाणे अपत्तियमाणे अरोएमाणे दोच्चं पि ममं अंतियाओ आयाए अवक्कमइ, अवक्कमित्ता बहूहिं असब्भावुब्भावणाहिं तं चेव जाव देवकिब्बिसियत्ताए उववन्ने।

१०३. [प्र.] जमालि अनगार को कालधर्म प्राप्त हुआ जानकर भगवान गौतम स्वामी श्रमण भगवान महावीर के पास आये और भगवान महावीर को वन्दना-नमस्कार करके इस प्रकार पूछा-भगवन ! यह निश्चित है कि जमालि अनगार आप देवानुप्रिय का अन्तेवासी कुशिष्य था। भगवन् ! वह जमालि अनगार काल के समय काल करके कहाँ गया है, कहाँ उत्पन्न हुआ है ?

[उ.] हे गौतम ! इस प्रकार सम्बोधित करके श्रमण भगवान महावीर ने भगवान गौतम स्वामी से कहा-गौतम ! मेरा अन्तेवासी जमालि नामक अनगार वास्तव में कुशिष्य था। उस समय मेरे द्वारा (सत्सिद्धान्त) कहे जाने पर यावत् प्ररूपित किये जाने पर उसने मेरे कथन पर श्रद्धा, प्रतीति और रुचि नही की थी। उस कथन पर श्रद्धा, प्रतीति और रुचि न करता हुआ दूसरी बार भी वह अपने आप मेरे पास से चला गया और बहुत-से असद्भावो के प्रकट करने से, इत्यादि पूर्वोक्त कारणो से यावत् वह काल के समय काल करके किल्विषिक देव के रूप मे उत्पन्न हुआ है।

**103. [Q.]** Having learnt about Jamali's death Bhagavan Gautam Swami came to Shraman Bhagavan Mahavir and after paying homage and obeisance asked — *Bhante!* I am curious to know where your rebel disciple, Jamali, has gone after death and where has he reincarnated?

**[A.]** "Gautam!" Addressing thus, Shraman Bhagavan Mahavir replied to Bhagavan Gautam Swami — "Gautam! My disciple ascetic Jamali was indeed a rebel At that time he did not have any faith, inclination and interest in what I said. Having no faith, inclination and interest in what I said, he left me of his own accord. This way he preached his false ideas .. and so on up to... (as aforesaid) he left his earthly body and has reincarnated as a divine being among the *Kilvishik devs* (servant gods)

विवेचन : प्रस्तुत जमालिचरित की प्रेरणा-जमालि के दीक्षा ग्रहण तक के वर्णन से ऐसा प्रतीत होता है, उसका ज्ञान और वैराग्य उत्कृष्ट कोटि का था। माता-पिता के कथन का उसने जितनी निपुणता तथा युक्तिपूर्वक समाधान किया, उसमे उसके ज्ञान गर्भित वैराग्य की झलक मिलती है। दीक्षा लेने के पश्चात् भी उसने उग्र तपश्चरण कर शरीर को कृश कर डाला। किन्तु जब उसके मन मे अपने ज्ञान का मिथ्या अहकार जाग गया तो वह छद्मस्थ होते हुए भी स्वयं को सर्वज्ञ बताने का दुराग्रह करके सर्वज्ञ-वचनो के विपरीत प्ररूपणा करने लगा। इतनी उत्कृष्ट क्रिया, कठोर चारित्र पालन व तपश्चरण करके भी एकान्त दुराग्रहवश गुरु बनकर विराधक होकर ससार परिभ्रमण करता है। जमालि भगवान के कैवल्य-प्राप्ति के १४ वर्ष पश्चात् प्रथम प्रवचन निन्हव हुआ।

साध्वी प्रियदर्शना (जमालि की ससार-पक्षीया पत्नी) भी पूर्व अनुरागवश उसकी बात का समर्थन करने लगी। तब उसके शय्यातर ढक कुमकार ने उसे अनेक युक्तियों से इस मिथ्या कथन की अव्यावहारिकता तथा निरर्थकता को समझाया। तब वह जमालि का पक्ष छोडकर अपनी हजार साध्वियों के साथ पुन भगवान की शरण में चली गई। जमालि का सिद्धान्त 'बहुरत वाद' के नाम से जाना जाता है। (आवश्यकनिर्युक्ति तथा भाष्य)

**Elaboration — Message of the story of Jamali** – It appears from the description of Jamali's initiation that he was at a very high level of knowledge as well as sentiment of renunciation The expert and apt refutation of what his parents said to dissuade him provides a glimpse of the knowledge-impregnated feeling of renunciation Even after getting initiated he indulged in harsh austerities and emaciated his body. But when his bloated ego for knowledge consumed his sagacity he declared himself to be an omniscient, even though he still was a *chhadmasth*. He became dogmatic enough to preach against the word of the omniscient In spite of such high level of practices and immaculate ascetic praxis, pushed by his pervert dogma he went against his guru. As a consequence he was caught in the vortex of cycles of rebirth. Fourteen years after Bhagavan Mahavir attained omniscience, Jamali became his first mendacious seceder (*Nihnava*).

Sadhvi Priyadarshana (Jamali's wife) supported Jamali's doctrine out of her past attachment as a householder Then Potter Dhank, her host, explained her the uselessness and worthlessness of the false doctrine with irrefutable logic. This inspired her to abandon Jamali's side and rejoin Bhagavan Mahavir's religious organization along with her one thousand female ascetic disciples (*sadhvis*). Jamali's doctrine is popularly known as *Bahurat-vaad*. (*Avashyak Sutra, Niryukti and Bhashya*)

***किल्विषिक देवों में उत्पत्तिकारण*** **CAUSE OF REINCARNATION AS KILVISHIK GODS**

**१०४. [प्र. ] कतिविहा णं भंते ! देवकिब्बिसिया पण्णत्ता ?**

**[ उ. ] गोयमा ! तिविहा देवकिब्बिसिया पण्णत्ता, तं जहा–तिपलिओवमट्ठिईया, तिसागरोवमट्ठिईया, तेरससागरोवमट्ठिईया।**

१०४. [ प्र. ] भगवन् ! किल्विषिक देव कितने प्रकार के होते हैं ?

[ उ. ] गौतम ! किल्विषिक देव तीन प्रकार के होते है–(१) तीन पल्योपम की स्थिति वाले, (२) तीन सागरोपम की स्थिति वाले, और (३) तेरह सागरोपम की स्थिति वाले।

**104. [Q.]** *Bhante!* How many types of *Kilvishik devs* (servant gods) are there?

**[A.]** Gautam! There are three types of *Kilvishik devs* (servant gods) – (1) With a life-span of three Palyopam (a metaphoric unit of time). (2) With a life-span of three Sagaropam (a metaphoric unit of time). (3) With a life-span of thirteen Sagaropam (a metaphoric unit of time).

१०५. [ प्र. ] कहि णं भंते ! तिपलिओवमट्ठितीया देवकिब्बिसिया परिवसंति ?

[ उ. ] गोयमा ! उप्पिं जोइसियाणं, हिट्ठिं सोहम्मीसाणेसु कप्पेसु, एत्थ णं तिपलिओवमट्ठिईया देवकिब्बिसिया परिवसंति।

१०५. [ प्र. ] भगवन् ! तीन पल्योपम की स्थिति वाले किल्विषिक देव कहाँ रहते है ?

[ उ. ] गौतम ! ज्योतिष्क देवों के ऊपर और सौधर्म-ईशानकल्पों (देवलोकों) के नीचे तीन पल्योपम की स्थिति वाले देव रहते हैं।

**105. [Q.]** *Bhante!* Where do *Kilvishik devs* (servant gods) with a life-span of three Palyopam dwell?

**[A.]** Gautam! *Kilvishik devs* (servant gods) with a life-span of three Palyopam dwell higher than the *Jyotishk devs* (stellar gods) and lower than the *Saudharma* and *Ishan Kalps* (specific divine dimensions).

१०६. [ प्र. ] कहि णं भंते ! तिसागरोवमट्ठिईया देवकिब्बिसिया परिवसंति ?

[ उ. ] गोयमा ! उप्पिं सोहम्मीसाणाणं कप्पाणं, हिट्ठिं सणंकुमार-माहिंदेसु कप्पेसु, एत्थ णं तिसागरोवमट्ठिईया देवकिब्बिसिया परिवसंति।

१०६. [ प्र. ] भगवन् ! तीन सागरोपम की स्थिति वाले किल्विषिक देव कहाँ रहते हैं ?

[ उ. ] गौतम ! सौधर्म और ईशानकल्पो के ऊपर तथा सनत्कुमार और माहेन्द्र देवलोक के नीचे तीन सागरोपम की स्थिति वाले देव रहते है।

**106. [Q.]** *Bhante!* Where do *Kilvishik devs* (servant gods) with a life-span of three Sagaropam dwell?

**[A.]** Gautam! *Kilvishik devs* (servant gods) with a life-span of three Sagaropam dwell higher than the *Saudharma* and *Ishan Kalps* (specific divine dimensions) and lower than the *Sanatkumar* and *Maahendra Kalps* (specific divine dimensions).

१०७. [ प्र. ] कहि णं भंते ! तेरससागरोवमट्ठिईया देवकिब्बिसिया देवा परिवसंति ?

[ उ. ] गोयमा ! उप्पिं बंभलोगस्स कप्पस्स, हिट्ठिं लंतए कप्पे, एत्थ णं तेरससागरोवमट्ठिईया देवकिब्बिसिया देवा परिवसंति।

१०७. [ प्र. ] भगवन् ! तेरह सागरोपम की स्थिति वाले किल्विषिक देव कहाँ रहते हैं ?

[ उ. ] गौतम ! ब्रह्मलोक (पाँचवे देवलोक) के ऊपर तथा लान्तक कल्प के नीचे तेरह सागरोपम की स्थिति वाले किल्विषिक देव रहते हैं।

**107. [Q.]** *Bhante!* Where do *Kilvishik devs* (servant gods) with a life-span of thirteen Sagaropam dwell?

[A.] Gautam! *Kilvishik devs* (servant gods) with a life-span of thirteen Sagaropam dwell higher than the Brahmalok (the fifth heaven) and lower than the Lantak Kalp (specific divine dimension).

१०८. [प्र.] देवकिब्बिसिया णं भंते ! केसु कम्मादाणेसु देवकिब्बिसियत्ताए उववत्तारो भवंति ?

[उ.] गोयमा ! जे इमे जीवा आयरियपडिणीया उवज्झायपडिणीया कुलपडिणीया गणपडिणीया, संघपडिणीया, आयरिय-उवज्झायाणं अयसकरा अवण्णकरा अकित्तिकरा बहूहिं असब्भावुब्भावणाहिं मिच्छत्ताभिनिवेसेहि य अप्पाणं च परं च उभयं च वुग्गाहेमाणा वुप्पाएमाणा बहूइं वासाइं सामण्णपरियागं पाउणंति, पाउणित्ता तस्स ठाणस्स अणालोइयपडिक्कंता कालमासे कालं किच्चा अन्नयरेसु देवकिब्बिसिएसु देवकिब्बिसियत्ताए उववत्तारो भवंति; तं जहा-तिपलिओवमट्ठितीएसु वा तिसागरोवमट्ठितीएसु वा तेरससागरोवमट्ठितीएसु वा।

१०८. [प्र.] भगवन् ! किन कर्मों के करने से किल्विषिक देव, किल्विषिक देव के रूप मे उत्पन्न होते हैं ?

[उ.] गौतम ! जो जीव आचार्य के प्रत्यनीक (द्वेषी या विरोधी) होते है, उपाध्याय के प्रत्यनीक होते है, कुल, गण और सघ के प्रत्यनीक होते है तथा आचार्य और उपाध्याय का अयश (अपयश) करने वाले, अवर्णवाद बोलने वाले और अकीर्ति करने वाले है तथा बहुत से असत्य भावो (विचारो या पदार्थों) को प्रकट करने से, मिथ्यात्व के अभिनिवेशो (कदाग्रहो) से, अपनी आत्मा को, दूसरो को और स्व-पर दोनो को भ्रान्त और दुर्बोध करने वाले बहुत वर्षो तक श्रमण-पर्याय का पालन करके उसे अकार्य (पाप)-स्थान की आलोचना और प्रतिक्रमण किये बिना काल के समय काल करके निम्नोक्त तीन मे (से) किन्हीं किल्विषिक देवों में किल्विषिक देवरूप में उत्पन्न होते है। जैसे कि-(१) तीन पल्योपम की स्थिति वालो मे, (२) तीन सागरोपम की स्थिति वालों मे, अथवा (३) तेरह सागरोपम की स्थिति वालों में।

**108. [Q.]** *Bhante!* What actions lead to reincarnation as *Kilvishik devs*?

[A.] Gautam! Those beings who are hostile (*pratyaneek*) to the *acharya* (head of the organization), hostile to the *upadhyaya* (teacher of the canon), and hostile to the *Kula*, *Gana* and *Sangh* (Lineage of a single *acharya* is called *Kula*. A friendly group of three *Kula*s is called *Gana* An apex body of many *Gana*s having ascetics endowed with virtues of right knowledge- faith-conduct is called *Sangh.)*; those who speak ill of the *acharya* and *upadhyaya*, cast aspersions on them, spread calumny about them; those who preach falsehood and mislead themselves as well as others and fill wrong ideas in their minds as well as those of others through dogmatic falsehood; leading an independent itinerant ascetic life for many years and leave their earthly body, without critical review and repenting for the sins committed in the past, at the time of death, such

beings reincarnate as divine beings among the *Kilvishik devs* (servant gods) in any of the three following classes — (1) With a life-span of three Palyopam (a metaphoric unit of time). (2) with a life-span of three Sagaropam (a metaphoric unit of time). (3) with a life-span of thirteen Sagaropam (a metaphoric unit of time).

**१०९. [प्र.] देवकिब्बिसिया णं भंते ! ताओ देवलोगाओ आउक्खएणं भवक्खएणं ठिइक्खएणं अणंतरं चयं चइत्ता कहिं गच्छंति ? कहिं उववज्जंति ?**

**[उ.] गोयमा ! जाव चत्तारि पंच नेरइय-तिरिक्खजोणिय-मणुस्स-देवभवग्गहणाइं संसारं अणुपरियट्टित्ता तओ पच्छा सिज्झंति बुज्झंति जाव अंतं करेंति। अत्थेगइया अणादीयं अणवदग्गं दीहमद्धं चाउरंतसंसारकंतारं अणुपरियट्टंति।**

१०९. [प्र.] भगवन् ! किल्विषिक देव उन देवलोको से आयु का क्षय होने पर, भव क्षय होने पर और स्थिति का क्षय होने के बाद च्यवकर कहाँ जाते हैं, कहाँ उत्पन्न होते है ?

[उ.] गौतम ! कुछ किल्विषिक देव (बीच मे मनुष्य व तिर्यंच का भव करके) नैरयिक, तिर्यंच, मनुष्य और देव के चार-पाँच भव करके और इतना ससार-परिभ्रमण करके तत्पश्चात् सिद्ध-बुद्ध-मुक्त होते है, यावत् सर्व-दुःखों का अन्त करते है और कितने ही किल्विषिक देव अनादि, अनन्त और दीर्घ मार्ग वाले चार गतिरूप ससार-कान्तार (संसाररूपी अटवी) में परिभ्रमण करते है।

**109. [Q.]** *Bhante!* When these *Kilvishik devs* exhaust their life-span, existence and stay in their specific divine realm and descend, where do they go and where are they born?

**[A.]** Gautam! Some of them pass through four or five births as infernal, animal, human and divine beings and then get perfected (*Siddha*), enlightened (*buddha*), liberated (*mukta*) . and so on up to. . end all miseries. Some others continue to drift back and forth into one or the other of the four forms of existence on the long path, which is without a beginning or an end, in this vast wilderness of mundane life

### *जमालि की उत्पत्ति का कारण* REASON FOR JAMALI'S REINCARNATION

**११०. [प्र.] जमाली णं भंते ! अणगारे अरसाहारे विरसाहारे अंताहारे पंताहारे लूहाहारे तुच्छाहारे अरसजीवी विरसजीवी जाव तुच्छजीवी उवसंतजीवी पसंतजीवी विवित्तजीवी ?**

**[उ.] हंता, गोयमा ! जमाली णं अणगारे अरसाहारे विरसाहारे जाव विवित्तजीवी।**

११० [प्र.] भगवन् ! क्या जमालि अनगार अरसाहारी, विरसाहारी, अन्ताहारी, प्रान्ताहारी, रूक्षाहारी, तुच्छाहारी, अरसजीवी, विरसजीवी यावत् तुच्छजीवी, उपशान्तजीवी, प्रशान्तजीवी और विविक्तजीवी था ?

[उ.] हाँ, गौतम ! जमालि अनगार अरसाहारी, यावत् विविक्तजीवी था।

**110. [Q.]** *Bhante!* Did ascetic Jamali consume food that was tasteless (*aras*), foul (*viras*), leftover (*ant*), not enough (*praant*), dry (*ruksh*), and poor (*tuchchha*)? Did he subsist on tasteless (*aras*), foul (*viras*) ... and so on up to .. poor (*tuchchha*)? Did he lead a tranquil (*upashaant*), peaceful (*prashaant*), and solitary (*vivikta*) life?

**[A.]** Yes, Gautam! Jamali ascetic consume food that was tasteless (*aras*) . and so on up to. he lead a solitary (*vivikta*) life.

**१११. [प्र.]** जति णं भंते ! जमाली अणगारे अरसाहारे विरसाहारे जाव विवित्तजीवी कम्हा णं भंते ! जमाली अणगारे कालमासे कालं किच्चा लंतए कप्पे तेरससागरोवमट्ठितीएसु देवकिब्बिसिएसु देवेसु देवकिब्बिसियत्ताए उववन्ने ?

**[उ.]** गोयमा ! जमाली णं अणगारे आयरियपडिणीए उवज्झायपडिणीए आयरिय-उवज्झायाणं अयसकारए जाव वुग्गाहेमाणे वुप्पाएमाणे बहूइं वासाइं सामण्णपरियागं पाउणित्ता अद्धमासियाए संलेहणाए तीसं भत्ताइं अणसणाए छेदेइ, तीसं भत्ताइं अणसणाए छेदेत्ता तस्स ठाणस्स अणालोइयपडिक्कंते कालमासे कालं किच्चा लंतए कप्पे जाव उववन्ने।

**१११. [प्र.]** भगवन् ! यदि जमालि अनगार अरसाहारी, यावत् विविक्तजीवी था, तो काल के समय काल करके वह लान्तककल्प मे तेरह सागरोपम की स्थिति वाले किल्विषिक देवो मे किल्विषिक देव के रूप मे क्यो उत्पन्न हुआ ?

**[उ.]** गौतम ! जमालि अनगार आचार्य का प्रत्यनीक (द्वेषी), उपाध्याय का प्रत्यनीक तथा आचार्य और उपाध्याय का अपयश करने वाला और उनका अवर्णवाद करने वाला था, यावत् वह मिथ्याभिनिवेश द्वारा अपने आपको, दूसरो को और उभय को भ्रान्ति मे डालने वाला और दुर्विदग्ध (मिथ्याज्ञान के अहकार वाला) बनाने वाला था, यावत् बहुत वर्षों तक श्रमण-पर्याय का पालन कर, अर्द्ध-मासिक सलेखना से शरीर को कृश करके तथा तीस भक्त का अनशन द्वारा छेदन (छोड) कर उस अकृत्यस्थान (पाप) की आलोचना और प्रतिक्रमण किये बिना ही, उसने काल के समय काल किया, जिससे वह लान्तक देवलोक मे तेरह सागरोपम की स्थिति वाले किल्विषिक देवो मे किल्विषिक देवरूप मे उत्पन्न हुआ।

**111. [Q.]** *Bhante!* If ascetic Jamali consumed food that was tasteless (*aras*) ... and so on up to... he led a solitary (*vivikta*) life, then why did he leave his earthly body at the time of death and reincarnated as a divine being among the *Kilvishik devs* (servant gods) in the Lantak Kalp (a divine dimension) with a life span of thirteen Sagaropam (a metaphoric unit of time)?

**[A.]** Gautam! Ascetic Jamali was hostile (*pratyaneek*) to the *acharya* (head of the organization), hostile to the *upadhyaya* (teacher of the canon), and hostile to the *Kula*, *Gana* and *Sangh*; he spoke ill of the

acharya and upadhyaya, cast aspersions on them, spread calumny about them; he preached falsehood and misled himself as well as others and filled wrong ideas in his mind as well as those of others through dogmatic falsehood; ... and so on up to... leading an independent itinerant ascetic life for many years he left his earthly body, without critical review and repenting for the sins committed in the past, at the time of death. Therefore he reincarnated as a divine being among the *Kilvishik devs* (servant gods) in the Lantak Kalp ( a divine dimension) with a life span of thirteen Sagaropam (a metaphoric unit of time).

**जमाली का भविष्य FUTURE OF JAMALI**

**११२. [प्र.] जमाली णं भंते ! देवे ताओ देवलोयाओ आउक्खएणं जाव कहिं उववज्जिहिति ?**

**[उ.] गोयमा ! जाव पंच तिरिक्खजोणिय-मणुस्स-देवभवग्गहणाइं संसारं अणुपरियट्टित्ता ततो पच्छा सिज्झिहिइ जाव अंतं काहिइ।**

**सेवं भंते ! सेवं भंते ! त्ति०।**

**॥ जमाली समत्तो ॥**

११२. [प्र.] भगवन् ! वह जमालि देव उस देवलोक से आयु क्षय होने पर यावत् कहाँ उत्पन्न होगा ?

[उ.] गौतम ! तिर्यञ्चयोनिक, मनुष्य और देव के पाँच भव ग्रहण करके और इतना ससार-परिभ्रमण करके तत्पश्चात् वह सिद्ध होगा, बुद्ध होगा यावत् सर्वदु.खों का अन्त करेगा।

हे भगवन् ! यह इसी प्रकार है, हे भगवन् ! यह इसी प्रकार है, यो कहकर गौतम स्वामी यावत् विचरण करने लगे।

**112. [Q.]** *Bhante!* When that Jamali Dev exhausts his life-span, existence and stay in that divine realm ... and so on up to... where will he go and where will he be born?

**[A.]** Gautam! He will pass through five births as animal, human and divine beings. After undergoing these rebirths he will get perfected (*Siddha*), enlightened (*Buddha*), liberated (*mukta*) ... and so on up to... end all miseries.

"*Bhante!* Indeed that is so. Indeed that is so." With these words... and so on up to... ascetic Gautam resumed his activities.

**विवेचन : शंका-समाधान**-यहाँ शका उपस्थित होती है कि भगवान सर्वज्ञ थे और जमालि के भविष्य मे प्रत्यनीक होने की घटना को जानते थे, फिर भी उसे क्यों प्रव्रजित किया ? इसका समाधान वृत्तिकार इस प्रकार करते है-अवश्यम्भावी भवितव्य को महापुरुष भी टाल नही सकते अथवा इसी प्रकार ही उन्होंने गुणविशेष देखा होगा। अर्हन्त भगवान अमूढलक्षी होने से किसी भी क्रिया मे निष्प्रयोजन प्रवृत्त नहीं होते। *(वृत्ति, पत्र ४९०)*

**Elaboration — A clarification** - Here a doubt arises that Bhagavan Mahavir, being an omniscient, knew about Jamali's turning into a defier in future; why then he initiate Jamali in the first place? The commentator (*Vritti*) provides and answer – Even great men with supernatural powers cannot alter the inevitable future. Bhagavan Mahavir must have marked some such inevitability. Also, Omniscient Arihant is an uninvolved observer, he does not involve himself in any activity without a purpose. (*Vritti* leaf 490)

**● END OF JAMALI'S STORY ●**

॥ नवम शतक : तेतीसवाँ उद्देशक सम्पूर्ण ॥

**● END OF THE THIRTY THIRD LESSON OF THE NINTH CHAPTER ●**

# चउत्तीसइमो उद्देसो : 'पुरिसे'
## नवम शतक : चौंतीसवाँ उद्देशक : पुरुष (पुरुष और नोपुरुष का घातक)
## NAVAM SHATAK (Chapter Ninth) : THIRTY FOURTH LESSON : PURUSH (MAN)

*उपोद्घात* INTRODUCTION

१. तेणं कालेणं तेणं समएणं रायगिहे जाव एवं वयासी–

१. उस काल और उस समय मे राजगृह नगर था। वहाँ भगवान गौतम ने यावत् भगवान से इस प्रकार पूछा–

1. During that period of time there was a city called Rajagriha. .. and so on up to . Bhagavan Gautam asked Bhagavan Mahavır—

*पुरुष के द्वारा अश्वादिघात सम्बन्धी प्रश्नोत्तर* QUESTIONS ABOUT KILLING HORSE AND OTHERS

२. [ प्र. १ ] पुरिसे णं भंते ! पुरिसं हणमाणे किं पुरिसं हणति, नोपुरिसं हणति ?

[ उ. ] गोयमा ! पुरिसं पि हणति, नोपुरिसे वि हणति।

२. [ प्र. १ ] भगवन् ! कोई पुरुष, पुरुष की घात करता हुआ क्या पुरुष की ही घात करता है अथवा नोपुरुष (पुरुष के सिवाय अन्य जीवो) की भी घात करता है ?

[ उ. ] गौतम ! वह (पुरुष) पुरुष की भी घात करता है और नोपुरुष की भी घात करता है।

**2. [Q. 1]** *Bhante* ! While a person is killing a man, does he kill just a man (*purush*) or a non-man (*nopurush*; living beings other than man) also ?

**[Ans.]** Gautam ! He kills man (*purush*) as well as non-man (*nopurush*, living beings other than man).

२. [ प्र. २ ] से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ 'पुरिसं पि हणइ, नोपुरिसे वि हणइ' ?

[ उ. ] गोयमा ! तस्स णं एवं भवइ–'एवं खलु अहं एगं पुरिसं हणामि' से णं एगं पुरिसं हणमाणे अणेगे जीवे हणइ। से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ 'पुरिसं पि हणइ नोपुरिसे वि हणति'।

२. [ प्र. २ ] भगवन् ! किस हेतु से ऐसा कहा जाता है कि वह पुरुष की भी घात करता है, नोपुरुष की भी घात करता है ?

[ उ. ] गौतम ! (घात करने के लिए उद्यत) उस पुरुष के मन में ऐसा विचार होता है कि मैं एक ही पुरुष को मारता हूँ, किन्तु वह एक पुरुष को मारता हुआ अन्य अनेक जीवो को भी मारता है। इसी दृष्टि से, हे गौतम ! ऐसा कहा जाता है कि वह घातक, पुरुष को भी मारता है और नोपुरुष को भी मारता है।

2. [Q. 2] *Bhante* ! Why do you say that he kills man (*purush*) as well as non-man (living beings other than man) ?

[Ans.] Gautam ! (When ready to kill) that person thinks that he is killing just one man. But, in fact, while killing just one man he kills many other living beings as well. That is why, Gautam ! It is said that he kills man as well as living beings other than man.

३. [ प्र. १ ] पुरिसे णं भंते ! आसं हणमाणे किं आसं हणइ, नोआसे वि हणइ ?

[ उ. ] गोयमा ! आसं पि हणइ, नोआसे वि हणइ।

३. [ प्र. १ ] भगवन् ! अश्व को मारता हुआ कोई पुरुष क्या अश्व को ही मारता है या नोअश्व (अश्व के सिवाय अन्य जीवों को भी) मारता है ?

[ उ. ] गौतम ! वह (अश्वघात के लिए उद्यत पुरुष) अश्व को भी मारता है और नोअश्व (अश्व के अतिरिक्त दूसरे जीवो) को भी मारता है।

3. [Q. 1] *Bhante* ! While a person is killing a horse does he kill just a horse (*ashva*) or non-horse (*noashva*; living beings other than horse) also?

[Ans.] Gautam ! He kills horse (*ashva*) as well as non-horse (living beings other than horse)

३. [ २ ] से केणट्ठेणं ? अट्ठो तहेव।

४. एवं हत्थिं सीहं वग्घं जाव चिल्ललगं।

३. [ २ ] भगवन् ! ऐसा कहने का क्या कारण है ? (इसका उत्तर पूर्ववत् समझना चाहिए।)

४. इसी प्रकार हाथी, सिह, व्याघ्र (बाघ) यावत् चित्रल (एक तरह का जंगली जानवर) तक समझना चाहिए।

3. [2] *Bhante* ! Why do you say that he kills horse (*ashva*) as well as non-horse (living beings other than horse) ? The answer is same as aforesaid (aphorism 2).

4. The same holds good for killing of elephant, lion, tiger ... and so on up to... Chitral (a split hoofed wild animal; may be elk or reindeer).

५. [ प्र. १ ] पुरिसे णं भंते ! अन्नयरं तसपाणं हणमाणे किं अन्नयरं तसपाणं हणइ, नोअन्नयरे तसे पाणे हणइ ?

[ उ. ] गोयमा ! अन्नयरं पि तसपाणं हणइ, नोअन्नयरे वि तसे पाणे हणइ।

५. [ प्र. १ ] भगवन् ! कोई पुरुष किसी एक त्रसप्राणी को मारता हुआ क्या उसी त्रसप्राणी को मारता है, अथवा उसके सिवाय अन्य त्रसप्राणियों को भी मारता है ?

[ उ. ] गौतम ! वह उस त्रसप्राणी को भी मारता है और उसके सिवाय अन्य त्रसप्राणियों को भी मारता है।

**5. [Q. 1]** *Bhante* ! While a person is killing some mobile being (*tras jiva*) does he kill just that mobile being or other mobile beings as well ?

**[Ans.]** Gautam ! He kills that mobile being (*tras jiva*) as well as mobile beings other than the one he is killing

**५. [ प्र. २ ] से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ 'अन्नयरं पि तसपाणं (हणइ) नोअन्नयरे वि तसे पाणे हणइ'?**

**[ उ. ] गोयमा ! तस्स णं एवं भवइ–एवं खलु अहं एगं अन्नयरं तसं पाणं हणामि, से णं एगं अन्नयरं तसं पाणं हणमाणे अणेगे जीवे हणइ। से तेणट्ठेणं गोयमा ! तं चेव। एए सव्वे वि एक्कगमा।**

५. [ प्र २ ] भगवन् ! किस हेतु से आप ऐसा कहते हैं कि वह पुरुष उस त्रसजीव को भी मारता है और उसके सिवाय अन्य त्रसजीवों को भी मार देता है ?

[ उ. ] गौतम ! उस त्रसजीव को मारने वाले पुरुष के मन में ऐसा विचार होता है कि मै उसी त्रसजीव को मार रहा हूँ, किन्तु वह उस त्रसजीव को मारता हुआ, उसके सिवाय अन्य अनेक त्रसजीवो को भी मारता है। इसलिए, हे गौतम ! पूर्वोक्त रूप से जानना चाहिए। इन सभी का एक समान पाठ (आलापक) है।

**5. [Q. 2]** *Bhante* ! Why do you say that he kills that mobile being (*tras jiva*) as well as mobile beings other than the one he is killing ?

**[Ans.]** Gautam ! (When ready to kill) that person thinks that he is killing just one particular mobile being. But, in fact, while killing just one particular mobile being he kills many other mobile beings as well That is why, Gautam ! It is stated as above. All these questions have the same answer

### ऋषिघातक SAGE KILLER

**६. [ प्र. १ ] पुरिसे णं भंते ! इसिं हणमाणे किं इसिं हणइ, नोइसिं हणइ ?**

**[ उ. ] गोयमा ! इसिं पि हणइ नोइसिं पि हणइ।**

६. [ प्र. १ ] भगवन् ! कोई पुरुष, ऋषि को मारता हुआ क्या ऋषि को ही मारता है, अथवा नोऋषि (ऋषि के सिवाय अन्य जीवों) को भी मारता है ?

[ उ. ] गौतम ! वह (ऋषि को मारने वाला पुरुष) ऋषि को भी मारता है, नोऋषि को भी मारता है।

**6. [Q. 1]** *Bhante* ! While a person is killing a sage (*rishi*) does he kill just that sage (*rishi*) or non-sage (*norishi*; living beings other than sage) also ?

**[Ans.]** Gautam ! He kills sage (*rishi*) as well as non-sage (*norishi*; living beings other than sage).

६. [प्र. २ ] से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ जाव नोइसिं पि हणइ ?

[उ. ] गोयमा ! तस्स णं एवं भवइ–एवं खलु अहं एगं इसिं हणामि, से णं एगं इसिं हणमाणे अणंते जीवे हणइ से तेणट्ठेणं निक्खेवओ।

६. [प्र. २ ] भगवन् ! ऐसा कहने का क्या कारण है कि ऋषि को मारने वाला पुरुष ऋषि को भी मारता है और नोऋषि को भी ?

[उ. ] गौतम ! ऋषि को मारने वाले उस पुरुष के मन मे ऐसा विचार होता है कि मै एक ऋषि को मारता हूँ; किन्तु वह एक ऋषि को मारता हुआ अनन्त जीवो को मारता है। इस कारण, हे गौतम ! पूर्वोक्त रूप से कहा गया है।

**6. [Q. 2]** *Bhante* ! Why do you say that he kills sage (*rishi*) as well as non-sage (*norishi*; living beings other than sage) ?

**[Ans.]** Gautam ! (When ready to kill) that person thinks that he is killing just one sage. But, in fact, while killing just one sage he kills infinite other living beings as well That is why, Gautam ! It is as stated above

**विवेचन : प्राणिघात के सम्बन्ध में सापेक्ष सिद्धान्त**–(१) कोई व्यक्ति किसी पुरुष को मारता है तो कभी केवल उसी पुरुष का वध करता है, कभी उसके साथ एक जीव का और कभी अन्य अनेक जीवो का वध भी करता है, यो तीन भग होते है, क्योकि कभी उस पुरुष के आश्रित जू, लीख, कृमि–कीड़े आदि या रक्त, मवाद आदि के आश्रित अनेक जीवो का वध कर डालता है। शरीर को सिकोडने–पसारने आदि मे भी अनेक जीवो का वध सम्भव है।

(२) ऋषि का घात करता हुआ व्यक्ति अनन्त जीवो का घात करता है, यह एक ही भग है। इसका कारण यह है कि ऋषि–अवस्था मे वह सर्वविरत होने से अनन्त जीवो का रक्षक होता है, किन्तु मर जाने पर वह अविरत होकर अनन्त जीवो का घातक बन जाता है। अथवा जीवित रहता हुआ ऋषि अनेक प्राणियों को प्रतिबोध देता है, वे प्रतिबोध–प्राप्त प्राणी क्रमश मोक्ष पाते है। मुक्त जीव अनन्त ससारी प्राणियो के अघातक होते हैं। अत उन अनन्त जीवो की रक्षा मे जीवित ऋषि कारण है। इसलिए कहा गया है कि ऋषिघातक व्यक्ति अन्य अनन्त जीवो की घात करता है। *(वृत्ति ४९१)*

**Elaboration—Wider ramification of killing**—(1) When a person kills a man there are three probabilities. In some case he kills just that particular man, in some case he kills one other living being and in some case he kills many other living beings. This is because sometimes he kills many parasites like louse, nit, worms or some microorganism in blood, pus etc. There are chances of killing many living beings in contraction and spreading of body and limbs as well.

(2) In case of killing a sage there is just one other option, that of killing infinite living beings. The reason for this is that a sage or ascetic

is absolutely detached and thus he is a protector of infinite beings. When he is killed he does not remain detached anymore and thus becomes a killer of infinite beings. Also, while alive a sage enlightens many living beings who, in turn, progress towards liberation. A liberated soul terminates cyclic rebirth and as a consequence avoids killing infinite living beings he would have otherwise killed. Thus a living sage is the cause of protection of those infinite number of beings. That is the reason it has been stated that a killer of a sage is a killer of infinite living beings. *(Vritti, leaf 491)*

### घातक व्यक्ति को वैरस्पर्श की प्ररूपणा FEELING OF MALICE IN A KILLER

**७. [ प्र. १ ] पुरिसे णं भंते ! पुरिसं हणमाणे किं पुरिसवेरेणं पुट्ठे, नोपुरिसवेरेणं पुट्ठे ?**

**[ उ. ] गोयमा ! नियमा ताव पुरिसवेरेणं पुट्ठे १, अहवा पुरिसवेरेण य णोपुरिसवेरेण य पुट्ठे २, अहवा पुरिसवेरेण य नोपुरिसवेरेहि य पुट्ठे ३।**

७. [ प्र. १ ] भगवन् ! पुरुष को मारता हुआ कोई भी व्यक्ति क्या पुरुष-वैर से स्पृष्ट होता है, अथवा नोपुरुष-वैर (पुरुष के सिवाय अन्य जीव के साथ वैर) से स्पृष्ट भी होता है ?

[ उ. ] गौतम ! वह व्यक्ति नियम से (निश्चित रूप से) पुरुष-वैर से स्पृष्ट होता ही है। अथवा पुरुष-वैर से और नोपुरुष-वैर से स्पृष्ट होता है, अथवा पुरुष-वैर से और नोपुरुष-वैरो (पुरुषो के अतिरिक्त अनेक जीवों के वैर) से स्पृष्ट होता है।

**7. [Q. 1]** *Bhante* ! While a person is killing a man, is he touched by malice against man (*purush-vair*) or by malice against non-man (*nopurush-vair*; malice against living beings other than man) also ?

**[Ans.]** Gautam ! As a rule he is touched by malice against man (*purush-vair*) Also, he may be touched by malice against man (*purush-vair*) as well as malice against non-man (*nopurush-vair*), or he may be touched by malice against man (*purush-vair*) as well as malice against numerous non-man (*nopurush-vairs*, malice against many living beings other than man).

**७. [ २ ] एवं आसं, एवं जाव चिल्ललगं जाव अहवा चिल्ललगवेरेण य णोचिल्ललगवेरेहि य पुट्ठे।**

७. [ २ ] इसी प्रकार अश्व से लेकर यावत् चित्रल के विषय मे भी जानना चाहिए, यावत् अथवा चित्रल-वैर से और नोचित्रल-वैरों से स्पृष्ट होता है।

**7. [2]** The same is true for horse ... and so on up to... Chitral (elk or reindeer); ... and so on up to... or he may be touched by malice against Chitral (*chitral-vair*) and malice against numerous non-Chitral (*nochitral-vairs*).

८. [प्र.] पुरिसे णं भंते ! इसिं हणमाणे किं इसिवेरेणं पुट्ठे, णोइसिवेरेणं पुट्ठे ?

